सूर्योदय : 5:28
सूर्यास्त : 6:38
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 28.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-22 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 09 जुलाई 2025
13 मोहर्रम 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# खरगे ने राहुल के इशारे पर किया राष्ट्रपति मूर्मू और कोविंद का अपमान : भाजपा

### ■ भाजपा ने खरगे को बताया रिमोट कंट्रोल वाला अध्यक्ष



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल करके उनका अपमान करने का आरोप लगाया और उनसे तथा उनकी पार्टी से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने को कहा।

इससे एक दिन पहले खरगे ने छत्तीसगढ़ में एक कार्यक्रम में राष्ट्रपति मुर्मू और पूर्व राष्ट्रपति कोविंद के नामों का कथित तौर पर गलत उच्चारण किया था, लेकिन तुरंत ही गलती सुधार ली थी। कांग्रेस अध्यक्ष ने रायपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए यह भी कहा था, भाजपा हमेशा (द्रौपदी) मुर्मू जी और (राम नाथ) कोविंद जी को राष्ट्रपति बनाने की बात करती है, लेकिन क्या पार्टी ने यह सब हमारी संपत्ति, जंगल, जल और जमीन छीनने के लिए किया है।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि खरगे ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जी के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे कांग्रेस के डीएनए में मौजूद दलित विरोधी आदिवासी विरोधी और संविधान विरोधी मानसिकता का पता चलता है।

भाटिया ने आरोप लगाया आप (खरगे) बड़ी-बड़ी बातें करते हैं- आपने रामनाथ कोविंद जी को 'कोविड' कहा... आप 'मुरमा जी' कहते हैं और फिर उन्हें (राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को) भू-माफिया कहते हैं और आरोप लगाते हैं कि वह संपत्ति, जंगल छीनने के लिए राष्ट्रपति बनी हैं। भाजपा के इस आरोप पर अभी कांग्रेस ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। भाटिया ने मांग की कि खरगे, मुर्मू और कोविंद के खिलाफ अप्रिय और अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए माफी मांगें। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस अध्यक्ष ने न केवल उनका अपमान किया, बल्कि अपनी टिप्पणियों से आदिवासी और दलित समुदाय के सदस्यों की भावनाओं को भी ठेस पहुंचाई।

# प्रदेश में आज 37 करोड़ पौधे लगाकर बनेगा रिकॉर्ड जिलों में रहेंगे मंत्री, सीएम अयोध्या से करेंगे शुरुआत

### ■ एक पेड़ मां के नाम थीम पर प्रदेश में पौधे लगाए जाएंगे



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में एक पेड़ मां के नाम थीम पर उप्र में 9 जुलाई को 37 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी अयोध्या और आजमगढ़ में पौधरोपण महाभियान-2025 का शुभारंभ करेंगे। इसके लिए नर्सरियों व अन्य स्थानों पर 52.43 करोड़ पौधे तैयार किए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सभी मंत्री जिलों में रहकर पौधरोपण करेंगे। महाभियान के लिए नामित नोडल अधिकारियों ने आवंटित जिलों में मंगलवार को पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया और वन विभाग के अधिकारियों साथ इसे अंतिम रूप दिया।

वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना भी अयोध्या व आजमगढ़ में पौधरोपण करेंगे। वहां मुख्यमंत्री जनसंवाद भी करेंगे और कार्बन क्रेडिट के तहत सात किसानों को चेक भी प्रदान करेंगे। वहीं, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल बाराबंकी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मेरठ और ब्रजेश पाठक लखनऊ में पौधरोपण करेंगे। इस अभियान 26 विभागों और 25 करोड़ नागरिकों की सहभागिता रहेगी। सर्वाधिक लखनऊ मंडल में पौधे लगेंगे। वन, वन्यजीव व पर्यावरण विभाग मिलकर सर्वाधिक 14 करोड़ से अधिक पौधे लगाएंगे। सभी कार्यालय, विद्यालय व अन्य संस्थाएं आधे दिन केवल पौधरोपण कार्य में सहयोग देंगी। वृक्षारोपण महा अभियान-2025 के अंतर्गत पौधरोपण की प्रगति जिलेवार वृक्षारोपण सॉफ्टवेयर पर ऑनलाइन अपलोड की जाएगी।

# माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी सड़क हादसे में हुईं जख्मी

### ■ काफिले के सामने अचानक कार आने से हुआ हादसा



**हापुड़।** प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी की कार दिल्ली से बिजनौर जाने के दौरान हादसे का शिकार हो गई। मंत्री गुलाब देवी बिजनौर में एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए जा रही थीं। हादसे में उनके माथे में मामूली खरोंच आई है। जबकि उनके ड्राइवर सतवीर के हाथ में चोट है। काफिले में शामिल एस्कॉर्ट समेत दो अन्य कार भी क्षतिग्रस्त हुई हैं।

पुलिस चालकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मुख्यमंत्री योगी ने भी हादसे पर दुख जताते हुए उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की है। बिजनौर जाने के दौरान मंत्री गुलाब देवी का काफिला जा रहा था। छिजारसी टोल पार करने के बाद एलिवेटेड फ्लाईओवर पर चढ़ने के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक सेंट्रो कार होने के कारण अचानक काफिला रोका गया, जिससे पीछे चल रहीं करीब चार कारें आपस में भिड़ गईं।

# पुलवामा के लिए ऑनलाइन खरीदा गया विस्फोटक

**एफएटीएफ का खुलासा**

### ■ गोरखपुर में आतंकी को ऑनलाइन मुहैया कराए गए थे पैसे



**अमेजन से मंगाया गया विस्फोटक**

एफएटीएफ ने अपनी रिपोर्ट में पुलवामा आतंकी हमले को लेकर बड़ा खुलासा किया है। उसने बताया कि 2019 में हुए इस आत्मघाती हमले में उपयोग हुआ एल्यूमिनियम पाउडर ई-कॉमर्स साइट अमेजन से खरीदा गया था। इससे आईईडी बम की ताकत बढ़ाई गई।

**नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे बड़ी टेरर फंडिंग निगरानी संस्था एफएटीएफ ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। उसने कहा है कि आतंकवादी अब ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म और ऑनलाइन पेमेंट सर्विसेस का इस्तेमाल फंड जुटाने, हथियार खरीदने और हमलों के लिए कर रहे हैं। भारत में हुए पुलवामा और गोरखनाथ मंदिर मामलों को उदाहरण के तौर पर रिपोर्ट में शामिल किया गया है। एफएटीएफ ने कहा कि ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म और ऑनलाइन भुगतान सेवाओं का दुरुपयोग आतंकवाद के वित्तपोषण के लिए किया जा रहा है।

पुलवामा आतंकी हमले में सीआरपीएफ के 40 जवान मारे गए थे। एफएटीएफ ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि फरवरी 2019 में जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में सीआरपीएफ के काफिले पर हुए हमले में इस्तेमाल हुआ एल्यूमिनियम पाउडर ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म एमेजन से खरीदा गया था। इस पाउडर का इस्तेमाल आईडी की ताकत बढ़ाने में किया गया। यह आतंकियों द्वारा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के इस्तेमाल का एक उदाहरण है।

गोरखनाथ मंदिर में अप्रैल 2022 में हुए हमले का हवाला देते हुए एफएटीएफ ने बताया कि आरोपी ने आईएसआईएस के लिए पे-पाल के जरिए 6.69 लाख की अंतरराष्ट्रीय फंडिंग की। इस दौरान आरोपी ने वीपीएन का इस्तेमाल कर लोकेशन छिपाई। उसे विदेशी खातों से भी पैसा मिला था और उसने आईएसआईएस समर्थकों को फंड भेजा। एफएटीएफ ने बताया कि ऑनलाइन पेमेंट प्लेटफॉर्म पर किए गए लेनदेन में ट्रैकिंग मुश्किल हो जाती है क्योंकि इनमें अक्सर नकली नाम, फर्जी अकाउंट और पर्सन टू पर्सन ट्रांसफर शामिल होते हैं। इससे जांच एजेंसियों को फंड के स्त्रोत और लाभार्थी को ट्रेस करना बेहद कठिन हो जाता है।

# फेंकने से पहले सावधान : इन 17 दवाओं को टॉयलेट में फ्लश करें

### ■ ये दवाएं ट्रैमाडोल, टैपेंटाडोल, डाइजेपाम, फेंटानाइल जैसी



**नई दिल्ली।** दवाएं हमारी सेहत के लिए जरूरी होती हैं, लेकिन अगर इन्हें सही तरीके से न फेंका जाए तो ये इंसानों, जानवरों और पर्यावरण के लिए खतरनाक बन सकती हैं। भारत की शीर्ष दवा नियामक संस्था सीडीएससीओ (सेंट्रल ड्रग स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गेनाईजेशन) ने अब ऐसी 17 दवाओं की सूची जारी की है, जिन्हें अगर इस्तेमाल नहीं किया गया हो या उनकी एक्सपायरी हो गई हो, तो उन्हें डस्टबिन में नहीं, सीधे टॉयलेट में फ्लश करना चाहिए।

सीडीएससीओ के मुताबिक ये दवाएं ट्रैमाडोल, टैपेंटाडोल, डाइजेपाम, ऑक्सिकोडोन और फेंटानाइल जैसी हैं, जो अगर गलत हाथों में चली जाएं तो एक डोज से भी जानलेवा साबित हो सकती हैं। ये दवाएं आमतौर पर दर्द, तनाव या चिंता से जुड़ी बीमारियों में इस्तेमाल होती हैं। किसी और के द्वारा इनका सेवन बेहद खतरनाक हो सकता है।

# ओवरएज्ड वाहनों पर लगा फ्यूल बैन हटा


### ■ एक नवंबर से एनसीआर के पांच जिलों में होगा लागू



**नई दिल्ली।** दिल्ली के साथ एनसीआर के पांच जिलों में भी अब पुराने वाहनों को पेट्रोल-डीजल नहीं मिलेगा। कमीशन ऑफ एयर क्वाालिटी मैनेजमेंट (सीएक्यूएम) के सूत्रों के मुताबिक यह नियम एक नवंबर से लागू होगा।

बता दें कि राजधानी में 10 साल से अधिक पुराने डीजल, 15 साल से अधिक पुराने पेट्रोल वाहनों को ईंधन देने से रोक लगा दी गई थी। जिस पर दिल्ली सरकार ने यू-टर्न लेते हुए पुराने वाहनों की जब्ती का अभियान रोक दिया। पुराने वाहनों पर लगे ईंधन प्रतिबंध को हटाने के लिए तकनीकी चुनौतियां का हवाला देते हुए पर्यावरण मंत्री ने सीएक्यूएम को पत्र लिखकर पुराने वाहनों की जब्ती के आदेश पर पुनर्विचार का आग्रह किया। पत्र में कहा है कि ऑटोमैटिक नंबर प्लेट पहचान प्रणाली सिस्टम में खामियां हैं। यह पूरे एनसीआर में लागू भी नहीं है। ऐसे में ईंधन प्रतिबंध का आदेश लागू करना जल्दबाजी है।



# आज रोपे जाएंगे 96 लाख 75 हजार 100 पौधे, तैयारियां पूरी



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** पर्यावरण संरक्षण को समर्पित 'एक पेड़ माँ के नाम के थीम पर वृक्षारोपण जन अभियान-2025 के तहत 09 जुलाई को जनपद खीरी में 96,75,100 पौधे रोपे जाएंगे। निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत पौधरोपण के उद्देश्य से मंगलवार शाम कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता जनपदीय नोडल अधिकारी एवं सचिव वित्त विभाग मिनिस्ती एस ने की।बैठक की अभियान की नोडल अधिकारी के जनपद आगमन पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, सीडीओ अभिषेक कुमार ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इसके बाद नोडल ने उपस्थित अधिकारियों का परिचय प्राप्त किया और अभियान की तैयारियों की गहन समीक्षा की बैठक की शुरुआत में डीएफओ संजय विश्वाल ने अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में शासन द्वारा जनपद को 96.75 लाख पौधों का लक्ष्य दिया गया है, जो एक ही दिन यानी 09 जुलाई को रोपित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि गड्ढा खुदाई, नर्सरी की तैयारी, पौध आपूर्ति, प्रजाति चयन, कंट्रोल व वार रूम की स्थापना, मॉनिटरिंग सिस्टम समेत सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।नोडल ने विभागवार अफसरों से एक-एक कर पौधरोपण अभियान के संबंध में तैयारियां जानी। इसमे सभी की सहभागिता जरूरी है। सभी को प्रयास करना होगा। एक पेड़ माँ के नाम थीम पर आयोजित महा अभियान से जन-जन को जोड़ने की आवश्यकता है। जनपदीय अधिकारी लीडरशिप लेकर सुबह से शाम तक अलर्ट रहकर पौधरोपण के लक्ष्य को पूरा कराएं। अभियान में जनप्रतिनिधियों के साथ साथ आमजन की सहभागिता सुनिश्चित कराएं। पौधा लगाना जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही उसका संरक्षण आवश्यक है। प्रत्येक वृक्षारोपण स्थल का जियो टैग किया जाए।नोडल अधिकारी ने कहा कि जन अभियान -2025 के साक्षी बनें।

बैठक के दौरान अधीनस्थो को निर्देश दिए कि शासनादेश के अनुसार शतप्रतिशत वृक्षारोपण किया जाना जरूरी है और इसी के चलते सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण कर ली जायें बैठक में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने वृक्षारोपण की तैयारियों पर जनपद स्तर पर की तैयारियों एवं उसकी समीक्षा की विस्तृत जानकारी दी। जिले में पौधरोपण के लिए किए गए विशेष प्रयासों का जिक्र भी किया। कहा कि आज की बैठक में जो भी दिशा निर्देश दिए गए उनका पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। इस अवसर पर सीडीओ अभिषेक कुमार, डीएफओ (दक्षिणी) संजय विश्वल, डीएफओ (उत्तरी) सौरीश सहाय, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

## 27 विभागों द्वारा लगाए जाएंगे कुल 96.75 लाख पौधे : डीएफओ

डीएफओ संजय विश्वाल ने बताया कि 09 जुलाई को रोपित किए जाने वाले पौधों का लक्ष्य की जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम्य विकास 41,88,000, वन 20,95,000, कृषि 13,32,000, पंचायतीराज 4,27,000 राजस्व 3,52,000, उद्यान 5,19,000, बेसिक शिक्षा 49,500, माध्यमिक शिक्षा 39,300,

पर्यावरण 2,69000, नगर विकास 61,800, रेशम 33,000, रेलवे 29,000, उच्च शिक्षा 44,200, सहकारिता 23,200, स्वास्थ्य 24,000, जल शक्ति 29,800, लोक निर्माण 26,000, पशुपालन 17,800, उद्योग 20,100, औद्योगिक विकास 21,300, प्राविधिक शिक्षा 15,200, ऊर्जा 13,900, रक्षा 8,000, गृह 16,800, श्रम 5,400, परिवहन 4,000,आवास विकास 10,800 पौध रोपित किए जाएंगे।

# कल शाम तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश मंदिर परिसर में रहेगी अफसरों की तैनाती



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** सावन मास की कांवड़ यात्रा को लेकर गोला गोकर्णनाथ में प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मंगलवार को एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने विधायक अमन गिरी के साथ छोटी काशी स्थित शिव मंदिर कॉरिडोर व आसपास के क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान एडीएम ने साफ निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। कॉरिडोर क्षेत्र में चल रहे कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए कार्यदायी संस्था के जिम्मेदारों को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि कार्य में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी कार्यों को बुधवार शाम तक हर हाल में पूर्ण कर लिया जाए एडीएम ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि एसडीएम युगांतर त्रिपाठी तथा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका व्यक्तिगत रूप से मौके पर मौजूद रहकर निगरानी करें और कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा कराएं। निरीक्षण के दौरान एडीएम ने मंदिर प्रवेश मार्ग, प्राथमिक चिकित्सा बिंदु, रूट डायवर्जन और साफ-सफाई सहित अन्य सुविधाओं की भी गहन समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि यात्रा मार्ग पर अव्यवस्था या जाम जैसी स्थिति न उत्पन्न हो, इसके लिए ट्रैफिक पुलिस और सिविल पुलिस का समन्वय बेहद जरूरी है।

## पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा, मु0अ0सं0 0320/2025 धारा 137(2)/87/65(1))BNS व 3/4(2) पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त अजीत पुत्र कैलाश निवासी ग्राम गड़रियनपुरवा थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

## लौखनियां गांव के बाहर खेतों में चहलकदमी करते हुए नजर आया तेंदुआ

**लखीमपुर खीरी।** धौरहरा वन रेंज के रामनगर लहबड़ी और लुधौरी रेंज के लौखनियां गांव के बाहर खेतों में तेंदुआ चहलकदमी करते हुए नजर आया। तेंदुआ देखने के बाद ग्रामीणों में फिर दहशत व्याप्त है वन रेंज धौरहरा के रामनगर लहबड़ी गांव के बाहर हौकना मटेरा मार्ग पर बाग के पास एक तेंदुआ चहलकदमी करते हुए देखा गया। गश्त कर रही यूपी 112 पीआरवी के जवानों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। इसके अलावा लुधौरी वन रेंज के लौखनियां गांव के बाहर संजय वर्मा के केला के खेत में तेंदुआ दिखाई दिया, जिसे देख खेत में काम कर रहे मजदूर काम छोड़ कर भाग खड़े हुए बता दें कि बीते सप्ताह जटपुरवा गन्ना सेंटर और बबुरी भट्टे से दो तेंदुआ वन विभाग ने रेस्क्यू किया था। हालांकि दोनों तेंदुओं की वन रेंज में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। एक बार फिर तेंदुआ देखे जाने से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है।

## बुजुर्ग को सांड ने पटका, बुजुर्ग की मौके पर हुई मौत

**लखीमपुर खीरी।** थाना क्षेत्र के गांव खजांची कुआं निवासी बुजुर्ग को सांड ने पटक कर मार डाला। इससे उनके परिवार में चीख पुकार मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है परिवार वालों ने बताया कि खजांची कुआं निवासी भारत प्रसाद (75) अपनी प्राइवेट खाद की दुकान पर लेटे हुए थे। सुबह चार बजे के करीब एक सांड दुकान पर पहुंच गया, जिसे वह उठकर भगाने की कोशिश करने लगे। इसी बीच सांड ने उन पर हमला कर दिया और कई बार उठा कर पटक दिया, जिससे भारत प्रसाद की मौके पर ही मौत हो गई चीख पुकार मचाने पर आसपास के भी तमाम लोग आ गए और तमाम प्रयासों के बाद सांड को खदेड़ सके। मौत की खबर मिलते ही उनके परिवार में कोहराम मच गया।

## प्राथमिक विद्यालयों को विलय के निर्णय के विरोध में भीम आर्मी ने किया प्रदर्शन

**सहारनपुर।** भीम आर्मी जय भीम संगठन के कार्यकर्ताओं ने प्राथमिक विद्यालयों के एकीकरण के विरोध में जिला मुख्यालय पर नारेबाजी कर धरना दिया तथा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर प्राथमिक विद्यालयों के विलय के निर्णय को अविलम्ब वापिस लिए जाने की मांग की।

पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत भीम आर्मी जय भीम संगठन के कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष सनी गौतम के नेतृत्व में एकत्र होकर हकीकत नगर स्थित धरना स्थल पर पहुंचे तथा नारेबाजी कर धरने पर बैठ गए। धरने को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष सनी गोतम ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के 27965 प्राथमिक विद्यालयों के एकीकरण का निर्णय जनविरोधी है। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा व्यवस्था का निजीकरण और केंद्रीकरण कर रही है, जिससे वंचित तबकों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से दूर किया जा रहा है। इसलिए सरकार को प्राथमिक विद्यालयों के एकीकरण के निर्णय को तत्काल प्रभाव से वापिस लिया जाना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने दलित, पिछड़े और ग्रामीण क्षेत्रों की शिक्षा को कमजोर करने वाले इस तानाशाही फैसले को वापिस नहीं लिया तो भीम आर्मी प्रदेशभर में उग्र आंदोलन करेगी और सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। धरने में जिला उपाध्यक्ष अभिषेक कुमार, गुलशान कुमार, किशोर कुमार, अनुज कुमार, अनिकेत गौतम, संजीव नौटियाल, सचिन भारकर, रकम सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नोडल अधिकारी ने की वृक्षारोपण अभियान की तैयारियों की समीक्षा

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नोडल अधिकारी रामकेवल ने कहा कि वृक्षों की जीविता को बेहतर बनाने के लिए इनकी देखरेख भी किया जाना आवश्यक है। वृक्षारोपण के फायदों की जानकारी भी सभी को दी जाए। चारागाह की भूमि एवं गोशालाओं में भी वन विभाग उनके अनुकूल पौधों को सुनिश्चित करते हुए वृक्षारोपण करवाएं। उन्होने सभी विभागों से कार्य योजना पूछकर अच्छे ढंग से क्रियान्वित करने के निर्देश दिए।

नोडल अधिकारी आज यहां जिलाधिकारी मनीष बंसल की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक कर निर्धारित पौधारोपण लक्ष्य की प्राप्ति हेतु रणनीति तथा तैयारी की समीक्षा कर रहे थे। नोडल अधिकारी ने सभी विभागों द्वारा पौध उठान की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर बताया गया कि सभी विभागों द्वारा पौध उठान का कार्य शत-प्रतिशत कर लिया गया है। उन्होने वृक्षारोपण स्थलों की



जियोटैगिंग कराने के निर्देश दिए तथा कहा कि वृक्षारोपण अभियान को महाअभियान बनाते हुए जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, समाज के संभ्रांत जनों, विद्यार्थियों को पौधारोपण करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। उन्होने कहा कि कल होने वाले पौधारोपण के दृष्टिगत समग्र जनप्रतिनिधियों से वार्ता कर आमंत्रित किया जाए। अभियान के अन्तर्गत पौधों का संरक्षण करना अति आवश्यक है।

जिलाधिकारी मनीष बंसल ने सभी को जियोटैगिंग से पौधारोपण करने के बाद हरीतिमा एप पर अपलोड करने के निर्देश दिए। उन्होने विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस महत्वपूर्ण कार्य में सभी बढ-चढ कर हिस्सा लें। उन्होने नोडल अधिकारी को आश्वस्त किया कि आपके द्वारा दिए गये निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन किया जाएगा। पेड लगाओं पेड बचाओं वृक्षारोपण महा अभियान 2025 एक पेड़ माँ के नाम के महाभियान के अन्तर्गत प्रदेश भर में 37 करोड़ लक्ष्य का पौधारोपण किया जाएगा। जिसके तहत जनपद में 4494400 का लक्ष्य है। यह कार्य विभिन्न विभागों द्वारा किया जाएगा। वृक्षारोपण के माध्यम से हरित आवरण में वृद्धि के तहत बढते प्रदूषण को नियंत्रित कर पर्यावरण संतुलन बनाए रखने हेतु जन आंदोलन के माध्यम से पौधारोपण किया जाना आवश्यक है। इससे वर्षा जल संचयन में वृद्धि, कार्बन अवशोषण, शुद्ध हवा, उपजाऊ मिट्टी का संरक्षण, नदियों का जल स्तर बढाना, कृषकों की आय में वृद्धि मूल उद्देश्य है।

डीएफओ शुभम सिंह द्वारा पीपीटी के माध्यम से नगरीय हरित आवरण में वृद्धि तथा नगरीय क्षेत्रों में रोपण, मियावाकी पद्धति से वृक्षारोपण अभियान में निजी क्षेत्रों, एनजीओ, धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं, एनएसएस, एनसीसी, स्काउट गाइड, उद्योगों के द्वारा शहरी क्षेत्र में घने वन के तहत पौधारोपण किया जा रहा है। उन्होने कहा कि कल ग्राम कांकरकुई में होने वाले वृक्षारोपण के वृहद कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राज्यमंत्री लोक निर्माण विभाग बृजेश सिंह रहेंगे।

# मुठभेड़ में घायलावस्था में 50-50 हजार रूपये के दो ईनामी बदमाश गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना गागलहेड़ी पुलिस ने मुठभेड़ में हत्या व पुलिस टीम पर फायरिंग करने के मामले में वांछित 50-50 हजार रूपये के दो ईनामी बदमाशों को घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दबोचे गये बदमाशों के कब्जे से अवैध असलाह बरामद कर उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया।

एसएसपी आशीष तिवारी ने पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि बीती रात्रि थाना गागलहेड़ी पुलिस थाना प्रभारी विनोद कुमार व उपनिरीक्षक सौरभ यादव, प्रवेश कुमार के नेतृत्व में हरौड़ा कट हाईवे से यमुनानगर की तरफ जाने वाले रास्ते



पर चैंकिग कर रहे थे। इसी दौरान हाइवे के बायीं तरफ दो संदिग्ध व्यक्ति खड़े दिखायी दिये। पुलिस को अपने नजदीक आता देख। उन्होंने पुलिस पर जान से मारने की नियत से फायरिंग शुरू कर दी तथा भागने लगे। पुलिस द्वारा आत्म रक्षार्थ की गयी जवाबी फायरिंग में दोंनो बदमाशों के पैर में गोली लगने से घायल हो गए। जिनकी पहचान प्रमोद उर्फ रामकरण पुत्र तरसेम व सोमवीर उर्फ मोनू पुत्र रणधीर निवासीगण ग्राम व थाना राजौन्द जनपद कैथल (हरियाणा) के रूप में हुई। पुलिस ने दबोचे गये बदमाशों के कब्जे से दो तमंचे, 5 जिंदा व 7 खोखा कारतूस बरामद कर उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया। एसएसपी श्री तिवारी ने बताया कि दबोचे गये बदमाश शातिर किस्म के अभ्यस्थ अपराधी है, जिनकी खिलाफ थाना गागलहेड़ी पर कई संगीन धाराओं में मुकदमें दर्ज है।

एसएसपी श्री तिवारी ने बताया कि पूछताछ में दबोचे गये आरोपी प्रमोद उर्फ रामकरण राणा पुत्र तरसैम सिंह ने बताया कि वह और मृतक सुरेश उर्फ काका एक ही गांव राजौन्द के रहने वाले है तथा हम दोनों मिलकर उप्र व हरियाणा में प्रोपर्टी डिलिंग का काम करते थे। प्रोपर्टी डिलींग के दौरा मैंने सुरेश को बयाने के तौर पर 45 लाख रूपये दे दिये थे तथा मेरे द्वारा बार-बार बैनामे का तकाजा करने के बावजूद सुरेश उर्फ काका न तो रूपये वापिस किए और न ही बैनामा किया था। जिसके चलते मैंने अपने साथियों के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से सुरेश उर्फ काका की हत्या कर दी थी।

## मगरमच्छ ने कुत्ते को बनाया अपना शिकार

**लखीमपुर खीरी।** थाना क्षेत्र के गांव बेला कलां के निकट स्थित डेबर तालाब में कई दिनों से मौजूद मगरमच्छ ग्रामीणों के बीच दहशत का सबब बना हुआ है। अब तक कई पशुओं का शिकार कर चुके मगरमच्छ ने मंगलवार को एक कुत्ते को भी अपना निवाला बना डाला। सूचना के बाद भी वन अफसर खामोश हैं। इससे ग्रामीणों में आक्रोश है बेला कलां गांव के पास स्थित डेबरी तालाब में पालतू पशु व घुमंतू पशु अक्सर इस तालाब में पानी पीने जाते हैं। कई दिनों से डेरा जमाए मगरमच्छ ने मंगलवार सुबह 11 बजे पानी पीने गए कुत्ते को अपना शिकार बना लिया। इससे पूर्व में कई बकरी व कुत्ते इस मगरमच्छ का शिकार हो चुके हैं। वही ग्रामीण उस तालाब की तरफ अपने पशुओं को चराने के लिए ले जाते हैं, जिसमें अधिकतर बच्चे ही पशुओं को ले जाते हैं, जिससे बच्चों पर खतरा बना रहता है। अक्सर मगरमच्छ पानी पीने के लिए तालाब पर आने वाली बकरियां, गाय के बछड़े, और कुत्तों को पकड़कर तालाब में खींच ले जाता है।

ग्रामीणों के अनुसार मगरमच्छ इतना निडर हो गया है, की सुबह शाम तालाब से बाहर निकलकर किनारे पर बैठा रहता है। स्थिति इतनी चिंताजनक है कि लोग अपने छोटे बच्चों को अकेला नहीं छोड़ते है।

## 17 वर्षीय छात्रा के साथ होमगार्ड ने किया दुष्कर्म

**लखीमपुर खीरी।** कॉलेज से घर लौट रही 17 वर्षीय छात्रा के साथ होमगार्ड ने दुष्कर्म किया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़ित छात्रा ने किसी तरह घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। छात्रा की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपी होमगार्ड को हिरासत में लिया है सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी छात्रा पैरामेडिकल कोर्स की इंटर्नशिप कर रही है। पीड़ित छात्रा ने बताया कि सोमवार को कॉलेज से वह पैदल घर वापस जा रही थी। छात्रा का आरोप है कि इसी दौरान नीमगांव थाने के गांव लखनियापुर निवासी राजकिशोर पांडेय बाइक से आ गया। उसने छात्रा को जबरन अपनी बाइक पर बैठा लिया। उसे सुनसान जगह पर ले गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद फरार हो गया। आरोपी राजकिशोर होमगार्ड के पद पर तैनात है। वह लखीमपुर शहर में 112 वाहन पर तैनात है घटना की जानकारी होने के बाद परिजन पीड़ित छात्रा को लेकर कोतवाली सदर पहुंचे और आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पीड़ित छात्रा का मेडिकल परीक्षण करवाया।

## शारदा के बाद अब घाघरा नदी के तेवर सख्त, रमियाबेहड़ इलाके में घाघरा ने जमीन काटनी शुरू की

**लखीमपुर खीरी।** शारदा के बाद अब घाघरा नदी के तेवर भी सख्त हो गए हैं। रमियाबेहड़ इलाके में घाघरा ने जमीन काटनी शुरू कर दी है। उसकी जद में 18 गांव हैं। हालांकि बाढ़ खंड गांवों को कटान से बचाने की कोशिश में लगा हुआ है। सबसे ज्यादा खतरा माथुरपुर गांव पर है। घाघरा नदी की कटान से माथुरपुर के गाँव रहने वाले श्रीराम, कल्लू, अवधेश, प्यारे, चंद्रिका, जगतू, पंचू, सतीश, दिनेश आदि लोगों के घर कटान की जद में है। माथुरपुर के प्राथमिक विद्यालय से घाघरा नदी की दूरी करीब दो सौ मीटर ही रह गई। नदी माथुरपुर के पश्चिम में कटान कर रही है अगर कटान हुआ तो सबसे पहले विद्यालय कटेगा। प्रशासन द्वारा केवल बोरियों में मिट्टी डलवाकर बचाव कार्य कराया जा रहा है। माथुरपुर के लोगों का कहना है कि पहले खेती योग्य भूमि को काटकर नदी ने भूमिहीन की तो पिछले दो वर्ष पहले मकान को अपने धारा में समाहित करके बेघर कर दी। अब न खेती करने के लिए जमीन बची है और न ही रहने के लिए आशियाना। इस नदी कटान की जद में बोकरिया, माधुरपुर, सुजानपुर, लालापुर, मोटेबाबा, रामनगर बगहा, गुलरिया, तेलियाघाट, अग्घरा, परौरी आदि गांवों के लोग हैं। यहां पिछ्ले कई सालों में नदी 400 से अधिक किसानों की भूमि नदी की धारा में समा चुकी है। जिसमें किसान भूमिहीन हो गए हैं। किसानों का कहना है कि घाघरा नदी आठ वर्ष पहले उनके गांव से तीन से चार किलोमीटर की दूरी पर बहती थी, जो अब महज सौ मीटर की दूरी पर प्रवाहित हो रही है। किसानों ने बताया कि कृषि योग्य भूमि फसल के साथ नदी की धारा में समाती है तो आंखों से आंसू निकलते हैं।

# संगठन ही नहीं, बल्कि जनान्दोलन है डॉ. अम्बेडकर वाहिनी: मिठाई लाल

## संविधान व लोकतंत्र को बचाने के लिए एक जुट होने की आवश्यकता: चौ. अब्दुल वाहिद

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** बाबा साहेब डॉ.अम्बेडकर वाहिनी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठई लाल भारती ने




कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकारें संविधान व आरक्षण को समाप्त करने पर आमादा है। ताकि पिछड़े, दलित व अल्पसंख्यकों के अधिकारों को समाप्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के सभी कार्यकर्ता आपसी मतभेद भुलाकर संविधान को बचाने के लिए एक जुट होकर आगे आने का काम करें। राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती आज यहां अम्बाला रोड स्थित सपा कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पिछडा, दलित व अल्पसंख्यकों की लड़ाई पूरी मजबूती के साथ लडने का काम कर रहे हे। जब अयोध्या के भाजपा सांसद लल्लू सिंह ने संविधान को बदलने संबंधी का बयान दिया था, तब उस चुनौती को स्वीकार करते हुए समाजवादी पार्टी ने अयोध्या की सामान्य सीट होने के बावजूद दलित समुदाय के अवधेश पासी को चुनाव जीताकर साबित कर दिया कि समाजवादी पार्टी ही संविधान व लोकतंत्र की सच्ची हिमायती है। उन्होंने कहा कि गत् लोक सभा चुनाव में दलित समुदाय ने एक जुट होकर सपा-कांग्रेस गठबंधन को वोट देने का काम किया, जिसके चलते समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश में नम्बर वन पार्टी बन गयी तथा कांग्रेस के छह सांसद भी सपा की बदौलत ही चुनाव जीते। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ.अम्बेडकर ने संविधान के माध्यम से जनता को वोट का सबसे बड़ा अधिकार देने का काम किया, जिसका प्रयोग कर जनता आगामी विधान सभा चुनाव में भाजपा का सूपडा साफ करने का काम करेगी। सपा जिलाध्यक्ष चौ.अब्दुल वाहिद व देहात विधान सभा के विधायक आशु मलिक ने कहा कि सभी कार्यकर्ता गांव-गांव, घर-घर जाकर पिछड़ो, दलितों व अल्पसंख्यकों के बीच पार्टी के पीडीए मिशन का प्रचार प्रसार करें, ताकि आगामी विधान सभा चुनाव में भाजपा का सूपड़ा साफ किया जा सकें। उन्होंने भाजपा को दलित व पिछड़ा विरोधी बताते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की राज्य सरकार इन वर्गो को शिक्षा से वंचित रखने के लिए 5000 स्कूलों का विलय करने का काम कर रही है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। पूर्व मंत्री विनोद तेजियान, लियाकत अली एडवोकेट व प्रदेश सचिव मजाहिर राणा ने कहा कि गत् विधान सभा चुनाव में सभी एजेन्सियों की रिपोर्ट में आया था कि समाजवादी पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ उत्तर प्रदेश में अपनी सरकार बना रही है, परन्तु भारतीय जनता पार्टी ने मतदाता सूचियों में अनेक मतदाताओं के नाम कटवा दिये, जिसकी बदौलत समाजवादी पार्टी को हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वह पिछड़ा, दलित व अल्पसंख्यक वर्ग के एक-एक मतदाता का नाम मतदाता सूची में जुड़वाने का काम करें, ताकि आगामी पंचायत चुनाव व विधान सभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाकर संविधान व लोकतंत्र को बचाया जा सकें। कार्यक्रम को राष्ट्रीय महासचिव शमशाद अहमद, महेन्द्र पाल राकेश, हसीन कुरैशी, ममता चौधरी, रूही अंजुम, महजबी खान, महानगर अध्यक्ष नवाब अंसारी, चौ.इजहार बबलू व सतीश कुमार ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में सुमन लता, आफ्ताब मलिक, प्रदीप कुमार, जिंदा हसन, कासिफ अल्वी, कंवर पाल, नदीम अंसारी, चौ.जुमला सिंह, रविदत्त, वसीम, सोनू नम्बरदार, अनुज मदनूकी, गुलशन खान, मुस्तकीम राणा, गुलशन खान, संदीप, अच्छन यादव, अब्दुल गफूर, मोहसीन, राजकुमार घाटेड़ा, राव साकिब, रिजवान, ऊषा, इस्लाम अल्वी, महफूज अंसारी, शाहजमां अहमद, नदीम प्रधान, मुशयदा, नाजिया, नावेद राणा, साजेब मलिक, मौसम अली, विजय पाल, रजनीश, इमरान मलिक, कैफ कुरैशी, जमाल साबरी, शादाब नम्बरदार, मेहरबान चौधरी, विशाल, अभिषेक, अजय, अरविंद, दिनेश बोध, दीपक, सन्नी कुमार आदि मौजूद रहे।

# शिक्षकों ने विद्यालयों को बंद करने के खिलाफ मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ से जुड़े शिक्षकों ने प्रदेश सरकार द्वारा कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों को बंद करने और शिक्षकों के ऑनलाइन समायोजन पोर्टल की खामियों के विरोध में मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर जबरन समायोजन के बजाए स्वैच्छिक समायोजन को प्राथमिकता दिये जाने की मांग की।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अटल बहादुर सिंह व जिला मंत्री नीरज कुमार शर्मा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में बताया कि 150 से कम और 100 से कम छात्र संख्या वाले प्राथमिक विद्यालयों को बंद करने की योजना शिक्षकों और ग्रामीण बच्चों दोनों के हितों के विरुद्ध है। इस निर्णय से न केवल सुदूर अंचलों में शिक्षा बाधित होगी, बल्कि शिक्षकों की



सेवा स्थायित्व भी प्रभावित होगा।

साथ ही, समायोजन की ऑनलाइन प्रक्रिया में तकनीकी गड़बड़ियों के चलते बड़ी संख्या में शिक्षकों के आवेदन पोर्टल पर लटके हुए हैं। न तो स्थिति अपडेट हो रही है और न ही शिक्षक यह जान पा रहे हैं कि उनका समायोजन हुआ भी है या नहीं। इससे शिक्षक वर्ग में भारी असंतोष है। संघ ने मांग की कि जबरन समायोजन की बजाए स्वैच्छिक समायोजन को प्राथमिकता दी जाए, पोर्टल की खामियों को दूर किया जाए और शिक्षकों को स्थानांतरण के मामलों में पारदर्शिता के साथ विकल्प चुनने का अवसर मिले। शिक्षक नेताओं ने चेताया कि यदि शिक्षक विरोधी नीतियों पर पुनर्विचार नहीं किया गया, तो संघ आंदोलनात्मक रास्ता अपनाने को बाध्य होगा। इस दौरान भारी संख्या में शिक्षक संघ से जुड़े शिक्षक मौजूद रहे।

# गुरु पूर्णिमा पर शिष्य और गुरु, दोनों भूमिका में दिखेंगे सीएम योगी

- शिष्य के रूप में गुरु गोरखनाथ, अपने ब्रह्मलीन गुरुदेव की करेंगे पूजन-स्तुति
- गुरु के रूप में गोरक्षपीठ के संतों और श्रद्धालुओं को देंगे आशीष

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** सनातन विचार दर्शन एवं संस्कृति में गुरु-शिष्य के रिश्ते को प्रतिष्ठित करने वाले पावन पर्व गुरु पूर्णिमा गोरक्षपीठ के लिए विशेष होती है। यह वह अवसर होता है जब गोरक्षपीठाधीश्वर नाथपंथ के आदिगुरु महायोगी गोरखनाथ सहित पीठ के अपने पूर्ववर्ती गुरुजनों की पूजन-स्तुति करते हैं और तदुपरांत अपने शिष्यों और गोरक्षपीठ के श्रद्धालुओं को स्नेहाशीष से अभिसिंचित करते हैं। गोरक्षपीठ की इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए वर्तमान पीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरु पूर्णिमा (10 जुलाई, गुरुवार) पर शिष्य और गुरु दोनों भूमिकाओं में दिखेंगे।

यूं तो गोरक्षपीठ, गोरखनाथ मंदिर में धर्म-अध्यात्म की मंगलध्वनि अहर्निश गुंजायमान रहती है, पर गुरु पूर्णिमा का पर्व यहां बेहद खास होता है। इस दिन के विशेष आयोजन में सहभागी बनने की गोरक्षपीठ के श्रद्धालुओं की उत्कंठा प्रबल होती है। नाथपंथ मुख्यतः गुरुगम्य मार्ग है। इस लिहाज से गोरक्षपीठ और गुरु पूर्णिमा का अटूट नाता है। गुरु-शिष्य परंपरा इस पीठ के मूल में है। गुरु परंपरा से ही नाथ परंपरा आगे बढ़ी है। यही वजह है कि गोरक्षपीठ, गुरु परंपरा के प्रतीक के तौर पर पूरी दुनिया में प्रतिष्ठित है। हर काल में इस परंपरा को कायम रख पीठ ने कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया है। शिवावतार भगवान गोरखनाथ ने योग को लोक कल्याण का माध्यम बनाया तो उनके अनुगामी नाथपंथ के मनीषियों ने लोक कल्याणकारी अभियान को गति दी।

उल्लेखनीय है कि सनातन संस्कृति गुरु को गोविंद (भगवान) से भी ऊंचे स्थान पर प्रतिष्ठित करती है। गुरु का ध्येय समग्र रूप में लोक कल्याण होता है और इसकी की दीक्षा भी वह अपने शिष्य को देता है। गुरु परंपरा के आईने में देखें तो नाथपंथ की विश्व प्रसिद्ध गोरक्षपीठ बेमिसाल है। पीढ़ी दर पीढ़ी गोरक्षपीठाधीश्वरों ने अपने गुरु से प्राप्त लोक कल्याण की परंपरा को विस्तारित किया है। वर्तमान पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ इसे निरंतर ऊंचाई प्रदान कर रहे हैं।

गुरु परंपरा के लोक कल्याणकारी कार्यों के अनुगमन में गोरक्षपीठ की गत-सद्यः तीन पीढ़ियां तो कीर्तिमान रचती नजर आती हैं। गोरखनाथ मंदिर के वर्तमान स्वरूप के शिल्पी ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ महाराज ने लोक कल्याण के लिए शिक्षा को सबसे सशक्त माध्यम बनाते हुए 1932 में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की स्थापना की। उदात्तमना ब्रह्मलीन महंत जी ने गोरखपुर विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए अपने दो महाविद्यालय भी दान में दे दिए थे। उनके समय में ही लोगों को हानिरहित व सहजता से उपलब्ध चिकित्सा सुविधा हेतु मंदिर परिसर में एक आयुर्वेदिक चिकित्सा केंद्र की भी स्थापना हुई थी। अपने गुरु द्वारा शुरू किए गये इन प्रकल्पों को अपने समय में उनके शिष्य ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ महाराज ने विस्तार दिया। शिक्षा, चिकित्सा, योग सहित सेवा के सभी प्रकल्पों को नया आयाम दिया। ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ महाराज के शिष्य एवं वर्तमान गोरक्षपीठाधीश्वर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोक कल्याण के लिए अपने दादागुरु द्वारा रोपे और अपने गुरु द्वारा सींचे गए पौधे को वटवृक्ष सरीखा बना दिया है। किराए के एक कमरे में शुरू शिक्षा का प्रकल्प दर्जनों संस्थानों के साथ ही विश्वविद्यालय तक विस्तारित हो चुका है। इलाज के लिए गोरक्षपीठ की तरफ से संचालित गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय की ख्याति पूरे पूर्वांचल में है। गोरक्षपीठ से योग के प्रसार को लगातार गति मिली है। पीठ की गुरु परंपरा में लोक कल्याण के मिले मंत्र की सिद्धि योगी आदित्यनाथ की मुख्यमंत्री की भूमिका में भी नजर आती है।

गुरु पूर्णिमा पर्व और नाथपंथ का संबंध कितना अटूट और गहरा है, इसका अंदाजा इस पर्व पर गोरखनाथ मंदिर में होने वाले भव्य आनुष्ठानिक आयोजन को देखकर आसानी से लगाया जा सकता है। सभी नाथ योगियों ने इस परंपरा की गरिमा और प्रतिष्ठा को पूरी श्रद्धा और समर्पण के साथ कायम रखा है। महायोगी गुरु गोरखनाथ से लेकर गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ तक ने न केवल इस परंपरा को समृद्ध किया है, बल्कि गुरु प्रतिष्ठा के प्रति लोगों को प्रेरित भी किया है।

मुख्यमंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद की तमाम व्यस्तताओं के बावजूद गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ हर गुरु पूर्णिमा पर अपने गुरु का आशीर्वाद लेने और शिष्यों को आशीर्वाद देने के लिए गोरखनाथ मंदिर जरूर पहुंचते हैं। इसी क्रम में इस बार भी गुरुवार को वह गुरु पूर्णिमा पूजा के लिए मंदिर में मौजूद रहेंगे।

नाथपंथ की स्थापना के समय से ही गुरु-शिष्य परंपरा उससे अनिवार्य रूप से जुड़ी रही। गुरु-शिष्य परंपरा से ही नाथपंथ की परंपरा भी अनवरत आगे बढ़ रही है। नाथपंथ में गुरु और ईश्वर में कोई फर्क नहीं माना जाता है। नाथ परंपरा में गुरु ही ईश्वर है और ईश्वर ही गुरु है। यही वजह है कि गोरखनाथ मंदिर के लिए गुरु पूर्णिमा पर्व का खास महत्व है। गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ गुरुवार को महायोगी गोरखनाथ का विशिष्ट पूजन कर नाथपंथ के गुरुजन के प्रति श्रद्धा निवेदित करेंगे। इस पर्व पर शिवावतार गुरु गोरक्षनाथ को रोट अर्पित करने की भी परंपरा है। आनुष्ठानिक कार्यक्रमों को पूर्ण करने के बाद गोरक्षपीठाधीश्वर अपने शिष्यों और गोरक्षपीठ के अनुयायियों को आशीर्वाद प्रदान करेंगे। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर 4 जुलाई से गोरखनाथ मंदिर में चल रहे श्रीरामकथा की पूर्णाहुति भी होगी।

गुरु पूर्णिमा के दिन गुरुवार को गोरखनाथ मंदिर में गुरु पूजन का सिलसिला तड़के से ही शुरू हो जाएगा। गोरक्षपीठाधीश्वर सुबह सबसे पहले गुरु गोरक्षनाथ की पूरे विधि विधान से पूजा करेंगे। उन्हें रोट चढ़ाएंगे। इसके बाद नाथपंथ के सभी योगियों की समाधि स्थली और देवी देवताओं के मंदिर में विशेष पूजन का कार्यक्रम होगा। पूजा के अंत के सामूहिक आरती होगी। गुरु पूजन के बाद गोरक्षपीठाधीश्वर साधु संतों के बीच आएंगे। बारी-बारी से शिष्य, गोरक्षपीठाधीश्वर तक पहुंचेंगे और तिलक लगाकर उनका आशीर्वाद ग्रहण करेंगे। गोरक्षपीठाधीश्वर अन्य श्रद्धालुओं को भी आशीर्वाद देंगे। आशीर्वचन के बाद मंदिर में सहभोज का आयोजन किया जाएगा।

## जीएसटी विभाग से पीड़ित व्यापारियों ने वित्त मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

**अमेठी।** जी एस टी विभाग के अधिकारियों की कार्यप्रणाली से पीड़ित व्यापारियों ने अमेठी के उपायुक्त वाणिज्य कर के माध्यम से आठ सूत्रीय ज्ञापन वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को भेजा है।

उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की ओर से दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि जी एस टी अधिनियम में 40लाख रू तक व्यापार करने वाले व्यापारियों को रजिस्ट्रेशन शुल्क से छूट दी गई है, परंतु टार्गेट पूरा करने के लिए अधिकारी कम टर्न ओवर वाले व्यापारियों पर भी रजिस्ट्रेशन के लिए दबाव बनाकर उत्पीड़न कर रहे हैं। सचल दस्तों द्वारा पूरा टैक्स जमा करने के बाद भी तकनीकी कारण बता करके अधिकारी जुर्माना वसूल रहे हैं।

जिला अध्यक्ष महेश सोनी के नेतृत्व में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने मंगलवार को उपायुक्त वाणिज्य कर संदीप श्रीवास्तव के कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। राकेश लोहिया राम जी अग्रहरि, सुशील जायसवाल, पवन वैश्य, संदीप अग्रहरि आदि मौजूद रहे।

## राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम की अध्यक्षता में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक संपन्न हुई

समीउल्लाह खान ब्यूरो चीफ



**फर्रूखाबाद।** राज्य मंत्री ग्राम्य विकास विभाग एवं समग्र ग्राम विकास, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग विजय लक्ष्मी गौतम कलेक्ट्रेट सभगार फतेहगढ़ में विकास कार्यो और कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक की गई।

बैठक में मंत्री जी द्वारा निर्देशित किया गया कि थानों व अन्य जगहों पर प्रतिदिन जन सुनवाई की जाये, विद्यालयों,अस्पतालों के पास महिला पुलिस वीट की तैनाती की जाये, लेखपाल सही से कार्य करे जिससे गाँवो में अनावश्यक विवाद न हो, जिला पंचायतराज अधिकारी को निर्देशित किया कि सफाई कर्मियो की उपस्थिति नियमित रूप से चेक की जाये, आर0आर0सी0सेंटर विधिवत क्रियाशील रहे, गाँवो में जन चौपालें लगाई जाये, प्रधानमंत्री आवास योजना में पात्र व्यक्तियो को ही लाभ दिया जाये।

जिला विकास अधिकारी द्वारा मंत्री जो को अवगत कराया कि जनपद में 7354 स्वयं सहायता समूह गठित है जिनमे से 6207 क्रियाशील है, मंत्री जी द्वारा निर्देशित किया गया कि समूहों को जिला मुख्यालय, तहसील, ब्लॉक परिसर व अन्य जगहों पर दुकाने उपलब्ध कराई जाये जिससे वह अपने उत्पादो की विक्री कर सके, गलत कार्य करने बाले अधिकारियों को दंडित किया जाये, जल जीवन मिशन के अंतर्गत खोदी गई सड़को व गलियों को तत्काल सही कराये, विद्यालयों में पठन पाठन ठीक रखा जाये व नियमित रूप से औचक निरीक्षण किया जाये, विद्युत विभाग को समय से खराब ट्रांसफार्मर बदलने व जहाँ पर बार-बार ट्रांसफार्मर खराब हो रहे है वहा क्षमता वृद्धि करने के लिये निर्देशित किया।

इस अवसर पर अध्यक्ष जिलापंचायत, विधायक कायमगंज, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी व संवंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल व महिला मोर्चा ने लगाए पेड़

अवधनामा संवाददाता

- पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**उरई (जालौन)।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल और महिला मोर्चा उधोग व्यापार मंडल ने नगर के सरोजिनी नायडू पार्क में वृक्षारोपण अभियान चलाया। इस दौरान विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। जिससे पार्क का सौंदर्य और बढे।

कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए महिला मोर्चा उधोग व्यापार मंडल की अध्यक्ष रश्मि मित्तल ने वृक्षारोपण के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि पेड़ केवल हमें प्राणवायु (ऑक्सीजन) ही नहीं देते बल्कि हमारे घरों और आसपास के वातावरण को भी सुंदर और सुखद बनाते हैं। यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि हम प्रकृति का सम्मान करें और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरा-भरा भविष्य सुनिश्चित करें। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का भी आग्रह किया। इस मौके पर महिलाओं ने एक एक पेड़ व्यपारियो को भेंट किया ताकि वह अपने अपने घर पेड़ लगाए।

महिला मोर्चा व्यापार मंडल से सपना अग्रवाल अनीता अग्रवाल सोनम अग्रवाल मीरा कुशवाहा हेमा सोनी अर्चना सोनी राजेश्वरी यादव मीनू अग्रवाल मनीषा अग्रवाल प्रीति अग्रवाल किरण सराफ किरण अग्रवाल राखी अग्रवाल संगीता अग्रवाल और मीणा अग्रवाल ने सक्रिय भागीदारी की।अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के संरक्षक चौ. वृजेन्द्र मयंक प्रभंजन गर्ग बब्बू राजा नरी विजय अग्रवाल बल्लन अग्रवाल राजेंद्र निगम संदीप अग्रवाल जितेंद्र अग्रवाल रामू गुप्ता कमलेश पाटकार सद्दाम और शैलेंद्र सराफ जैसे प्रमुख सदस्य मौजूद रहे।

## खाद की गोदामों पर नहीं मिल रही डीएपी किसान परेशान

**अमेठी।** खरीफ के मौसम किसानों को पिछले दो सप्ताह से डीएपी खाद पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल पा रही है। किसान काफी परेशान हैं। खरीफ की मुख्य फसल इस समय धान की रोपाई तेजी से चल रही है। हर किसान को डीएपी खाद की आवश्यकता है।

मंगलवार को आवास विकास कॉलोनी के पास स्थित सरकारी गोदाम पर दो दर्जन से अधिक लोग ने डीएपी खाद के लिए पूछताछ करते देखे गए। विकासखंड भेंटुआ के शिवगढ़ जलालपुर के प्रभाकर डीएपी के लिए आए हुए थे डीएपी न मिलने से वह निराश होकर वापस घर लौट गए। उन्होंने बताया कि वह पिछले 10 दिनों से लगातार सरकारी गोदाम का चक्कर लगा रहे हैं । उन्हें आज तक डी ए पी खाद नहीं मिल पाई है । वे काफी परेशान हैं। इस समय धान की रोपाई का काम चल रहा है। खाद के बिना उनका काम बाधित है।

## पौधरोपण का कीर्तिमान बनाने में गोरखपुर मंडल का रहेगा योगदान

अवधनामा संवाददाता

- मंडल में एक ही दिन 1.69 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य
- वन विभाग के साथ दो दर्जन विभागों को दी जिम्मेदारी

**गोरखपुर ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 9 जुलाई को प्रदेश में पौधरोपण का कीर्तिमान बनाने की तैयारी युद्ध स्तर पर जारी है। सीएम ने एक ही दिन राज्य में 37 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य तय किया है। इस लक्ष्य को हासिल कर रचे जाने वाले कीर्तिमान में गोरखपुर मंडल का भरपूर योगदान होगा। गोरखपुर मंडल में चार जिलों (गोरखपुर, महराजगंज, देवरिया व कुशीनगर) को मिलाकर 1.68 करोड़ से अधिक पौधे लगाने की जिम्मेदारी दी गई है। इस जिम्मेदारी को वन विभाग की देखरेख में दो दर्जन से अधिक विभाग जनसहभागिता से हासिल करेंगे।

सीएम योगी ने पौधरोपण महा अभियान 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरुप 'एक पेड़ मां के नाम' थीम को समर्पित किया है। इस थीम के साथ पौधरोपण के लक्ष्य को निर्धारित करते हुए वह खुद कई बार बैठक कर पौधरोपण की तैयारियों की समीक्षा कर चुके हैं। मुख्यमंत्री के दिशानिर्देश पर न केवल अलग-अलग विभागों को लक्षित जिम्मेदारी दी गई है बल्कि इसमें व्यापक जनसहभागिता के लिए भी पहल की जा रही है।

गोरखपुर मंडल में वन विभाग के साथ उन सभी विभागों ने भी आवंटित पौधरोपण के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अपने स्तर पर तैयारी पूर्ण कर ली है। उम्मीद की जा रही है कि अयोध्या और आजमगढ़ में पौधरोपण करने के बाद मुख्यमंत्री 9 जुलाई की शाम गोरखपुर आने पर यहां भी पौधरोपण करेंगे।

## सनबीम स्कूल के छात्र-छात्राओं ने जाना प्रशासनिक कार्यों का स्वरूप



**देवरिया ।** जिले के सनबीम स्कूल के छात्र-छात्राओं ने आज जिलाधिकारी कार्यालय का शैक्षिक भ्रमण किया और जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल से संवाद स्थापित कर प्रशासनिक कार्यों, जनसेवा, नीतियों के क्रियान्वयन और जिम्मेदारियों को समझने का प्रयास किया। इस संवाद कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने जिले के विकास कार्यों, शासन की कल्याणकारी योजनाओं, आपदा प्रबंधन, कानून-व्यवस्था बनाए रखने की प्रक्रिया, और नागरिक शिकायतों के समाधान की कार्यप्रणाली को लेकर उत्साहपूर्वक सवाल पूछे। जिलाधिकारी ने सभी प्रश्नों का उत्तर अत्यंत सहजता, सरल भाषा और प्रेरणादायी दृष्टिकोण से देते हुए बच्चों को यह संदेश दिया कि प्रशासन जनसेवा का माध्यम है और इसका उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक शासन की सुविधाओं को पहुँचाना है। जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने, नैतिक मूल्यों का पालन करने और राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने यह भी कहा कि आज के छात्र ही कल के प्रशासनिक अधिकारी, वैज्ञानिक, चिकित्सक और राष्ट्र निर्माता होंगे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की ओर से जिलाधिकारी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया और छात्रों ने इस संवाद को एक प्रेरणादायक अनुभव बताया। यह संवाद कार्यक्रम विद्यार्थियों के भीतर प्रशासनिक तंत्र के प्रति समझ और जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय पहल के रूप में देखा गया।

## महिंद्रा FURIO8 हल्के वाणिज्यिक वाहनों की श्रेणी में गारंटीकृत सर्वाधिक माइलेज और मुनाफा देने वाला ट्रक

अवधनामा संवाददाता




**गोरखपुर।** महिंद्रा ग्रुप की इकाई, महिंद्रा ट्रक एंड बस ने आज अपने आधुनिक हल्के वाणिज्यिक वाहन रेंज महिंद्रा FURIO 8 को औपचारिक रूप से बाजार में लॉन्च किया। यह ट्रक एक अनूठी गारंटी के साथ आता है सबसे ज्यादा माइलेज नहीं मिला तो ग्राहक ट्रक वापस कर सकते हैं। लॉन्च अवसर पर महिंद्रा ग्रुप के प्रेसिडेंट ट्रक, बस, कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट, एयरोस्पेस एवं डिफेंस, और समूह कार्यकारी बोर्ड के सदस्य श्री विनोद सहाय ने कहा महिंद्रा FURIO 8 की यह नई रेंज सबसे ज्यादा माइलेज नहीं मिला तो ट्रक वापस कर दें की गारंटी के साथ आती है। यह रेंज हमारे ग्राहकों को इस श्रेणी में सबसे अधिक ऑपरेटिंग प्रॉफिट कमाने में मदद करेगी।

यह ट्रक बेहतरीन गुणवत्ता और ग्राहकों को केंद्र में रखने के नए मापदंड स्थापित करेगा जो हमारे इस सेगमेंट में समर्पण और हमारे प्रोडक्ट पर विश्वास को दर्शाता है। अपने शानदार फ़ायदे के पैकेज के साथ FURIO 8 को इस श्रेणी मेंअधिक मुनाफा देने के लिए डिज़ाइन किया गया है इसीलिए इसका संदेश है ट्रक बदलो, तक़दीर बदलेगी। महिंद्रा ट्रक एंड बस एवं कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट के बिजनेस हेड डॉ. वेंकट श्रीनिवास ने कहा महिंद्रा FURIO 8 को इस तरह इंजीनियर किया गया है कि यह अधिक कमाई, कम परिचालन लागत न्यूनतम मेंटेनेंस और बेहतरीन सुरक्षा, आराम और सुविधा दे ताकि ग्राहकों को मुनाफा, मानसिक शांति और समृद्धि तीनों मिल सकें।

चाकण (महाराष्ट्र) स्थित महिंद्रा की अत्याधुनिक निर्माण इकाई में निर्मित FURIO 8 दो वेरिएंट में उपलब्ध है 4-टायर कार्गो और 6-टायर कार्गो, जो एलसीवी श्रेणी में विभिन्न व्यवसायों की जरूरतों को पूरा करते हैं। अधिक लाभ कमाने के उद्देश्य से डिज़ाइन किया गया यह ट्रक सर्वोत्तम माइलेज, अधिक पेलोड क्षमता और उन्नत केबिन के साथ आता है, जो ड्राइवर को आराम, सुविधा और सुरक्षा प्रदान करता है। FURIO 8 के साथ दोहरी सर्विस गारंटी भी दी जा रही है~ 36 घंटे के भीतर सर्विस का आश्वासन, अन्यथा प्रति अतिरिक्त दिन 3000 रुपये का मुआवज़ा, और 48 घंटे में वाहन रोड पर वापस नहीं आया तो 1000 रुपये प्रतिदिन का मुआवज़ा । इसके अलावा, FURIO 8 में भारत की सबसे उन्नत टेलीमैटिक्स तकनीक महिंद्रा iMAXX दी गई है, जिसमें शामिल हैं लोकेशन ट्रैकिंग, जियोफेंसिंग, वाहन के रखरखाव की निगरानी, ड्राइवर की परफ़ोर्मेंस पर नजर और फ्लीट डैशबोर्ड आदि सुविधाएं।

## प्राइमरी विद्यालय से हटाया गया अवैध अतिक्रमण

**बसखारी,अम्बेडकरनगर।** नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा के अंतर्गत अशरफनगर वार्ड स्थित प्राइमरी स्कूल की लगभग 6 विस्वा ज़मीन पर अवैध रूप से की गई बाउंड्री वॉल और गेट का निर्माण प्रशासन ने मंगलवार को ध्वस्त कर दिया। उप जिलाधिकारी टांडा अरविंद त्रिपाठी के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर मशीनों की मदद से अतिक्रमण हटवाया और ज़मीन को कब्जा मुक्त कराया। पूरी कार्रवाई प्रशासन की निगरानी में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

इसी क्रम में, बसखारी मुख्य बाजार क्षेत्र में स्थित एक तालाब की ज़मीन को अतिक्रमण मुक्त कराने पहुंची टीम को कब्जाधारी के अनुरोध पर फिलहाल कार्यवाही रोकनी पड़ी। कब्जाधारी ने स्वयं अतिक्रमण हटाने की बात कही, जिस पर टीम बिना कार्रवाई के लौट गई। वहीं, हरिया ग्राम पंचायत में रास्ते पर हुए अतिक्रमण के विरुद्ध धारा 152 के अंतर्गत बेदखली की कार्यवाही करते हुए राजस्व विभाग ने कब्जा हटवाया।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण परमावश्यक : श्रीश प्रताप



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** उसका ब्लॉक के ग्राम पंचायत सोहांस खास में प्रधान श्रीश प्रताप उर्फ सोनू यादव ने मंगलवार को क्षेत्र के बांधों पर पौधरोपण किया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण के लिए पांच सौ से अधिक फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया।

उन्होंने कहा कि मानव जीवन के खुशहाली के लिए हमारे आसपास के माहौल हरा भरा होना जरुरी है। यदि पृथ्वी पर पेड़ पौधों ही नहीं रहेंगे तो आक्सीजन खत्म होने के पर्यावरण दूषित हो जाएगा। इससे मानव सभ्यता समाप्त हो जाएंगी। बारिश भी नहीं होगी। ऐसे में सभी को चाहिए की पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधों का रोपण करें। एक पेड़ सौ पुत्र के बराबर होता है। पौध रोपण के साथ ही उसका देखभाल भी करना होगा। तभी ग्राम पंचायत द्वारा लगाए पौधों का संरक्षण होगा। आज के युग में लोग अपने निजी स्वार्थ के लिए धड़ल्ले से पेड़ों की कटान कर रहे है। इस पर अंकुश लगने के बाद भी वन माफिया हरे पेड़ की कटान कराकर मालामाल हो रहे है। उनके बच्चें भी यदि पेड़ पौधें नहीं रहेंगे तो जीवित नहीं बचेंगे। ऐसे में उन्हें भी चाहिए कि वह पेड़ों की कटान का बंद कर वरना सब कुछ समाप्त हो जाएगा। इस दौरान मंजूर अली, गौतम यादव, मनकेश्वर, लालदेव, राम करन गौड़, राम वृक्ष, तौलन व पिंटू यादव आदि मौजूद रहे।

## कागज फ़ैक्टरी में लगी आग, दमकल कर्मियों ने आग को बुझाया

**उरई (जालौन)।** सुबह नगर में संचालित एक कागज फैक्ट्री में आग लग गई। सूचना मिलने पर एसडीएम अतुल कुमार की मौजूदगी में पुलिस तथा दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया ।

कालपी नगर के मोहल्ला रामगंज में स्थित बुंदेलखंड हैंडमेड पेपर नामक कागज फैक्ट्री में शार्ट सर्किट से आग लग गई।सुबह करीब 5 बजे पहले आग धीरे-धीरे सुलगी। बाद में आग ने भीषण रूप धारण कर लिया। सूचना पाकर अग्निशमन केंद्र कालपी प्रभारी विनोद कुमार नायक, फायरमैन मानवेंद्र सिंह, त्रिलोक सिंह, अनिल कुमार ,प्रदीप कुमार, गोविंद,शिव कुमार ,सर्वेश कुमार दमकल वाहन लेकर के मौके पर पहुंचे तथा आग पर नियंत्रण पाया। उप जिलाधिकारी अतुल कुमार तथा उरई के अग्निशमन अधिकारी चंद्रशेखर ने मौके पर पहुंचे। कालपी कोतवाली के रामगंज चौकी इंचार्ज भी पुलिस बल के साथ आग बुझाने में सक्रिय दिखाई दिए।

## मानक विहीन वाहनों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाये जाने के निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** कार्यालय परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश द्वारा स्कूलों में संचालित वाहनों की पूर्णतया जाँच करने एवं मानक विहीन वाहनों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाये जाने के निर्देश के अनुपालन में परिवहन विभाग द्वारा मानक विहीन स्कूली वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाकर 32 वाहनों के चालान व 09 वाहनों के विरुद्ध निरुद्ध की कार्यवाही की गयी। वाहन चालकों व परिचालकों को सुरेश कुमार वरि0-सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशा0/प्रर्व0) जालौन द्वारा यथा आवश्यक निर्देश दिए गए।

जनपद के समस्त विद्यालय संचालकों/प्रबन्धकों/प्रधानार्यो को सूचित किया जाता है कि जिन वाहनों की फिटनेस, बीमा, प्रदूषण, परमिट की वैधता समाप्त हो गयी है उनको दुरुस्त करा लें तथा वाहन को मानक के अनुरुप कराकर फिटनेस की जाँच हेतु उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय में प्रस्तुत कर स्वस्थता प्रमाण पत्र (फिटनेस) अवश्य प्राप्त करलें। पंजीयन में जो सीटिंग क्षमता निर्धारित है उससे ज्यादा छात्र-छात्रायें न बैठायें।

यदि मार्ग चेकिंग के दौरान कोई भी वाहन मानक विहीन/अनफिट/सीटिंग क्षमता से अधिक छात्र-छात्राओं को लाते या ले-जाते पाया जाता है तो उक्त वाहन के साथ-साथ वाहन स्वामी/विद्यालय प्रबन्धन के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी, जिसका समस्त उत्तरदायित्व वाहन स्वामी/विद्यालय प्रबन्धन का होगा।

उन्होंने स्कूल बस/वैन हेतु विशेष नियम के सम्बंध में बताया कि वाहन पीले रंग का हो, स्कूल का नाम लिखा हो, बसों में 02 एवं वैन में 01 अग्निशमन यंत्र अवश्य हो, फर्स्ट एड बॉक्स अवश्य हो, गति सीमा यंत्र लगा हो, नियमानुसार सीट बेल्ट का प्रावधान है, प्रेशर हॉर्न/मल्टीटोन हॉर्न न लगा हो, स्कूल बसों में आपातकालीन खिड़की/द्वार अवश्य हों, स्कूल बसों की खिड़की पर स्टील की छड़ क्षैतिज लगी हो, स्कूल बसों में सीट के नीचे स्कूल वैग रखने की जगह हो, बसों के प्रवेश द्वार पर हैण्डरेल लगा हो, वाहन पर पुलिस, फायर, एम्बुलेंस, हॉस्पिटल, प्रबन्धक, प्रधानाचार्य, चालक, परिचालक का नम्बर अंकित होना अनिवार्य है।

## विहिप व बजरंग दल के स्वास्थ्य शिविर में 150 मरीजों का परीक्षण

**उरई (जालौन)।** विश्व हिंदू परिषद तथा बजरंगदल के संयुक्त तत्वाधान में सेवा सप्ताह कार्यक्रम के तहत कालपी नगर में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सीय टीम ने 150 लोगों का उपचार कर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया।

चिकित्सा शिविर काशीराम कॉलोनी के परिसर में सेवा भाव से आयोजित किया गया। चिकित्सा शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे जिला संगठन मंत्री सौरभ के अलावा विश्व हिंदू परिषद से दीपक , बजरंग दल नगर संयोजक हर्ष बिश्नोई, विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष बब्बन ठाकुर ने मरीजों का इलाज कराने में सहयोग प्रदान किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शेख शहरयार एवं उनकी चिकित्सकीय टीम ने मरीजों का उपचार किया। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के प्रमुख कार्यकर्ताओं में प्रखर गुप्ता, निखिल पंडित, मुकेश मांगरोल, कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी ने सहभागिता की।

## वृहद पौधारोपण अभियान 9 जुलाई को, जियो टैंगिग के साथ एक एक घंटे पर मांगी गई है पौधरोपण की रिपोर्ट

- नोडल अफसर अमेठी पहुंचे, कलेक्ट्रेट में की तैयारियों की समीक्षा 45.50 लाख पौध लगाने का लक्ष्य

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** वृहद पौधरोपण का? महा अभियान बुधवार को सुबह सात बजे से शाम सात बजे तक चलेगा। पौधरोपण के दौरान हरीतिमा एप पर सभी पौधरोपण स्थलों की जियो टैंगिग करने के लिए स्थल और ग्राम पंचायत वार कार्मिक तैनात किए गए हैं। मंगलवार को शासन की ओर से नामित नोडल अधिकारी आयुक्त खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग उत्तर प्रदेश ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर पौधरोपण की तैयारियों की प्रगति की समीक्षा की।

बैठक में डी एम संजय चौहान,सी डी ओ सूरज पटेल, पुलिस अधीक्षक अर्पणा रजत कौशिक के साथ सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### अधिकारियों ने अधीनस्थों को एक एक घंटे पर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए

**अमेठी।** मंगलवार की शाम सभी विभागों के अधिकारियों ने अधीनस्थों के साथ बर्चुअल बैठक कर पौधरोपण के राष्ट्रीय कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिन भर सजग रहने के निर्देश दिए,साथ ही एक एक घंटे पर पौधरोपण की रिपोर्ट भेजते रहने की जिम्मेदारी दी। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को सभी पौधरोपण स्थलों की जियो टैंगिग कराने के निर्देश दिए हैं।लोक निर्माण विभाग के कार्यालय में अधिशासी अभियंता इंजीनियर रमेश चंद्र और इंजीनियर शैलेन्द्र कुमार ने निर्धारित लक्ष्य 11900के अनुरूप पौधरोपण कराने की जिम्मेदारी अवर अभियंताओं को दी है और पूरी मैन पावर लगाकर अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में नोडल अधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों को विभाग को निर्धारित लक्ष्य के अनुसार पौधरोपण कराने के साथ ट्री गार्ड की व्यवस्था कर जानवरों से बचाव और सुरक्षा के भी निर्देश दिए। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्रा ने बताया कि इस वर्ष शासन द्वारा जनपद को 4550100 पौधे रोपित करने का लक्ष्य दिया गया है। जिसमें 20 लाख पौधे वन विभाग तथा 2550100 पौधे अन्य विभागों विभागों से कराया जायेगा।

गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी विशिष्ट वनों की स्थापना कराई जाएगी जिसमें अटल वन, एकता वन, ऑक्सी वन, गोपाल वन, त्रिवेणी वन, शौर्य वन, पवित्र धारा वन शामिल होंगे इसके लिए भूमि का चयन किया जा चुका है। विकास खंड सिंहपुर के रतवलिया मंझार वन भूमि पर मुख्य पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

अवधनामा



# जेसीबी की चपेट में आकर महिला की मौत, ग्रामीणों ने सड़क जाम कर किया हंगामा



अवधनामा संवाददाता

**हैदरगंज -अयोध्या।** रौहारी गांव के पास मंगलवार को एक दर्दनाक हादसे में खेत से लौट रही महिला की जेसीबी की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने काफी देर तक समझाने का प्रयास किया, लेकिन जब जाम नहीं खुला तो बल प्रयोग करते हुए भीड़ को हटाया गया और आवागमन सुचारु कराया गया। घटना हैदरगंज थाना क्षेत्र के रौहारी गांव के समीप की है। जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह लगभग 10 बजे कतकौली गांव निवासी उर्मिला वर्मा 55 वर्ष, पत्नी स्व. जगदंबा वर्मा खेत से घर लौट रही थीं। इसी दौरान हैदरगंज की ओर से तेज रफ्तार में आ रही जेसीबी ने लापरवाही पूर्वक उन्हें कुचल दिया। महिला की मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे के बाद जेसीबी चालक मौके से भाग निकला, लेकिन ग्रामीणों ने पीछा कर बिलारी बाजार के पास उसे पकड़ लिया और जेसीबी समेत पुलिस को सौंप दिया।उधर, हादसे की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेने का ड्डप्रयास किया, लेकिन ग्रामीणों ने इसका विरोध करते हुए मुख्य सड़क पर जाम लगा दिया। काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। बाद में हैदरगंज थानाध्यक्ष विवेक कुमार राय फोर्स के साथ पहुंचे और समझाने-बुझाने के बाद भी जब जाम नहीं खुला तो बल्ली हटवाकर सड़क खाली कराई गई। सीओ बीकापुर ने दिया कार्रवाई का आश्वासन मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी बीकापुर पीयूष ने मृतका के परिजनों से मुलाकात कर न्याय और कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

वहीं राजस्व निरीक्षक और लेखपाल ने पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता दिलाने की बात कही।ग्रामीण राकेश वर्मा ने बताया कि मृतका मंदबुद्धि थीं। उनके पति की मृत्यु करीब आठ वर्ष पूर्व हो चुकी थी।

उनके दो बेटे हैं–राम निहाल वर्मा और सुमित वर्मा, जिनमें से सुमित अविवाहित है। थानाध्यक्ष विवेक कुमार राय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और गांव में शांति व्यवस्था कायम है। चालक को हिरासत में ले लिया गया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## फर्जी संघ संचालन का आरोप, नगर निगम में चुनाव कराने की मांग

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** नगर निगम अयोध्या में सफाई कर्मचारी संघ को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। उत्तर प्रदेश सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल समुन्द्रे ने सोमवार को महापौर गिरीश पति त्रिपाठी को एक पत्र सौंपते हुए नगर निगम में संघ का चुनाव कराने की मांग की है।अनिल समुन्द्रे ने अपने पत्र में आरोप लगाया है कि नगर निगम अयोध्या में एक सफाई नायक विनय बाघमार ने बिना किसी वैधानिक प्रक्रिया के स्वयं को अध्यक्ष घोषित कर फर्जी संघ का संचालन शुरू कर दिया है। यह कार्य न केवल संघ के नियमों के खिलाफ है, बल्कि इससे कर्मचारियों का शोषण भी हो रहा है।उन्होंने कहा कि फर्जी अध्यक्ष द्वारा अधिकारियों और कर्मचारियों को डराया-धमकाया जा रहा है तथा मृतक आश्रित, सेवानिवृत्त कर्मचारी और सफाईकर्मियों के भुगतान से जुड़े प्रकरणों में अवैध वसूली की जा रही है।

## सीएम योगी 9 जुलाई को अयोध्या दौरे पर, रामपुर हलवारा में करेंगे जनसभा व पौधारोपण अभियान का शुभारंभ



अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ 9 जुलाई 2025 को अयोध्या के ग्राम रामपुर हलवारा में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे और ÷पौधारोपण महाअभियान÷ का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सरयू नदी के तट पर विकसित किए जा रहे त्रिवेणी वन क्षेत्र में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री का आगमन रामकथा हेलीपैड पर प्रातः लगभग 9ः30 बजे होगा। इसके पश्चात वे हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन पूजन कर प्रभु श्रीरामलला के दर्शन करेंगे। दर्शन के उपरांत मुख्यमंत्री रामपुर हलवारा स्थित जनसभा स्थल पर पहुंचकर जनसमुदाय को संबोधित करेंगे। इसके बाद वे त्रिवेणी वन क्षेत्र में पौधारोपण कर इस पर्यावरणीय पहल की शुरुआत करेंगे। कार्यक्रम संपन्न होने के पश्चात मुख्यमंत्री जनपद आजमगढ़ के लिए प्रस्थान करेंगे। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर जिला प्रशासन और संबंधित विभागों में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी क्रम में विधायक सदर वेद प्रकाश गुप्ता, जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे, प्रभागीय वनाधिकारी प्रखर गुप्ता तथा मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के आगमन मार्ग, हैलीपैड, मंच व्यवस्था, सुरक्षा एवं पार्किंग समेत सभी व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मौके पर उपजिलाधिकारी सदर, वन विभाग के अधिकारीगण, एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न, ग्राम प्रधानों को मिला विकास का मंत्र



**बीकापुर -अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में बीकापुर में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का मंगलवार को सफल समापन हुआ। यह प्रशिक्षण शिविर राष्ट्रीय ग्राम स्वराज योजना के अंतर्गत आयोजित किया गया था, जिसमें ग्राम प्रधानों एवं ग्राम सचिवों को ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के विविध पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से गौशाला संरक्षण, मनरेगा के अंतर्गत संचालित विकास कार्य, पंचायतों की जवाबदेही, पारदर्शिता एवं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर गहन चर्चा की गई। प्रशिक्षकों ने ग्रामीण स्तर पर योजनाओं को बेहतर ढंग से लागू करने के लिए जरूरी दिशा-निर्देश प्रदान किए।मुख्य प्रशिक्षकों में रीता श्रीवास्तव, रमाशंकर सिंह एवं एडीओ पंचायत धनजीत ने प्रशिक्षण सत्रों का संचालन किया। ग्राम सचिव यास्मीन बानो, सोनम गुप्ता, चंद्रेश वर्मा ने विभिन्न योजनाओं की तकनीकी जानकारी साझा की।शिविर में ग्राम प्रधान विशाल सिंह, बलवंत सिंह, सरवन शर्मा, अशोक यादव, उमेश पाठक, मोहम्मद नफीस, राम जियावन, अंबिका प्रसाद, सत्यनारायण, पंकज सोनी, राजीव जैन सहित दो दर्जन से अधिक ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।शिविर में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और ग्रामीण विकास की दिशा में अपने अनुभव भी साझा किए। समापन अवसर पर सभी प्रतिनिधियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## सीएम दौरे से पहले तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे भाजपाई



अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** सीएम योगी आदित्यनाथ बुधवार को अयोध्या दौरे पर रहेंगे। उनके आगमन को लेकर विधायक वेद प्रकाश गुप्त, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव व जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे सहित अन्य अधिकारियों ने रामपुर हलवारा स्थित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंच साज-सज्जा, हेलीपैड तथा पौधरोपण के स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के बाद पार्टी कार्यालय में तैयारी बैठक की गई। जिसमें तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियों सौंपी गई। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देशित किया सभा स्थल पर पहुंचने वाले सभी मार्गों को ठीक कर दिया जाए, पार्किंग की व्यवस्था की जाए। जिससे किसी को कोई परेशानी न आने पाए। उन्होंने कहा कि वन महोत्सव के तहत वृहद पौधरोपण अभियान की शुरूवात अयोध्या से हो रही है। रामपुर हलवारा में वृहद स्तर पर पौधे लगाकर किष्किंधा वन के रूप में विकसित किया जाएगा। जिसमें औषधीय वृक्ष, फलदार, छायादार सजावटी व पर्यावरणीय पौधे शामिल है। पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक में कार्यकर्ताओं के लिए यातायात सुविधा, स्वागत कार्यक्रम, मंच व्यवस्था को लेकर की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अंतिम रूप दिया गया है। इस अवसर पर महापौर गिरिशपति त्रिपाठी ने कहा, रामनगरी की पावन भूमि से पर्यावरण संरक्षण का संदेश पूरे प्रदेश को देना गौरव की बात है। हम सभी को मिलकर इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाना है। भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा, हर कार्यकर्ता इस अभियान का हिस्सा बनेगा। पौधरोपण महज कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी आस्था का प्रतीक है। अयोध्या व पूरा मंडल के हर बूथ से कार्यकर्ताओं की जनसभा में सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा, कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। यातायात, स्वागत एवं मंच व्यवस्था सहित हर बिंदु पर तैयारी पूरी कर ली गई है। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित, ब्लाक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष शिवेन्द्र सिंह, कपिल देव वर्मा, रामप्रीत वर्मा, बालकृष्ण वैश्य, शैलेन्द्र कोरी, वरूण चौधरी, शम्भू नाथ सिंह, देवता पटेल, परमानंद मिश्र सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## उनगर निगम ने तय किया 62 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य



अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** हरियाली लाने के लिए अयोध्या नगर निगम क्षेत्र में चार वाटिकाओं का विकास किया जाएगा और 64 पार्कों में पौधरोपण किया जाएगा। वृहद पौधरोपण अभियान के दौरान 61 700 पौधे नगर क्षेत्र में रोपने का लक्षण रखा गया है।

नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने बताया कि प्रभु राम के अनुजों महात्मा भरत, लक्ष्मण एवं माता जानकी के नाम पर एक-एक उपवन विकसित होगा, जबकि अयोध्या की पुष्प वाटिका का नाम तपोवन होगा। मियावाकी तकनीक से विकसित होने वाले वनों की प्राकृतिक छटा तो शहरवासियों को लुभाएगी ही, इनमें स्थापित ओपन जिम भी युवाओं के आकर्षण का केंद्र होगा। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने उपवन के विकास की जिम्मेदारी अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार को सौंपी है। उन्होंने बताया कि कुशमाहा में विकसित होने वाली वाटिका का नाम भरत के नाम पर रखा गया है। यह वाटिका 2.62 एकड़ में होगी, जिसमें दो एकड़ का मियावाकी तकनीक से बाग विकसित किया जाएगा, जिसमें 28 हजार पौधे लगाए जाएंगे। बाकी हिस्से में ओपन जिम, हाईमास्ट लाइट, रेन वाटर हार्वेस्टिंग जैसी सुविधाओं का विकास किया जाएगा। इसके साथ ही अब्बूसराय में 1.31 एकड़ में जानकी वन विकसित किया जाएगा, जिसमें 14 हजार पौधे लगाए जाएंगे। यहां भी ओपन जिम तथा स्थानीय लोगों के टहलने के लिए पथ का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वनवीरपुर में विकसित होने वाले वन का नाम लक्ष्मण वाटिका रखा जाएगा। इस वाटिका में तीन हजार पौधे एक एकड़ भूमि पर लगाए जाएंगे तथा स्थानीय लोगों के भ्रमण के लिए पथ की भी सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि अयोध्या में एक एकड़ में विकसित पुष्प वाटिका में देश-विदेश की विभिन्न प्रजातियों के 500 शोभाकार एवं छायाकार पौधे लगाए गए हैं। इसके अलावा 10 हजार वर्ग फीट में कारपेट घास भी लगाई गई है। यहां फूड कोर्ट, सेल्फी प्वाइंट भी विकसित किया जा रहा है।

## रोडवेज बस की टक्कर से साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल

**ठूठीबारी(महराजगंज)। (अवधनामा संवाददाता)** कोतवाली क्षेत्र के ठूठीबारी-नौतनवा मार्ग पर मंगलवार सुबह एक साइकिल सवार मजदूर को रोडवेज बस ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना सुबह करीब नौ बजे की है, जब नेपाल के मुडेड़वा निवासी सलमान खान साइकिल से रोजगार के सिलसिले में ठूठीबारी आ रहा था। जैसे ही वह झरही पुल से टैक्सी स्टैंड की ओर बढ़ा, अंग्रेजी शराब की दुकान के पास रोडवेज बस ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में सलमान सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। घटना के तुरंत बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से घायल युवक को एम्बुलेंस द्वारा सीएचसी निचलौल भेजवाया गया। प्रभारी कोतवाल महेंद्र मिश्रा ने बताया कि घायल को प्राथमिक उपचार के लिए भेजा गया है। युवक की पहचान सलमान खान निवासी मुडेड़वा थाना पिपरहवा, जिला नवलपरासी नेपाल के रूप में हुई है। पुलिस ने घटना की सूचना उसके परिजनों को दे दी है। उन्होंने बताया कि फिलहाल पीड़ित के परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## नीम के पौधे वितरित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

**महराजगंज।(अवधनामा संवाददाता)** सिंदुरिया बाजार पिपरा रोड स्थित इफको केंद्र के संचालक वरुण सिंह चंचल द्वारा मंगलवार को एक सराहनीय पहल के तहत किसानों एवं जरूरतमंद लोगों के बीच नीम के पौधों का वितरण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक घर के दरवाजे के सामने नीम का पौधा लगाने से वातावरण स्वच्छ और प्रदूषणमुक्त रहता है। नीम की छांव गर्मी के मौसम में शीतलता भी प्रदान करती है और इसके औषधीय गुण अनेक रोगों से बचाव में सहायक होते हैं। वरुण सिंह चंचल ने बताया कि इफको की ओर से सभी संचालकों को पौधे उपलब्ध कराए गए हैं, जिसमें उनके केंद्र को कुल 500 नीम के पौधे आवंटित हुए थे, जिन्हें पूरी जिम्मेदारी और लगन के साथ किसानों तथा आमजन में वितरित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य लोगों में हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश देना है। पौधा वितरण कार्यक्रम में स्टेट बैंक मैनेजर दिनेश कुमार दुबे, रौनक शर्मा, गार्ड राकेश भूषण पांडेय, सविता, मनीष कुमार यादव, शुभम सैनी, विजय कुमार, रामू साहनी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण, किसान एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन और बढ़ते प्रदूषण की समस्या के समाधान के लिए ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर होने चाहिए।

# स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत सुरक्षा गार्डों की सेवाएं समाप्त करने को लेकर पूरे जिले भर किया प्रर्दशन



अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** स्वास्थ्य विभाग अयोध्या में तैनात पुरुष/महिला सुरक्षा गार्डों की सेवाएं आगामी 15 जुलाई 2025 से समाप्त किए जाने के निर्णय को लेकर सुरक्षा गार्डों में भारी आक्रोश व्याप्त है। आईटी वर्ल्ड सुल्तानपुर द्वारा जारी पत्र के अनुसार, समस्त सुरक्षा कर्मियों की सेवाएं समाप्त करने की सूचना दी गई है, जिससे लगभग 112 सुरक्षा गार्डों का भविष्य अधर में लटक गया है। गौरतलब है कि ये सभी सुरक्षा गार्ड विगत दो वर्षों से अधिक समय से जिले के प्रमुख स्वास्थ्य केंद्रों व श्रीराम चिकित्सालय में बिना किसी शिकायत के सेवाएं दे रहे हैं। अचानक सेवा समाप्ति की सूचना मिलने से इन कर्मियों ने इसे घोर अन्याय% करार देते हुए जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। सुरक्षा गार्डों का कहना है कि वे अल्प वेतन पर कार्य कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। ऐसे में नौकरी छिनना उनके और उनके परिवार के लिए संकट की घड़ी बन गया है। सभी सुरक्षा गार्डों ने जिला अधिकारी अयोध्या को पत्र भेजकर अपील की है कि यह आदेश वापस लिया जाए और न्यायपूर्ण निर्णय लिया जाए।

**8 जुलाई को ज्ञापन सौंपेंगे**

सुरक्षा गार्डों ने ऐलान किया है कि वे 8 जुलाई को प्रातः 11 बजे जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपेंगे। यदि उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया, तो वे मजबूर होकर जिला चिकित्सालय परिसर में कार्य बहिष्कार और धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। इसकी पूरी जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग व जिला प्रशासन की होगी। सुरक्षा कर्मियों ने डीएम और सांसद को भी ज्ञापन के माध्यम में अपना दुखड़ा बयान करते हुए न्याय की गुहार लगाई हैं। ज्ञापन देने वालों में अश्वनी कुमार सिंह, मनोज सिंह, संजय कुमार पांडे, अवधेश कुमार, संजय कुमार गौतम, मनीष वर्मा, अभिषेक कुमार, पवन कुमार प्रजापति, अंजनी श्रीवास्तव, पूजा बिंदु, सुमन, रूप, माया देवी, शरद कुमार, पुनीत मौर्या, सुमित्रा कुशवाहा, रीना सिंह, रोली सिंह, उमेश यादव, शिव प्रसाद, पवन कुमार, संदीप, शैलेन्द्र, रवि कुमार, रोहित कुमार आदि उपस्थित रहें।

## तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के खिलाफ जनआक्रोश : अनिल प्रजापति



**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** आम आदमी पार्टी अयोध्या जिलाध्यक्ष अनिल प्रजापति के नेतृत्व में सदर तहसील में फैले भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के खिलाफ एक ज्ञापन सदर तहसील के तहसीलदार धर्मेंद्र सिंह को सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकृष्ट किया गया, जो आम नागरिकों के अधिकारों का हनन कर रही है।जिलाध्यक्ष अनिल प्रजापति ने कहा कि तहसील कार्यालय में भूमि संबंधी कार्य, जाति/आय/निवास प्रमाण पत्र, नामांतरण, विरासत, खतौनी संशोधन आदि के कार्यों में आम जनता से खुलेआम रिश्वत माँगी जाती है। बिना पैसे दिए कोई भी काम समय से नहीं होता। कई कर्मचारी व दलाल मिलकर लोगों को परेशान करते हैं और भ्रष्ट व्यवस्था को बढ़ावा दे रहे हैं। जिलाध्यक्ष अनिल प्रजापति ने कहा कि यदि जल्द ही भ्रष्टाचार पर रोक नहीं लगाई गई और जनता की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो हमें मजबूर होकर लोकतांत्रिक तरीके से धरना, प्रदर्शन और आंदोलन करना पड़ेगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस प्रदर्शन में महासचिव सुनील मौर्य मोहित महाराज यूके द्विवेदी सुमित वर्मा मोहम्मद इसराइल घोसी गुड़िया राईन विद्यावती वर्मा स्वर्णिम वर्मा मनोज यादव शारजहा मास्टर मौजूद थे।

## सदर उपजिलाधिकारी रमेश कुमार को दी गई भावभीनी विदाई



अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** सदर तहसील सभागार में दिन सोमवर शाम को सदर उपजिलाधिकारी रमेश कुमार के स्थानांतरण पर भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया यह समारोह सदर तहसीलदार सभागार में आयोजित हुआ जिसमें तहसील के अधिकारियों व कर्मचारियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर सदर तहसीलदार पकंज कुमार शाही, नायब तहसीलदार विवेक कुमार श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार देश दीपक तिवारी, कानूनगो राजस्व निरीक्षक, लेखपाल संध के सदस्य समेत तमाम राजस्वकर्मी मौजूद रहे। सभी ने उपजिलाधिकारी रमेश कुमार के कार्यकाल को यादगार बताते हुए उनके प्रशासनिक कौशल और सरल व्यक्तित्व की जमकर सराहना की। अपने विदाई संबोधन में उपजिलाधिकारी रमेश कुमार ने सदर तहसील के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह स्थान उनके दिल के करीब रहेगा।

उन्होंने सभी अधिकारियों कर्मचारियों और सहयोगियों को घन्यवाद देते हुए कहा कि टीम भावना के साथ किया गया कार्य ही सबसे बड़ी उपलब्धि होती है समारोह के अंत में स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें विदाई दी गई पूरे कार्यक्रम के दौरान माहौल भावुक रहा, कई सहयोगियों की आंखे नम दिखीं कार्यक्रम का संचालन तहसील प्रशासन की और से सादगी लेकिन गरिमामयी ढंग से किया गया है।

## नीम के पौधे वितरित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया



अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** सिंदुरिया बाजार पिपरा रोड स्थित इफको केंद्र के संचालक वरुण सिंह चंचल द्वारा मंगलवार को एक सराहनीय पहल के तहत किसानों एवं जरूरतमंद लोगों के बीच नीम के पौधों का वितरण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक घर के दरवाजे के सामने नीम का पौधा लगाने से वातावरण स्वच्छ और प्रदूषणमुक्त रहता है। नीम की छांव गर्मी के मौसम में शीतलता भी प्रदान करती है और इसके औषधीय गुण अनेक रोगों से बचाव में सहायक होते हैं। वरुण सिंह चंचल ने बताया कि इफको की ओर से सभी संचालकों को पौधे उपलब्ध कराए गए हैं, जिसमें उनके केंद्र को कुल 500 नीम के पौधे आवंटित हुए थे, जिन्हें पूरी जिम्मेदारी और लगन के साथ किसानों तथा आमजन में वितरित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य लोगों में हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश देना है। पौधा वितरण कार्यक्रम में स्टेट बैंक मैनेजर दिनेश कुमार दुबे, रौनक शर्मा, गार्ड राकेश भूषण पांडेय, सविता, मनीष कुमार यादव, शुभम सैनी, विजय कुमार, रामू साहनी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण, किसान एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन और बढ़ते प्रदूषण की समस्या के समाधान के लिए ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर होने चाहिए।

# सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग पर पूर्णतः लगाएं रोकः जिलाधिकारी

## पंचमुखी शिव मंदिर इटहिया पहुंचकर जिलाधिकारी ने जांची व्यवस्था

अवधनामा संवाददाता



**महराजगंज।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा और पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा द्वारा श्रावण मास और कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत इटहिया महादेव शिव मंदिर का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक सुविधाओं, आने-जाने हेतु प्रस्तावित मार्ग, पार्किंग आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मंदिर से लेकर मुख्य मार्ग तक पीए सिस्टम लगवाने का निर्देश दिया, ताकि श्रद्धालुओं को सही निर्देश व सूचना तत्काल दी जा सके। साथ ही मंदिर परिसर में पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे, बैरिकेडिंग आदि को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिया। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मोबाइल टॉयलेट, जूता घर, खोया-पाया केंद्र आदि को बनाने के लिए भी एसडीएम निचलौल को निर्देशित किया।

पुलिस अधीक्षक ने मंदिर परिसर सहित मार्गों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल लगाने और भीड़ प्रबंधन के लिए आवश्यक निर्देश देते हुए सभी जरूरी इंतजाम ससमय पूर्ण करने के लिए कहा। उन्होंने श्रावण मास में सोमवार व शुक्रवार को होने वाली भारी भीड़ के दृष्टिगत अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक महोदय ने परिसर में सादी वर्दी में महिला व पुलिस कर्मियों को तैनात करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने फायर सेफ्टी के भी पर्याप्त इंतजाम करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम निचलौल नंद प्रकाश मौर्य, सीओ निचलौल अनुज सिंह, बीडीओ निचलौल शमा सिंह सहित संबंधित पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# एसओजी एवं पुलिस की संयुक्त टीम व बदमाश के बीच हुई मुठभेड़, बाल बाल बचे लोटन थाना प्रभारी

- 25,000 हजार के इनामी शातिर अपराधी के पैर में लगी गोली, पुलिस ने किया गिरफ्तार
- जनपद सिद्धार्थनगर महराजगंज व बस्ती मे मिलाकर 11 थानो मे 31 मुकदमा है दर्ज



अवधनामा संवाददाता

**लोटन सिद्धार्थनगर।** कोतवाली क्षेत्र के स्थानीय बाजार के लोटन ठेठरी रोड पर स्थित महदेईया गेट के पास पच्चीस हजार का ईनामी अपराधी सिराजुद्दीन उर्फ बब्लू पुत्र ओबैदूररहमान निवासी गोसाई गंज थाना- मोहाना सिद्धार्थनगर द्वारा तीन जिलों में बराबर अपराध करने पर पुलिस व एस ओ जी, थाना लोटन व मोहाना पुलिस ने संयुक्त रूप से मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है। घटना सोमवार रात लगभग 11बजकर 40 मिनट की है।

जानकारी के मुताबिक थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सरोज रोज की भांति गस्त पर थे कि मुखबिर द्वारा सूचना मिला कि एक बड़ा अपराधी अपराध करने के नियत से बाईक द्वारा लोटन ठेठरी रोड पर जा रहा है। सूचना मिलते ही अपने उच्च अधिकारियों व एस ओ जी व मोहाना पुलिस को सूचना देने के बाद मौके पर थानाध्यक्ष मोहाना रोहित उपाध्याय व जीवन त्रिपाठी प्रभारी स्व्ठ्व की संयुक्त टीम द्वारा सोमवार को रात्रि 11बजकर 40 मिनट पर महदेईया गेट के पास घेराबंदी कर बैठे थे कि पुलिस ने गाड़ी रोकने का प्रयास किया कि पुलिस टीम व बदमाश में मुठभेड़ हुयी, उक्त अभियुक्त सिराजुद्दीन उर्फ़ बबलू ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया, जिसमें थानाध्यक्ष लोटन बाल-बाल बच गये, पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जबाबी कार्यवाही में उक्त अभियुक्त के पैर में गोली लगी, जिसे घायलावस्था में लोटन-ठेठरी मार्ग पर महदेईया मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े जाने के बाद पता चला कि महराजगंज, बस्ती, सिद्धार्थनगर जिलों को मिलाकर कर सिराजुद्दीन के ऊपर 31 मुकदमा विभिन्न थानों में दर्ज है। मुठभेड़ के बाद अपराधी के पास से एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर, 1 अदद जिन्दा कारतूस व 1 अदद खोखा कारतूस,

एक अदद मोटर साइकिल,एक अदद मोबाइल फोन बरामद हुआ। अभियुक्त द्वारा पुलिस पर अवैध असलहे से फायर करने अन्य बरामदगी के आधार पर थाना लोटन में मुअस-86/2025 धारा 109(2) बीएनएस व 3/25, 5/27(1) आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई। थाना प्रभारी दिनेश कुमार सरोज ने बताया गया कि जनपद सिद्धार्थनगर, महराजगंज, बस्ती व नेपाल में लूट, चोरी व अन्य कई घटना को अंजाम दे चुका है, जनपद के विभिन्न थाना से वाँछित है, जिसके विरुद्ध मा. न्यायालय से 82 की कार्यवाही हो चुकी है, इसकी गिरफ्तारी पर 25000 हजार का ईनाम भी घोषित था । जो जनपद सिद्धार्थनगर का टॉप टेन अपराधी है जो गिरफ्तार हुआ है। इस दौरान उनि0 दिनेश कुमार सरोज थानाध्यक्ष लोटन उनि0 रोहित उपाध्याय थानाध्यक्ष मोहाना उनि0 जीवन त्रिपाठी एसओजी प्रभारी मय टीम उनि0 दिनेश चंद मिश्रा, मनोज राय, दिलीप कुमार, आशुतोषधर दूबे, आरक्षी वीरेंद्र तिवारी, सत्येन्द्र यादव, छविराज, एसओजी टीम हेड कांस्टेबल शैलेन्द्र यादव, शिवपाल यादव, आरक्षी आशुतोष कुमार व मुख्य आरक्षी विवेक यादव, आरक्षी अभिषेक गुप्ता व सुजय यादव मौजूद रहे।

# विद्यालय पेयरिंग रोकने के लिए प्राथमिक शिक्षक संघ ने दिया धरना

- विद्यालयों की पेयरिंग कर सरकार बेसिक शिक्षा विभाग के निजीकरण का रच रही कुचक्र : राधेरमण



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राधेरमण त्रिपाठी की अध्यक्षता में बीएसए कार्यालय पर मंगलवार को अपनी मांगों के समर्थन में शिक्षकों ने धरना दिया। राधेरमण त्रिपाठी ने कहा कि सरकार विभिन्न माध्यम से कर्मचारियों का शोषण करने का विकल्प बना रही है।

संघर्ष के बदौलत हासिल उपलब्धियों को सरकार धीरे-धीरे समाप्त कर रही है। अपने वजूद को बचाने के लिए एकजुट हो संघर्ष को तैयार रहना होगा। प्राथमिक प्रधानाध्यापकों को सर प्लस, विद्यालयों की पेयरिंग कर सरकार बेसिक शिक्षा विभाग के निजीकरण का कुचक्र रच रही है। सरकार के इस निर्णय से बच्चे, बच्चियां, अभिभावक, शिक्षक, रसोईया सभी के लिए संकट खड़ा हो गया है। अध्यापकों को स्वतंत्र रूप से उनका मुख्य कार्य शिक्षण नही करने दिया जा रहा है। जिलामंत्री योगेंद्र पांडेय ने कहा कि नित नए आदेश जारी कर समाज में शिक्षकों को बदनाम करने की साजिश रची जा रही है। इसे शिक्षा व्यवस्था को निजी हाथों में में सौंपने की तैयारी के रूप में देखा जा सकता है। कहाकि शिक्षक समस्याओं का अंबार लगा हुआ है बावजूद शासन के कान पर जूं नही रेंग रहा है। आरोप लगाया कि धनादोहन हेतु कार्यों को लटकाया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार विजय कुमार श्रीवास्तव को सौंपा।

इस दौरान अभय श्रीवास्तव, अरुण सिंह, आशुतोष उपाध्याय, सुधाकर मिश्रा, प्रदीप त्रिपाठी, दिनेश सिंह, अखिलेश चौधरी, सत्येंद्र मिश्रा, रामशंकर पांडेय, द्विजेंद्र पांडेय, शैलेंद्र मिश्रा, जावेद अहमद, सीमा श्रीवास्तव, प्रियंका चौधरी, पूजा कुमारी, शिवकांत दुबे, सुभाष जायसवाल, सुनील सिंह, दिनेश शर्मा, प्रजेश द्विवेदी, अजित सिंह, मोहिउद्दीन, सूरज, राहुल, शिवप्रसाद, कृपाशंकर, अभिजीत आदि मौजूद रहे।

# श्रावण मास व कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन सख्त डीजे वालों पर होगी नज़र



अवधनामा संवाददाता

**अंबेडकरनगर।** सावन शुरू होने वाला है और जिले में कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है। मंगलवार को तहसील सभागार, अकबरपुर में अपर जिलाधिकारी और अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) हरेंद्र कुमार ने कांवड़ समितियों और डीजे संचालकों के साथ बैठक कर कड़े दिशा-निर्देश दिए।

कांवड़ियों को साफ हिदायत दी गई कि सड़क पर कांवड़ रखकर रास्ता न रोकें और रात में शिविर या रैन बसेरों में ही ठहरें। वहीं डीजे वालों को सुप्रीम कोर्ट की ध्वनि सीमा से ऊपर बजाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। कोई भी आपत्तिजनक, भड़काऊ या अश्लील गाना बजा तो सीधी कार्रवाई होगी। प्रशासन ने यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं से आधार कार्ड या अन्य पहचान पत्र साथ रखने को कहा है, ताकि चेकिंग में कोई दिक्कत न हो। पुलिस यात्रा के दौरान लगातार सत्यापन और निगरानी करेगी।

अपर जिलाधिकारी ने सभी से सहयोग की अपील की, तो वहीं अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र कुमार ने कहा कि पुलिस-प्रशासन श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पूरी तरह तैयार है। बैठक में एसडीएम अकबरपुर, सीओ नगर समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

# शादी का झाँसा देकर युवती से दुष्कर्म करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**जलालपुर, अम्बेडकरनगर।** 4 वर्ष से शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।

मामला जैतपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का है जहां युवती की मां ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया था कि मेरी 19 वर्षीय पुत्री जो घर पर रहती थी जिसे विपक्षी करन राजभर निवासी मठिया थाना जैतपुर एक मनबढ किस्म का व्यक्ति है। मेरे घर के बगल इसकी रिश्तेदारी है जहां वह अक्सर अपनी बहन के घर आता जाता था जो लगभग 4 वर्ष से शादी का झांसा देकर मेरी पुत्री के साथ दुष्कर्म करता रहा। 1 जुलाई को विपक्षी अपनी बहन के घर आया जब उससे शादी की बात की गई तो शादी करने से इनकार कर दिया और भद्दी भद्दी गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दिया था पुलिस ने युवती की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया।

# अपनी जनता पार्टी ने किया प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

**अंबेडकरनगर।** अपनी जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार प्रदर्शन अकबरपुर मुख्यालय पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थल के पास अपनी जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा मंगलवार को जोरदार प्रदर्शन किया गया।



प्रदर्शन का नेतृत्व अपनी जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष विजय कुमार मौर्य ने किया।जिला अध्यक्ष विजय कुमार मौर्य ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी शासनादेश संख्या 68-5099/328/2025, अनुभाग-5 बेसिक शिक्षा विभाग 994409/2025, दिनांक 16/06/2025 के माध्यम से प्रदेश के 50 छात्रों से कम नामांकन वाले 27,764 प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों को अन्य विद्यालयों में पेयरिंग/मर्ज करने का आदेश दिया गया है।उन्होंने कहा कि यह निर्णय ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब, मजदूर, शोषित, वंचित, पिछड़े एवं सुविधाविहीन परिवारों के बच्चों के हितों के प्रतिकूल है। गरीब बच्चों के सुपोषण के लिए सरकार ने मिड-डे मील योजना चला रखी है, परंतु विद्यालय बंद होने से न केवल उनकी पढ़ाई बाधित होगी बल्कि वे मिड-डे मील से भी वंचित रह जाएंगे।विजय कुमार मौर्य ने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 21ं 6 से 14 वर्ष के बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार देता है, जिसे ऋञ्चश्,ष्ह्ल 2009 के तहत हर बस्ती के निकट स्कूल होना राज्य की जिम्मेदारी है। विद्यालयों का मर्जर न केवल संविधान के अनुच्छेद 21ं व नीति निर्देशक तत्वों के अनुच्छेद 46 का उल्लंघन है बल्कि 'पढ़े बेटियां, बढ़े बेटियां' जैसे अभियानों का भी उपहास करता है।उन्होंने बताया कि पेयरिंग/मर्जर के कारण बच्चों को 3 से 5 किलोमीटर दूर स्थित विद्यालयों में पढ़ाई के लिए जाना पड़ेगा, जिससे विशेषकर बालिकाओं की शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा और ड्रॉपआउट दर बढ़ने की आशंका है।

आंकड़ों का हवाला देते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में लगभग 15,082 स्कूलों में प्रति विद्यालय मात्र एक शिक्षक कार्यरत है, जिनमें 10,187 प्राथमिक विद्यालय एवं 4,895 उच्च प्राथमिक विद्यालय शामिल हैं। अपनी जनता पार्टी ने इस आदेश को तत्काल निरस्त करने की मांग की है और चेतावनी दी है कि यदि गरीब एवं वंचित वर्ग के बच्चों के हितों की अनदेखी की गई तो पार्टी का आंदोलन और उग्र होगा।

# इस्तियाक चौधरी को बनाया गया ब्लॉक अध्यक्ष, लोगों ने दी बधाई



**बढ़नी सिध्दार्थनगर।** बढ़नी ब्लॉक के दुधवनिया बुजुर्ग के रहने वाले वरिष्ठ कांग्रेसी नेता इस्तियाक चौधरी को कांग्रेस कमेटी का बढ़नी ब्लॉक का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इस्तियाक चौधरी इससे पहले कांग्रेस संगठन के यूथ कांग्रेस के तहसील महामंत्री, संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष इत्यादि पदों का निर्वहन कर चुके है। उनके मनोनयन पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष काजी सुहैल, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष पंकज चतुर्वेदी, पंकज जयसवाल, भोला पांडेय, डॉक्टर अरविंद शुक्ला, कृष्णा ब्रह्मादुर सिंग, अनीश, पूर्व सांसद मुहम्मद मुकीम, किरण शुक्ला आदि ने बधाई दिया है।

# शरारती तत्वों ने बाबा साहब की मूर्ति को किया क्षतिग्रस्त पुलिस ने करवाया मरम्मत

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** कटका थाना क्षेत्र के ग्राम सभा कोरझा से बाबा गोविंद साहब जाने वाले सम्पर्क मार्ग के सड़क के किनारे स्थापित बाबा भीमराव अंबेडकर की मूर्ति को रविवार की देर रात शरारती तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। सोमवार को ग्रामीणों को जानकारी हुई तो उन्होंने तत्काल 112 को सूचना दिया। कटका थाना प्रभारी प्रेमचंद ने मौके मूर्ति कारीगर को बुलाकर मरम्मत करवाया। शरारती तत्वों ने बाबा साहब की मूर्ति का हाथ और चेहरे को क्षतिग्रस्त किया था। ग्रामीणों ने बताया कि बाबा साहब की मूर्ति की पूजा पाठ करने के लिए आते है। कटका थाना प्रभारी प्रेमचंद ने बताया कि मूर्ति की मरम्मत कर दी गई है और शरारती तत्वों की पहचान की जा रही है। जानकारी होने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# ब्लॉक सभागार में आयोजित हुआ संचारी रोग नियंत्रण अभियान



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** सचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत आगामी 11 जुलाई से चलने वाले दस्तक अभियान की तैयारी हेतु एक दिवसीय अभी मुखीकरण आंगनबाड़ियों का ब्लॉक सभागार में आयोजित किया गया जिसमें चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर हरिकेश कुमार द्वारा सभी आंगनबाड़ियों को इस अभियान में आशाओं के साथ समन्वय स्थापित कर अभियान में जागरूकता पैदा करने हेतु कहा गया और दिमागी बुखार सहित अन्य बुखार से बचाव के लिए जनमानस में प्रचार प्रसार करने हेतु सुझाव दिए गए।

इस अभियान में समस्त आंगनबाड़ियों को कुपोषित बच्चों का चयन कर सूचीबद्ध करना है वहीं पर आशा द्वारा बुखार ,टीवी लक्षण युक्त व्यक्ति को सूचीबद्ध कर कुष्ठ रोग फाइलेरिया, दिमागी बुखार संबंधी बचाव के घर भ्रमण कर जागरूकता पैदा करना। वही बाल विकास परियोजना अधिकारी निर्भय सिंह द्वारा सभी को निर्देशित किया गया की अभियान में किसी प्रकार की लापरवाही ना करें और टीकाकरण में अपने लॉजिस्टिक के साथ समय से उपस्थित रहे। अभिमुखीकरण में मुख्य रूप से मुख्य सेविका आशा देवी विमला पांडे अवधेश कुमार, आंगनवाड़ी शहजादी, माला देवी, मंजू ,कलावती, सीमा, स्नेह लता, संगीता देवी, माया देवी, रूबी, रीता मौजूद रही।

# चनकी बाज़ार के पास सड़क हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल

**अम्बेडकरनगर।** सम्मनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत चनकी बाजार के पास मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब युवक बाइक से जा रहा था और अचानक सड़क पर एक छुट्टा सांड आ गया। सांड को बचाने के प्रयास में बाइक असंतुलित हो गई और युवक सड़क पर गिर पड़ा।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सांड एकदम से सामने आ गया जिससे टक्कर टालना मुश्किल हो गया। गंभीर रूप से घायल युवक को तत्काल स्थानीय लोगों की मदद से प्रारंभिक इलाज करवाया गया। स्थानीयों में आक्रोश घटना के बाद स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में छुट्टा जानवरों की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है, लेकिन प्रशासन इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। आए दिन ऐसी घटनाएं हो रही हैं, जिससे लोगों की जान जोखिम में पड़ रही है।

# फरोग मातम रजि0 की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन

- इं0 मोहम्मद मेंहदी बने सदर तो सिकरेट्री इक़बाल मेहदी पप्पू

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** सोमवार की शाम तहसील क्षेत्र के उपनगर हल्लौर स्थित इमाम बरगाह हुसैनिया बाबुल में हल्लौर की कदीमी अंजुमन फरोग मातम रजि0 की सालाना बैठक डॉ शम्स असग़र की अध्यक्षता में आयोजित की गयी।



जिसमें सदर इं0 मोहम्मद मेंहदी, नायब सदर तशबीब हसन, डॉ0 शम्स असग़र, सिकरेट्री- इक़बाल मेहदी पप्पू, ज्वॉइन सिकरेट्री इम्तेयाज हुसैन मास्टर, शमशाद अली, सज्जाद हुसैन मुन्ना एमबीए, मेराज हैदर कैफ़ी, असिस्टेंट सिकरेट्री असग़र मेहदी, अमानत अब्बास, शौकत अली चंकी, तबुर्रकात इंचार्ज ज़ाकिरे अहलेबैत अज़ीम हैदर, हैदरे कर्रार, समर, कदर, लाडले कर्बला, सलमान, अशरफ प्रेस, आडिटर ज़ाकिरे अहलेबैत अज़ीम हैदर, प्रोपगंडा सिकरेट्री शकील हैदर, खाजिन शबीह अहमद, गश्त इंचार्ज कसीम हैदर, फहीम हैदर, अमारी इंचार्ज मोहम्मद अब्बास सलीम, जुलजनाह इंचार्ज हाजी झम्मन, कलीम हैदर, इं0 मुस्तकीम, जानशीन हैदर किसान, मोजिज़ करबलाई, मोहम्मद असलम, मीडिया प्रभारी शम्स हैदर संजू, मनुव्वर रज़ा के आर बनाए गए है।

इस दौरान अंजुमन फरोग मातम रजि0 के नई कार्यकारिणी के सदस्य सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# बसपा कार्यकर्ता पंचायत चुनाव की तैयारी में लग जायें : दिनेशचन्द्र गौतम

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** बहुजन समाज पार्टी मजबूती से पंचायत चुनाव लड़ेंगी कार्यकर्ता पुरी ताकत से गांव-गांव जाकर संगठन को मजबूत करने में लग जायें पंचायत चुनाव सेमीफाइनल है।



उक्त बातें बसपा पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश चन्द्र गौतम ने डुमरियागंज विधानसभा के शाहपुर में आयोजित चौपाल के दौरान कहा कि भाजपा सरकार में मंहगाई चरम सीमा पर है कानून नाम की कोई चीज नहीं है हत्या बलात्कार आम बात हो गई है बेरोजगारी चर्म पर हैं शिक्षा प्रदान करने की जगह विद्यालय बन्द किया जा रहा है इन सब से छुटकारा पाने के लिए समतामूलक समाज की संस्थापना करने वाली बसपा सरकार जरूरी है।

चौपाल को सम्बोधित करते पूर्व जिला महासचिव शमीम अहमद ने कहा कि बसपा सरकार में अपराधियों को प्रदेश छोड़ कर चले गए थे बहन कु मायावती ने अपने ट्विटर अकाउंट पर कहा कि बसपा सरकार बनने पर हर घर में एक सरकारी नौकरी देने का वादा किया है।

भाजपा सरकार में दलितों पिछड़ों और खास कर मुसलमानो को शिक्षा से दूर करना चाहती है। भाजपा सरकार सर्व समाज आशा भरी निगाहों से बहन जी की तरफ़ देख रहा है आने वाला दिन में बसपा सरकार बनना तय है इस दौरान बसपा विधानसभा प्रभारी इन्द्रजीत गौतम ने कहा कि कार्यकर्ता साथी दिन रात मेहनत से काम करे पंचायत चुनाव की तैयारी में लग जायें।

इस दौरान बसपा नेता पूर्व जिला प्रभारी विजयपाल कन्नौजिया पूर्व जिला पंचायत प्रतेयाशी विनोद कुमार राव श्री राम बाबू अशोक कुमार बौद्ध मोहम्मद कैफ प्रिंस कुमार अंबेडकर शीश कुमार बौद्धाचार्य अमित कुमार गौतम राजेन्द्र प्रसाद गंगा राम जलनधर रमेश कुमार सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# पूर्व मंत्री आनंद सिंह अन्नू भैया का निधन

- जिले में शोक की लहर



अवधनामा संवाददाता

**गोण्डा।** उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक मजबूत और लोकप्रिय जनप्रतिनिधि के रूप में अपनी पहचान बना चुके पूर्व मंत्री आनंद सिंह उर्फ अन्नू भैया (महराज) का रविवार देर रात लखनऊ स्थित आवास पर निधन हो गया। उनके निधन से पूरे जिले में शोक की लहर दौड़ गई है। उन्होंने लंबे समय तक राजनीति और समाज सेवा में सक्रिय योगदान किया। आनंद सिंह (मनकापुर कोट) जो आम जनमानस में अन्नू भैया या महराज के नाम से प्रसिद्ध थे, का जन्म गोंडा जिले के प्रतिष्ठित और जागरूक राजनीतिक परिवार में हुआ था। वे प्रारंभ से ही समाज सेवा और जनहित के कार्यों में रुचि रखते थे। उनके अंदर नेतृत्व की क्षमता युवावस्था में झलकने लगी थी।

अन्नू भैया ने उत्तर प्रदेश की राजनीति में प्रवेश कर तत्कालीन दौर में समाजवाद और जनसेवा को प्राथमिकता दी। कांग्रेस के टिकट पर गोण्डा से वह कई बार सांसद चुने गए, अन्नू भैया गांधी परिवार के अति करीबी माने जाते थे। बाद में वह गौरा विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधायक बने और मुलायम सिंह सरकार में सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे। राजनीति के कुशल रणनीतिकार रहे अन्नू भैया अपने क्षेत्र की जनता के बीच बेहद लोकप्रिय रहे अन्नू भैया ने मनकापुर विधानसभा क्षेत्र का विकास कराने में अहम भूमिका निभाई। मनकापुर आईटीआई उनके कार्यकाल की देन है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़कों और किसानों के लिए कई योजनाएं शुरू हुई। वे न केवल एक राजनीतिज्ञ, बल्कि एक सज्जन, सहज और सामाजिक नेता के रूप में पहचाने जाते थे। रविवार देर रात लखनऊ स्थित उनके आवास पर उन्होंने अंतिम सांस ली। जैसे ही यह समाचार फैला, गोंडा समेत आस-पास के क्षेत्रों में शोक की लहर फैल गई। सोशल मीडिया पर शोक संदेशों की बाढ़ आ गई है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, राजनेताओं और सामाजिक संगठनों ने उनके निधन पर गहरा दुःख जताया है। उनके अंतिम दर्शन के लिए पार्थिव शरीर को सोमवार सुबह 11 बजे मनकापुर स्थित पैतृक आवास मनकापुर कोर्ट लाया गया। यहां लगभग 4 घंटे आमजन के दर्शनार्थ रखा गया। दोपहर 3 बजे एक किलोमीटर लंबी शव यात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों लोगों ने शामिल होकर अपने लोकप्रिय नेता को अंतिम विदाई दी। अंत्येष्टि स्थल पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर और सलामी दी गई। करीब 3ः30 बजे अंतिम संस्कार की प्रक्रिया शुरू हुई, जहां बेटे और केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया ने अपने पिता को शाम 4 बजे मुखाग्नि दी। इस भावुक क्षण में उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े। उन्होंने नम आंखों से पिता को अंतिम विदाई दी।

अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री दारा सिंह चौहान, अयोध्या सांसद अवधेश प्रसाद, गोंडा-बलरामपुर से विधान परिषद सदस्य अवधेश कुमार उर्फ मंजू सिंह, बलरामपुर सदर विधायक पलटू राम, मनकापुर विधायक रमापति शास्त्री, गौरा विधायक प्रभात वर्मा, तरबगंज विधायक प्रेम नारायण पांडेय, कर्नलगंज विधायक अजय कुमार सिंह, मेहनौन विधायक विनय कुमार द्विवेदी, उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा सहित जिले के सभी प्रमुख जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। जनमानस उन्हें एक विनम्र, कर्मठ और समर्पित जननेता के रूप में सदैव याद रखेगा।

# एसपी गोण्डा के निर्देश में मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत समस्याओं का किया जा रहा निस्तारण

देवी अवस्थी

**गोण्डा।** एसपी विनीत जायसवाल के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत व अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थाना क्षेत्र के अन्तर्गत थानों पर गठित एण्टीरोमियो टीम व बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांवो में भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक करने के साथ ही महिला सम्बन्धित समस्याओं के निस्तारण कराने के सम्बन्ध में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जा रहा है तथा रैली निकालकर नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन आदि अधिकारो के प्रति महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक किया जा रहा है।



अब महिलाओं/बालिकाओं को अपनी समस्या व शिकायत लेकर पुलिस चौकी व अन्य पुलिस कार्यालय बार-बार नहीं आना पडेगा अपितु शक्ति दीदी नियमित अन्तराल पर ग्राम चौपाल के माध्यम से विभिन्न गांवो में उपस्थित होकर महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक करने के साथ ही उनसे संवाद कर उनकी शिकायतों का गुण दोष के आधार पर निराकरण कराया जाएगा।

आज दिनांक 07.07.2025 को जनपद के समस्त थानों की महिला बीट अधिकारीगण (शक्ति दीदी) द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में भ्रमण कर मनचलों/शोहदों को रेड कार्ड दिया गया तथा महिलाओं और बालिकाओं से फीडबैक फार्म भरवाकर महिलाओं/बालिकाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया तथा बच्चों को सुरक्षा की दृष्टि से गुड टच-बैड टच की जानकारी दी गई।

बच्चों को पढ़ने तथा स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया गया तथा बच्चों से स्कूल जाने पर रास्ते में किसी प्रकार की समस्या होने के बारे में पूछा गया थाना फीडबैक फार्म को भरवाया गया। बच्चो को बताया गया कि किसी अनजान व्यक्ति के बुलाने या बहकावे में न आए न ही कोई खाने पीने की वस्तु ले तथा बच्चों को चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर-1098 के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया तथा महिलाओं एवम बालिकाओं/बच्चों के प्रति हो रहे अपराधो जैसे छेड़छाड़/शोषण, बाल अपराध, एसिड अटैक, सोशल मीडिया के माध्यम से उत्पीड़न इत्यादि की रोकथाम हेतु शासन द्वारा जारी किए गए सुरक्षा संबंधी हेल्पलाइन नंबरों-1090,181,102, 108,1076, 1098,1930 साइबर अपराध के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी।

## ट्रेड डील अटकी हुई है

भारत और अमेरिका के बीच टेऊड डील अटकी हुई है। कृषि और डेयरी प्राइक्ट पर खुली छूट चाहता है। भारत के लिये यह डील जरूरी भी है। क्योकि इसके बिना ट्रम्प के टैरिफका सामना करना पड़ेगा। पर इसके लिये अमेरिकी की हर शर्त मानना ठीक नहीं होगा। डील ऐसी हो जिसमें भारत का भी फायदा हो। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा टेऊडिग पार्टनर है इन देशो में से भारत एक है जिनके साथ उसका टेऊड सरप्लस है। पिछले साल भारत ने अमेरिका से सौ अरब डालर से ज्यादा का निर्यात किया था। ट्रम्प प्रंशासन की आंख में यह कांटा बन गया है। अमेरिका इस अन्तर को कम करना चाहता है। ट्रम्प ने 8 जुलाई तक रेसीप्रोकल छूट अगर इस तारीख तक डील नहीं हुआ तो माना जा रहा है भारत 10 प्रतिशत के बजाये 26 प्रतिशत टेरिफदेना पड़ेगा।

कृषि को लेकर कोई डील आसान नहीं होती है। देश की 65 प्रतिशत अबादी कृषि पर आधारित है। अमेरिका को हर सेक्टर में छूट देना इस आबादी को खतरे में डालता है। भारत को लचीला रूख अपना कर कृषि डेयरी की भी अमेरिका के लिये खोलना चाहिये। क्योंकि दोनो के यहां के किसानों में जमीन के मामले में आसमान का अन्तर है। आज भारत दुनियां के टाप 10 कृषि उत्पादक निर्यातक देशो में से एक है। इसके बावजूद यहां अब भी पूरी उत्पादन क्षमता से नहीं हो रहा है। आधी आबादी को खेती करने के बाद भी जीडीपी में इस सेक्टर का योगदान 18 प्रतिशत का है। कम जोत और मौसम पर निर्भरता उचित मूल्य न मिलना ऐसी समस्यायें अभी भी बनी हुई है।

अमेरिका में दो प्रतिशत से कम आबादी खेती में जुडी हुई पर जीडीपी में इस दो प्रतिशत आबादी का योगदान जीडीपी के रूप में 55 प्रतिशत है। रोजगार में इसका योगदान 10.4 प्रतिशत है। अमेरिका में डिपार्टमेन्ट आप एग्रीकल्चर के मुताबिक अमेरिका औसत फार्म आय एग्रीकल्चर के मुताबिक अमेरिका औसत फार्म 466 एकड़ का होता है, उसे फार्म कहा जाता है खेत नहीं। भारत में एक किसान के पास लगभग पौन एकड़ जमीन है। अमेरिका में खेती बस खेतों तक ही सीमित नहीं है। उससे जुड़े कई बड़े छोटे उद्योग है। भारत ने आस्टेऊलिया और ब्रिटेन के साथ भी डील में भी एग्रीकल्चर और डेयरी सेक्टर को पूरी तरह मुक्त रखने पर हामी नहीं भरी है। व्यापार में यही समानता अमेरिका के साथ भी होना चाहिये।

भारत कृषि प्रधान देश है। कृषि और पशुपालन भारत में पवित्र और उच्च व्यसाय माना जाता है। भारत में कब से यह कहावत कही जाती है, उत्तम खेती मध्यम बान निखिद चाकरी भीख निदान है। पर उत्तम काम में लगे रहने के बावजूद व्यापरियों और नौकरी पेशा वालों से किसानों की हालत बेहतर नहीं है बल्कि सोचनीय है।

भारत सम्पन्न अतिविकसित देशों में शामिल होने के लिये उत्सुक है। खेती में जब तक सम्पन्न नही होगा तब तक यह लक्ष्य मुशकिल लगता है। सबसे बड़ी बात है भारत के शिक्षित युवक विदेश भागते है जो देश में ही रहते है वे कृषि की जगह नौकरी को महत्व देते है। खेतों में फर्टीलाइजर के अधिक उपयोग ने उन्हें बन्जर बनाना शुरू कर दिया है इसे रोका जा रहा है। भारत को उत्तम में उत्तम बनाना होगा।

**ताजा प्रकरण इंदौर-देवास हाईवे पर 40 घंटे के जाम का है। 40 घंटे का जाम था...कोई सोच भी नहीं सकता कि आज़ादी के 75 साल बाद, 40 किलोमीटर का रास्ता तय करने में 40 घंटे लग सकते हैं। दिल्ली से न्यूयॉर्क जाने में आमतौर पर 16 से 20 घंटे लगते हैं। मतलब जितने में दिल्ली से न्यूयॉर्क की फ्लाइट का आना जाना हो जाए, उतने में इंदौर से देवास नहीं पहुंच सके। इंदौर से देवास तक का रास्ता महज़ 40 किलोमीटर है। मध्य प्रदेश के हाई कोर्ट ने फटकार लगाते हुए नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया यानी एनएचएआई को इस घटना के लिए जिम्मेदार बताया था।**

# जाम के झाम से मुक्ति के हों पुख्ता इंतजाम

27 जून को इंदौर-देवास हाईवे पर करीब पर 40 घंटे तक 8 किलोमीटर लंबा जाम लग गया, जिसमें 4000 से ज्यादा वाहन फंस गए थे। इस दौरान 3 लोगों की जान चली गई। 14 जून को केरल के कन्नूर में कोट्टियूर के पास एक तीन वर्षीय बच्चे की अस्पताल ले जा रही एम्बुलेंस के भीषण ट्रैफिक जाम में फंस जाने से मौत हो गई। 7 जून दिल्ली से आए एक 62 वर्षीय पर्यटक कमल किशोर टंडन की मसूरी में भीषण ट्रैफिक जाम में फंसने के बाद अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। 6 मई उप्र के हमीरपुर जिले के सुमेरपुर थाना क्षेत्र में एक डंपर की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और राजमार्ग पर तीन घंटे तक जाम फंसे रहने की वजह से उसे वक्त पर उचित उपचार नहीं मिला और इस वजह से उसकी मौत हो गई।


डॉ. आशीष वशिष्ठ

24 अप्रैल हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में मुख्य बाजार देहरा में समय सड़क निर्माण कार्य के कारण लगे भारी जाम ने 75 साल के बुजुर्ग की ज़िंदगी छीन ली। 24 फरवरी कोटा राजस्थान के राष्ट्रीय राजमार्ग-52 पर दरा नाल में लगने वाले भीषण जाम ने एक मासूम की जान ले ली। ये तो बानगी भर है। इस तरह की खबरें अक्सर सुनने, पढ़ने और देखने को मिलती हैं। दो चार दिन के हो हल्ले के बाद गाड़ी पुराने ढर्रे पर दौड़ने लगती है। ताजा प्रकरण इंदौर-देवास हाईवे पर 40 घंटे के जाम का है। 40 घंटे का जाम था...कोई सोच भी नहीं सकता कि आज़ादी के 75 साल बाद, 40 किलोमीटर का रास्ता तय करने में 40 घंटे लग सकते हैं। दिल्ली से न्यूयॉर्क जाने में आमतौर पर 16 से 20 घंटे लगते हैं। मतलब जितने में दिल्ली से न्यूयॉर्क की फ्लाइट का आना जाना हो जाए, उतने में इंदौर से देवास नहीं पहुंच सके। इंदौर से देवास तक का रास्ता महज़ 40 किलोमीटर है।



मध्य प्रदेश के हाई कोर्ट ने फटकार लगाते हुए नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया यानी एनएचएआई को इस घटना के लिए जिम्मेदार बताया था। निश्चित रूप से इस दुर्घटना और हजारों लोगों के घंटों जाम में फंसे रहने के मामले में जहां एनएचएआई की तरफ से माफी मांगने की जरूरत थी, वहीं उसने दुर्भाग्यपूर्ण घटना के लिये दोष लोगों पर लगाते हुए असंवेदनशील बयान दे डाला। 30 जून को अदालत में जवाब देते हुए एनएचएआई के वकील ने कहा कि लोग बिना जरूरी काम के इतनी सुबह घर से बाहर निकलते ही क्यों हैं? एनएचएआई की इस टिप्पणी ने लोगों में आक्रोश पैदा कर दिया। उनके इस बयान को सुनकर लोगों को ऐसा लग रहा है कि एनएचएआई घटना की जिम्मेदारी लेने से बच रहा है और घटना के लिए आम लोगों को ही दोषी बताने की कोशिश कर रहा है। यहां तक कि मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने भी एनएचएआई के रुख को कठोर और संवेदनहीन बताया है, जो जमीनी हकीकत को नजरअंदाज करने वाला है। विवाद बढ़ने पर एनएचएआई ने कहा कि,यह टिप्पणी अथॉरिटी के आधिकारिक विचारों को नहीं दर्शाती।

देश में जहां एक तरफ ट्रैफिक की समस्या से निजात पाने के लिए सड़कों, हाई-वेज और एक्सप्रेस-वेज को बनाने का काम जोरों-शोरों पर चल रहा है, वहीं दूसरी ओर कुछ ऐसे शहर भी हैं, जो अंदरूनी ट्रैफिक से काफी ज्यादा परेशान हैं। असल में, ट्रैफिक जाम की समस्या से बड़े ही नहीं बल्कि छोटे शहर भी जूझते हैं। लेकिन बड़े शहरों में यह एक संकट का रूप लेने लगा है। एक जानकारी के मुताबिक एक घंटे जाम में एक लीटर ईंधन बर्बाद होता है। जितनी ईंधन की खपत होगी, उतना ही ज्यादा सीओटू उत्सर्जन भी होगा, जो पर्यावरण और प्रदूषण के साथ-साथ अर्थव्यवस्था के लिए भी नुकसानदायक होता है। एक अनुमान के अनुसार, महानगरों में और हाईवे पर देश में हर साल लगने वाले ट्रैफिक जाम से हर साल तकरीबन 1.4 लाख करोड़ रुपये तक का नुकसान हो रहा है।

टॉमटॉम ट्रैफिक इंडेक्स 2024 के अनुसार, देश में कोलकाता का ट्रैफिक सबसे धीमा है। बेंगलुरु ने इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर जगह बनाई है। कमोबेश ऐसे हालात दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, पुणे, चंडीगढ़, गुरुग्राम, लखनऊ, जयपुर, कानपुर, अमृतसर, अहमदाबाद, वाराणसी और देश के अन्य महानगरों और शहरों के हैं। डाक्टरों के अनुसार, जाम में फंसने वालों को अकसर ब्लड प्रेशर बढ़ने, बर्नआउट, सांस की बीमारी, डिहाईड्रेशन, फीवर, घबराहट, सीने में दर्द आदि बीमारियों का सामना करना पड़ता है। गंभीर मरीज लंबे समय तक जाम में फंस जाए तो उसकी मौत भी हो सकती है। 2022 में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा था कि यदि अब जाम में एंबुलेंस फंसी तो इसे अपराध माना जाएगा और मरीज को नुकसान पहुंचाने के तहत कार्रवाई की जाएगी। बावजूद इसके स्थिति में कोई खास फर्क दिखाई नहीं देता।

इसमें दो राय नहीं कि सड़कों के नेटवर्क सुधार से उपभोक्ताओं के समय व धन की बचत हुई है तो उद्योग-व्यापार को भी गति मिली है। लेकिन इससे जुड़ी तमाम विसंगतियां भी सामने आई हैं। सड़कों के त्रुटिपूर्ण डिजाइन व निर्माण में चूक को लेकर भी सवाल उठते रहे हैं। वहीं अकसर बड़ी सड़कों और राजमार्ग परियोजनाओं के निर्माण के दौरान अंतहीन असुविधा भारतीय यात्रियों के लिए रोजमर्रा के अनुभव हैं। अधिकांश साइटों पर निर्माण से जुड़ी, यात्रियों के अनुकूल सर्वोत्तम परंपराओं को अपनाना और यातायात में व्यवधान को कम से कम करना सुनिश्चित नहीं किया जाता है। जानकारों के मुताबिक, जाम की समस्या को खत्म करने के लिए सबसे पहले पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बढ़ाना होगा। इसके अलावा लोगों को कार पूलिंग के लिए जागरूक करना होगा जिससे सड़क पर वाहनों की संख्या को कम किया जा सके। सड़क पर जाम का एक बड़ा कारण जगह-जगह कट का होना भी है। पैदल और छोटे वाहनों के आवागमन के लिए मुख्य सड़कों के साथ सर्विस रोड बनाए जाने से भी जाम की समस्या से निजात पाया जा सकता है। जिन स्थानों पर घनी आबादी के चलते सर्विस रोड नहीं बनाए जा सकते। वहां एलिवेटेड रोड, अंडरपास और फलाइओवर आदि का निर्माण किया जा सकता है। जाम से जूझते शहरों में सड़कों की भीड़भाड़ कम करने के लिए केंद्र सरकार सरकार ने राज्यों की राजधानियों समेत दस लाख से अधिक आबादी वाले 94 शहरों में जाम की समस्या के स्थायी समाधान के लिए रिंग रोड, बाईपास समेत अन्य उपाय करने की योजना बनाई है। यूपी में लोगों को जाम की समस्या से राहत दिलाने के लिए पुलों, रिंग रोड और बाईपास का जाल बिछाया जाएगा। इनके निर्माण पर लोक निर्माण विभाग वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 6124 करोड़ रुपए का बजट खर्च करेगा।

## चीन-पाक और बांग्लादेश गठजोड़ : दक्षिण एशिया में भारत को घेरने की नई रणनीति

आदित्य वर्मा

दक्षिण एशिया में कूटनीतिक संतुलन एक बार फिर पुनर्गठित होता दिखाई दे रहा है, जहां हाल ही में चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश की त्रिपक्षीय बैठक ने क्षेत्रीय राजनीति को एक नई दिशा दी है, और यह स्पष्ट संकेत देती है कि यह गठजोड़ भारत के लिए एक नई रणनीतिक चुनौती के रूप में उभर रहा है। यह न केवल भारत के पारंपरिक प्रभावक्षेत्र में हस्तक्षेप का प्रयास है, बल्कि चीन की ‘पड़ोसी कूटनीति’ का भी हिस्सा है, जो ‘चक्रव्यूह’ के रूप में भारत को घेरने की दीर्घकालिक रणनीति के अंतर्गत आता है। पाकिस्तान के साथ चीन की सैन्य-आर्थिक साझेदारी पहले से ही भारत के लिए एक प्रमुख सुरक्षा चिंता रही है, लेकिन अब जब बांग्लादेश जैसे पड़ोसी राष्ट्र को भी एक सक्रिय त्रिपक्षीय मंच में जोड़ा जा रहा है, तो यह भारत की ‘नेबरहुड फर्स्ट’ नीति के प्रभाव और विश्वसनीयता पर एक गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। ‘त्रिकोणीय समीकरण : चीन-पाकिस्तान-बांग्लादेश की नई धुरी और दक्षिण एशिया में भारत की चुनौती’ शीर्षक के अंतर्गत देखें तो यह समीकरण केवल एक प्रतीकात्मक बैठक नहीं बल्कि एक संगठित रणनीतिक प्रयास है, जो क्षेत्रीय सुरक्षा, आर्थिक और भू-राजनीतिक समीकरणों को पुनर्परिभाषित कर सकता है। जहां पाकिस्तान के साथ चीन का सैन्य और सीपीईसी जैसे परियोजनाओं में गहरा जुड़ाव पुराना है, वहीं बांग्लादेश का इस धुरी की ओर झुकाव नई दिल्ली के लिए एक चिंताजनक संकेत है, विशेषकर तब जब ढाका हाल के वर्षों में चीन से व्यापक व्यापारिक और रक्षा सहयोग बढ़ा रहा है। ‘बीजिंग से बांग्लादेश तक- दक्षिण एशिया में भारत को घेरने की रणनीति?’ इस संभावित खाके में बांग्लादेश की भूमिका बेहद अहम हो जाती है क्योंकि भारत-बांग्लादेश संबंध ऐतिहासिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से गहराई से जुड़े रहे हैं। यदि बांग्लादेश चीन के प्रभाव में आकर पाकिस्तान के साथ किसी प्रकार की बहुपक्षीय रणनीति अपनाता है, तो यह भारत के लिए न केवल कूटनीतिक असफलता होगी, बल्कि सुरक्षा और व्यापार के स्तर पर भी गहरे असर डालेगा। ऐसे में यह ‘चीन की पड़ोस नीतिः त्रिपक्षीय वार्ता के बहाने भारत को घेरने की साज़िश?’ प्रतीत होती है, जिसमें चीन आर्थिक सहायता, ऋण कूटनीति और रणनीतिक बुनियादी ढांचे के माध्यम से दक्षिण एशियाई देशों को आकर्षित कर रहा है। यह ‘स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स’ रणनीति का ही विस्तारित रूप है, जिसमें चीन हिंद महासागर क्षेत्र में भारत के चारों ओर सामरिक ठिकानों का निर्माण और गठबंधन कर भारत की समुद्री पहुंच को सीमित करना चाहता है। बांग्लादेश का झुकाव और पाकिस्तान का साथ क्या दक्षिण एशिया में चीन बना रहा है नया गठबंधन?– यह सवाल इसलिए भी गंभीर हो जाता है क्योंकि बांग्लादेश ने हाल के वर्षों में चीन के साथ रक्षा उपकरणों की खरीद से लेकर बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में निवेश तक कई ऐसे कदम उठाए हैं जो इसे चीन की रणनीतिक गोद में ले जाते दिखते हैं। साथ ही, बांग्लादेश ने भारत की रणनीतिक प्राथमिकताओं–जैसे तेस्ता जल समझौते, एनआरसी व सीएए विवाद–के संदर्भ में असंतोष भी व्यक्त किया है, जिससे चीन को वहां कूटनीतिक जगह बनाने का अवसर मिला है। ‘भारत के लिए चेतावनी की घंटी : चीन-पाक-बांग्लादेश की बढ़ती निकटता’ इसीलिए एक चेतावनी है कि यदि भारत पड़ोसी संबंधों में सतर्कता और समावेशिता नहीं अपनाता, तो दक्षिण एशिया में वह अकेला खड़ा रह सकता है। ‘दक्षिण एशिया की भू-राजनीति में नया मोड़- क्या भारत अलग-थलग पड़ रहा है?’ इस विषय के अंतर्गत गौर करें तो सार्क जैसी क्षेत्रीय संस्थाएं पहले ही निष्क्रिय पड़ी हैं और BIMSTEC अभी तक सार्थक सामूहिकता नहीं बन पाया है। ऐसे में यदि चीन त्रिपक्षीय मंचों के माध्यम से ‘मिनी-सार्क’ जैसा ढांचा विकसित करता है तो भारत के नेतृत्व को सीधी चुनौती मिलेगी। भारत के लिए यह अत्यंत आवश्यक हो जाता है कि वह नेबरहुड फर्स्ट नीति को केवल नीतिगत घोषणाओं तक सीमित न रखे बल्कि उसे जमीनी स्तर पर प्रभावी बनाए, जिससे बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देश भारत की विश्वसनीयता और साझेदारी पर पुनर्विचार न करें। त्रिपक्षीय वार्ता से भारत की विदेश नीति पर असर की चर्चा करें तो भारत की कूटनीतिक प्रतिक्रिया अब तक इस गठबंधन को लेकर सतर्क किंतु प्रतिक्रियाहीन रही है।

# आपातकाल में प्रतिबंध के बावजूद उभरा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

**अखिल भारतीय स्तर के उसके केन्द्रीय निर्णय, प्रांत, विभाग, जिला और तहसील के स्तरों से होते हुए गांव तक पहुच जाते हैं। आपात घोषणा हुई और जब तक आपातकाल चला, उस बीच संघ की यह संचार व्यवस्था सुचारू ढंग से चली। भूमिगत आंदोलन के ताने-बाने के लिए संघ कार्यकर्ताओं के घर महानतम वरदान सिद्ध हुए। सर संघचालक बालासाहब देवरस को 30 जून को नागपुर स्टेशन पर गिरफ्तार कर लिया गया।**

आपातकाल नाम सुनते ही शरीर में एक अलग ही झनझनाहट शुरू हो जाती है। स्वतंत्र भारत के इतिहास में सबसे चर्चित और विवादित रहे आपातकाल को 50 वर्ष बीत चुके हैं। हर वर्ष जून मास आते ही घाव पुनः गहरे हो जाते है। आपातकाल के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भूमिका भी काफी प्रभावी रही है। संघ ने आपातकाल का पुरजोर विरोध किया था। हजारों कार्यकर्ताओं को प्रताड़ना सहनी पड़ी। जेल तक की यात्रा करनी पड़ी। कार्यकर्ताओं के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।


सुशील कुमार ‘नवीन’

लेख की शुरुआत कठोपनिषद के एक प्रसिद्ध श्लोक से करता हूं,

उत्तिष्ठते जाग्रते प्राप्य वरान्निबोधत।

क्षुरस्य धारा निशिता दुरत्यया दुर्गमपथा।

अर्थ है कि उठो, जागो और ज्ञानी पुरुषों के पास जाकर ज्ञान प्राप्त करो। ज्ञान प्राप्ति का मार्ग, छुरी की धार पर चलने के समान कठिन है। आपातकाल के दौरान संघ को प्रतिबंध तक झेलना पड़ा। इसके बावजूद संघ और सशक्त होकर नए रूप में देश के सामने आया। आपातकाल के इतिहास के पन्नों को पलटकर देखें तो कुछ बातों का पुनः स्मरण कराया जाना जरूरी हो जाता है। 12 जून 1975 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक निर्णय सुनाया था। इसमें वर्ष 1971 के लोकसभा चुनाव में रायबरेली सीट से इंदिरा गांधी के सामने राज नारायण मैदान में थे। चुनाव परिणाम में इंदिरा गांधी को विजयी घोषित किया गया था। पराजित प्रत्याशी राज नारायण चुनावी प्रक्रिया से संतुष्ट नहीं थे। उन्होंने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल करते हुए चुनाव में अनुचित साधन अपनाने का आरोप लगाया। उनका आरोप था कि इंदिरा गांधी ने चुनाव जीतने के लिए सरकारी मशीनरी का अनुचित उपयोग किया है। परिणाम उनके पक्ष में रहा। सरकार के विरुद्ध राजनीतिक अस्थिरता और विरोध प्रदर्शन का माहौल बना।



25 जून 1975 को तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी के कहने पर भारतीय संविधान की अनुच्छेद 352 के अधीन आपातकाल की घोषणा कर दी। 21 मार्च 1977 तक यह लागू रहा। इस समयावधि के दौरान नागरिक अधिकारों को स्थगित कर दिया गया। सभी स्तर के चुनाव स्थगित कर दिए गए। सत्ता विरोधियों को बंदी बना लिया गया। प्रेस पर प्रतिबंधित लगाने के साथ साथ कुछ पत्रकार गिरफ्तार भी किए गए। वरिष्ठ पत्रकार रहे माणिकचंद्र वाजपेयी जी ने अपनी पुस्तक आपातकालीन संघर्ष गाथा में लिखा था कि- कांग्रेस ने 20 जून, 1975 के दिन विशाल रैली का आयोजन किया। रैली में देवकांतबरुआ ने कहा था, इंदिरा तेरी सुबह की जय, तेरी शाम की जय, तेरे काम की जय, तेरे नाम की जय और इसी जनसभा में अपने भाषण के दौरान इंदिरा गांधी ने घोषणा की कि वे प्रधानमंत्री पद से त्यागपत्र नहीं देंगी। जयप्रकाश नारायण ने आपातकाल का विरोध किया। उन्होंने इसे भारतीय इतिहास की सर्वाधिक काली अवधि कहा। माणिकचंद्र वाजपेयी लिखते हैं- जयप्रकाश नारायण जी ने रामलीला मैदान पर विशाल जनसमूह के सम्मुख 25 जून, 1975 को कहा, सब विरोधी पक्षों को देश के हित के लिए एकजुट हो जाना चाहिए अन्यथा यहां तानाशाही स्थापित होगी और जनता दुखी हो जाएगी। लोक संघर्ष समिति के सचिव नानाजी देशमुख ने वहीं पर उत्साह के साथ घोषणा कर दी, को इसके बाद इंदिराजी के त्यागपत्र की मांग लेकर गांव-गांव में सभाएं की जाएंगी और राष्ट्रपति के निवास स्थान के सामने 29 जून से प्रतिदिन सत्याग्रह होगा।

एच वी शेषाद्री की पुस्तक कृतिरूप संघ दर्शन के अनुसार सभी प्रकार की संचार व्यवस्था, यथा- समाचार-पत्र-पत्रिकाओं, मंच, डाक सेवा और निर्वाचित विधान मंडलों को ठप्प कर दिया गया। प्रश्न था कि इसी स्थिति में जन आंदोलन को कौन संगठित करे? राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का देश भर में शाखाओं का अपना जाल था और वही इस भूमिका को निभा सकता था। संचार माध्यमों को ठप्प करने का प्रभाव अन्य दलों पर तो पड़ा, पर संघ पर उसका प्रभाव नहीं पड़ा। अखिल भारतीय स्तर के उसके केन्द्रीय निर्णय, प्रांत, विभाग, जिला और तहसील के स्तरों से होते हुए गांव तक पहुच जाते हैं। आपात घोषणा हुई और जब तक आपातकाल चला, उस बीच संघ की यह संचार व्यवस्था सुचारू ढंग से चली। भूमिगत आंदोलन के ताने-बाने के लिए संघ कार्यकर्ताओं के घर महानतम वरदान सिद्ध हुए। सर संघचालक बालासाहब देवरस को 30 जून को नागपुर स्टेशन पर गिरफ्तार कर लिया गया। इससे पूर्व उन्होंने आह्वान किया था कि इस असाधारण परिस्थिति में स्वयंसेवकों का दायित्व है कि वे अपना संतुलन न खोयें। सर कार्यवाह माधवराव मुले तथा उनके द्वारा नियुक्त अधिकारी के आदेशानुसार संघ-कार्य जारी रखें तथा यथापूर्व जनसंपर्क, जनजागृति और जनशिक्षा का कार्य करते हुए अपने राष्ट्रीय कर्तव्य का पालन करने की क्षमता जनसाधारण में निर्माण करें। संघ कार्यकर्ताओं ने उनके आह्वान के अनुसार ही कार्य किया।

आपातकाल की घोषणा के कुछ दिन बाद 4 जुलाई 1975 को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर प्रतिबंध भी लगा दिया गया। लोक संघर्ष समिति द्वारा आयोजित आपातकाल विरोधी संघर्ष में एक लाख से अधिक स्वयंसेवकों ने सत्याग्रह किया। बताया जाता है कि आपातकाल के दौरान सत्याग्रह करने वाले कुल एक लाख 30 हजार सत्याग्रहियों में से एक लाख से अधिक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के थे। जो 30 हजार लोग बंदी बनाए गए, उनमें से 25 हजार से अधिक संघ के स्वयंसेवक थे। जानकारों के अनुसार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 कार्यकर्ता बंदीगृहों और कुछ बाहर आपातकाल के दौरान बलिदान हो गए। उनमे संघ के अखिल भारतीय व्यवस्था प्रमुख पांडुरंग क्षीर सागर भी शामिल थे। सत्ता पक्ष के विरुद्ध जयप्रकाश नारायण के आन्दोलन को संघ के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने जारी रखा। मोहनलाल रुस्तगी की पुस्तक आपातकालीन संघर्ष गाथा के अनुसार जयप्रकाश नारायण ने अपनी गिरफ्तारी से पूर्व लोक संघर्ष समिति का आन्दोलन चलाने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्णकालिक कार्यकर्ता नानाजी देशमुख को जिम्मेदारी सौंपी थी। जब नानाजी देशमुख गिरफ्तार हो गए तो नेतृत्व की जिम्मेदारी सुंदर सिंह भण्डारी को सौंपी गई। आपातकाल लगाने से उत्पन्न हुई परिस्थिति से देश को सचेत रखने के लिए तथा जनता का मनोबल बनाए रखने के लिए संघ के कार्यकर्ता तय किए गए। स्वयंसेवकों ने सत्ता की नीतियों के विरोध में सत्याग्रह किया। 9 अगस्त,1975 को मेरठ नगर में सत्याग्रह किया गया।

# नतीज-ए-जिहाद : जैसा इराक़ में देखा

**आईएसआईएस ने उन समुदायों को निशाना बनाया, जिन्हें वे काफ़िर या अपवित्र मानते थे। उन्होंने इसका उद्देश्य क्षेत्र को शुद्ध करना बताया था, जिसमें शिया मुसलमानों, यज़ीदी, ईसाई, और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों को निशाना बनाना शामिल था। दरअसल आई एस आई एस ने अल-क़ायदा से अलग होकर वैश्विक जिहादी आंदोलन में नेतृत्व हासिल करने की कोशिश की थी। उसने विदेशी लड़ाकों को भर्ती किया और अपनी विचारधारा को फैलाने के लिए प्रचार तंत्र का उपयोग किया।**

इराक़ के बग़दाद,नजफ़, बेबीलोन, करबला, मौसूल व सामरा जैसे कई ऐतिहासिक शहरों का भ्रमण करने का पिछले दिनों सौभाग्य प्राप्त हुआ। यही वह इराक़ था जहाँ आई एस आई एस जैसे दुर्दांत आतंकी संगठन ने लाखों शियाओं ,यज़ीदी व ईसाई समुदाय के लोगों तथा उनकी विचारधारा का समर्थन नहीं करने वाले स्थानीय उदारवादी सुन्नियों को निशाना बनाया और बेरहमी से हत्याएं कीं। हाथों में काले रंग का इस्लामी कलमा लिखा झंडा लेकर इन्हीं राक्षसों ने यज़ीदी और अन्य समुदायों की महिलाओं और बच्चों का अपहरण किया उनसे यौन दासता कराई और जबरन सैन्य भर्ती के लिए उन्हें अपना निशाना बनाया। 2014 से 2019-20 के मध्य का यह वही दौर था जबकि आई एस आई एस द्वारा अपहृत लोगों को एक लाइन से खड़ा कर गोली मारने या तलवार से उनके सिर क़लम करने जैसी भयावह वीडिओ दुनिया को भयभीत करने के लिये सार्वजनिक की जाती थी और इस्लाम को क्रूरता के पर्याय के रूप में साज़िशन पेश किया जाता था।


तनवीर जाफ़री

आई एस आई एस अर्थात इस्लामिक स्टेट ऑफ़ इराक़ एंड सीरिया का मक़सद इराक़ और सीरिया में सख़्त शरिया क़ानूनों पर आधारित एक इस्लामिक ख़लीफ़ा स्थापित करना था। इराक़ी आतंकवादी अबू बक्र अल-बग़दादी इस्लामिक स्टेट (आईएस) का संस्थापक नेता था। उसने 2014 में स्वयं को ख़लीफ़ा घोषित किया था। इसका लक्ष्य इराक़ और सीरिया में बड़े क्षेत्रों पर क़ब्ज़ा कर वहां अपनी कट्टरपंथी विचारधारा के आधार पर शासन स्थापित करना था। उस दौरान आईएसआईएस ने उन समुदायों को निशाना बनाया, जिन्हें वे काफ़िर या अपवित्र मानते थे। उन्होंने इसका उद्देश्य क्षेत्र को शुद्ध करना बताया था, जिसमें शिया मुसलमानों, यज़ीदी, ईसाई, और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों को निशाना बनाना शामिल था। दरअसल आई एस आई एस ने अल-क़ायदा से अलग होकर वैश्विक जिहादी आंदोलन में नेतृत्व हासिल करने की कोशिश की थी। उसने विदेशी लड़ाकों को भर्ती किया और अपनी विचारधारा को फैलाने के लिए प्रचार तंत्र का उपयोग किया। आई एस ने इराक़ और सीरिया में उस समय के सांप्रदायिक तनावों और तत्कालीन कमज़ोर शासन का फ़ायदा उठाया, विशेष रूप से अल्पसंख्यक सुन्नी समुदाय की उन शिकायतों व समस्याओं को भुनाया जो शिया-प्रधान सरकारों से नाख़ुश थे।



आईएस की क्रूरता से भरे उस दौर में आने वाले वीडिओज़ पूरे विश्व में इस्लाम की छवि को धूमिल कर रहे थे। और सशस्त्र आई एस बग़दाद पर लगभग पूर्ण नियंत्रण हासिल कर चुकने के बाद सामरा व मोसूल जैसे ऐतिहासिक व पवित्र शहरों पर क़ब्ज़ा जमाते हुये भारी बमबारी व हत्याएं करते हुये करबला और नजफ़ पर अपनी गिद्ध दृष्टि गड़ा चुका था। इसी बीच शिया इस्लाम के प्रमुख धार्मिक विद्वानों में से एक आयतुल्लाह अली अल-सीस्तानी, जोकि उस समय इराक के नजफ़ में ही रहते थे, ने 2014 में आई एस के विरुद्ध जिहाद शुरू करने का फ़तवा जारी कर दिया। इस फ़तवे में आयतुल्लाह सीस्तानी ने सभी इराक़ी नागरिकों, विशेष रूप से शिया समुदाय, से आई एस के विरुद्ध हथियार उठाने और देश की रक्षा करने का आह्वान किया। आयतुल्लाह ने सुन्नी समुदाय को भी इस लड़ाई में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने इसे वाजिब किफ़ायी (सामूहिक कर्तव्य) जिहाद के रूप में वर्णित किया। जिसका अर्थ था कि यह हर सक्षम व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह देश और धार्मिक स्थलों की रक्षा के लिए तब तक लड़े, जब तक कि पर्याप्त संख्या में लोग इस कर्तव्य को पूरा न करें। आयतुल्लाह सीस्तानी ने अपने फ़तवे में कहा कि आई एस के विरुद्ध लड़ना न केवल धार्मिक कर्तव्य है, बल्कि इराक़ की संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा के लिए भी यह नितांत आवश्यक है। उन्होंने जिहादी स्वयंसेवकों से इराक़ी सुरक्षा बलों में शामिल होने और आतंकवादियों के ख़िलाफ़ लड़ने का आग्रह किया।

आईएस के विरुद्ध जिहाद के इस फ़तवे के परिणामस्वरूप लाखों इराक़ी , विशेष रूप से शिया युवा स्वयंसेवक के रूप में सामने आए और पॉपुलर मोबिलाइज़ेशन फोर्सेज़ पी एम एफ़ या हशद अल-शाबी का गठन हुआ। पी एम एफ़ ने इराक़ी सेना के साथ मिलकर आई एस के विरुद्ध तिकरित, फलूजा, और मोसुल की मुक्ति कराने जैसी कई महत्वपूर्ण लड़ाइयों में हिस्सा लिया। आयतुल्लाह सीस्तानी ने पी एम एफ़ और अन्य लड़ाकों को यह निर्देश दिया कि वे युद्ध के दौरान क्रूरता या बदले की भावना से काम न करें, बल्कि इस्लामी नैतिकता और क़ानून का पालन करें। आयतुल्लाह सीस्तानी का जिहाद का आह्वान रक्षात्मक प्रकृति का था। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह जिहाद आक्रामक नहीं, बल्कि आत्मरक्षा और धार्मिक स्थलों, जैसे नजफ़ और करबला में पवित्र रौज़ों की रक्षा के लिए था। उन्होंने यह भी ज़ोर दिया कि लड़ाई में शामिल लोगों को मानवाधिकारों और युद्ध के इस्लामी नैतिक नियमों का पालन करना चाहिए। जैसे कि किसी गैर-लड़ाकों को नुक़सान न पहुंचाया जाये। इस दौरान सीस्तानी ने अपने संदेशों में बार-बार शिया-सुन्नी एकता पर बल दिया और कहा कि आई एस न केवल शिया समुदाय, बल्कि सभी इराक़ियों और मानवता व इस्लाम के लिए ख़तरा है। आई एस ने 2014-15 में इराक़ और सीरिया में अपने क़ब्ज़े वाले क्षेत्रों में यज़ीदी, ईसाई, और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की हज़ारों महिलाओं और लड़कियों को भी अग़वा किया था। ख़ासकर अगस्त 2014 में सिंजार पर हमले के दौरान लगभग 7,000 यज़ीदी महिलाओं और लड़कियों को बंधक बनाया गया था। इनमें से कई को सेक्स स्लेव के रूप में बेचा गया अनेक को सामूहिक बलात्कार का शिकार बनाया गया व क्रूर यातनाएं दी गईं। इस दौरान पी एम एफ़ द्वारा कई यज़ीदी और अन्य समुदायों की महिलाओं को आई एस की क़ैद से छुड़ाया गया। पी एम एफ़ ने मोसुल के आसपास के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, विशेष रूप से तल अफ़ार जैसे क्षेत्रों में, जहां यज़ीदी महिलाओं को क़ैद में रखा गया था। पी एम एफ़ ने तिकरित, फ़ालुजा, और रामादी जैसे शहरों में भी आई एस के विरुद्ध कई बड़े अभियान चलाए। इन अभियानों के दौरान भी बंधक बनाई गई महिलाओं को मुक्त कराया गया। हालांकि यज़ीदी समुदाय की अधिकांश महिलाएं सीरिया के रक्का जैसे क्षेत्रों में ले जाई गई थीं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए ‘अवधनामा’ जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

# उद्योग बंधुओं के साथ जानी उनकी समस्याएं

## जनपद में एक और नए औद्योगिक आस्थान बीघाखेत को जल्द किया जाएगा विकसित

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** शिक्षा और रोजगार की दृष्टि से प्रदेश के पिछड़े जिलों में सुमार ललितपुर में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी शिक्षा के साथ-साथ अब रोजगार को भी बढ़ावा दे रहे हैं, जिसके लिए वे शासन की महत्वाकांक्षी योजना पीएम विश्वकर्मा योजना एवं सीएम युवा उद्यमी योजना से युवा पीढ़ी को जोड़ रहे हैं। जिलाधिकारी स्वयं बैंकों में जाकर योजनाओं के आवेदनों की समीक्षा कर रहे हैं और त्वरित गति से आवेदनों का निस्तारण कराकर युवाओं को स्वरोजगार हेतु ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। उनका कहना है कि जिले में किसी भी उद्यमी को रोजगार करने में समस्या न होने पाए, इसके लिए सम्बंधित अधिकारी समय से उद्योग बंधु व व्यापार बंधु की बैठकें आयोजित कराते रहें। इसी के क्रम में मंगलवार को कलैक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ने जिला उद्योग बन्धु की बैठक कर पी.एम. विश्वकर्मा योजना में ग्रामीण स्तर पर एवं शहरी स्तर पर लम्बित आवेदन पत्रों पर त्वरित कार्यवाही के लिये डीपीआरओ एवं ईओ नगर पालिका को निर्देशित किया। उन्होंने नये औद्योगिक आस्थान बीघाखेत की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए यूपीएसआईसी के अवर अभियन्ता को कार्य में तीव्रता लाने के लिए निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त चिन्हित नये औद्योगिक आस्थानों के सीमांकन के लिए भी निर्देशित किया गया। लखनपुरा में स्थापित इकाईयों को विधुत आपूर्ति में आ रही समस्या के समाधान के लिए अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया गया। चंदेरा औद्योगिक आस्थान में स्वतत्रं विधुत फीडर के निर्माण के

■ डीएम ने उद्योग धंधों को बढ़ावा देने के लिए की चर्चा

लिये भूमि का चिन्हांकन के कार्य के लिए उप जिलाधिकारी सदर एवं अधिशासी अधिकारी विद्युत को निर्देशित किया गया। औद्योगिक आस्थान चन्देरा में पानी की निकासी एवं गेट निर्माण के प्राप्त आंगणन को निदेशालय प्रेषित किया जा चुका है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद स्थापित इकाईयों को पंजीकरण कारखाना अधिनियम-1948 एवं भूगर्भ जल अधिनियम में ऑनलाइन आवेदन करने के लिए निर्देशित किया गया। मिनी औद्योगिक आस्थान तालबेहट में एक हैण्डपम्प एवं एक हाईमास्क लाईट का प्रस्ताव जिलाधिकारी महोदय के 'क्रिटिकल गैप फण्ड' से स्वीकृत कर दिया गया है। बैठक के अन्त में उद्यमी ऐसोसिएशन द्वारा जिलाधिकारी महोदय को उनके जन्म दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं दी गयीं। बैठक में सीडीओ, एसडीएम सदर, डीडीओ, एक्सईएन विद्युत, डीपीआरओ, खनन अधिकारी, भूगर्भ जल विभाग, सहायक अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, ईओ नगर पालिका, प्रधानाचार्य आईटीआई, सहायक आयुक्त खाद्य, बांट-माप अधिकारी एवं अन्य अधिकारीगण, जिला समन्वय एनएसडीसी एवं कमलेश सर्राफ, मुकेश जैन एवं अन्य सम्मानित उद्यमीगण उपस्थित रहें। संचालन उपायुक्त उद्योग द्वारा किया गया।

## दिव्यांग सहायता शिविर में 27 जरूरतमंदों को मिला नया सहारा

**मथुरा।** विकलांग सहायता संस्था मथुरा के तत्वावधान में आयोजित दिव्यांग सहायता मासिक शिविर में 27 पंजीकृत दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायता प्रदान की गई। शिविर में शामिल दिव्यांगों का परीक्षण एवं उपकरण वितरण नई दिल्ली स्थित भारतीय भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास सेवा संघ की सफदरजंग शाखा के विशेषज्ञ डॉ. सनम द्वारा किया गया। कृत्रिम अंगों एवं उपकरणों का निर्माण महावीर विकलांग सहायता समिति, कोटा से आए तकनीशियन विनोद पाण्डेय और सतीश चंद्र ने किया। शिविर में जरूरतमंदों को 5 कैलिपर, 4 वैशाखियाँ, 8 कृत्रिम पैर एवं 2 छड़ियाँ वितरित की गई। साथ ही, कई पुराने कृत्रिम अंगों की मरम्मत भी की गई, जिससे दिव्यांगजन अत्यंत लाभान्वित हुए। शिविर के सफल संचालन में सुरेश चंद्र गर्ग, डॉ. अखिलेश कुलश्रेष्ठ, प्रेमशंकर अग्रवाल, सत्यवीर अग्रवाल, रामनरेश अग्रवाल, विजय गर्ग, ब्रजनंदन सिंह, कुलदीप शर्मा एवं सतीश चंद्र का विशेष योगदान रहा।

# धार्मिक आस्था और शिक्षा पर शराब का साया

अवधनामा संवाददाता




■ सिद्धन मंदिर व आईटीआई के पास शराब दुकान खोलने पर उठे सवाल

**ललितपुर।** धार्मिक नगरी ललितपुर में श्रद्धा और शिक्षा के दो पवित्र केन्द्र सिद्धन मंदिर और राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) के पास खोली गई शराब की दुकान ने जनमानस की भावनाओं को आहत कर दिया है। मंदिर के महंत रामलखन दासजी महाराज ने इस विषय पर गंभीर चिंता जताते हुए जिलाधिकारी को पत्र लिखकर दुकान को तत्काल हटवाए जाने की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त शराब दुकान मंदिर और आईटीआई से मात्र 30 से 40 मीटर की दूरी पर स्थित है। इससे न केवल श्रद्धालुओं की धार्मिक भावना को ठेस पहुंच रही है, बल्कि छात्र-छात्राओं के लिए शिक्षा का पवित्र वातावरण भी दूषित हो रहा है। शराब की दुकान के चलते आसपास मांस व अंडे की दुकानें भी खुल गई हैं, जिससे मंदिर की मर्यादा और सामाजिक शांति प्रभावित हो रही है। महंतजी ने पत्र में लिखा है कि प्रतिदिन बड़ी संख्या में महिलाएं, वृद्धजन और बच्चे मंदिर में दर्शन हेतु आते हैं। वहीं आईटीआई में युवक-युवतियां भविष्य निर्माण के लिए अध्ययन करते हैं। ऐसे पावन स्थलों के समीप शराब की बिक्री से महिलाओं की सुरक्षा, सामाजिक आचरण और नैतिकता को खतरा उत्पन्न हो रहा है।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि यह शराब दुकान उत्तर प्रदेश आबकारी नीति के स्पष्ट नियमों का उल्लंघन कर स्थापित की गई है, जिसमें विद्यालयों और धार्मिक स्थलों के पास शराब बिक्री प्रतिबंधित है। महंत रामलखन दासजी महाराज, जो कि पंचरामानंदीय दिगम्बर अखाड़ा, अयोध्या के उत्तराधिकारी महंत भी हैं, ने जिलाधिकारी से आह्वान किया है कि रामराज्य की भावना को बनाए रखते हुए इस सामाजिक विघटनकारी तत्व को तत्काल हटाया जाए।

**जनता में बढ़ रहा विरोध**

स्थानीय नागरिकों और मंदिर के श्रद्धालुओं में इस विषय को लेकर रोष व्याप्त है। लोगों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है और चेतावनी दी है कि यदि दुकान नहीं हटाई गई तो वे शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करेंगे।

**शासन-प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी निगाहें :** अब देखना यह है कि जिला प्रशासन इस जनहितपूर्ण मुद्दे पर कितना त्वरित और प्रभावी निर्णय लेता है।

# आचार्य रामदेव लाल ने की प्रासंगिक विपुल साहित्य की सर्जना



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** काव्य कला संगम संस्था की ओर से आचार्य रामदेव लाल विभोर की 89वीं जयंती मंगलवार 8 जुलाई को स्थानीय यू.पी. प्रेस क्लब में मनाई गई। इस समारोह के अध्यक्ष डॉ. हरिशंकर मिश्र ने कहा कि विभोर जी का कृतित्व का महत्वपूर्ण वैशिष्ट्य है कि उन्होंने प्रासंगिक विपुल साहित्य की सर्जना की और लक्षण ग्रंथ भी लिखे। वस्तुतः वे आचार्य कवि की कोटि में आने वाले मनीषी हैं। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व प्रेरक और मार्ग दर्शक है। इस समारोह मुख्य अतिथि डॉ. राम कठिन सिंह ने कहा अप्रतिम साहित्यिक प्रतिभा के धनी रामदेव लाल 'विभोर' एक उच्च कोटि के कवि तो थे ही, साथ ही छान्दस कविता के महत्व को समझने के लिए जो उन्होंने छन्द-विधान पर शोधपूर्ण कार्य किया, वह अद्वितीय है। इस समारोह के विशिष्ट अतिथि साहित्य भूषण मधुकर अष्ठाना ने विभोर जी के लिये एक मुक्तक पेश करते हुये कहा कि जिये तो ऐसे कि फूलों के साथ नाम रहा, हमारे दिल में बसे आप खुशबुओं की तरह रहे तो वक़्त के सीने पे दस्तखत कर के दिखाई दूर से देते हैं गुम्बदों की तरह।

# जन सुनवाई में प्राप्त हुई 98 शिकायतें

## जन सुनवाई में आने वाले शिकायतकर्ता अपना आधार कार्ड लेकर आएं : जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता



**हरदोई।** जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आम जन की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए। आज जन सुनवाई में प्राप्त शिकायतों की संख्या 98 रही। जन सुनवाई के दौरान पात्र लोगों को वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन व दिव्यांग पेंशन से आच्छादित कराया गया। 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनवाये गए। आज कुल 07 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बने। इस प्रकार अब तक जिलाधिकारी अनुनय झा की जन सुनवाई के दौरान कुल 148 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं। जिलाधिकारी ने यह भी अपील की कि जन सुनवाई में आने वाले लोग अपना आधार कार्ड लेकर आएं ताकि उनको पात्रतानुसार विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित कराया जा सके।जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि चकरोड पर कब्जे की शिकायतों को गंभीरता से लिया जाये। अंश निर्धारण व पैमाइश के प्रकरणों में अनावश्यक विलम्ब न किया जाये। तारांकित शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाये। भूमि विवाद के स्थायी समाधान के लिए थाकबंदी के प्रकरणों का त्वरित निस्तारण कराया जाये। अविवादित वरासत के प्रकरणों में देरी न की जाये। गुरुदयाल नाम के एक व्यक्ति का मौके पर ही आयुष्मान कार्ड बनाया गया। एक महिला उमा देवी के पति का मृत्यु प्रमाण पत्र दो दिन में जारी करने के निर्देश उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी बिलग्राम को दिए। रामचंद्र नाम के एक व्यक्ति का आय प्रमाण पत्र बनवाकर उन्होंने वृद्धावस्था पेंशन से आच्छादित करवाने के निर्देश दिए। उनका आयुष्मान कार्ड भी मौके पर बनवाया गया। जिलाधिकारी ने रामचंद्र का किसान सम्मान निधि का भी आवेदन करवाने के निर्देश दिए। निशा नाम की एक बच्ची ने बताया कि उसकी माँ की तबियत काफ़ी ख़राब है और इलाज के लिए पैसे नहीं हैं। जिलाधिकारी ने तत्काल मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से धनराशि दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### डीएम की अध्यक्षता में हुई जल जीवन मिशन की बैठक

**हरदोई।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि जल आपूर्ति की शिकायतों की अधिक संख्या वाले ग्रामों को चिन्हित किया जाये। अधिक शिकायतों वाले ग्राम में ऑपरेटर प्रतिदिन भ्रमण करे और शिकायतों को दूर किया जाये। सहायक अभियंता शिकायतों की लगातार समीक्षा करें। फेज 3 के कार्यों में प्रगति लायी जाये। परियोजना पूर्ण होने के बाद सड़कों का तत्काल पुनर्निर्माण कराया जाये। सभी परियोजनाओं में सुरक्षा के मानकों का पूरा ध्यान रखा जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, अधिशाषी अभियंता जल निगम एके त्रिपाठी व अन्य सर्म्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पार्षद ने ठेकेदार पर लगाया धमकाने का आरोप



**ललितपुर (अवधनामा संवाददाता)।** नगर पालिका परिषद के वार्ड संख्या 15 गांधीनगर प्रथम से निर्वाचित पार्षद मनमोहन चौबे एड. ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया है। पत्र में पार्षद ने नगर पालिका परिषद के ठेकेदार पर नगर पालिका के कार्यालय में ही जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पार्षद ने एसपी को बताया कि वह मंगलवार को अपराह्न करीब 1 बजे नगर पालिका परिषद के कार्यालय में मौजूद था, जहां मौजूद ठेकेदार ने उसे गालियां देते हुये अपमानित किया। पार्षद का आरोप है कि उक्त ठेकेदार ने धमकाते हुये कहा कि भ्रष्टाचार की शिकायत की तो जान से मरवा देंगे। पार्षद ने पुलिस अधीक्षक से जानमाल की सुरक्षा कराये जाने और उक्त ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

### एक पेड़ मां के नाम



**ललितपुर (अवधनामा संवाददाता)।** वृक्षारोपण महाअभियान के अंतर्गत आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरित भविष्य देने के उद्देश्य से सोमवार को मिथलेश कुमार जायसवाल एफएल 2 एवं श्यामसुंदर सिंह सीएल 2 में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत संपन्न हुआ। कार्यक्रम में महेश नामदेव पूर्व अध्यक्ष, राकेश सिरौठिया, कुलदीप कुमार, पुष्पेंद्र जैन, ओमप्रकाश, दिलीप तिवारी, आबिद, बहादुर सिंह, वाशु एवं संतोष, हीरा, धनीराम, मोहन, भूपेंद्र, भूरे, जयहिंदर, विजय, धर्मेंद्र, रूपेंद्र सहित अन्य स्थानीय नागरिको ने मिलकर पौधरोपण किया। इस दौरान महेश नामदेव ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का मूल आधार हैं। प्रत्येक व्यक्ति को वर्ष में कम से कम एक पौधा अपनी मां के नाम पर अवश्य लगाना चाहिए। यह कार्य न केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम है, बल्कि मातृ ऋण चुकाने की एक भावनात्मक अभिव्यक्ति भी है। कार्यक्रम के दौरान लगाए गए पौधों की चारों ओर से घेरा बनाकर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की गई ताकि वे सुरक्षित रूप से पनप सकें। इस अभियान के तहत हरियाली का संदेश देते हुए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल की।

### डीएम की अध्यक्षता में सीबीएसई बोर्ड एवं आईसीएसई बोर्ड के प्रधानाचार्यो के साथ बैठक का आयोजन



**सम्भल ( बहजोई)।** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ.राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में जनपद के सीबीएसई बोर्ड एवं आईसीएसई बोर्ड के विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के साथ एनसीईआरटी की पुस्तकों को लागू करने तथा जिन विद्यालयों पर अर्थ दंड लगाया गया था तथा विद्यालयों पर लगाए गये अर्थदण्ड को जमा ने करने एवं शुल्क का ऑडिट रिपोर्ट पर विचार विमर्श को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम जिला विद्यालय निरीक्षक श्यामा कुमार ने बताया कि जिन विद्यालयों पर अर्थदण्ड लगाया गया उनमें से 27 विद्यालयों ने अर्थदण्ड जमा कर दिया है तथा 6 विद्यालयों ने अभी अर्थदंड जमा नहीं किया है।

# मुख्य विकास अधिकारी ने किया विकास भवन का निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**हरदोई।** मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, द्वारा विकास भवन में भूतल, प्रथम तल एवं द्वितीय तल पर स्थित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण कर अभिलेखों/पत्रावलियों के व्यवस्थित रख-रखाव, नियमित साफ-सफाई एवं कर्मचारियों की कार्यालय में समय से उपस्थित सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया गया। प्रातः 10:15 बजे मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जिला विकास कार्यालय,समाज कल्याण, दिव्यांग सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय, डीआरडीए, उपायुक्त श्रम रोजगार कार्यालय, उपायुक्त एनआरएलएम कार्यालय, सहायक अभियंता लघु सिंचाई, जिला पंचायत राज अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, सहायक निबन्धक, सहकारिता, जिला कृषि अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, अधिशासी अभियंता,ग्रामीण अभियंत्रण विभाग एवं परियोजना अधिकारी, नेडा कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के समय रचना सहगल चतुर्थ श्रेणी जिला विकास कार्यालय, गुलजारी लाल, वरिष्ठ सहायक जिला समाज कल्याण अधिकारी, शैलेन्द्र कुमार ग्राम विकास अधिकारी एवं राजेश कुमार कम्प्यूटर आपरेटर कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी वि एवं रेखा देवी वरिष्ठ लिपिक, कार्यालय दिव्यांग कल्याण विभाग अनुपस्थित मिले। मुख्य विकास अधिकारी अनुपस्थित कार्मिकों का एक दिन का वेतन बाधित करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश जिला विकास अधिकारी को दिये गये। भूतल,प्रथम तल एवं द्वितीय तल एवं डीआरडीए में अवस्थित शौचालयों की समुचित साफ-सफाई न पाये जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए समुचित साफ-सफाई के निर्देश दिये गये। इसी प्रकार कार्यालयों में पूर्व से चस्पा करायी गयी नोटिसों, जो काफी पुरानी हो चुकी हैं, को हटवाते हुए नोटिस बोर्ड लगवाने के निर्देश दिये गये। प्रत्येक कार्यालय में रखी गयीं डस्टविन जो काफी गन्दी पायीं गयीं,के स्थान पर नई डस्टविन रखवाने एवं पान की पीक थूकने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर उन पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिये गये।

## हज : आंनलाईन फार्म भरने के लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई

**संभल ।** हज कमिटी ऑफ इंडिया ने हज 2026 के लिए ऑनलाईन फॉर्म भरने के लिए 07.07.2025 से 31.07.2025 तक का वक़्त दिया है। इस बार शॉर्ट टाईम हज का विकल्प दिया गया है। शॉर्ट टाईम हज तकरीबन 20 दिन का होगा मदीना शरीफ में 2 या 3 दिन की रिहाईश का इंतज़ाम होगा।20 दिन के सफ़र-ए-हज के लिए नॉर्मल टाईम के हज से ज़्यादा रकम अदा करनी होगी 20 दिन के सफ़र-ए-हज के लिए लिमिटेड सिट होगी।20 दिन के सफ़र-ए-हज के लिए अलग से कुर्राअंदाजी होगी। 20 दिन के सफ़र-ए-हज के लिए हाजी साहेबान इन सात एम्बारकेशन पॉईट में से किसी एक का इंतिखाब कर पाएंगे, अहमदाबाद, बैंगलोर, चेन्नई, कोचीन, दिल्ली, हैदराबाद, मुंबई अगर जिन हाजी साहेबान का शॉर्ट टाईम हज के लिए कुर्रा में नम्बर नही लगा तो उनका नाम नार्मल टाईम हज कुर्रा में शामिल किया जाएगा।

# स्वयं सहायता समूह को मिले राशन दुकान संचालन की जिम्मेवारी



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** ब्लाक बिरधा अंतर्गत ग्राम अण्डेला में राशन की दुकान संचालन करने के लिए आवंटन किये जाने की मांग को लेकर वीरांगना अवन्ती बाई स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने एक ज्ञापन जिलाधिकारी को भेजा है। ज्ञापन में बताया कि गांव में संचालित राशन की दुकान किन्हीं कारणों से ग्राम खितवांस में संचालित की जा रही है, जिससे सभी ग्रामीणों को राशन लेने के लिए अत्याधिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर वृद्ध, महिलाएं और गरीब वर्ग को बहुत दिक्कतें उठानी पड़ती हैं। साथ ही कई परिवारों के पास संसाधन न होने के कारण राशन को प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं। बताया कि इन्हीं कारणों के चलते राष्ट्रीय ग्रामीण अजीविका मिशन से पंजीकृत सक्रिय रूप से कार्यरत स्वयं सहायता समूह को उक्त राशन की दुकान को संचालन करने की जिम्मेवारी दी जाये, जिससे ग्रामीणों को समस्याएं न हों। पत्र देते समय धनुष कुमारी, तेजकुंवर, संगीता देवी, कविता, गीता आदि मौजूद रहे।

# ब्रज की तरक्की में बाधक लोग खेल रहे ब्रजवासी कार्ड

अवधनामा संवाददाता

■ सांसद को मिल रहा बांके बिहारी के भक्तों का साथ

■ कॉरिडोर निर्माण ब्रज के विकास में होगा मील का पत्थर साबित

**मथुरा।** मथुरा की लोकप्रिय सांसद हेमा मालिनी इस समय कॉरिडोर मामले पर कुछ लोगों की आंख का कंकड़ बन गई है, जबकि ब्रजवासियों की तरक्की के लिए कोरिडोर निर्माण मामले में चट्टान की तरह डट कर विरोधियों का सामना करना पड़ रहा है, कॉरिडोर विरोधी इस समय सांसद हेमा मालिनी को उन ब्रजवासियों का विरोधी बनाने पर तुले है जिनका अपमान वो स्वप्न में भी करने से बचती है, एक वायरल वीडियो को विरोधियों द्वारा ब्रजवासी अपमान से जोड़ कर पेश किया जा रहा है जिसमें साफ साफ सुनाई और दिखाई दे रहा है कि सांसद द्वारा उन कॉरिडोर का विरोध करने वालों को कही और बसाना पड़ेगा ये कहा गया पर विरोधी अपने मन से इसमें ब्रजवासियों को लपेटने का प्रयास कर रहे हैं। कोरिडोर निर्माण कार्य सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुरूप प्रस्तावित है जिसे लोगों की सुविधा के अनुरूप बनाया जाएगा सांसद होने के नाते उनका फर्ज भी बनता है जो लोग विरोध कर रहे हैं उनको विस्थापित करने की उचित व्यवस्था करने का जब सुप्रीम कोर्ट का आदेश आया है और वो बनेगा भी तो जरूर बनेगा ये बोलने की बात को विरोधी एक हथियार के रूप में इस्तेमाल कर ब्रजवासी अपमान से जोड़ कर प्रसारित करने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि कॉरिडोर वृंदावन के साथ साथ ब्रज चौरासी कोस के विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा ।

बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर बनने के बाद मथुरा-वृंदावन आने वाले श्रद्धालुओं को संख्या में इजाफा होगा। इससे पर्यटन हब के रूप में विकसित करने का भी रास्ता सुगम होगा। वर्तमान स्थिति के सापेक्ष दोगुनी संख्या में श्रद्धालु आएंगे। कॉरिडोर निर्माण के बाद किसी भी श्रद्धालुओं को असुविधा नहीं होगी। आसानी से आराध्य के दर्शन कर सकेगा।

स्थानीय प्रशासन और कारोबारियों का मानना है कि जैसे-जैसे सुविधाओं में विस्तार होता है। लोगों का रुझान उन स्थानों के प्रति बढ़ता है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर इसका ताजा उदाहरण है। वहां अब दोगुनी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। श्रीबांके बिहारी की धूम विदेशों में भी है। काशी नरेश से ज्यादा वृंदावन के बांके के भक्त दुनिया में हैं।

यह दावा पर्यटन विभाग के आंकड़े बताते हैं। विभाग के आंकड़ों के अनुसार, 2024 में मथुरा जिले में करीब 21.96 करोड़ श्रद्धालुओं आए हैं। इसमें सबसे अधिक 2.55 करोड़ श्रद्धालु वृंदावन में श्रीबांकेबिहारी के दर्शन के लिए पहुंचे हैं। इसमें 70 हजार विदेशी पर्यटक भी शामिल हैं। उत्तर प्रदेश में आगरा के बाद सबसे अधिक विदेशी मथुरा में आते हैं। ब्रज में आने वाले भारतीय और विदेशी श्रद्धालुओं के लिए वृंदावन के श्री बांके बिहारी सबसे प्रमुख हैं। इसके अलावा गोवर्धन, कुसुम सरोवर, राधाकुंड, गोकुल, बरसाना, नंदगांव, महावन भी शामिल हैं।

अधिकारियों के मुताबिक, मथुरा-वृंदावन में आने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा साल दर साल बढ़ता जा रहा है। हर साल आठ से 10 लाख पर्यटकों में इजाफा हो रहा है। अधिकारियों का दावा है कि कॉरिडोर निर्माण के बाद आकंड़ा दो गुना हो जाएगा।

श्रद्धालुओं के बढ़ने से निश्चित ही वृंदावन सहित आसपास लोगों को इनकम का माध्यम बढ़ेगा ऑटो रिक्शा चालक से लेकर होटल, चाय पानी की दुकानों, फूल माला, पोशाक, चंदन, कंठी माला, जैसे व्यापार पर असर पड़ेगा लोगों को घर बैठे रोजगार मिलेगा जिससे ब्रजवासियों की तरक्की का साधन कॉरिडोर बनने के बाद बदलने वाला साबित होगा।

**वृंदावन में साल दर साल बढ़ रहे श्रद्धालु**

वर्ष-श्रद्धालुओं की संख्या
2021-90 (लाख ) कोविड के चलते हुए कम
2022-1.25 (करोड़)
2023-1.75 (करोड़)
2024-2.55 (करोड़)
(नोट-विदेशी पर्यटक भी शामिल हैं)

## निगम में जनसुनवाई शिकायतों के निस्तारण पर रहा जोर

**मथुरा।** मंगलवार को शुरू किए गए संभव, संतुष्टी एवं समृद्धि के जन शिकायतों के शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण के लिए नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने विशेष आदेश दिए हैं। आज सुबह भूतेश्वर स्थित नगर निगम कार्यालय में अपर नगर आयोग सौरभ सिंह,वृंदावन जोनल कार्यालय में अपर नगर आयुक्त सी पी पाठक व जनरल गंज स्थित नगर निगम मथुरा कार्यालय में अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार द्वारा जनसुनवाई की गई। सभी अपर नगर आयुक्तों ने फरियादियों की शिकायतों को संज्ञान लेकर संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। जनसुनवाई के दौरान 21 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें जलकल विभाग से संबंधित चार निर्माण विभाग से संबंधित दो स्वास्थ्य विभाग से संबंधित तीन स्ट्रीट लाइट से संबंधित तीन अतिक्रमण से संबंधित पांच नजूल से संबंधित दो टैक्स विभाग से संबंधित दो शिकायतें प्राप्त हुई। निस्तारण के क्रम में दो सफाई से संबंधित तथा एक स्ट्रीट लाइट से संबंधित शिकायत का निस्तारण मौके पर ही टीम को भेजकर कर दिया गया।

# एण्टी लार्वा दवाओं का वार्डों में किया छिड़काव

अवधनामा संवाददाता



■ ईओ के नेतृत्व में संचारी रोग नियंत्रण पर प्रभावी कार्यवाही

**ललितपुर।** संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा के निर्देशन में वार्ड नंबर 16 आजादपुरा प्रथम व वार्ड नंबर 19 आजादपुरा द्वितीय में अभियान चलाया गया। स्वास्थ्य नायकों द्वारा संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत दोनों वार्डो में फॉगिंग एवं एंटी लार्वा का छिड़काव कर सफाई कर्मचारियों की टीम को लगाकर वार्डो में साफ-सफाई व नालों आदि की सफाई करते हुए किनारे पर लगी झाड़ियों आदि को काटते हुए साफ सफाई व्यवस्था की गई। इस दौरान प्रभारी सफाई एवं खाद्य निरीक्षक ने कहा कि वार्डो में खाली पड़े प्लाटों की नियमित रूप से साफ सफाई कराकर वार्डो में खाली पड़े प्लाट जिनमें जल भराव व कूड़ा आदि डाल दिया जाता है। ऐसे प्लाट मालिकों को सूचित करें कि वह अपने-अपने प्लाटों में कूड़ा आदि न डालने दे और न ही इनमें जल भराव की स्थिति उत्पन्न होने दे। इसके बाद भी यदि खाली पड़े प्लाटों में कूड़ा आदि पाया जाता है तो संबंधित के विरूद्ध नोटिस जारी कर जुर्माना वसूली की कार्यवाही करें। उन्होंने निर्देशित किया गया कि बारिश के समय में सड़कों पर हो रहे जल भराव की समस्या का तत्काल प्रभाव से निदान निस्तारण करें, जल भराव होने के चलते मच्छर आदि पनपते है, जिससे बीमारियों आदि का अंदेशा बना रहता है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य नायक वार्डो में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत वार्ड वासियों को जागरूक करें। घरों में खाली पड़े प्रपत्रों को ढक कर रखने हेतु जागरूक करें व कूलर आदि में जमा जल को खाली करते हुए मच्छरों आदि के लार्वा से बचाव हेतु सभी को निर्देशित करें। इस दौरान कर अधीक्षक/प्रभारी सफाई निरीक्षक राजेश जैन, सीएमओ आफिस से अमित खरे, गैरिज प्रभारी अमित कुमार रिंकू सहित स्वास्थ्य नायक अखिलेश कुमार, रामू चौहान सहित पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस जिला कार्यकारिणी को पूर्व विद्यायक ने दिलाई शपथ



अवधनामा संवाददाता

**कन्नौज।** कांग्रेस जिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण एवं संकल्प समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जिसमें पूर्व विद्यायक कैंट कानपुर द्वारा नव नियुक्त पदाधिकारियों को पद व गोपनियता की शपथ दिलाई गई। मंगलवार को कुन्ज बिहारी धर्मशाला कन्नौज में जिलाध्यक्ष मो शाकिर हुसैन एडवोकेट की अध्यक्षता में आयोजित शपथ ग्रहण एवं संकल्प समारोह में मुख्य अथिति पूर्व विधायक कैंट, कानपुर हाजी सोहेल अंसारी ने नवनियुक्त पदाधिकारियो को शपथ दिलाई। विशिष्ट अतिथि कोऑर्डिनेटर प्रद्युमन कुमार दुबे लालू और विवेक नारायण मिश्रा, कानपुर ग्रामीण जिला कोऑर्डिनेटर विजय मिश्रा ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को पार्टी हित मे कार्य करनें के लिये प्रेरित किया। इस दौरान पुर्व जिलाध्यक्ष अजय पाण्डेय, उषा दुबे, प्रमोद शाक्य, दिनेश पालीवाल, पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष सतेन्द्र पटेल, कोषाध्यक्ष रोहित त्रिवेदी, वरिष्ठ नेता ओपी तिवारी, जिला उपाध्यक्ष विनोद कुमार दूबे (पप्पू), हरी शंकर मिश्रा, नगर अध्यक्ष समधन आरिफ खान, नगर अध्यक्ष छिबरामऊ आशीष चौहान, विजय लक्ष्मी दुबे, पूर्व प्रवक्ता शमशाद खान, डॉ जहीर खॉन, पारुल त्रिपाठी, शशिकांत गुप्ता, सतेन्द्र तिवारी, फैशल खान एडवोकेट, हरमोहन यादव एडवोकेट, अम्बुज शुक्ला, वैभव शुक्ला, लियाकत अली, गुडू गांधी, अमीर खान, राजू खान, मेराज खान आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रवक्ता घनश्याम सिंह यादव ने किया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला ओटीडी वन ट्रिलियन डॉलर सेल की बैठक सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता



**उन्नाव।** विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में जिला ओटीडी (वन ट्रिलियन डॉलर) सेल की बैठक सम्बन्धित विभागाध्यक्षों के साथ सम्पन्न हुई। बैठक में जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी श्रीमती चित्रा दुबे द्वारा बताया गया कि वर्तमान में भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की अर्थव्यवस्था के 4वें स्थान पर है। इस सम्बन्ध में मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 2029 तक वन ट्रिलियन डालर के स्तर तक पहुँचाने का संकल्प लिया गया है। राज्य की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर बनाये जाने जाने हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 35 सदस्यीय ''जिला ओ0टी0डी0 सेल (जिला वन ट्रिलियन डालर सेल)'' का गठन किया गया हैं। सेल की त्रैमासिक समीक्षा जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक त्रैमास में की जायेगी। बैठक में जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा ओ0टी0डी0 सेल के सदस्यों के समक्ष ''जिला ओ0टी0डी0 सेल'' के कार्य एवं दायित्वों के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। बैठक में कृषि फसलो, दुग्ध, मत्स्य, के उत्पादन एवं उद्योगों के लिए भूमि आवंटन, औद्योगिक इकाइयो की स्थापना, अवस्थापना सम्बन्धी सुविधाओं के निर्माण, लॉजिस्टिक्स हब, विशेष निवेश जोन/ टाउनशिप/ औद्योगिक क्षेत्र/प्लेज पार्क, औद्योगिक क्षेत्रों के लिए विद्युत खपत, बैंकिंग सेवाओं, परिवहन सेवाओं इत्यादि के बारे में जिला घरेलु उत्पाद के आंकलन में आकड़ो के बारे में चर्चा की गयी। वर्ष 2023-24 में उन्नाव में प्राथमिक, द्वितीयक एवं तृतीयक क्षेत्रों का योगदान अर्थव्यवस्था मे क्रमशः 40.14, 16.07 एवं 43.79 प्रतिशत रहा। वर्ष में विनिर्माण के योगदान में 6.9 प्रतिशत की कमी पायी गयी जिसे बढ़ाने हेतु सम्बन्धित विभागो द्वारा भविष्य में किये जाने वाले प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया गया, साथ ही अर्थव्यवस्था की पीएलएफ्एस एवं एएसयूएसई सर्वे के माध्यम से असंगठित क्षेत्र के आकडे को कैपचर करने हेतु किये जा रहे प्रयासो के बार में ओ0टी0डी0 सेल के सदस्यों को अवगत कराया गया। सम्बन्धित विभागो से त्रुटि रहित संगत आकडे प्रत्येक त्रैमास में निर्धारित प्रारूप पर जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। बैठक में डीएम ने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि ओटीडी सेल के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु सम्बन्धित विभागों से विभिन्न कैटेगरी में तैयार कर ले, ओटीडी से सम्बन्धित गुणवत्तापूर्ण आंकड़े प्राप्त करने हेतु अपर सांख्यिकी अधिकारियों के मध्य बिन्दुवार कार्य आवंटन करने तथा ग्राम समाज से अधिकृत की गयी जमीनों के आंकड़े सम्बन्धित उपजिलाधिकारियों से प्राप्त कर कनेक्टविटी, जलापूर्ति, विद्युत की उपलब्धता एवं हाई लेवल को ध्यान में रखते हुए आकड़ो को औद्योगिक प्रयोग हेतु इनवेस्ट यू0पी0 को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।

## पीस कमेटी की बैठक में बलखण्डेश्वर सेवा समिति ने उठाई मांग

**उन्नाव।** जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक विकास भवन सभागार में संपन्न हुई। जिसमे बाबा बलखंडेश्वर महादेव सेवा समिति के अध्यक्ष रविशंकर मिश्रा द्वारा आगामी आषाढ़ पूर्णिमा व पवित्र सावन माह को देखते हुए श्रद्धालुओं कावरियों को होने वाली कई समस्याओं को अवगत कराकर निजात की मांग की। परियर गंगातट पर पर बैरिकेडिंग, माना बंगला से गंगा तट तक जाने वाली पुलिया के पास मिट्टी धस गई है जिसको ठीक कराना परियर-चकलवंशी मुख्य मार्ग पर नैंसी स्वीट हाउस के पास रोड पर एक फिट गहरा गड्ढे को सही कराना, बाबा बलखंडेश्वर मंदिर के आस पास साफ सफाई कर चुना का छिड़काव, प्रत्येक सावन माह के सोमवार एक एंबुलेंस मय चिकित्सक टीम के साथ में बलखंडेश्वर मंदिर में खड़ी की जाए, पुरे सावन परियर मरौंदा रोड पर सुबह 5 बजे से मंडी के पास पुलिस व्यवस्था की जाए जिससे सिंगल रोड होने के कारण जाम न लग सके, परियर मरौंदा सिंगल रोड है जिसमे मछली मंडी मांस की दुकाने रोड पर लगती है उसको रोका जाये, परियर, पावा, चकलवंशी, मुंशीगंज, मोहान, चौराहों पर ट्रैफिक के लिए पुलिस व्यवस्था की जाये।

# नवाब सिंह व नीलू यादव की एक करोण से अधिक की संपति कुर्क



अवधनामा संवाददाता

**कन्नौज।** गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्तगण पूर्व सपा नेता नवाब सिंह यादव एवं उनके छोटे भाई वीरपाल उर्फ नीलू यादव के विरुद्ध पुलिस व प्रशासन द्वारा लगातार दो दिनों से ढोल नगाडो के साथ मुनादी करते हुये उनके परिजनों की भूमि को कुर्क करनें की कार्यवाही की जा रही है। मंगलवार को दिनांक 02 जुलाई 2025 को जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री द्वारा पारित आदेश संख्या 275 के क्रम में उप जिलाधिकारी सदर नवनीता राय, सदर क्षेत्राधिकारी अभषेक प्रताप अजेय, तहसीलदार सदर, प्रभारी निरीक्षक गुरसहायगंज आलोक कुमार दुवे, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली जितेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा कानूनी कार्यवाही के तहत गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्तगण नवाब सिंह यादव एवं वीरपाल उर्फ नीलू यादव पुत्रगण स्व0 चेतराम निवासीगण ग्राम अडंगापुर थाना कोतवाली कन्नौज के द्वारा समाज विरोधी क्रियाकलाप करके अवैध रूप से अर्जित धन से अपनी मां मूला देवी व पत्नी सुशीला देवी के नाम मौजा गदनपुर बड्डु व कंधरोली बांगर में लगभग 34 बीघा जमीन क्रय की गयी थी। जिन्हें गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 की धारा 14(1) के अंतर्गत उक्त जमीन व उस पर बनी चार दिवारी 'कीमत एक करोड़ छयालीस लाख रुपये को नियमानुसार मुनादी कराते हुये बोर्ड लगवा कर कुर्क किया गया।

# नमामि गंगे योजना के तहत खोदी गई सड़कों उठाया मुद्दा



अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** विधान भवन याचिका समिति की बैठक सभापति सतपाल सैनी जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में महोबा बांदा क्षेत्र के एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ने नमामि गंगे योजना के तहत खोदी गई सड़कों का मुद्दा उठाते हुए टूटी फूटी सड़कों को आविलंभ ठीक कराए जाने की मांग की है।

विधान परिषद सदस्य ने बैठक में कहा कि महोबा जिले में नमामि गंगे योजना के तहत सड़क खोद कर बिछाई गई पाइप लाइनों के बाद सड़कों को ठीक कराए जाने के बजाय छोड़ दिया गया, जिससे गांव गांव में उखड़ी पड़ी सड़कें दुर्घटनाओं को दावत दे रही है। बरसात के मौसम में उखड़ी पड़ी सड़कों के कारण लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। आए दिन बाइक चालक उखड़ी सड़कों से गिरकर घायल हो जाते है।

समिति के समक्ष विधान परिषद सदस्य द्वारा रखे गए सुझाव में क्षेत्र में पेयजल के लिए बिछाई गई सड़क खोद कर बिछाई हुई पाइप लाइन के बाद कार्यदाई संस्था सड़कों की मरम्मत कराना भूल गई। इतना ही नही संस्था द्वारा गुणवत्तापूर्वक न तो कार्य किया गया है और न ही ग्रामीणों के घरों तक पानी पहुंच रहा है। उल्टा सड़क खोद कर और बर्बाद कर दी गई। बैठक में नमामि गंगे और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। सभापति ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए।

## एम्बुलेंस के अभाव में परिजनो ने ठेलिया पर मजदूर को पहुंचाया अस्पताल

**उन्नाव।** जनपद में स्वास्थ्य विभाग की लचर कार्यशैली का आज एक और नमूना तब देखने को मिला जब एंबुलेंस के ना पहुंचने पर परिजन घायल मज़दूर को हाथ ठेला से अस्पताल ले गये लेकिन समय से नहीं पहुंचने के कारण मजदूर की मौत हो गई। दहीचौकी क्षेत्र के शिवनगर मोहल्ला निवासी मंतोष 30 बीते दिवस सूखी लकड़ी तोड़ते समय पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिजनो ने उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाने के लिए एम्बुलेंस का घंटों इंतजार किया। एम्बुलेंस के नहीं पहुंचने पर परिजन मंतोष को हाथ ठेले पर लादकर अस्पताल ले गए। जहां समय से न पहुंचने के चलते उसकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह मंतोष पीतांबर नगर में एक नीम के पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। पत्नी पूनम ने एंबुलेंस के लिए कई बार कॉल किया। एक घंटे तक कोई एंबुलेंस नहीं आई। जिसके बाद हाथ ठेले का इंतजाम कर परिजन मंतोष को 2 किमी दूर पैदल लेकर निजी क्लीनिक पहुंचे जहां पहले डॉक्टर ने भर्ती किया लेकिन रेफर कर दिया बताया पैर में फ्रैक्चर है।

# श्री शिवमहापुराण कथा सुनने से कटेंगे पाप

■ योगी आदित्यनाथ को फ़िर से मुख्यमंत्री बनाने के लिए होगा यज्ञ

अवधनामा संवाददाता



**उन्नाव।** पवित्र सावन माह में श्री आदिगुरु वैदिक सेवा संस्थान एंव गोकुल बाबा मन्दिर समिति के सौजन्य से लोक विख्यात शैवाचार्य प्रशान्त प्रभु महाराज के पावन सानिध्य में षष्टम विशाल शिवपुराण कथा का आयोजन हेतु वार्ता बाई पास स्थित होटल मैस्कॉट इन् में आहूत हुयी।

महाराजश्री ने बताया कथा का मुख्य उद्देश्य हिन्दू हृदय सम्राट महंत आदित्य नाथ योगी को 2027 में पुनः मुख्यमंत्री पद पर आसीन कराने एवं आतंकवाद के मूल सफाये हेतु किलकार भैरव तंत्र महायज्ञ का आयोजन समस्त राष्ट्र भक्तो एवं सनातनियो द्वारा किया जा रहा है इसी निमित्त आगामी 14 जुलाई को वृहत कलश यात्रा बड़े हनुमान मंदिर से गांधी नगर तिराहे तक सायं 4 बजे भ्रमण करेगी। 15 जुलाई से 25 जुलाई तक भारत की रक्षा एंव राष्ट्र रक्षा में शहीद हुए वीर सैनिको की सदगति हेतु किलकाल भैरव यज्ञ प्रातरू 7 बजे से 12 बजे तक एवं सायं 5 बजे से श्री शिव पुराण कथा का रसपान श्री प्रशान्त प्रभु के सानिध्य में सभी शिव भक्तों को कराया जायेगा। 24 जुलाई को सम्पूर्ण मनोकामना पूर्ति हेतु 1008 पार्थिव शिवलिंगों द्वारा सामूहिक रुद्राभिषेक का शुभारम्भ दोपहर दो बजे से होगा। तत्पश्चात महाराज जी के द्वारा किलकार भैरव रक्षा कवच और कल्याणकारी कुबेर का खजाना भी भक्तो को प्रदान किया जायेगा। विशाल भंडारे का आयोजन प्रभु की इच्छा तक चलेगा। वार्ता में प्रमुख रूप से यजमान बंदना सिंह व सत्येन्द्र सिंह उर्फ बच्चा भैया, संतोष साहू व हरिप्रसाद साहू ब्रह्म चिंतन शिविर के संस्थापक, राधा निगम व निशीथ निगम, जितेन्द्र द्विवेदी, चेयरमैन प्रतिनिधि भानू मिश्रा, सत्येंद्र सिंह, विक्रम सिंह, संजय त्रिपाठी व नीलम त्रिपाठी, अनुज पांडे, राजेश त्रिपाठी एडवोकेट, व्यवस्थापक डॉ मनीष सिंह सेंगर, धीरज सिंह, चन्द्र प्रकाश बाजपेई, कमल ज्वेलर्स, महिला मंडल से निम्मी अरोड़ा, वंदना त्रिपाठी, गीता मिश्रा, उमा शुक्ला, नीलम सिंह, कार्यक्रम संयोजक रंजना मिश्रा लखनऊ एवं मीडिया प्रभारी श्याम जी गुप्ता, सहकार भारती मंडल प्रभारी सतीश गुप्ता व श्रीकांत तिवारी, राहुल कश्यप, मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कथा और यज्ञ की भूमिका बताते हुए बैठक का संचालन मनीष सिंह सेंगर के किया।

## प्लास्टिक प्रतिबंध अभियान चलाकर वितरित किये कपड़े के थैले



**गुरसहायगंज, कन्नौज, अवधनामा संवाददाता।** शासन के निर्देश पर नगर पंचायत समधन अधिशासी अधिकारी के नेतृत्व में पंचायत कर्मियों द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध अभियान चलाया गया। जिससे दुकानदारों में हड़कंप मच गया। पंचायत कर्मियों ने दुकानदारों को कपड़े के थैले वितरित कर पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। मंगलवार को शासनादेश के अनुपालन में अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में पंचायत कर्मियों द्वारा फतेहगढ रोड, मुख्य बाजार सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध के अंतर्गत चलाये जा रहे अभियान के तहत दुकानदारों एवं नागरिकों को सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग से होने वाले नुकसान से अवगत कराया और कपड़े कि थैले वितरित कर जागरूक किया। इस दौरान प्रधान लिपिक अंकित दुवे ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक मानवीय जीवन के लिए बड़ा खतरा बन कर उभर रहा है। इसलिए कपड़े के थैले का प्रयोग कर पर्यावरण संरक्षण की मुहिम में भागीदारी करें। इस दौरान दीपक श्रीवास्तव, आलोक कुमार, आनन्द कुमार, बकार खॉ सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे।

## पॉच घरों में लाखों रुपये के साथ जेवरात व नगदी चोरी



**गुरसहायगंज, कन्नौज, अवधनामा संवाददाता।** बीती देररात क्षेत्र के ग्राम भुरजानी में चोरों ने पांच मकानों में धाबा बोलकर कमरों में कुंडी लगा दी जिससे परिजन उसमें बंद हो गए। इस दौरान चोरों ने करीब चालीस लाख रुपए से अधिक कीमत के जेवरात और नगदी चोरी कर ली। सूचना मिलने पर सीओ सदर भारी पुलिस बल, डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और छानबीन शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भुरजानी में सोमवार की देररात चोरों ने पांच मकानों में धाबा बोलते हुये मकान के पीछे सीढ़ी लगाकर संजीव, सत्येंद्र, अवधेश कुमार और ब्रजकिशोर के मकान में घुस गए और कमरों में सो रहे परिजनों को कमरे की कुंडी लगाकर उन्हें अंदर से बंद कर दिया और इसके बाद दूसरे कमरों में रखी अलमारी के लाकर तोड़कर तीन सोने के हार, छः कंगन, चार चैन, तीन जोड़ी पायल, एक दर्जन अंगूठी और तीन लाख पचास हजार की नगदी एवं अवधेश कुमार के घर से नब्बे हजार रुपये व आभूषण चोरी कर लिए हैं। पुलिस ने संजीव कुमार पुत्र स्वर्गीय अशोक कुमार की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# महिलाओं ने कुएं में शक्कर की पुड़िया डालकर मानी मन्नते

अवधनामा संवाददाता

■ मोहर्रम की 12 तरीख को बीवियों के मेले का महिलाओं और बच्चों ने उठाया आनंद

**महोबा।** शहर के कीरत सागर तट और ईदगाह करियापठवा में मोहर्रम की बारह तारीख को बीबियों का मेला लगाए जाने की परम्परा आज भी कायम है। मंगलवार को इस मेले में शहर की महिलाओं ने बड़े तादाद में पहुंचकर शिरकत की। ईदगाह के पहाड़ पर बने कुए में महिलाओं ने शक्कर की पुड़िया डालकर मन्नते मानी और इसके बाद कीरत सागर तट पर दिन भर मेला का आनंद साथ ही मान्यता अनुसार महिलाओं ने दही चावल खाया। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर प्रशासन द्वारा ईदगाह और कीरत सागर पर पुलिस जवानों को लगाया गया। बीवियों का मेला सुबह दस बजे से नगर की महिलाओं का करिया पठवा की तरफ जाना शुरू हुआ और यहां पहुंच कर महिलाओं द्वारा मन्नत मांगने के खातिर करिया पठवा पहाड़ पर स्थित कुए में शक्कर से भरी पुड़ियां डाली गई। लोगों की मान्यता कि कुए में शक्कर की पुड़ियां डालने पर यदि पुड़िया डूब जाती है तो मन्नत मांगने वालों की मन्नत पूरी हो जाती है। इसलिए मन्नत पूरी होने के लिऐ महिलाओं द्वारा सारा दिन कुए में पुडिया डालने की रस्म अदा की जाती रही।

पुड़ियों के डूब जाने से महिलाओं के चेहरे खुशी नजर आई तो वहीं पुड़िया न डूबने पर महिलाएं मासूस भी रही। महिलाओं द्वारा ईदगाह स्थित हुजरे में दही चावल पर बीबियों की फातिहा दिलायी और दुआ और मन्नते मानी। फातिहा के बाद सभी ने दही चावल खाया और अन्य महिलाओं के तबर्रूख भी वितरित किया गया।



**बीवियो के मेले मे दूर दराज से लोग पहुचते है। मोहर्रम के मौके पर आसपास के जिलो से महोबा के ताजिये देखने के लिये आने वाले लोग भी बीवियों के मेले में पहुचे। कीरत सागर मेला स्थल दूर होने कारण लोग रिक्शो और आटो से मेला स्थल पहुंचे। मेले मे जुटी हजारो की भीड को लाने और ले जाने के लिये ई.रिक्शा और टेम्पो चालको की जमकर कमाई हुई। आटो ईरिक्शा चालक सुबह से शाम तक इधर से उधर अपने वाहन दौड़कर सवारियों को उनके गन्तव्य स्थानों पर पहुंचाते रहे।**

करियापठवा के बाद महिलाओं ने कीरत सागर तट पर लगे मेले की तरफ रुख किया और जमकर मेले का आनंद लिया। मेले से महिलाओं ने सबसे ज्यादा घरेलू समान की खरीदारी की तो वहीं छोटे छोटे बच्चो ने खिलौने, गुडिया, गुडडे व अन्य समान खरीदने के बाद झूलो का अन्नद लिया। बीविओ के मेले में तमाम दुकानदारो ने बाजार से दुकाने ले जाकर दुकाने लगाई जहां पर सबसे ज्यादा दुकाने खिलौनो गुब्बारो और खानपान की लगी थी। मेले में दुकानदारो की भी खारी बिक्री हुई। तमाम लोगो ने झूले और पलाकियां भी लगाई थी। जिसका महिलाओं और बच्चो ने खूब आन्नद लिया। मेले में आये तमाम लोगो ने कीरत सागर सरोवर का नजारा देखा।

## पुलिया के नीचे युवक का खून से लथपथ शव मिला

**उन्नाव।** अचलगंज थाना क्षेत्र में तुर्किया बदरका गांव स्थित रमचरामऊ पुलिया के समीप सोमवार सुबह खून से लथपथ एक युवक का शव देख ग्रामीणों ने देख पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस की तमाम मसक्कत के बाद भी शव की पहचान नही करा सकी। पुलिस ने शव को परीक्षण के लिए भेजा है। बदरका चौकी प्रभारी लक्ष्मीकांत द्विवेदी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। प्रारंभिक जांच में यह मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। मृतक की संभावित उम्र लगभग 30 वर्ष है। पुलिस ने आसपास के दुकानदारों और स्थानीय लोगों से पूंछताछ की। किसी ने भी युवक की पहचान नहीं की। पुलिस क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर रही है। शव की पहचान के लिए फोटो और विवरण सोशल मीडिया पर साझा किए गए हैं। पुलिस आसपास के थानों से गुमशुदगी की रिपोर्टो की जांच कर रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

## शिक्षा उदय परियोजना के तहत रोटरी क्लब ने जरूरतमंद बच्चों को बैग व पाठ्य सामग्री का किया वितरण



**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** रोटरी इंटरनेशनल के मंडलाध्यक्ष रो. राजेन विद्यार्थी द्वारा संचालित शिक्षा उदय परियोजना के तहत रोटरी क्लब ऑफ़ उन्नाव रॉयल द्वारा वाइब्रेंट मैथमेटिक्स इंटरनेशनल स्कूल, उन्नाव में जरूरतमंद विद्यार्थियों को बैग एवं अध्ययन सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उन्नाव नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा भानू द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष रो. आशीष शुक्ला ने मुख्य अतिथि का माला एवं मोमेंटो देकर हार्दिक स्वागत किया। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि ने कहा शिक्षा समाज की रीढ़ है और रोटरी क्लब द्वारा किया गया यह प्रयास सराहनीय है। बच्चों के चेहरों पर जो मुस्कान दिखी, वह इस सेवा कार्य की सफलता को दर्शाती है। क्लब अध्यक्ष रो. आशीष शुक्ला ने बताया कि रोटरी क्लब समय-समय पर ऐसे सेवा कार्यों का आयोजन करता रहेगा, जिससे समाज के अंतिम पंक्ति के बच्चों को लाभ मिल सके। कार्यक्रम के संयोजक एवं विद्यालय प्रबंधक सुधीर तिवारी ने सभी अतिथियों व रोटेरियन सदस्यों का स्वागत पटका एवं मोमेंटो देकर किया और इस मानवीय पहल के लिए क्लब का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन क्लब सचिव रो. डी. डी. शुक्ला द्वारा किया गया। कार्यक्रम में क्लब ट्रेनर रो जी यस भदौरिया, प्रेसिडेंट इलेक्ट रो राकेश सिंह एड.,रो के जी अग्रवाल, रो. जितेन्द्र दीक्षित, रो सुनील सिंह,रो आशीष निगम, रो तुषार यादव, रो मनीष सिंह आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सफलता ने यह सिद्ध कर दिया कि यदि इरादे नेक हों, तो छोटे-छोटे प्रयास भी समाज में बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं।

## चोरों ने समधन में लाखों रुपयों के जेवरात व नगदी चोरी किये

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के कस्बा समधन के मोहल्ला सैयदबाडा निवासी अवधेश शर्मा पुत्र नाथूराम शर्मा द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि रात्रि 01:30 बजे अज्ञात चोर पिछबाडे बाली गली से किसी तरीके से चढकर दूसरी मंजिल पर पर स्थित कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर करीब 40 ग्राम सोने के जेवरात और नव्वे हजार की नगदी चोरी कर ली। घटना के अंतिम समय में आहट पाकर उसकी की बहू रोशनी शर्मा जाग गई और चोरी का विरोध किया तो चोरों ने उसकी बहू के साथ मारपीट कर धमकी दी और नगदी व जेवरात लेकर घर के बाहर चले गये। घटना के बाद गृह स्वामी ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी जो बीस मिनट बाद पहुंची और स्थलीय निरीक्षण कर चले गये। जिसके बाद मामले की सूचना के बाद समधन चौकी प्रभारी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है।

# जनपद में 73.06 लाख पौधरोपण की तैयारी की विभागवार की समीक्षा

अवधनामा संवाददाता



■ नोडल अधिकारी ने कलेक्ट्रेट में डीएम के साथ विभिन्न विभागों के अधिकारियों की ली बैठक

**महोबा।** इस साल जिले में वृक्षारोपण महाअभियान के लिए शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी शाहिद मंजर अब्बास रिजवी ;आईएएस) सचिव वित्त ने जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की उपस्थिति में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में वन विभाग सहित सभी 26 अन्य वृक्षारोपण कार्यदायी विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में नोडल अधिकारी, ने बताया कि 09 जुलाई 2025 को प्रदेश में लगाये जाने वाले 37 करोड़ पौधों के लिए वृक्षारोपण महाअभियान के तहत जिले में वन विभाग एंव अन्य विभागों द्वारा 73 लाख 06 हजार 18 पौधों के रोपण की तैयारी की विभागवार समीक्षा की गई।

नोडल अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2025 में वन विभाग द्वारा अपने कुल 147 स्थलों, पैचों में गड्ढा खुदान एवं बोना नालियों पर बीज बुआन के द्वारा रोपण किया जा रहा है। वन विभाग द्वारा सुरक्षा के लिए वन ब्लाक के किनारे सुरक्षा खाई का खुदान किया गया है तथा उस पर जंगली कॉटेदार प्रजाति के बीज बोये जा रहे है। बैठक में नोडल अधिकारी नें प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करें तथा वृक्षों को सुरक्षित रखने का संकल्प भी दिलाया जाए।,

प्रभागीय वनाधिकारी डा0 नरेन्द्र सिंह ने बताया कि वन क्षेत्र में प्रत्येक गड्ढों में गोबर की खाद एवं वर्मी कम्पोस्ट का मिश्रण कर डाला गया। वन विभाग के साथ ही ग्राम्य विकास विभाग द्वारा जिलाधिकारी गजल भारद्वाज के निर्देश पर जनपद के बड़ी ग्राम पंचायतों के 22 स्थलों पर 2000 से लेकर 5000 हजार तक पौधे एक साथ लगाये जा रहे है व उन पौधों की सुरक्षा के लिए तारवाड़ी एवं जाली लगाई गयी। जिलाधिकारी के द्वारा इन 22 स्थलों के लिए एक.एक रोपण प्रभारी तथा एक.एक नोडल अधिकारी की ड्यूटी लगायी गयी है।

समीक्षा के दौरान प्रभागीय वनाधिकारी, ने बताया गया कि वन विभाग द्वारा वृहद वृक्षारोपण के साथ.साथ जनपद में विशिष्ट वनों की स्थापना की जा रही है, जिसके अन्तर्गत बिलबई वन क्षेत्र में अटल वन, मझोल वन क्षेत्र चरखारी में एकता वन, भण्डरा वन क्षेत्र में सौर्य वन, कान्हा गौशाला, अजनर में गोपाल वन सहित कुल 16 विषिश्ट वनों की स्थापना जनपद महोबा में की जा रही है।

मुख्य विकास अधिकारी, द्वारा नोडल अधिकारी को अवगत कराया गया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद में कुल 06 विलुप्त प्रायः नदियों चन्द्रावल, विरमा, गौची, अर्जुन, सिहू, क्योलारी को पुर्नजीवित किये जाने के प्रयास एवं कराये गये कार्यो की नोडल अधिकारी ने सराहना की। वृक्षारोपण महाअभियान में व्यापार मण्डल द्वारा जनपद में 5000 पौधे लगवाये जा रहे है। 2000 पौधों में व्यापार मण्डल द्वारा ट्रीगार्ड एवं शेष 3000 पौधें बाउण्ड्री के अन्दर लगवाये जा रहे है। ग्रामोदय संस्थान द्वारा जनपद में कुल 7000 महिला किसानों के माध्यम से पौध लगवायी जा रही है। बैठक में जिलाधिकारी महोदया ने प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि किसानों को फलदार वृक्ष दिए जाएं, जिससे किसानों की आय में वृद्धि हो सके तथा वृक्षारोपण महाअभियान में बच्चेए युवाए बुजुर्ग एवं किसान बंधुओं को प्रतिभाग कराये एवं ज्यादा से ज्यादा लोगों को वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित करें।

## 23 साल के कोबोली ने सिलिच को हराया

**लंदन।** पहली बार विंबलडन टेनिस के मुख्य ड्रॉ में खेल रहे इटली के 23 साल के फ्लेवियो कोबोली ने मारिन सिलिच को 6-4 6-4 6-7(4) 7-6(3) से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। वहीं, 24 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता नोवाक जोकोविच ने पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए 11वें वरीय एलेक्स डि मिनोर को चार सेट में हराकर पुरुष एकल के चौथे दौर में जगह बनाई। इटली के कोबोली ने अपनी शॉटों की विविधता से प्रभावित किया। आठ साल पहले विंबलडन के फाइनल में पहुंचे सिलिच ने पहले दो सेट गंवाने के बाद तीसरे में वापसी की। पिछले वर्ष कोबोली शीर्ष 100 से 30वीं रैंकिंग पर आ गए। इससे पहले वह कभी किसी ग्रैंडस्लैम के तीसरे दौर से आगे नहीं बढ़े। इटली के दुनिया के नंबर यानिक सिनर और लोरेंजो सोनेगो भी अंतिम-16 में पहुंच चुके हैं। अगर सिनर और सोनेगो भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच जाते हैं तो ऐसा पहली बार होगा कि जब इटली के तीन खिलाड़ी अंतिम आठ में पहुंचेंगे।

# क्वार्टर फाइनल में पहुंचे सिनर



**लंदन।** सिनर पहले सेट के दौरान कोर्ट पर फिसल गए थे जिससे उनकी कोहनी चोटिल हो गई थी लेकिन उन्होंने बाद में कहा कि चोट गंभीर नहीं है और चिंता की कोई बात नहीं है।

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर दाहिनी कोहनी में चोट और पहले दो सेट हारने के बावजूद अपने प्रतिद्वंद्वी ग्रिगोर दिमित्रोव के पेक्टोरल मांसपेशी में चोट लगने के कारण बाहर हो जाने से विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रहे। सिनर ने इससे पहले टूर्नामेंट में कोई भी सेट नहीं गंवाया था, लेकिन विश्व में 19वें नंबर के खिलाड़ी दिमित्रोव ने उनके खिलाफ पहले दो सेट 6-3, 7-5 से जीत कर अपनी स्थिति मजबूत कर ली थी। लेकिन तीसरे सेट में जब स्कोर 2-2 से बराबरी पर था तब दिमित्रोव ने खेलना बंद कर दिया।

यह लगातार पांचवां ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट है जिसमें 34 वर्षीय दिमित्रोव मैच पूरा करने में विफल रहे। वह जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन और मई में फ्रेंच ओपन के अलावा पिछले साल विंबलडन और अमेरिकी ओपन में भी मैच के बीच में हट गए थे। सिनर पहले सेट के दौरान कोर्ट पर फिसल गए थे जिससे उनकी कोहनी चोटिल हो गई थी लेकिन उन्होंने बाद में कहा कि चोट गंभीर नहीं है और चिंता की कोई बात नहीं है।

तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिनर सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए अमेरिका के बेन शेल्टन से भिड़ेंगे। इस बीच महिला एकल में रूस की 18 वर्षीय खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा ने एम्मा नवारो को 6-2, 6-3 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। वह पिछले 18 वर्षों में विंबलडन के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गई है।

एंड्रीवा का अगला मुकाबला बेलिंडा बेनसिक से होगा, जो ऑल इंग्लैंड क्लब में पदार्पण करने के 11 साल बाद पहली बार विंबलडन क्वार्टरफाइनल में पहुंची हैं। बेनसिक ने 18वीं वरीयता प्राप्त एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा को 7-6 (4), 6-4 से हराया। इसके अलावा लियुडमिला सैमसोनोवा नंबर दो कोर्ट पर जेसिका बौजास मानेरो को 7-5, 7-5 से हराकर अपने पहले ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में पहुंची।

# प्री-स्टेट शूटिंग चैंपियनशिपः बरेली के निशानेबाजों ने झटके सात पदक, 16 शूटरों ने किया क्वालीफाई

**बरेली।** मथुरा में आयोजित 27वीं प्री-स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में बरेली के निशानेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। कई पदक जीतने के साथ 16 निशानेबाजों ने स्टेट चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया है।

एक से चार जुलाई तक मथुरा में आयोजित 27वीं प्री-स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में बरेली के निशानेबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सात पदक अपने नाम किए हैं। शहर के बीसलपुर रोड स्थित एक प्रशिक्षण केंद्र के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में एक चैंपियन ऑफ चैंपियंस टाइटल, तीन स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य पदक जीते। साथ ही, 16 शूटरों ने स्टेट चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई भी किया।



प्रतियोगिता के महिला वर्ग में वृंदा महाजन ने 394/400 के स्कोर के साथ दो स्वर्ण पदक जीते और चैंपियन ऑफ चैंपियंस मुकाबले में 204.4 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। विधि गुप्ता ने 381/400 के स्कोर के साथ दो कांस्य पदक जीते।

पुष्पेंद्र कुमार ने मास्टर पुरुष वर्ग में व्यक्तिगत रजत पदक जीता। टीम इवेंट में शिवांकर गंगवार और उनकी टीम ने कांस्य पदक हासिल किया। महिला टीम इवेंट में अनामिका चौधरी, विधि गुप्ता और वृंदा महाजन की टीम ने स्वर्ण पदक जीता। कोच गौरव कुमार शर्मा, ओम गुप्ता और सविता यादव ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है।

वीर सावरकर नगर निवासी वृंदा महाजन स्कूल टाइम में एनसीसी प्रशिक्षण के दौरान पहली बार शूटिंग की तो उनकी रुचि बढ़ती गई। धीरे-धीरे यह शौक जुनून बन गया। पिछले तीन वर्षों से वह नियमित रूप से शूटिंग का अभ्यास कर रही हैं। वह अभिनव बिंद्रा को आदर्श मानती हैं और ओलंपिक में पदक जीतना चाहती हैं।

सन सिटी की विधि गुप्ता ने साथियों से प्रेरणा लेकर शूटिंग का प्रशिक्षण लेना शुरू किया। उन्होंने शूटिंग को सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और ध्यान को बढ़ाने का माध्यम माना। विधि भी अभिनव बिंद्रा को अपना प्रेरणास्रोत मानती हैं। वह बताती हैं कि प्रतियोगिताओं के दौरान परिवार हमेशा उनका उत्साहवर्धन करता है।

महानगर निवासी शिवांकर ने हाल ही में 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है। ओलंपिक गेम्स में शूटिंग प्रतिस्पर्धा का प्रसारण देखा तो उन्होंने अकादमी में दाखिला ले लिया। एक साल से वह नियमित अभ्यास कर रहे हैं। पिता और परिवार के सहयोग को अपनी ताकत मानने वाले शिवांकर का लक्ष्य भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने का है।

# विश्व मुक्केबाजी ने बीएफआई की अंतरिम समिति का कार्यकाल 31 अगस्त तक बढ़ाया, जानें पूरा मामला

**नई दिल्ली।** नियुक्ति के बाद से समिति ने अपने शुरुआती 90 दिवसीय कार्यकाल के दौरान 'खिलाड़ी पहले' दृष्टिकोण को अपनाते हुए राष्ट्रीय चैंपियनशिप और उसके बाद सभी आयु समूहों (अंडर-15, अंडर-17 और एलीट) में अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट आयोजित किए हैं। भारतीय मुक्केबाजी प्रशासन में पारदर्शिता और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों से प्रभावित होकर विश्व मुक्केबाजी ने भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) की अंतरिम समिति का कार्यकाल 31 अगस्त तक बढ़ा दिया है। अजय सिंह की अध्यक्षता वाली अंतरिम समिति को इस साल अप्रैल में भारत में मुक्केबाजी के दिन-प्रतिदिन के मामलों का प्रबंधन करने के लिए नियुक्त किया गया था। नियुक्ति के बाद से समिति ने अपने शुरुआती 90 दिवसीय कार्यकाल के दौरान 'खिलाड़ी पहले' दृष्टिकोण को अपनाते हुए राष्ट्रीय

**प्रभावी ढंग**

**वान डेर वोर्स्ट ने अपने पत्र में लिखा, हमें यह देखकर खुशी हो रही है कि अंतरिम समिति प्रभावी ढंग से काम कर रही है**

चैंपियनशिप और उसके बाद सभी आयु समूहों (अंडर-15, अंडर-17 और एलीट) में अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट आयोजित किए हैं। सोमवार को अजय सिंह को लिखे पत्र में विश्व मुक्केबाजी के अध्यक्ष बोरिस वान डेर वोर्स्ट ने अंतरिम समिति को उनके 'खिलाड़ी पहले' दृष्टिकोण के लिए बधाई दी



जिसने प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारतीय मुक्केबाजों की निरंतर भागीदारी के साथ पदक सुनिश्चित किए। वान डेर वोर्स्ट ने अपने पत्र में लिखा, हमें यह देखकर खुशी हो रही है कि अंतरिम समिति प्रभावी ढंग से काम कर रही है और राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रशासन के भीतर पारदर्शिता और स्थिरता बहाल करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। उन्होंने कहा, विश्व मुक्केबाजी भारतीय मुक्केबाजी में विकास पर बारीकी से नजर रखती है और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारतीय खिलाड़ियों की निरंतर भागीदारी और पदक के रूप में उनकी लगातार सफलता से उत्साहित है। ये उपलब्धियां आपके नेतृत्व में किए जा रहे ढांचागत और सकारात्मक प्रयासों का प्रतिबिंब हैं। वान डेर वोर्स्ट ने कहा, आगामी घरेलू और महाद्वीपीय प्रतियोगिताओं को देखते हुए अंतरिम समिति से अनुरोध है कि वह सभी स्तरों पर भारतीय खिलाड़ियों की निर्बाध भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए बीएफआई के मामलों का प्रबंधन जारी रखे। भारतीय मुक्केबाजों ने कजाकिस्तान के अस्ताना में रविवार को संपन्न हुए विश्व मुक्केबाजी कप में तीन स्वर्ण और पांच रजत सहित कुल 11 पदक जीते। भारत ने ब्राजील में पहले चरण में छह पदक जीते थे और थाईलैंड इंटरनेशनल ओपन में भी प्रभावशाली प्रदर्शन किया था।

वोर्स्ट के पत्र में भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा के साथ उनकी हाल की बातचीत का भी उल्लेख है जिन्होंने अंतरिम समिति द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। छह सदस्यीय समिति में बीएफआई के उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार निरवान, कार्यकारी निदेशक अरुण मलिक और ओलंपियन एल सरिता देवी भी शामिल हैं।

## क्रिकेट के किंग का टेनिस के ग्लैडिएटर को सलाम, विंबलडन में जोकोविच का खेल देख हैरान रह गए कोहली

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और किंग के नाम से मशहूर विराट कोहली भी सोमवार को नोवाक जोकोविच और एलेक्स डि मिनोर के बीच मुकाबला देखने पहुंचे। इस दौरान कोहली के साथ उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा भी नजर आईं। जोकोविच ने यह मैच 1-6, 6-4, 6-4, 6-4 से जीता और क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। सर्बिया का यह दिग्गज खिलाड़ी 63वीं बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में खेलेंगे। जोकोविच का खेल देखकर विराट कोहली हैरान रह गए। मैच के बाद कोहली ने इंस्टाग्राम स्टोरी में जोकोविच की तारीफ भी की। किंग कोहली ने लिखा, क्या मैच था! यह हमेशा की तरह ग्लैडिएटर (जोकोविच) के लिए एक आम बात थी। कोहली ने जो तस्वीर साझा की है, उसमें जोकोविच सर्व करते नजर आ रहे हैं। कोहली इन दिनों पत्नी अनुष्का के साथ लंदन



में हैं। हालांकि, वह अब तक इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय क्रिकेट टीम का मैच देखने नहीं पहुंचे हैं। कोहली ने एजबेस्टन में टीम इंडिया की जीत के बाद जरूर तारीफ की थी और जीत को ऐतिहासिक बताया था। अब भी तीन टेस्ट बाकी हैं। कोहली से 10 जुलाई से लंदन के लॉर्ड्स में शुरू हो रहे टेस्ट में पहुंचने की उम्मीद की जा रही है। कोहली ने हाल ही में टेस्ट से संन्यास लिया था। अब वह टीम इंडिया के लिए सिर्फ वनडे में खेलते दिखाई पड़ेंगे। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की सीरीज फिलहाल 1-1 से बराबर है।

कोहली के अलावा सात बार के विंबलडन चैंपियन जोकोविच का मुकाबला देखने के लिए आठ बार के विंबलडन चैंपियन रोजर फेडरर भी रॉयल बॉक्स में मौजूद थे। छठे वरीय जोकोविच पर 2016 से विंबलडन में सबसे जल्दी बाहर होने का खतरा मंडरा रहा था, लेकिन उन्होंने खराब शुरुआत से उबरकर डि मिनोर को 1-6, 6-4, 6-4, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। 38 साल के जोकोविच की शुरुआत खराब रही और उन्होंने बेहद एकतरफा पहला सेट गंवा दिया। जोकोविच ने इसके बाद वापसी करते हुए अगले दो सेट जीतकर 2-1 की बढ़त बनाई।

## क्या आमिर खान ने रचा ली है गर्लफ्रेंड गौरी के साथ शादी!

**मुंबई।** आमिर खान की किस्मत के सितारे बुलंदी पर हैं। एक तरफ फिल्म सितारे जमीन पर के जरिए वे



दर्शकों से वाहवाही बटोर रहे हैं। फिल्म सुपरहिट साबित हो चुकी है। दूसरी तरफ उनकी पर्सनल लाइफ में भी प्यार की एंट्री हो चुकी है। आमिर खान ने इस साल अपने 60वें जन्मदिन पर गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट से मिलवाया था। हाल ही में उन्होंने अपनी और गौरी की शादी को लेकर बात की।

आमिर खान ने हाल ही में अपनी गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट के साथ अपने रिलेशनशिप और तीसरी शादी की संभावनाओं पर खुलकर बात की। गौरी से शादी को लेकर आमिर का कहना है, मेरे दिल में, मैं पहले से ही गौरी से शादी कर चुका हूं। हम एक-दूसरे के बारे में वाकई गंभीर हैं। एक-दूसरे के लिए कमिटेड हैं। आमिर ने आगे कहा कि वे इस रिश्ते को औपचारिक रूप देने के बारे में वक्त के साथ तय करेंगे।

आमिर खान ने इंडियन एक्सप्रेस के साथ बातचीत में गौरी के साथ अपने रिलेशनशिप को लेकर कहा कि वे पहले ही दिल से गौरी से शादी कर चुके हैं। बता दें कि आमिर इससे पहले दो शादियां कर चुके हैं। उनकी पहली शादी रीना दत्ता से हुई। साल 2002 में उनका और रीना का तलाक हो गया। रीना से आमिर खान के दो बच्चे- जुनैद खान और बेटी आयरा हैं। जुनैद खान भी अब इंडस्ट्री में डेब्यू कर चुके हैं। रीना दत्ता से तलाक के बाद आमिर खान की जिंदगी में किरण राव की एंट्री हुई। दोनों ने 2005 में शादी रचाई। मगर, 2021 में इनका तलाक हो गया। किरण और आमिर खान का एक बेटा आजाद राव खान है। बात करें गौरी और आमिर खान के बीच उम्र के फासले की तो मिस्टर परफेक्शनिस्ट अपनी गर्लफ्रेंड से 14 वर्ष बड़े हैं। आमिर की उम्र 60 वर्ष है। वहीं, गौरी की उम्र 46 वर्ष है। आमिर खान फिलहाल फिल्म सितारे जमीन पर की सफलता का आनंद ले रहे हैं। इस फिल्म में उनके साथ जेनेलिया देशमुख भी लीड रोल में नजर आई हैं। आमिर की यह फिल्म साल 2018 की स्पेनिश फिल्म चैंपियंस की रीमेक है।

# 'मद्रास कैफे' से लेकर 'इमरजेंसी' तक, राजनीतिक घटनाक्रमों पर आधारित हैं फिल्में और सीरीज

**मुंबई।** देश में कई ऐसे राजनीतिक घटनाक्रम हुए हैं, जिन पर बॉलीवुड में फिल्में और सीरीज बनाई गई हैं। जानिए इस लिस्ट में कौन-कौनसी फिल्में व सीरीज हैं शामिल।

नागेश कुकुनूर की हालिया रिलीज वेब सीरीज 'द हंट - द राजीव गांधी असेसिनेशन केस' अपनी रिलीज के बाद से लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के हत्याकांड पर आधारित इस सीरीज को समीक्षकों द्वारा काफी सराहा जा रहा है। हालांकि, 'द हंट - द राजीव गांधी असेसिनेशन केस' से पहले भी राजीव गांधी हत्याकांड समेत कई राजनीतिक मुद्दों पर फिल्में व सीरीज बन चुकी हैं। जानते हैं इससे पहले बड़े राजनीतिक घटनाक्रमों पर बनीं फिल्मों और सीरीज के बारे में।

**मद्रास कैफे**

शूजित सरकार द्वारा निर्देशित 'मद्रास कैफे' भी राजीव गांधी के हत्याकांड पर ही आधारित है। 2013 में आई इस फिल्म में जॉन अब्राहम

**चर्चा**

**नागेश कुकुनूर की हालिया रिलीज वेब सीरीज 'द हंट - द राजीव गांधी असेसिनेशन केस' अपनी रिलीज के बाद से लगातार चर्चाओं में बनी हुई है।**

और नरगिस फाकरी ने प्रमुख भूमिका निभाई है। फिल्म में 1980 के दशक के अंत और 1990 के दशक की शुरुआत में श्रीलंका के गृहयुद्ध में भारतीय हस्तक्षेप और भारतीय प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के समय की कहानी को दिखाया गया है।

**इमरजेंसी**

कंगना रनौत द्वारा निर्देशित और उनकी मुख्य भूमिका वाली फिल्म




'इमरजेंसी' 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश में लगाई गई इमरजेंसी पर आधारित है। फिल्म में इमरजेंसी से पहले और बाद के राजनीतिक घटनाक्रमों को दिखाया गया है। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास नहीं कर पाई थी। फिल्म में कंगना रनौत के अलावा अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े, सतीश कौशिक और मिलिंद सोमण प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं।

**जोगी**

दिलजीत दोसांझ की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'जोगी' इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए 1984 के सिख दंगों पर आधारित है। फिल्म की शुरुआत 31 अक्टूबर 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के साथ होती है। इसके बाद फिल्म में दिल्ली और देश के अलग-अलग हिस्सों में हुए दंगों की कहानी को दिखाया गया। फिल्म दिल्ली के त्रिलोकपुरी में रहने वाले सिखों पर इस दंगे से पड़ने वाले प्रभाव पर आधारित है। कैसे वो इन दंगों से बचते हैं। इस फिल्म को अली अब्बास जफर ने निर्देशित किया है। फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी।

**31 अक्टूबर**

2016 में आई फिल्म '31 अक्टूबर' भी इंदिरा गांधी की हत्या और उसके बाद देश में हुई घटनाओं को दिखाती है। फिल्म में सोहा अली खान और वीर दास प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं। फिल्म का केंद्र सिख दंगों पर है। फिल्म में वीर दास ने एक सिख की भूमिका निभाई है। इस फिल्म का निर्देशन शिवाजी लोटन पाटिल ने किया है।

## लक्ष्य के 21 साल पूरे, फरहान की पोस्ट पर ऋतिक ने किया कमेंट

**मुंबई।** फिल्म लक्ष्य के 21 साल पूरे होने पर निर्देशक फरहान अख्तर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट की



है। इस पोस्ट पर फिल्म के अभिनेता ऋतिक रोशन ने कमेंट किया है।

फरहान अख्तर के निर्देशन में बनी फिल्म लक्ष्य साल 2004 में रिलीज हुई थी। आज इस फिल्म की रिलीज के 21 साल हो चुके हैं। ऐसे में फरहान आख्तर जश्न मना रहे हैं। उन्होंने आज इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट की है, जिसमें इस फिल्म के कुछ सीन दिखाए दिए हैं। वीडियो पर फिल्म के एक्टर ऋतिक रोशन ने कमेंट किया है।

**फरहान की पोस्ट पर ऋतिक का कमेंट**

फरहान अख्तर ने फिल्म की वीडियो क्लिप शेयर करते हुए लिखा है एक-एक कदम आगे बढ़ते हुए मकसद ढूंढने की कहनी। इसके 21 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। वीडियो पर कई लोगों ने रिएक्शन दिए हैं। पोस्ट पर ऋतिक रोशन ने कमेंट करते हुए लिखा है रोंगटे खड़े कर देने वाला। इस पर फरहान अख्तर ने जवाब देते हुए लिखा है आपके बिना ये फिल्म नहीं बन सकती थी। एक यूजर ने लिखा है यह बॉलवुड की सबसे अच्छी फिल्मों में से एक है। एक और यूजर ने लिखा है अब आप इस तरह की फिल्में क्यों नहीं बनाते हैं।

फरहान अख्तर ने जो वीडियो शेयर किया है उसमें देखा जा सकता है कि ऋतिक रोशन एक ऐसे व्यक्ति होते हैं, जिनका जिंदगी में कोई लक्ष्य नहीं होता है। इसलिए उनके करीबी उनसे परेशान रहते हैं। इसके बाद वह भारतीय सेना में भर्ती हो जाते हैं। फिर वह मेहनत करते हैं। आर्मी में ट्रेनिंग लेते हैं। सेना के अफसर कहते हैं कि मुझे सबसे ऊंची जगह पर तिरंगा लहराना है। फिल्म के आखिर में अपना लक्ष्य सेट करते हुए ऋतिक रोशन सबसे ऊंची जगह पर तिरंगा लहरा देते हैं।

**फरहान अख्तर का काम**

फरहान अख्तर की फिल्म लक्ष्य कामयाब फिल्मों में से एक है। फिल्म की काफी तारीफ हुई थी। यह फिल्म 30 करोड़ रुपये के बजट में बनी थी। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने 41.68 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।

फरहान अख्तर ने दिल चाहता है, पॉजिटिव और डॉन- द चेज बिगिन्स अगेन जैसी फिल्मों का निर्देशन किया है। वह जल्द ही सॉग ऑफ पैराडाइज और 120 बहादुर जैसी फिल्मों को प्रोड्यूज करने वाले हैं।

## सितारे जमीन पर के निर्देशक को फिल्में रिजेक्ट करने का नहीं है अफसोस



**मुंबई।** निर्देशक आरएस प्रसन्ना ने अपने करियर की दूसरी फिल्म सितारे जमीन पर बनाई है। इस फिल्म में आमिर खान के अलावा कई दिव्यांग बच्चे हैं। यह फिल्म 20 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म की रिलीज से पहले निर्देशक ने अपने फिल्मी करियर के बारे में बात की है। उन्होंने तमिल फिल्मों को रिजेक्ट करने और आमिर को अपनी फिल्म में लेने के बारे में अहम बातें बताई हैं। जूम के साथ बातचीत में आरएस प्रसन्ना ने बताया कि वह तमिल फिल्मों के साथ क्यों नहीं जुड़े। उन्होंने कहा इसके पीछे की वजह बहुत निजी है। मेरे दिल से आवाज आई थी। मुझे इसका कोई अफसोस नहीं। मुझे अफसोस होता अगर मैं सिनेमा में नहीं होता।

आर एस प्रसन्ना ने यह भी बताया कि उन्होंने आमिर को कैसे अपनी फिल्म में लिया। उन्होंने कहा वह हमेशा सोचा करते थे कि आमिर खान मेरी फिल्म के रोल के लिए और निर्माता के लिए एकदम सही इंसान हैं। उन्होंने कहा %फिल्म को प्रोड्यूज करने के लिए भी बहुत संवेदनशीलता और ईमानदारी की जरूरत होती है। ये सभी चीजें आमिर खान में हैं। इसीलिए वही मेरे दिमाग में थे। जब मैं सोच रहा था कि मैं किसे अपनी फिल्म में लूं, तो मेरे दिमाग में सिर्फ आमिर खान का नाम आ रहा था। निर्देशक ने बताया कि वह सोच रहे थे कि क्या आमिर खान उनकी फिल्म में काम करेंगे क्योंकि यह उनका दूसरा प्रोजेक्ट था।

## रोते-रोते बेहोश होने लगीं मनारा, पिता का श्मशान तक नहीं छोड़ा साथ

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 17 फेम मनारा चोपड़ा के पिता का 16 जून को निधन हो गया, जिसके बाद उनके परिवार को गहरा सदमा पहुंचा है। मनारा और उनकी छोटी बहन मिताली के सिर से पिता का साया उठ गया है। मनारा चोपड़ा के पिता का मुंबई में अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान मनारा की मां कामिनी हांडा काफी दुखी नजर आईं। मनारा और उनकी बहन मिताली के आंसू भी थमने का नाम नहीं ले रहे। पिता को अंतिम विदाई देते हुए मनारा काफी भावुक नजर आईं। पैपराजी पेज ताहिर जासूस के ऑफिशियल इंस्टाग्राम पेज पर वीडियोज को शेयर किया गया है।

**मनारा के पिता की अंतिम यात्रा**

इससे पहले मनारा चोपड़ा के पिता की अंतिम यात्रा भी निकाली गई। उनके शव को मुंबई के ओशिवारा श्मशान घाट ले जाया गया। इस दौरान मनारा के साथ प्रियंका चोपड़ा के भाई सिद्धार्थ चोपड़ा, परिणीति चोपड़ा के पिता पवन चोपड़ा भी नजर आए। कहा जा रहा है कि प्रियंका चोपड़ा अपने काम की वजह से अपने फूफा जी के अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो सकीं।

**आखिर तक नहीं छोड़ा पिता का साथ**



मनारा चोपड़ा के पिता के अंतिम संस्कार के दौरान बारिश हो रही थी। भारी बारिश के बीच, मनारा चोपड़ा और मिताली चोपड़ा ने अपने पिता की अर्थी को हाथ लगाते हुए श्मशान भूमि तक पहुंचाया। दोनों बहनों ने पूरे साहस और भावुकता के साथ अपने पिता की अंतिम यात्रा में भाग लिया। मनारा खुद को संभालने की पूरी कोशिश करती नज़र आईं, वहीं मिताली अपने पिता के निधन से गहरे सदमे में दिखीं। जब उन्होंने पिता का पार्थिव शरीर देखा, तो मिताली अपने आंसुओं को रोक नहीं पाईं। उनके चेहरे पर शोक और पीड़ा साफ झलक रही थी। इस दुःखद घड़ी में चोपड़ा परिवार के दूसरे सदस्य और कजिन्स भी दोनों बहनों के साथ मौजूद रहे, जिन्होंने उन्हें सहारा देने की कोशिश की।

**रोते-रोते बेहोश होने लगीं मनारा चोपड़ा**

पिता को आखिरी बार देखते हुए मनारा खुद को संभाल नहीं पा रही हैं। अंतिम संस्कार के दौरान मनारा रोते-रोते बेहोश होने लगी थीं। उनका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। मनारा अपने पिता के यूं जाने से बेहद दुखी हैं।

अवधनामा



# एक देश-एक चुनाव संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन नहीं

## पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ ने संसदीय समिति को लिखित राय दी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** पूर्व चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा, लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराना संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन नहीं है। हालांकि, प्रस्तावित बिल में चुनाव आयोग को दी जाने वाली शक्तियों पर चिंता उन्होंने जताई है। पूर्व सीजेआई ने कहा कि इससे सीजेआई को विधानसभाओं का कार्यकाल बढ़ाने या घटाने की शक्ति मिल सकती है। उन परिस्थितियों को परिभाषित किया जाना चाहिए जिनमें ईसीआई इस शक्ति का इस्तेमाल कर सकता है।

जस्टिस चंद्रचूड़ ने एक देश-एक चुनाव पर बनी संसदीय समिति को अपनी लिखित राय सौंपी है। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने 17 दिसंबर, 2024 को लोकसभा में एक देश-एक चुनाव संविधान संशोधन बिल पेश किया था।

पूर्व सीजेआई क्षेत्रीय और छोटी पार्टियों पर पड़ेगा असर जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि एक साथ चुनाव कराने से बेहतर आर्थिक स्थिति वाली नेशनल पार्टियों के प्रभाव से क्षेत्रीय और छोटी पार्टियां हाशिए पर जा सकती हैं। इसके लिए चुनाव अभियान में फाइनेंस से जुड़े नियमों को मजबूत किया जाना चाहिए।

वहीं, पूर्व सीजेआई रंजन गोगोई और पूर्व सीजेआई जेएस खेहर 11 जुलाई को समिति के साथ बिल पर चर्चा करेंगे। जस्टिस गोगोई इससे पहले मार्च में भी समिति के साथ बैठक कर चुके हैं। उस समय उन्होंने भी ईसीआई को बहुत ज्यादा अधिकार दिए जाने पर चिंता जताई थी। पूर्व सीजेआई यूयू ललित फरवरी में पेश हुए थे। उन्होंने भी चरणबद्ध तरीके से एक साथ चुनाव कराए जाने का समर्थन किया था। हालांकि, उन्होंने कहा था कि जिन विधानसभाओं का कार्यकाल ज्यादा बचा है, उनके समय को कम करने से कानूनी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।

निर्वाचन आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक, 2034 में अगर एक देश एक चुनाव की नीति लागू होती है तो सिर्फ ईवीएम की खरीदी के लिए ही 1.5 लाख करोड़ रुपए खर्च होंगे। यह राशि कितनी ज्यादा है, इसका अंदाजा केवल इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि 2024 के लोकसभा चुनावों में अनुमानतः एक लाख करोड़ रुपए खर्च हुए थे।

रामनाथ कोविंद कमेटी ने बताया कि एकसाथ चुनाव कराने के लिए सेंट्रल सिक्योरिटी फोर्सेज में 50 प्रतिशत बढ़ोतरी करनी पड़ेगी। यानी करीब 7 लाख कर्मियों की जरूरत होगी। 2024 में सिक्योरिटी फोर्स के करीब 3.40 लाख कर्मचारियों और अधिकारियों की चुनावों में ड्यूटी लगी थी।

1. शासन में निरंतरता आएगी देश के विभिन्न भागों में चुनावों के चल रहे चक्रों के कारण राजनीतिक दल, उनके नेता और सरकारों का ध्यान चुनावों पर ही रहता है। एक साथ चुनाव करवाने से सरकारों का फोकस विकासात्मक गतिविधियों और जनकल्याणकारी नीतियों के क्रियान्वयन पर केंद्रित होगा।

3. अधिकारी काम पर ध्यान दे पाएंगे चुनाव की वजहों से पुलिस सहित अनेक विभागों के पर्याप्त संख्या में कर्मियों की तैनाती करनी पड़ती है। एकसाथ चुनाव कराए जाने से बार बार तैनाती की जरूरत कम हो जाएगी, जिससे सरकारी अधिकारी अपने मूल दायित्वों पर फोकस कर पाएंगे।

# भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल में 35 मिनट तक गुप्त मंत्रणा

एजेंसी



**अवाहदेवी (हमीरपुर)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल के बीच बंद कमरे में 35 मिनट तक मंत्रणा हुई। कभी धूमल सरकार में वन मंत्री रहे जेपी नड्डा केंद्रीय राजनीति में स्थापित होने के लंबे समय बाद प्रदेश में भाजपा की राजनीति का केंद्र रहे समीरपुर पहुंचे। हाल ही में प्रदेश भाजपा के दोबारा अध्यक्ष नियुक्त हुए डॉ. राजीव बिंदल और जिले के अन्य भाजपा विधायक व नेता भी मौजूद रहे। नड्डा शुक्रवार सुबह 11.44 बजे समीरपुर पहुंचे। धूमल ने उन्हें और राजीव बिंदल को टोपी भेंट कर सम्मानित किया। जेपी नड्डा ने धूमल का हाथ थामकर भेंट स्वीकार की। लगभग पांच मिनट बाद सभी विधायक और कार्यकर्ता बाहर आ गए। इसके ठीक पांच मिनट बाद बिंदल भी बाहर निकल आए।

इसके पश्चात जेपी नड्डा और प्रेम कुमार धूमल के बीच बंद कमरे में लगभग 35 मिनट तक गहन चर्चा हुई। दोनों नेताओं में क्या गुफ्तगू हुई, पार्टी की तरफ से इस बारे में कोई अधिकारिक जानकारी बाहर नहीं आई है। हालांकि, सियासी गलियारों में इस मुलाकात को आगामी संगठनात्मक बदलावों और प्रदेश भाजपा की रणनीतियों से जोड़कर देखा जा रहा है। संभावित है कि प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक स्थिति, पार्टी के भीतर समन्वय, आगामी चुनावों की रणनीति और वरिष्ठ नेताओं की भूमिका को लेकर गंभीर विमर्श हुआ होगा। इस मौके पर हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा, बड़सर विधायक इंद्र दत्त लखनपाल, पूर्व विधायक राजेंद्र राणा, अनिल धीमान, जिला भाजपा के नेता मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### सपा नेता आजम खां का बेटा 16 माह बाद आएगा जेल से बाहर

**रामपुर।** सपा नेता आजम खां के बेटे एवं 16 महीने से जेल में बंद समाजवादी पार्टी (सपा) के पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम को आज जमानत दे दी गई। करीब 45 मुकदमों में बेल बॉन्ड जमानती भरने के बाद उनकी रिहाई हो सकेगी। अब्दुल्ला आजम हरदोई की जेल में बंद हैं। आज उन्हें कस्टोडियन संपत्ति के मामले में रिकॉर्ड्स खुर्द बुर्द करने के मामले में जमानत दे दी गई। एमपी एमएलए कोर्ट के जज शोभित बंसल ने जमानत के आदेश दिए हैं। अब्दुल्ला आजम के वकील जुबैर अहमद खान ने बताया कि उनकी जमानत मंजूर हो गई है। जमानत की प्रक्रिया पूरी कर वह जल्द जेल से बाहर आ सकेंगे। अब्दुल्ला आजम के सभी मामलों में बेल बॉन्ड भरे जाएंगे। इससे अब्दुल्ला की रिहाई होगी। जुबैर अहमद ने बताया कि करीब 45 मुकदमों में जमानती बांड भरे जाएंगे। अदालत द्वारा उनको स्वीकार करने के बाद अब्दुल्ला की रिहाई होगी।

### लखनऊ में पकड़ी गई फर्जी टीटीई, गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन पर फर्जी महिला टीटीई पकड़ी गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे रेलवे अधिकारियों ने महिला का आईकार्ड चेक किया, जो कि फर्जी पाया गया। इसके बाद चारबाग जीआरपी ने आरोपी को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया। चारबाग स्टेशन के जीआरपी प्रभारी निरीक्षक धर्मवीर सिंह के नेतृत्व में स्टेशन परिसर पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान रेलवे द्वारा सूचना मिली कि एक महिला टीटी के परिधान में यात्रियों के टिकट चेक कर रही है। जीआरपी टीम तत्काल मौके पर पहुंची और महिला का आईडी कार्ड चेक किया। महिला संदिग्ध होने पर स्टेशन मास्टर को बुलाया गया। उन्होंने उसका आईडी कार्ड मांगा, तो उसने अपना आईडी कार्ड दिया, जिसमें उसका नाम काजल सरोज पुत्री छोटेलाल सरोज निवासी ग्राम मालेपुर संत रविदास नगर अंकित है और जिसका नंबर 20137081345 है।

## देश में हर चुनाव से पहले मतदाता सूची में संशोधन की मांग, सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई याचिका

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर देश में खास तौर पर संसदीय, राज्य विधानसभा और स्थानीय निकाय चुनावों से पहले मतदाता सूची में विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) की मांग की गई है। जस्टिस सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने मंगलवार को याचिकाकर्ता अश्विनी उपाध्याय से कहा कि मामले को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने से पहले प्रक्रियागत खामियों को दूर करें। इस पर याचिकाकर्ता ने याचिका पर 10 जुलाई को सुनवाई करने की मांग की, जब अन्य याचिकाओं पर सुनवाई होगी। याचिका में भारत के चुनाव आयोग को एसआईआर करने का निर्देश देने की मांग की गई है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि केवल भारतीय नागरिक ही राजनीति और नीति तय करें, न कि अवैध विदेशी घुसपैठिए।

## बाढ़ में बह गया नेपाल-चीन को जोड़ने वाला बॉर्डर ब्रिज, 6 चीनी नागरिकों समेत 18 लोग लापता

एजेंसी

**काठमांडू।** मानसून की बारिश से आई बाढ़ में नेपाल-चीन को जोड़ने वाला फ्रेंडशिप ब्रिज मंगलवार (08 जुलाई, 2025) को बह गया। इससे कम से कम 18 लोग लापता हो गए। चीन में लगातार हो रही मानसूनी बारिश की वजह से सोमवार रात नेपाल में भोटेकोशी नदी में बाढ़ आ गई।

काठमांडू से 120 किलोमीटर उत्तर पूर्व में रसुवा जिले में स्थित मितेरी पुल मंगलवार सुबह करीब 3=15 बजे बाढ़ में बह गया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि छह चीनी नागरिकों सहित 18 लोग लापता हो गए हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन के मुताबिक, नेपाल सेना, सशस्त्र पुलिस बल और नेपाल पुलिस की संयुक्त टीम ने दो पुलिसकर्मियों समेत 11 लोगों को बचा लिया है।

रसुवा के मुख्य जिला अधिकारी अर्जुन पौडेल ने बताया कि बाढ़ से भारी नुकसान हुआ है। अधिकारियों ने निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित इलाकों में जाने की सलाह दी है। बाढ़ में कई घर और चीन से आयातित पांच इलेक्ट्रिक वाहन भी बह गए। इस बीच, पुलिस ने मंगलवार सुबह धाडिंग जिले के गजुरी में त्रिशूली नदी से दो शव बरामद किए। उनकी पहचान नहीं हो सकी है।

नेपाल सेना की बचाव टीम ने एक चीनी नागरिक सहित 23 मजदूरों को भी बचाया है, जो भारी बारिश के बाद आई बाढ़ के कारण रसुवागढ़ी जलविद्युत परियोजना में फंसे हुए थे। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, बाढ़ के कारण जलविद्युत संयंत्र भी आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गया है।

# अमेरिका से जल्द ही व्यापारिक समझौते को अंतिम रूप दे सकता है भारत, जीटीआरआई का सुझाव- सावधानी से बढ़ें

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारत जल्द ही जल्द ही अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को अंतिम रूप दे सकता है। हालांकि, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया के कई देशों को औपचारिक टैरिफ पत्र जारी कर व्यापार समझौते से जुड़ा जवाब बढ़ा दिया है। हालांकि हमें इस समझौते को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया के दौरान सावधानी से कदम उठाना चाहिए। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव जीटीआरआई ने यह टिप्पणी की है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव ने कहा, ÷ट्रम्प का मॉडल कोई मुक्त व्यापार समझौता नहीं है, यह एक YATRA यानी अमेरिकी टैरिफ प्रतिशोध समझौता है। अमेरिका ने अपने विभिन्न देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौतों को अंतिम रूप देने की समय-सीमा 9 जुलाई से बढ़ाकर 1 अगस्त कर दी है। ऐसे में अब भारत समेत अन्य देशों को समझौते के लिए और तीन सप्ताह का समय मिल गया है। यह समय विस्तार 2 अप्रैल को शुरू किए गए व्यापक व्यापार अभियान का हिस्सा है। इस अभियान की शुरुआत में ट्रम्प ने विशेष टैरिफ के लिए लगभग 60 देशों को चुना था। अब तक केवल केवल ब्रिटेन और वियतनाम ने ही अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया है। चीन के साथ भी एक अस्थायी समझौता हुआ है।

जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, अब ट्रम्प दबाव बढ़ा रहे हैं। 7 जुलाई को उन्होंने 14 देशों को औपचारिक पत्र पर हस्ताक्षर किए। इसमें बताया गया कि अगर वे देश समझौता करने में विफल रहे तो 1 अगस्त से उन्हें कितनी टैरिफ का सामना करना पड़ेगा।

सोमवार को ट्रम्प प्रशासन ने जापान, दक्षिण कोरिया, कजाकिस्तान, मलेशिया, ट्यूनीशिया पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की; दक्षिण अफ्रीका, बोस्निया और हर्जेगोविना पर 30 प्रतिशत; इंडोनेशिया पर 32 प्रतिशत; बांग्लादेश, सर्बिया पर 35 प्रतिशत; कंबोडिया, थाईलैंड पर 36 प्रतिशत; और लाओस, म्यांमार पर 40 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की। श्रीवास्तव ने कहा कि व्हाइट हाउस द्वारा %अंतिम नोटिस% बताई गई इन चेतावनियों के कारण देशों के पास दो विकल्प रह गए हैं कि वे अमेरिकी शर्तों पर समझौते पर हस्ताक्षर करें या दंडात्मक शुल्क का सामना करने के लिए तैयार रहें।

उन्होंने कहा कि टैरिफ वृद्धि से व्यापार प्रवाह बाधित होने, अमेरिका में उपभोक्ता कीमतें बढ़ने तथा वैश्विक स्तर पर आपूर्ति श्रृंखला में व्यापक जटिलताएं उत्पन्न होने की आशंका है। मई 2025 में चीन से अमेरिका का आयात पिछली अवधि की तुलना में 35 प्रतिशत कम हो गया।

## सुधर जाओ वरना..., भारतीय मूल के जोहरान ममदानी पर क्यों फूटा ट्रंप का गुस्सा? खुलेआम दे डाली धमकी

एजेंसी

**वाशिंगटन।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू इस समय अमेरिका के दौरे पर हैं। सोमवार को उन्होंने व्हाइट हाउस में ट्रंप के साथ डिनर भी किया। हालांकि, इसी बीच भारतीय मूल के अमेरिकी मेयर उम्मीदवार जोहरान ममदानी ने नेतन्याहू को गिरफ्तार करने की धमकी दे डाली। जोहरान की धमकी सुनकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का गुस्सा भी फूट पड़ा।

डोनाल्ड ट्रंप ने खुलेआम जोहरान को चेतावनी दी कि अगर उन्होंने ठीक से बर्ताव नहीं किया तो व्हाइट हाउस से मिलने वाले फंड पर रोक लगा दी जाएगी।

डोनाल्ड ट्रंप ने जोहरान को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा, ÷ममदानी समाजवादी नहीं है, वो एक कम्युनिस्ट हैं। वो यहूदियों के बारे में बहुत से गलत बयान दे चुके हैं।÷

हो सकता है जोहरान ममदानी न्यूयॉर्क का मेयर चुनाव जीत जाएं। मगर, आखिर में उन्हें व्हाइट हाउस की तरफ ही देखना होगा। उन्हें फंड व्हाइट हाउस से ही जाएगा। उन्हें ठीक से बर्ताव करना होगा, वरना उनके लिए बड़ी परेशानी खड़ी हो सकती है।

बता दें कि इजरायली पीएम के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिमिनल कोर्ट (ढ्ढष्ट) ने अरेस्ट वॉरंट जारी किया है। ऐसे में नेतन्याहू के अमेरिका दौरे पर बात करते हुए जोहरान ने धमकी भरे लहजे में कहा था कि अगर वो न्यूयॉर्क में आएंगे तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। बता दें कि जोहरान ममदानी विपक्षी पार्टी डैमोक्रेट्स के सदस्य हैं और वो न्यूयॉर्क में मेयर पद के चुनाव में खड़े हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने मार गिराए थे राफेल?

एजेंसी



**नई दिल्ली।** डसॉल्ट एविएशन के चेयरमैन और सीईओ एरिक ट्रैपियर ने पाकिस्तान के नापाक मंसूबों पर पानी फेर दिया है।

उन्होंने उन फर्जी खबरों को सिरे से खारिज कर दिया है जिनमें दावा किया गया कि भारत ने हाल ही में पाकिस्तान के साथ सैन्य तनातनी के दौरान राफेल लड़ाकू विमान गंवा दिए। फ्रांसीसी अधिकारियों ने खुलासा किया कि पाकिस्तान और चीन मिलकर राफेल के खिलाफ सोशल मीडिया पर झूठी खबरें फैला रहे हैं। फ्रांस का कहना है कि इस साजिश में राफेल के मलबे की फर्जी तस्वीरें, ढ्ढ से बने कंटेंट और 1,000 से ज्यादा नए बनाए गए सोशल मीडिया अकाउंट शामिल हैं। इनका मकसद चीनी तकनीक को बेहतर दिखाना और राफेल की साख को चोट पहुंचाना है।

चीनी अधिकारी उन देशों को निशाना बना रहे हैं, जिन्होंने राफेल खरीदा है या जो इसे खरीदने की सोच रहे हैं। फ्रांसीसी खुफिया जानकारी के मुताबिक, यह एक सुनियोजित साजिश है, जिसका मकसद फ्रांस के लड़ाकू विमान को बदनाम करना है।

फ्रांसीसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि राफेल के खिलाफ झूठ का एक बड़ा जाल बुना जा रहा है, ताकि चीनी हथियारों को बेहतर दिखाया जाए। मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर लिखा, राफेल को यूं ही निशाना नहीं बनाया गया। यह एक बेहद काबिल लड़ाकू विमान है, जिसे कई देशों को निर्यात किया गया है और इसे बड़े सैन्य अभियानों में तैनात किया जाता है।

मंत्रालय ने आगे कहा, राफेल सिर्फ एक विमान नहीं, बल्कि फ्रांस की रणनीतिक ताकत का प्रतीक है। इसे बदनाम करके कुछ ताकतें फ्रांस की साख, उसकी रक्षा तकनीक और भरोसेमंद साझेदारियों को कमजोर करना चाहती हैं।

## इन्हें अंग्रेजी नहीं आती, लंदन से बाहर निकालो, हिंदी के बाद अब छिड़ा अंग्रेजी पर विवाद, ब्रिटिश महिला के पोस्ट पर मचा हंगामा

एजेंसी



**नई दिल्ली।** देश में मराठी बनाम गैर मराठी भाषा विवाद चल रहा है। इसी बीच ब्रिटेन में भी भाषा को लेकर अजीबोगरीब घटना घटी है। दिलचस्प बात है कि इस विवाद का भारत से कनेक्शन है।

दरअसल, लूसी व्हाइट नामक ब्रिटिश महिला ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर दावा किया कि लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट पर मौजूद भारतीय और एशियाई मूल के कर्मचारियों ने उनसे अंग्रेजी भाषा में बातचीत नहीं की। हालांकि, लूसी ने जब कर्मचारियों से अंग्रेजी भाषा बोलने का अनुरोध किया तो उसे नस्लवादी कहा गया।

लूसी ने सारी जानकारी एक्स पर साझा करते हुए बताया कि एयरपोर्ट पर मौजूद अधिकारी जानते थे कि मैं सही हूं, इसलिए उन लोगों ने मुझे नस्लवादी कहा। लूसी ने कहा कि इन अधिकारियों को ब्रिटेन से डिपोर्ट कर दो। वो ब्रिटेन में क्या कर रहे हैं। हमारे देश में आने वाले पर्यटक क्या सोचते होंगे?

हालांकि, उनके पोस्ट पर ही कई यूजर्स ने दावा किया कि वो जो दावा कर रहे हैं वो गलत है। कई लोगों ने बताया कि हीथ्रो एयरपोर्ट पर मौजूद कर्मचारी अंग्रेजी भाषा का ही उपयोग करते हैं। लूसी की बात मनगढ़ंत लग रही है।

वहीं, एक यूजर ने कहा कि वे अंग्रेजी नहीं बोल रहे थे, लेकिन वे आपकी भाषा समझ गए और अंग्रेजी में आपको नस्लवादी भी बता दिया। यह तो हैरान करने वाली बात है।

# नेपाल-चीन की सीमा पर बाढ़ ने मचाई तबाही, उफनाई नदी में बह गया मैत्री ब्रिज, 18 लोग लापता

एजेंसी



**काठमांडू।** मानसून की एंट्री के बाद न सिर्फ भारत बल्कि नेपाल के भी कई इलाकों में बारिश से त्राहिमाम मच गया है। नदियों ने विकराल रूप धारण कर लिया है, जिससे कुछ जगहों पर बाढ़ के हालात बन गए हैं। इसका असर नेपाल और चीन की सीमा पर भी देखने को मिल रहा है।

दरअसल नेपाल और चीन के बीच बना मैत्री सेतु भी बाढ़ की भेंट चढ़ गया है। पानी के तेज बहाव में न सिर्फ पुल ढह गया बल्कि 18 लोग भी इसमें बह गए हैं।

मैत्री पुल नेपाल और चीन को कनेक्ट करने वाला मुख्य ब्रिज था। भोटेकोशी नदी पर बना यह पुल नेपाल के रसुवा जिले को चीन से जोड़ता था। हालांकि, भारी बारिश के कारण भोटेकोशी नदी में बाढ़ के हालात बन गए। बीती रात तकरीबन 3=15 बजे पुल भी बाढ़ में बह गया।

नेपाल की राजधानी काठमांडू से महज 120 किलोमीटर की दूरी पर बने इस पुल के साथ ही 18 लोग भी तेज बहाव की भेंट चढ़ गए। इनमें 12 नेपाली और 6 चीनी नागरिक शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार, सभी 18 लोग अभी लापता है और उनकी खोज की जा रही है।

रसुवा के मुख्य जिला अधिकारी अरुण पौडेल के अनुसार, नदी में आई बाढ़ से नेपाल को काफी नुकसान हुआ है। प्रशासन ने आसपास रहने वाले लोगों को सुरक्षित जगह पर जाने के निर्देश दिए हैं। नेपाली सेना और पुलिस मिलकर 18 लापता लोगों की तलाश कर रही है।

बता दें कि भोटेकोशी नदी चीन के रास्ते नेपाल में आती है। नेपाल और चीन को जोड़ने के लिए इसी नदी पर पुल बनाया गया था। हालांकि, चीन के हिमायली क्षेत्र में भारी बारिश के कारण भोटेकोशी नदी अचानक खतरे के निशान से ऊपर बहने लगी। बीती रात उफान पर आई यह नदी मैत्री पुल को भी अपने साथ बहा ले गई।

## बोले- राष्ट्रीय हित से पीछे नहीं हटेंगे

# जापानी प्रधानमंत्री ने ट्रंप के नए टैरिफ को बताया निराशाजनक

एजेंसी




**टोक्यो।** जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने मंगलवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का जापान पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का फैसला बेहद खेदजनक है। उन्होंने कहा कि पारस्परिक लाभ के लिए द्विपक्षीय वार्ता जारी रहेगी। जापानी पीएम ने टैरिफ टास्क फोर्स की बैठक में कहा कि राष्ट्रीय हितों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

इशिबा ने कहा कि हम अमेरिका के साथ बातचीत जारी रखेंगे ताकि एक ऐसा समझौता हो सके, जो दोनों देशों के लिए फायदेमंद हो। साथ ही हम अपने राष्ट्रीय हितों की भी अनदेखी नहीं करेंगे। अमेरिका के साथ व्यापार समझौते की धीमी प्रगति की वजह बताते हुए जापानी पीएम ने कहा कि सरकार इस मामले में जल्दबाजी नहीं करना चाहती ताकि हमे अपने हितों से समझौता न करना पड़े और जो जरूरी है, उसकी रक्षा की जा सके। अमेरिकी राष्ट्रपति ने जापान, दक्षिण कोरिया समेत 14 देशों पर एक अगस्त 2025 से नई टैरिफ दरें लागू करने का एलान किया है। अमेरिका, जापान से कारें, कारों के कल-पुर्जे, फार्मास्यूटिकल्स और मशीन उपकरणों का आयात करता है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 14 देशों को चिट्ठी लिखकर सूचित किया है कि अगर वे यूएसए के साथ कोई समझौता नहीं करते हैं तो उन पर 1 अगस्त से हाई इम्पोर्ट टैरिफ लगाया जाएगा। यह दूसरी बार है जब ट्रंप ने कोई समयसीमा तय की है, इससे पहले उन्होंने अप्रैल में लगभग सभी देशों पर टैरिफ को 90 दिनों के लिए स्थगित कर दिया था।

ट्रंप के निशाने पर वो देश हैं जिनका अमेरिका के साथ बड़े पैमाने पर व्यापारिक असंतुलन बना हुआ है। इनमें जापान (2024 में 68.5 बिलियन डॉलर का सरप्लस), दक्षिण कोरिया (66 बिलियन डॉलर), थाईलैंड (45.6 बिलियन डॉलर) और इंडोनेशिया (17.9 बिलियन डॉलर) शामिल हैं।

अगर दक्षिण कोरिया की बात करें तो वो पहले से ही स्टील और ऑटोमोबाइल पर सेक्टर स्पेसिफिक शुल्कों के बोझ तले दबा हुआ है। उसे अमेरिका के 25 प्रतिशत टैरिफ वद्धि का सामना करना पड़ रहा है। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार वाई सुंग-लैक ने सोमवार को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से मुलाकात के बाद कहा कि वाशिंगटन ने सहमति व्यक्त की और उम्मीद जताई कि दोनों पक्ष निकट संपर्क के माध्यम से 1 अगस्त से पहले किसी समझौते पर पहुंच जाएंगे।

अमेरिका का करीबी सहयोगी और देश में विदेशी निवेश का सबसे बड़ा सोर्स, जापान को अपने प्रमुख ऑटो उद्योग पर 25 प्रतिशत कर से भी निपटना पड़ता है। अब उसे अन्य वस्तुओं पर भी इसी प्रकार का कर चुकाना पड़ रहा है, जो अप्रैल में घोषित 24 प्रतिशत से ज्यादा है, लेकिन पिछले सप्ताह राष्ट्रपति की ओर से घोषित ÷30 प्रतिशत, 35 प्रतिशत या जो भी संख्या हम निर्धारित करें÷ की धमकी से बेहतर है। ट्रंप ने जापान की आलोचना की है कि उसने अमेरिकी चावल और वाहनों के लिए अपना बाजार पर्याप्त रूप से नहीं खोला है।

अर्थव्यवस्था मंत्री एयरलांगा हार्टार्टो ने हाल ही में एएफपी को बताया कि 32 प्रतिशत टैरिफ का सामना कर रहा जकार्ता, समझौते को अंतिम रूप देने के लिए अमेरिका से अपने कृषि और ऊर्जा आयात को बढ़ाने की योजना बना रहा है। इंडोनेशिया ने सोमवार को पहले ही घोषणा कर दी थी कि उसने अगले पांच वर्षों के लिए प्रतिवर्ष कम से कम दस लाख टन अमेरिकी गेहूं आयात करने के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसकी कीमत 1.25 अरब डॉलर होगी।

# लोहिया पर्यावरणीय उद्यान पार्क में 200 पौधों का किया गया रोपण

**वृहद पौधरोपण कार्यक्रम**

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 09 जुलाई 2025 को 'एक पेड़ माँ के नाम' विषयवस्तु पर आधारित वृक्षारोपण महाअभियान में जनपद में लगभग 5495000 पौधे रोपित किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके क्रम में जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र के द्वारा लोहिया पर्यावरण उद्यान पार्क जौनपुर में अमलतास, बाटलब्रश, गुलाचीन सहित अन्य पौधे लगाये गये। जिलाधिकारी ने पार्क में भ्रमण हेतु आने वाले सभी लोगो से 'एक पेड़ माँ के नाम' अवश्य लगाने की अपील की। उन्होने कहा कि पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन के लिए पौधरोपड़ अति आवश्यक है। इसका उद्देश्य जिले में हरित आवरण को बढ़ाना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगो में जागरूकता उत्पन्न करना है। इन पौधों के रोपण से न केवल जिले की हरियाली बढ़ेगी, बल्कि जैव विविधता को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि हमारा भविष्य हमारे पर्यावरण पर निर्भर करता है। प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा मां के नाम लगाकर उसके पोषण की जिम्मेदारी लेनी चाहिए जिससे हम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ और हरा-भरा वातावरण दे सकें। उद्यान पार्क में मुख्य रूप से फल फूल एवं छायादार प्रजातियों के पौधे रोपे गए, जिनमें टिकोमा, बाटलब्रश, मौलश्री, अमलताश, गुलाचीन आदि पौधे शामिल थे। कार्यक्रम में जिला उद्यान अधिकारी एवं अन्य सभी स्टाफ, पर्यावरण प्रेमी भी उपस्थित थे, जिन्होंने इस पहल को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। इसी क्रम में जिलाधिकारी के द्वारा जनसुनवाई के दौरान फरियादियों में भी पौधों का वितरण किया गया। उन्होने जनपदवासियो से भी अपील की है कि सभी लोग 01 पेड़ अपने मां के नाम अवश्य लगाये क्योकि वृक्ष रहेगा तभी हमारा जीवन रहेगा। पौधरोपण कार्यक्रम अन्तर्गत जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में विकास खण्डों, विद्यालयों, ग्रामीण महिलाओं आदि द्वारा पर्यावरण से सम्बन्धित कार्यक्रम गीत आदि के माध्यम से आमजन में पर्यावरण तथा पौधरोपण के महत्व को लेकर जागरुकता उत्पन्न की गयी। 09 जुलाई 2025 को जनपद प्रभारी मंत्री एके शर्मा के नेतृत्व में विकास खण्ड सुईथाकला के कम्बरपुर में वृहद पौधरोपड़ किया जाएगा और 10 जुलाई 2025 को पीली नदी के तट पर वृहद पौधरोपड़ करने का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसके दृष्टिगत जिलाधिकारी के द्वारा स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया गया तथा सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी बदलापुर योगिता सिंह, खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## चौकियां कुंड में डूबने से युवक की मौत, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

**जौनपुर।** लाइन बाजार थाना क्षेत्र स्थित शीतला चौकियां धाम मंदिर के पास बने तालाब में मंगलवार सुबह एक युवक की डूबकर मौत हो गई। मृतक की पहचान शिवम मौर्य (20 वर्ष) पुत्र विजयी मौर्य, निवासी जमालपुर, थाना सरायख्वाजा के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवम अपने दो दोस्तों–राम सागर मौर्य और राजन मौर्य (दोनों निवासी जमालपुर)–के साथ सुबह टहलने के लिए चौकियां धाम आया था। मंदिर परिसर के बगल में स्थित तालाब को देखकर शिवम नहाने चला गया, जबकि उसके दोस्त किनारे बैठे रहे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक शिवम ने तालाब की सीढ़ियों पर कपड़े उतारे और सुरक्षा रेलिंग पार कर गहरे पानी में चला गया। तैरना न आने के कारण वह पानी में डूब गया। घटना का पूरा दृश्य तालाब में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गया, जिसमें युवक को अकेले पानी में उतरते हुए देखा जा सकता है।शिवम को डूबता देख उसके साथियों ने शोर मचाया और आसपास के लोगों से मदद मांगी। स्थानीय युवकों ने तत्काल तालाब में खोजबीन शुरू की, लेकिन सफलता नहीं मिली। सूचना मिलने पर डायल 112, स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने रस्सी और कटिया की मदद से शव को बाहर निकाला।

# जूडो क्लस्टर प्रतियोगिता का डीआईजी ने किया समापन



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** डीआईजी ने 28वीं वाराणसी जोन की अन्तर्जनपदीय जूडो कलस्टर (महिला/पुरूष), बुशु, ताइक्कांडो, कराटे और पेंचक सिलाट प्रतियोगिता (2025) का किया समापन; फाइनल प्रतियोगिता में जूडो कलस्टर (महिला/पुरूष) में जनपद आजमगढ़, बुशु में जनपद जौनपुर (पुरूष), ताइक्कांडो (महिला / पुरूष) में जनपद चंदौली व जौनपुर व पेंचक सिलाट में जनपद गाजीपुर (पुरूष) में विजेता रही। पुलिस उप-महानिरीक्षक आजमगढ़ परिक्षेत्र आजमगढ़ सुनील कुमार सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ हेमराज मीना द्वारा पुलिस लाइन्स आजमगढ़ के प्रांगण में 28वीं वाराणसी जोन की अन्तर-जनपदीय जूडो कलस्टर (महिला/पुरूष), बुशु, ताइक्कांडो, कराटे और पेंचक सिलाट प्रतियोगिता (2025) का शुभारम्भ किया गया था। प्रतियोगिता में कुल 09 जनपदों के कुल 105 (पुरूष-77 व महिला-28) प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया था। जनपद आजमगढ़ से 30, जौनपुर से 20, बलिया व गाजीपुर से 12-12, मिर्जापुर से 11, चंदौली से 07, भदोही से 06, वाराणसी से 05 तथा जनपद मऊ से 02 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया गया था। प्रतियोगिता के फाइनल विजेता जूडो कलस्टर (महिला/पुरूष) में जनपद आजमगढ़, बुशु में जनपद जौनपुर (पुरूष), ताइक्कांडो में जनपद चंदौली (पुरूष) व जौनपुर (महिला) व पेंचक सिलाट में जनपद गाजीपुर विजेता रही।

## संक्षिप्त समाचार

### अंडरपास नहीं बनने के विरोध में प्रदर्शन

**जौनपुर, अवधनामा संवाददाता।** जंघई जफराबाद रेलखंड पर जज सिंह अन्ना के नेतृत्व में जंघई जक्सन जरौना हाल्ट के बीच रामपुर चौथार गांव में रेल -अंडरपास की मांग को लेकर ग्रामीण रेल पटरी किनारे खड़े होकर प्रदर्शन किया और अपनी मांग करते रहे । वक्ताओं ने कहा कि मछली शहर ब्लॉक के थाना मीरगंज अंतर्गत रामपुर चौथार में रेल अंडरपास नहीं बनेगा तो रेल आंदोलनकारी रेल रोको आंदोलन किया जायेगा । इस अंडरपास की मांग 25 वर्षों से की जा रही है लेकिन कोई रेल का अधिकारी अभी तक संज्ञान में नहीं लिया है । जंघई जंक्शन से 6 किलोमीटर दूरी पर गांव सभा रामपुर चौथार स्थित है और जरौना रेलवे स्टेशन से 3 किलोमीटर दूरी पर रामपुर चौथार स्थित है । इन रोड भटहर गांव सभा से कमासिन रोड पर अंडरपास की मांग की जा रही है किसान अपना ट्रैक्टर शादी विवाह और रोज का यातायात अन्डरपास नहीं होने के कारण यात्रा करने में असमर्थ है।

### 01 खोया व 10 पनीर के नमूने किये एकत्रित



**आजमगढ़, अवधनामा संवाददाता।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ तथा जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में जनपद में विशेष अभियान चलाकर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की गठित टीम द्वारा नरौली से 01 पनीर का नमूना, हरवंशपुर से 01 पनीर का नमूना, सर्फुद्दीनपुर से 01 पनीर का नमूना, सिधारी से 01 पनीर का नमूना, रेलवे स्टेशन तिराहा से 01 पनीर का नमूना, सरायमीर से 01 पनीर का नमूना, रानी की सराय से 01 पनीर का नमूना, बिलरियागंज से 01 पनीर का नमूना, बिन्द्रा बाजार से 01 पनीर का नमूना तथा बेलईसा से 01 पनीर व 01 खोया का नमूना संग्रहित किया गया। इस प्रकार पनीर व खोया के कुल 11 नमूनें संग्रहित कर जांच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया गया। सहायक आयुक्त (खाद्य)-।। आज़मगढ़ श्री सुशील कुमार मिश्र ने बताया कि छापेमार कार्यवाही आगामी पर्वो के दृष्टिगत अनवरत रूप से जारी रहेगी। उक्त छापेमार दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण श्री रजनीश कुमार, श्री गोविन्द यादव, श्री संजय कुमार तिवारी, श्री सुचित प्रसाद, श्री लालमणि यादव, श्री शीत कुमार सिंह, श्री अमर नाथ, श्रीमती बेबी सोनम, श्री राजीव कुमार सिंह सम्मिलित रहें।

### चेयरमैन संगीता गुप्ता ने सफाई कर्मियों को लेकर की बैठक



**मैनपुरी, अवधनामा संवाददाता।** नगर पालिका परिषद के मीटिंग हाल में सफाई कर्मियों को लेकर प्रशसनिक अधिकारी और चेयरमैन संगीता गुप्ता ने बैठक ली, सभी सड़क पर सफाई का पूरा ध्यान रखा जाए, सावन के महीने में शिव मंदिरों के आस पास सफाई या चुना डाल कर रखा जाए, जिस से शिव मंदिर में दर्शन करने वाले लोगों को आपत्ति ना हो, नाले या रोशनी की व्यवस्था वर्षा आने से पहले से ही हो गई है, किसी सफ़ाई कर्मी ने सफ़ाई नहीं की तो उस्की एक दिन की तंखा काट दी जाएगी या दंडित भी किया जाएगा यह दिशा निर्देश नगर पालिका परिषद के प्रशाशनिक अधिकारी ने जारी किया।

### नहर में मिली 21 साल के युवक की लाश, बहन के घर से लौटते वक्त हुई मौत

**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** बारा थाना क्षेत्र के चदैया बारी गांव की नहर में युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। उसकी शिनाख्त शुभम बिंद (21) के रूप में हुई। शुभम अपनी बहन के घर रिंगवा गांव गया था। वह मौसी के बेटे अनिल के साथ शाम को ही वापस लौट गया था। परिजनों ने बताया कि शुभम और अनिल सोमवार शाम को घर से निकल गए थे। सुबह गांव वालों ने नहर में शव को तैरते देखा। मृतक के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। शुभम दो भाइयों में छोटा था और कुछ दिन पहले मुंबई से घर आया था। बारा पुलिस ने शव को नहर से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मौत के कारणों का पता चलेगा। परिजनों का कहना है कि शुभम की किसी से दुश्मनी नहीं थी। वह मिलनसार स्वभाव का था। उसकी अचानक मौत और शव का नहर में मिलना संदेह पैदा करता है।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** यमुना नगर में हावड़ा रेल मार्ग पर 25 वर्षीय युवक का शव मिला है। मृतक की पहचान सूरज के रूप में हुई है। वह गुजरात की एक निजी कंपनी में काम करता था। करछना पुलिस ने मौके से मृतक का मोबाइल फोन बरामद किया। इससे उसकी पहचान में मदद मिली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के पिता अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि सूरज तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। वह एक सप्ताह पहले ही गुजरात से कमाकर घर लौटा था। घर आने के बाद वह गलत संगत में पड़ गया था। उसके दोस्तों ने उसे शराब की लत लगा दी थी। सूरज पिछले दो दिनों से बिना किसी को बताए घर से गायब था। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। मंगलवार सुबह रेलवे लाइन के पास उसका शव मिलने की सूचना से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

### पंचायती राज समिति ने किया लेटे हनुमान जी व मनकामेश्वर महादेव का दर्शन



**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश विधान मण्डल की पंचायती राज समिति के अध्ययन भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत समिति के सभापति लोकेंद्र प्रताप सिंह, सुरेन्द्र चौरसिया, राज प्रसाद उपाध्याय आदि सदस्यों ने मंगलवार को मनकामेश्वर महादेव मंदिर, शिवालय पार्क, भारद्वाज मुनि मन्दिर में दर्शन पूजन किया। मंगलवार को सर्किट हाउस में प्रस्तावित पंचायती राज समिति की बैठक से पहले समिति के सदस्यों ने उक्त भ्रमण कर प्रयागराज की ऐतिहासिक धार्मिक धरोहरों को देखा समझा। समिति में बतौर सदस्य शामिल भाजपा प्रदेश महामंत्री विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ 2025 के दिव्य भव्य आयोजन ने पूरी दुनिया में प्रयागराज को एक अलग पहचान दी है। इस दौरान भाजपा प्रयागराज महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, अरुण पटेल, संजय राजन, विजय पटेल, विजय श्रीवास्तव, राजेश केसरवानी, विवेक मिश्रा, विश्वास श्रीवास्तव आदि बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### प्रतीक की हैट्रिक सोनमती क्लब को मिली जीत



**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** सोनमती क्लब में फोर्ड क्लब को पांच विकेट से हराकर स्वर्गीय राम मूर्ति त्रिपाठी स्मृति अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। इस जीत में प्रतीक तिवारी (3-1-05-3) ने हैट्रिक सहित तीन विकेट लिए। ईश्वर शरण इंटर कॉलेज मैदान पर मंगलवार को खेले गए मैच में फोर्ड क्लब ने 17.3 ओवर में 106 रन (पीयूष मिश्रा 66, कुणाल मिश्रा 12, आयुष सिंह 11, प्रतीक तिवारी 3/05, सुदर्शन शुक्ला 2/23, शुभ मंगल, प्रिंस विश्वकर्मा और प्रांजल यादव एक-एक विकेट) बनाए।जवाब में सोनामती क्लब ने 15.2 ओवर में पांच विकेट पर 107 रन (अमन सिंह 42, मृत्युंजय 18 नाबाद, आनंद कुमार व श्रेयांश 11-11, कुणाल मिश्रा 2/27, अश्वनी तिवारी, आह्वान तिवारी, सौरभ तिवारी व अर्जित सिंह एक-एक विकेट) बना लिए। प्रतीक तिवारी को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# जनसहभागिता द्वारा हरित भारत निर्माण में योगदान देना है: प्रीतेश



**वन महोत्सव के अवसर पर कॉलकॉम संस्था की पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उल्लेखनीय पहल**

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** राष्ट्रीय समन्वयक प्रीतेश मिश्रा एवं हरित परियोजना के समन्वयक अभय कुमार यादव के मार्गदर्शन में वन महोत्सव के अंतर्गत एक व्यापक पौधरोपण अभियान की शुरुआत की गई। इस अभियान के तहत संस्था की टीम ने वन विभाग व कृषि विभाग के अश्वनी सिंह से समन्वय स्थापित कर पर्यावरण एवं कृषक हित में उपयुक्त स्थलों का चयन करते हुए पौधारोपण कार्य प्रारंभ किया। इस कार्य में संस्था के वालंटियर्स अवनीश यादव अमित कुमार, शिवाकांत मिश्रा एवं अन्य सक्रिय सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। अभियान के पहले दो दिनों में लगभग 5000 से अधिक पौधों का वितरण कर, विभिन्न स्थलों पर उनका रोपण सुनिश्चित किया गया। संस्था का मुख्य उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि समाज में पर्यावरणीय चेतना का संचार कर, जनसहभागिता के माध्यम से हरित भारत के निर्माण में योगदान देना है। अगले 2-3 दिनों तक आज़मगढ़ जनपद में चिन्हित स्थानों पर यह अभियान जारी रहेगा। संस्था का यह प्रयास आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, संतुलित एवं हरित पर्यावरण उपलब्ध कराने की दिशा में एक सकारात्मक एवं प्रेरणादायक कदम है। हरित भविष्य के लिए हर एक पौधा, प्रकृति से किया गया एक संकल्प है।

# स्कूल विलय के विरोध में शिक्षकों ने बुलंद की आवाज

अवधनामा संवाददाता



**स्कूलों विलय, प्रधानाध्यापकों व रसोईयों के पदों की समाप्ति स्वीकार नहीं : अरविंद**

**चरणबद्ध आंदोलन के तहत बीएसए कार्यालय परिसर में किया गया विरोध प्रदर्शन**

**जौनपुर।** स्कूल विलय, अधिसंख्यक प्रधानाध्यापकों, विलय स्कूल वाले रसोइयों के पदों एवं अन्य शिक्षक मांगो के समर्थन में मंगलवार को बीएसए कार्यालय परिसर में शिक्षकों ने जोरदार धरना प्रदर्शन किया। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अरविंद की अगुवाई में शिक्षकों ने सरकार के असहयोगात्मक रुख पर कड़ा एतराज जताया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश शर्मा के आह्वान पर चलाए जा रहे चरणबद्ध आंदोलन के क्रम में हुए इस विरोध प्रदर्शन में शिक्षकों की काफी बड़ी संख्या से उत्साहित जिलाध्यक्ष ने कहा कि स्कूलों का विलय, सरप्लस प्रधानाध्यापकों व रसोईयों के पदों की समाप्ति संघ को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं है। शुक्ल ने कहा कि शिक्षक, शिक्षार्थी व शिक्षा व्यवस्था के हित में सरकार इस प्रकार के निर्णय को वापस ले। लोकतंत्र में शिक्षा के हितों से जुड़ी चीजों की अनदेखी अनुचित है। उन्होंने अपने इन महत्वपूर्ण मांगों के अलावा, पुरानी पेंशन योजना की बहाली, शिक्षकों के अवकाशों से संबंधित मांग, राज्यकर्मियों की तरह शिक्षकों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा, स्कूल का समय सुबह 7ः30 से 12ः30 बजे तक किए जाने, 12 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर माध्यमिक शिक्षकों की तरह प्रोन्नत वेतनमान आदि मुद्दों को भी जोरदारी के साथ उठाया। विरोध प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री को संबोधित 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा गया। धरना प्रदर्शन का संचालन रामदुलार ने किया। इस मौके पर रवि चंद्र यादव जिला मंत्री, लाल साहब यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष ,शिवेंद्र सिंह रानू ,वीरेंद्र सिंह , संजय यादव, प्रमोद दुबे, दीपक सिंह ,राकेश यादव, विक्रम प्रकाश यादव, पवन कुमार सिंह, अनिल कुमार यादव ,सन्त राम सहित सकैडो शिक्षक मौजूद रहे।

## उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने किया भ्रमण

**आजमगढ़।** मध्य प्रदेश के उद्योग विभाग के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल द्वारा आजमगढ़ का भ्रमण किया गया, जिसमें आजमगढ़ की प्रसिद्ध ब्लैक पाटरी कलस्टर स्थित कामन फैसिलीटी सेन्टर (सीएफसी) का दौरा किया गया। यह दौरा वरिष्ठ उद्योग अधिकारी, संयुक्त आयुक्त उद्योग एवं जिला उद्योग प्रो0 तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, आजमगढ़ के डिप्टी कमिश्नर की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। उक्त प्रतिनिधि मण्डल द्वारा आजमगढ़ कलस्टर में अपनाई गयी श्रेष्ठ कार्य प्रणालियों, नवाचारों एवं सीएफसी संचालन के माडल को विस्तार से समझा गया। साथ ही एसपीवी सदस्यों से चर्चा कर ब्लैक पाटरी कलस्टर के संचालन, आत्म निर्भरता और सतत विकास से जुड़े पहलुओं की जानकारी ली गयी। उक्त प्रतिनिधि मण्डल ने आजमगढ़ ब्लैक पाटरी कलस्टर को कलस्टर विकास एवं सस्टेनेबिलिटी के क्षेत्र में बेस्ट प्रैक्टिस के रूप में सराहते हुये इसे मध्य प्रदेश के अन्य कलस्टरों के लिये प्रेरणा स्रोत बताया। इस प्रकार मध्य प्रदेश के उद्योग विभाग के उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मण्डल द्वारा की गयी यह विजिट आपसी सीख और पारस्परिक अनुभवों के आदान प्रदान का उत्कृष्ट उदाहरण रही।

# 12 जुलाई से शास्त्री पुल-हंडिया तक एक लेन कांवड़ियों के लिए रिजर्व

अवधनामा संवाददाता



**कांवड़ यात्रा के लिए प्रयागराज में विशेष इंतजाम, बड़े वाहनों को वैकल्पिक मार्ग**

**कांवड़ियों की सुविधा, सुरक्षा तथा अपराध पर लगाम लगाने हेतु अपराधियों पर सतर्क दृष्टि बनाए रखने हेतु सीपी ने गोष्ठी कर मातहतों को दिया कड़ा निर्देश**

**प्रयागराज।** पुलिस आयुक्त प्रयागराज जोगेन्द्र कुमार ने रिजर्व पुलिस लाइन्स त्रिवेणी सभागार में अपर पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था व अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय के साथ आगामी श्रावण मास एवं कानून-व्यवस्था के सम्बन्ध में गोष्ठी आयोजित कर निम्न दिशा-निर्देश दिये। आगामी श्रावण मास में कांवड़ियों के सुगम यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने क्षेत्रों में बैरिकेडिंग लगवाना सुनिश्चित करें। गोष्ठी में कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम आवागमन और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। सभी थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्रों में बैरिकेडिंग, सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर गश्त और समय-समय पर चेकिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। महिला सुरक्षा पर विशेष जोर देते हुए संबंधित शिकायतों को प्राथमिकता से हल करने को कहा गया है।

कांवड़ियों के मार्गो में उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार पुलिसबल एवं 112 के वाहनों की तैनाती की जाये एवं समय-समय पर उच्चाधिकारीगण द्वारा उनकी चेकिंग सुनिश्चित की जाये। प्रमुख मार्गो एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर प्रभावी गश्त एवं चेकिंग किये जाने हेतु थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया। महिला सम्बन्धी अपराधों पर तत्काल कार्रवाई की जाये तथा पीड़ित महिला की शिकायत को उच्च प्राथमिकता प्रदान कर उनकी समस्या का समाधान किया जाये। जनसुनवाई पर विशेष ध्यान देते हुए पुलिस आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि जनमानस से प्राप्त होने वाली जनशिकायतों व आई0जी0आर0एस0 को गंभीरता से लिया जाये एवं प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। हिस्ट्रीशीटर अपराधियों एवं अन्य सक्रिय अपराधियों की सूची अपडेट कर नियमित सत्यापन एवं निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये।

उक्त गोष्ठी में समस्त पुलिस उपायुक्त, समस्त सहायक पुलिस आयुक्त व थाना प्रभारियों तथा अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# एसीपी करछना वरुण कुमार ने अमेरिका में रचा इतिहास

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** प्रयागराज कमिश्नरेट में तैनात एसीपी करछना वरुण कुमार ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उन्होंने अमेरिका में आयोजित वर्ल्ड पुलिस फायर गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व किया। प्रतियोगिता के रनिंग और शूटिंग इवेंट में उन्होंने सिल्वर मेडल हासिल किया। इस उपलब्धि से न केवल भारत का नाम विश्व स्तर पर रोशन हुआ है, बल्कि उत्तर प्रदेश पुलिस को भी अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली है। एसीपी वरुण कुमार की यह जीत प्रयागराज पुलिस के लिए गौरव का क्षण है। एसीपी वरुण कुमार प्रयागराज में एसीपी करछना के पद पर है। उन्होंने अपने कार्यों को बखूबी निभाया है। यमुनापार के अपने सर्किल में विभाग के साथ आम जनता को समझने का साथ किसी भी समस्या का निराकरण बड़े ही सरलता से किया है। वरुण कुमार ने अपने कार्यक्षेत्र में विभागीय जिम्मेदारियों के साथ-साथ आम जनता की समस्याओं का भी समाधान करते रहे है।

# गंगा-यमुना के बढ़ते जलस्तर के मद्देनजर नाव चलाने पर रोक

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** प्रयागराज में गंगा-यमुना उफान पर हैं। नदियों में लगातार पानी बढ़ रहा है। ऐसे में खतरे को देखते हुए प्रशासन की ओर से गाइड लाइन जारी किया गया है। लोगों से सतर्क रहने को कहा गया है। ऐहतियात के तौर पर नावों के संचालन पर भी रोक लगा दी गई।

डीएम रविन्द्र मांदड ने सुरक्षा कारणों से नौका विहार पर रोक लगा दी है। नाविकों से नदियों में न जाने की अपील की गई है। श्रद्धालुओं को भी वापस लौटाया जा रहा है। घाट के किनारे काम करने वाले पुरोहितों को अपने स्थान बदलने पड़े हैं। नाविक जो यजमानों को संगम तक ले जाते थे, उनकी आजीविका भी प्रभावित हुई है। संगम और अरैल घाट पर सभी नावें किनारे पर खड़ी हैं।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि बाढ़ के दौरान नदी में नौका विहार से लोगों की सुरक्षा को खतरा हो सकता है। इसलिए जब तक जलस्तर सामान्य नहीं होता, नाव सेवा बंद रहेगी।

संगम और अरैल घाट पर डीएम के निर्देश के बाद से नौका विहार बंद करा दिया गया है। जिससे नाव सेवा बंद है। अरैल घाट पर पहले आने वाली बाहरी यात्रियों को संगम तक ले जाने और और नौका विहार कराने में कमाई हो जाती थी। लेकिन बाढ़ के बाद डीएम ने निर्देश जारी कर दिया है। जिसके बाद से घाट पर ही सभी को नावें खड़ी हो गई है। नौका विहार के लिए मिलने वाली सवारियों को भी मना कर दिया जा रहा है।

# मनकामेश्वर मंदिर में पॉलीथिन से नहीं चढ़ा सकेंगे दूध

**प्रयागराज के इस मंदिर में सावन में होती है सबसे ज्यादा भीड़, मंदिर प्रबंधन ने लिया निर्णय**

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** 11 जुलाई से पवित्र सावन मास की शुरूआत हो रही है। ऐसे में प्राचीन मनकामेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं की सबसे ज्यादा भीड़ होती है। मंदिर प्रबंधन की ओर से निर्णय लिया गया है कि श्रद्धालु पैकेट या पालीथिन से भगवान के शिवलिंग पर दूध नहीं चढ़ा सकेंगे। श्रद्धालुओं को अपने साथ कोई भी पात्र लाना होगा जिससे वह दूध भगवान भोले को चढ़ा पाएं।

श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर के महंत श्रीधरानंद ब्रह्मचारी ने बताया कि इस व्यवस्था की शुरूआत की जा रही है। अमूमन देखा जाता है कि श्रद्धालु पैकेट का दूध खरीदकर लाते हैं और शिवलिंग पर चढ़ाते हैं लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। शास्त्रों में भी शिवलिंग पर जल चढ़ाने के लिए सोने, चांदी, पीतल या तांबे के पात्र का प्रयोग किए जाने का जिक्र है।

प्राचीन मनकामेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं के कपड़े को लेकर भी अब नई व्यवस्था शुरू होने जा रही है। यहां अभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं को पैंट या जींस नहीं बल्कि धोती पहनना होगा। जबकि महिलाओं को साड़ी में अभिषेक करना होगा। यह नई व्यवस्था सावन महीने के पहले से दिन ही लागू होगी। श्री मनकामेश्वर मंदिर के महंत श्रीधरानंद ब्रह्मचारी ने बताया, यह नया नियम 11 जुलाई से लागू होने जा रहा है। पुरुष श्रद्धालु धोती के साथ शर्ट या कुर्ता पहन सकते हैं। महिलाओं को साड़ी या सूट सलवार में अभिषेक करना अनिवार्य होगा। सावन मास के बाद भी यही नियम हमेशा के लिए लागू रहेगा। इसी तरह पिछले साल ही मनकामेश्वर मंदिर में आदेश जारी किया गया था यहां आने वाले श्रद्धालु कटे फटे जींस आदि पहनकर नहीं आ सकते हैं।

महंत श्रीधरानंद बताते हैं कि श्रद्धालुओं को धोती साथ लेकर आना होगा। यदि उनके पास धोती नहीं है या धोती नहीं लाते हैं तो मंदिर में ही उन्हें धोती उपलब्ध कराई जाएगी। इसे पहनकर ही श्रद्धालु को अभिषेक करना होगा। अभिषेक पूर्ण होने के बाद धोती मंदिर प्रशासन को लौटाना होगा।

महंत कहते हैं कि आराध्य की स्तुति में वस्त्र का विशेष महत्व होता है। ऐसा नहीं होना चाहिए कि जो भी मन करे वह पहनकर पूजन कर लिया। दरअसल, धोती पवित्र होती है उसे पहनकर पूजा या अभिषेक करने से आराध्य के प्रति सम्मान और भक्ति के प्रति भाव प्रकट होता है।

# कसीनो कारोबार से जुड़ा विवादित विधेयक वापस लिया गया, राजनीतिक अस्थिरता की वजह से सरकार का यूटर्न

**नई दिल्ली।** थाईलैंड में राजनीतिक संकट के बीच मंगलवार को एक विवादास्पद विधेयक वापस ले लिया, जिसका उद्देश्य कसीनो को वैध बनाना है। पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री पैतोंगतर्न को संवैधानिक न्यायालय ने निलंबित कर दिया था। उन पर राष्ट्रीय हितों को नुकसान पहुंचाने का आरोप है।

थाईलैंड की कैबिनेट ने कसीनो को वैध बनाने से संबंधित विवादास्पद विधेयक को वापस ले लिया। यह कदम उस समय उठाया गया है जब प्रधानमंत्री पेतोंगतार्न शिनावात्रा को नैतिकता की जांच के चलते निलंबित कर दिया गया है।

उप वित्त मंत्री जुलापुन अमोर्नविवात ने कहा कि सरकार केवल विधेयक को स्थगित कर रही है और इसे सही समय पर दोबारा पेश किया जाएगा। उन्होंने मौजूदा राजनीतिक स्थिति और कैबिनेट फेरबदल को फैसले के पीछे का कारण बताया। उप वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार को जनता के लिए विधेयक के लाभों को समझाने के लिए और समय चाहिए। उन्होंने इस विलंब को

**निलंबित**

**विधेयक की वापसी से पहले पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री पैतोंगतर्न को संवैधानिक न्यायालय ने निलंबित कर दिया था। उनके और एक वरिष्ठ कम्बोडियाई नेता के बीच हुई फोन कॉल लीक हो गई थी।**



दुखदायी बताया। यह विधेयक, जिसे एंटरटेनमेंट कॉम्प्लेक्स विधेयक के नाम से भी जाना जाता है। इसे पहली बार जनवरी में कैबिनेट द्वारा मंजूरी दी गई थी और संसद में समीक्षा का इंतजार किया जा रहा था। अगर विधेयक पारित हो जाता है, तो होटल, मॉल, थीम पार्क और सम्मेलन केंद्र जैसी सुविधाओं के साथ कैसीनो को संचालित करने की अनुमति मिल जाती।

विधेयक की वापसी से पहले पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री पैतोंगतर्न को संवैधानिक न्यायालय ने निलंबित कर दिया था। उनके और एक वरिष्ठ कम्बोडियाई नेता के बीच हुई फोन कॉल लीक हो गई थी। इससे राजनीतिक अस्थिरता बढ़ गई थी। पैतोंगतर्न पर यह आरोप लगे हैं कि उन्होंने राष्ट्रीय हितों को नुकसान पहुंचाया है।

शासन में शामिल फिउ थाई पार्टी का कहना है कि यह विधेयक निवेश को आकर्षित करने, पर्यटन को बढ़ावा देने और अवैध जुए की समस्या से निपटने में मदद करेगा।

हालांकि, इसे जनता और भूतपूर्व सहयोगी भूमजैथाई पार्टी से कड़े विरोध का सामना करना पड़ा, जिसने हाल ही में सरकार से समर्थन वापस ले लिया।

फिउ थाई पार्टी ने स्पष्ट किया है कि कसीनो इस योजना का एक छोटा हिस्सा हैं और मुख्य उद्देश्य पर्यटन और अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना है।

## टोयोटा इनोवा हाईक्रॉस को 5-स्टार सुरक्षा रेटिंग मिली



**बरेली।** सुरक्षा के प्रति टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की अडिग प्रतिबद्धता के एक महत्वपूर्ण प्रमाण के रूप में, बहुप्रशंसित इनोवा हाईक्रॉस को भारत न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम (भारत एनसीएपी) के तहत 5-स्टार सुरक्षा रेटिंग दी गई है। यह भारत की सबसे व्यापक वाहन सुरक्षा मूल्यांकन संरचना है। इस उपलब्धि से अपने मूल्यवान ग्राहकों को हमेशा सुरक्षित मोबिलिटी समाधान प्रदान करने की कंपनी की अटूट और अंतर्निहित चाहत का पता चलता है। वयस्क और बच्चे - दोनों तरह के सवारों की सुरक्षा के लिए 5-स्टार सुरक्षा रेटिंग प्राप्त हुई है। नई दिल्ली में माननीय केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने कॉरपोरेट मामले एवं गवर्नेंस के कंट्री हेड एवं ईवीपी श्री विक्रम गुलाटी और सीसीओ, एसवीपी एवं राज्य मामलों के प्रमुख श्री सुदीप दलवी को प्रमाण पत्र सौंपा।टोयोटा न्यू ग्लोबल आर्किटेक्चर (टीएनजीए) प्लैटफ़ॉर्म पर निर्मित, इनोवा हाईक्रॉस को दुर्घटना सुरक्षा और संरचनात्मक मजबूती सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस उपलब्धि पर बोलते हुए, बिक्री-सेवा-प्रयुक्त कार व्यवसाय के उपाध्यक्ष, वरिंदर वाधवा ने कहा, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर में, सुरक्षा हमारे उत्पाद विकास, विनिर्माण प्रक्रिया और साथ ही हमारे ग्राहक-प्रथम दृष्टिकोण का मूलभूत स्तंभ है। इनोवा हाईक्रॉस इस प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जो एक ऐसा मोबिलिटी अनुभव प्रदान करता है जहाँ स्वामित्व का अनुभव प्रदर्शन और आराम जितना ही महत्वपूर्ण है। इनोवा हाईक्रॉस के लिए 5-स्टार भारत एनसीएपी रेटिंग इस दर्शन की मान्यता है क्योंकि यह हमारे ग्राहकों को आश्वस्त करती है कि वे न केवल उन्नत और टिकाऊ मोबिलिटी में निवेश कर रहे हैं बल्कि सबसे सुरक्षित वाहनों में से एक में भी निवेश कर रहे हैं।सुरक्षा की मानसिकता के साथ, हम उन्नत सुरक्षा को सुलभ बनाने के लिए मानक को बढ़ाना जारी रखेंगे, जिससे सुरक्षित और विश्वसनीय गतिशीलता में अग्रणी के रूप में टोयोटा ब्रांड में विश्वास मजबूत होगा।

## इनोवेशन की ताकत के साथ विश्व गुरु बनेगा भारत



**नई दिल्ली।** पीडब्ल्यूसी की रिपोर्ट के अनुसार नवाचार के केंद्र के रूप में उभर रहा भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था का नेतृत्व करने के लिए तैयार है। देश पारंपरिक क्षेत्र की सीमाओं को पार करते हुए विकास के नए क्षेत्रों में प्रवेश कर रहा है। वर्ष 2023 में भारत का इनोवेशन प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा। भारत इनोवेशन के क्षेत्र में तेजी से उभरता हुआ एक मजबूत खिलाड़ी बना जा रहा है। प्राइस वॉटरहाउस कूपर्स की रिपोर्ट के अनुसार भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था का नेतृत्व करने की राह पर है। इसमें कहा गया कि देश में मजबूत आर्थिक और औद्योगिक गति देखी जा रही है। इसका मुख्य कारण है विस्तारित विनिर्माण क्षेत्र और बढ़ती नवाचार क्षमताएं। पीडब्ल्यूसी की रिपोर्ट के अनुसार भारतीय संगठन मौलिक मानवीय और व्यावसायिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पारंपरिक क्षेत्र की सीमाओं को पार करते हुए विकास के नए क्षेत्रों में प्रवेश कर रहे हैं। वर्ष 2023 में भारत का इनोवेशन प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा। देश निम्न-मध्यम आय वाले देशों, मध्य और दक्षिणी एशिया में नवाचार रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर रहा। इसके अलावा, भारतीय कंपनियों द्वारा औद्योगिक डिजाइन के लिए किए गए आवेदन 2023 में 36.4 प्रतिशत बढ़े। यह उत्पाद डिजाइन, रचनात्मक उद्योगों और विनिर्माण क्षेत्र में बढ़ती रुचि को दर्शाता है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि वैश्विक सफलता से सीख लेते हुए भारतीय कंपनियां अब पारंपरिक उद्योग सीमाओं को तेजी से तोड़ रही हैं। कुछ कंपनियाँ जिन्होंने मोबाइल फोन के निर्माण से शुरुआत की थी, अब वित्त, स्वास्थ्य सेवा और मनोरंजन के क्षेत्र में भी अपना विस्तार कर रही हैं। वहीं, ऑटोमोबाइल कंपनियों ने अंतरिक्ष, ऊर्जा और संचार जैसे क्षेत्रों में प्रवेश किया है।

## लखनऊ में फीनिक्स पलासियो’ ने मनाया पांच साल पूरे करने का जश्न



**लखनऊ।** बीते पांच सालों में जिस एक नाम ने हर दिल में अपनी जगह बनाई है, वो है फीनिक्स पलासियो। 8 जुलाई को फीनिक्स पलासियो ने अपने पांच साल पूरे होने का जश्न मनाया। इस ख़ास मौके पर मॉल में भव्य आयोजन हुआ, जिसमें मशहूर अभिनेत्री सांविका पंचायत सीरीज़ फेम की मौजूदगी ने उत्सव को और भी खास बना दिया। इस मौके को खास बनाने के लिए केक कटिंग सेरेमनी की गई, जिसमें सांविका ने मॉल की टीम के साथ मिलकर केक काटा और उपस्थित दर्शकों के साथ अपनी ख़ुशियां साझा कीं। इसके बाद मॉल विज़िटर्स को सांविका से मिलने, बातचीत करने और तस्वीरें खिंचवाने का सुनहरा अवसर मिला। मॉल के हर कोने में रौनक, कैमरों की चमक और तालियों की गूंज रही। इस अवसर पर बताया गया कि फीनिक्स में चल रहा एवरी शॉपर इज़ अ विनर ऑफर 20 जुलाई तक जारी रहेगा। इसके तहत ग्राहकों को उनके फेवरेट ब्रांड पर 70त्न तक की छूट मिलेगी। तथा ?30,000 तक की शॉपिंग करने पर एक निश्चित उपहार मिलेगा तथा ?10,000 की शॉपिंग करने पर विदेश घूमने का मौका मिल सकता है। फीनिक्स पलासियो के पांच साल का यह सफ़र सिर्फ़ एक मॉल की कहानी नहीं है, बल्कि लखनऊ की बदलती लाइफस्टाइल, शानदार फैशन सेंस और शॉपिंग कल्चर का भी आईना बन चुका है।

## बंधन म्यूचुअल फंड ने बंधन मल्टी-फैक्टर फंड लॉन्च किया

**मुम्बई।** बंधन म्यूचुअल फंड ने अपना नया बंधन मल्टी-फैक्टर फंड लॉन्च करने की घोषणा की है, जो एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है। नया फंड एक बेहतर और विकसित मल्टी-फैक्टर क्वांटिटेटिव मॉडल थीम पर आधारित निवेश करती है। यह फंड चार समय की कसौटी पर परखे हुए निवेश कारकों - गति, मूल्य, गुणवत्ता और कम अस्थिरता - को एक ही पोर्टफोलियो में मिलाकर निवेशकों को डायवर्सीफाइड निवेश प्रदान करता है। न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) वीरवार, 10 जुलाई 2025 को खुलेगा और वीरवार, 24 जुलाई 2025 को बंद होगा। बंधन मल्टी-फैक्टर फंड में निवेश लाइसेंस प्राप्त सभी म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म या सीधे के माध्यम से किया जा सकता है।




नए फंड की शुरुआत के बारे में बात करते हुए श्री विशाल कपूर, सीईओ, बंधन एएमसी ने कहा जैसे-जैसे बाजार तेजी से प्रभावशाली होते जा रहे हैं, निवेशकों को ऐसी रणनीतियों की आवश्यकता है जो बिजनेस साइकिल्स के माध्यम से हालात के अनुसार ढल सें और लगातार मजबूत बने रहें। मल्टी-फैक्टर निवेश एक आकर्षक इक्विटी रणनीति के रूप में उभरा है, खासकर ऐसे बाजार में जहां कोई भी एक फैक्टर लगातार सभी हालात में अग्रणी नहीं होता है। तेजी के बाजारों में गति, रिकवरी के दौरान वैल्यू, मंदी में गुणवत्ता और अनिश्चित चरणों में कम अस्थिरता अच्छा प्रदर्शन करती है। इन कारकों को मिलाकर, बंधन मल्टी-फैक्टर फंड का लक्ष्य किसी एक फैक्टर पर निर्भरता को कम करना और ओवरऑल रिस्क-एडजेस्टेड रिटर्न को बढ़ाना है। पोर्टफोलियो का निर्माण प्रमुख टॉप 250 बड़ी और मिड-कैप कंपनियों के यूनिवर्स से किया गया है। प्रत्येक स्टॉक को चार फैक्टर्स पर स्कोर किया जाता है, जिसके बाद सबसे प्रभावी फैक्टर कॉम्बीनेशंस को शॉर्टलिस्ट किया जाता है। फिर प्रत्येक स्टॉक को एक फाइनल स्कोर दिया जाता है, और लगभग 50-65 स्टॉक का एक पोर्टफोलियो बनाया जाता है, जो एक पहले से तय और डिफाइंड रिस्क मैनेजमेंट फ्रेमवर्क द्वारा निर्देशित होता है। यह फंड उन निवेशकों के लिए बेहतरीन है जो पारंपरिक इक्विटी स्टाइल्स से आगे बढना चाहते हैं और लंबी अवधि के इक्विटी निवेश के लिए अधिक स्ट्रक्चर्ड, डेटा-संचालित दृष्टिकोण अपनाना चाहते हैं।

# कैंसर से बचाव और इलाज में पोषण का अहम रोलः डॉ. अमित कुमार चौधरी



**लखनऊ।** भारत में कैंसर के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है और ऐसे में देश के प्रमुख कैंसर विशेषज्ञ लोगों से एक खास अपील कर रहे हैं - अपने खान-पान पर ध्यान दें। उत्तर प्रदेश में साल 2025 में करीब 2.1 लाख नए कैंसर केस सामने आने की आशंका है। लखनऊ जैसे शहरों में यह संख्या और भी अधिक हो सकती है। तंबाकू का सेवन और देर से बीमारी का पता चलना कैंसर के बड़े कारण हैं, लेकिन विशेषज्ञों के अनुसार गलत खान-पान की आदतें भी इस बीमारी की एक छुपी हुई वजह हैं - जिससे बचाव किया जा सकता है।

शोध बताते हैं कि प्रोसेस्ड फूड, मीठे पेय पदार्थ, लाल मांस, और कम फल-सब्जियों के सेवन से कैंसर का खतरा बढ़ता है। वहीं दूसरी ओर, पोषण से भरपूर संतुलित आहार शरीर की रक्षा प्रणाली को मजबूत करता है, सूजन को कम करता है और इलाज के असर को बढ़ा सकता है। पोषण केवल सहायक नहीं है, बल्कि इलाज की नींव है,÷ कहते हैं डॉ. अमित कुमार चौधरी, सीनियर कंसल्टेंट, मेडिकल और हीमेट-ऑन्कोलॉजी, ग्लोब हेल्थकेयर, निराला नगर, लखनऊ। चाहे आप कैंह्य सर से बचाव करना चाहें या इलाज के दौर से गुजर रहे हों - आपके खाने की आदतें बहुत मायने रखती हैं। एक हेल्दी डाइट शरीर की इम्यूनिटी को बेहतर बनाती है, इलाज के दुष्प्रभावों को कम करती है और तेजी से ठीक होने में मदद करती है। हमें खाने को केवल पेट भरने का ज़रिया नहीं, बल्कि इलाज का हिस्सा समझना होगा। डॉ. चौधरी ने राजीव गांधी कैंसर अस्पताल, नई दिल्ली से एमबीबीएस और डीएनबी, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई से डीएम (मेडिकल ऑन्कोलॉजी) किया है और बनारस कैंसर हॉस्पिटल में एसिस्टेंट प्रोफेसर भी रह चुके हैं। वे यूरोपियन सोसाइटी ऑफ मेडिकल ऑन्कोलॉजी के सदस्य भी हैं। कैंसर से बचाव और इलाज में मदद के लिए कुछ जरूरी खान-पान की सलाह हर दिन कम से कम 5 बार ताजे फल और हरी सब्जियां खाएं मैदे और मीठी चीजों की जगह साबुत अनाज को अपनाएं मांस की जगह दाल, चना, सोयाबीन और मेवे जैसे पौधे आधारित प्रोटीन लें शराब कम करें और तंबाकू से पूरी तरह बचें खाने की मात्रा पर ध्यान दें और रोज़ाना थोड़ी बहुत शारीरिक गतिविधि करें फाइबर से भरपूर चीजें जैसे हरी पत्तेदार सब्जियां, ओट्स, फल और दालें विशेष रूप से कोलन कैंसर से बचाव में मदद करती हैं। इसी तरह ब्रोकली, पत्ता गोभी जैसे सब्जियों में ऐसे तत्व पाए जाते हैं जो शरीर में कैंसर के कारक तत्वों को निष्क्रिय कर सकते हैं।

हालांकि केवल खाने से कैंसर से पूरी तरह बचाव नहीं हो सकता, लेकिन यह सबसे आसान और असरदार तरीकों में से एक है जिससे हम जोखिम को कम कर सकते हैं। लोगों को जागरूक करने के लिए स्वास्थ्य कैंप, सामुदायिक वर्कशॉप्स और नियमित जांच जैसे प्रयास बहुत ज़रूरी हैं। जैसे-जैसे लखनऊ में लाइफस्टाइल से जुड़े कैंसर के केस बढ़ रहे हैं, यह संदेश और भी ज़्यादा ज़रूरी हो गया है - छोटे-छोटे खानपान के बदलाव लंबे समय में बड़ी बीमारी से बचा सकते हैं।

## महिंद्रा फुरियो 8 हल्के वाणिज्यिक वाहनों की श्रेणी में गारंटीकृत सर्वाधिक माइलेज और सर्वाधिक मुनाफा देने

**अयोध्या** = महिंद्रा ग्रुप की इकाई, महिंद्रा ट्रक एंड बस ने आज अपने आधुनिक हल्के वाणिज्यिक वाहन रेंज महिंद्रा फुरियो 8 को औपचारिक रूप से बाजार में लॉन्च किया। यह ट्रक एक अनूठी गारंटी के साथ आता है सबसे ज्यादा माइलेज नहीं मिला तो ग्राहक ट्रक वापस कर सकते हैं। चाकण (महाराष्ट्र) स्थित महिंद्रा की अत्याधुनिक निर्माण इकाई में निर्मित फुरियो 8 दो वेरिएंट में उपलब्ध है - 4-टायर कार्गो और 6-टायर कार्गो, जो एलसीवी श्रेणी में विभिन्न व्यवसायों की जरूरतों को पूरा करते हैं। अधिक लाभ कमाने के उद्देश्य से डिज़ाइन किया गया यह ट्रक सर्वोत्तम माइलेज, अधिक पेलोड क्षमता और उन्नत केबिन के साथ आता है, जो ड्राइवर को आराम, सुविधा और सुरक्षा प्रदान करता है।अपने शानदार फ़ायदे के पैकेज के साथ फुरियो 8 को इस श्रेणी में सबसे अधिक मुनाफा देने के लिए डिज़ाइन किया गया है -




इसीलिए इसका संदेश हैः ट्रक बदलो, तक़दीर बदलेगी।लॉन्च अवसर पर महिंद्रा ग्रुप के प्रेसिडेंट - ट्रक, बस, कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट, एयरोस्पेस एवं डिफेंस, और समूह कार्यकारी बोर्ड के सदस्य श्री विनोद सहाय ने कहा, ÷महिंद्रा फुरियो 8 की यह नई रेंज ‘सबसे ज्यादा माइलेज नहीं मिला तो ट्रक वापस कर दें की गारंटी के साथ आती है। यह रेंज हमारे ग्राहकों को इस श्रेणी में सबसे अधिक ऑपरेटिंग प्रॉफिट कमाने में मदद करेगी। यह ट्रक बेहतरीन गुणवत्ता और ग्राहकों को केंद्र में रखने के नए मापदंड स्थापित करेगा, जो हमारे इस सेगमेंट में समर्पण और हमारे प्रोडक्ट पर विश्वास को दर्शाता है।फुरियो 8 के साथ दोहरी सर्विस गारंटी भी दी जा रही हैः 36 घंटे के भीतर सर्विस का आश्वासन, अन्यथा प्रति अतिरिक्त दिन 3000 रुपये का मुआवज़ा, और 48 घंटे में वाहन रोड पर वापस नहीं आया तो 1000 रुपये प्रतिदिन का मुआवज़ा इसके अलावा,

## Amazon प्राइम डे 2025: Alexa, Fire TV और Kindle Paperwhite के साथ Echo स्मार्ट स्पीकर पर 50% तक की छूट



Amazon India की प्राइम डे शॉपिंग इवेंट फिर से शुरू हो रही है, जिसमें प्राइम सदस्यों को तीन दिनों, यानी 12 जुलाई 12 AM से 14 जुलाई तक आकर्षक ऑफर एवं डील्स मिलेंगी। 72 घंटों की इस शॉपिंग इवेंट में Amazon डिवाइसेज़ पर शानदार ऑफर दिए जा रहे हैं। Alexa-इनेबल्ड Echo स्मार्ट स्पीकर, स्मार्ट डिस्प्ले, Fire TV स्ट्रीमिंग स्टिक और लेटेस्ट Kindle Paperwhite तक हर डिवाइस बहुत ही आकर्षक ऑफरों के साथ मिल रही है। इसलिए स्मार्ट होम का सेट-अप करना हो, मनोरंजन सेटअप को अपग्रेड करना हो, या कोई किताब पढ़ना हो, इस शॉपिंग इवेंट में हर रुचि के लोगों को बेहतरीन डील्स मिलेंगी।

**प्राइम डे 2025 के मुख्य आकर्षण**

Amazon का अब तक का सबसे तेज Kindle, ऑल-न्यू Kindle Paperwhite आपको कहानियों की दुनिया में ले जाएगा। 7-इंच के ग्लेयर-फ्री डिस्प्ले, 25% अधिक तेज पेज टर्न और सिंगल चार्ज में 12 सप्ताह तक की बैटरी लाइफ के साथ, Amazon का यह नया ई-रीडर अब तक के सभी पेपरवाइट से बेहतर परफॉरमेंस प्रदान करता है। आप घर में हों या ऑन-द-गो रहते हों, इसके साथ आप कभी भी और कहीं भी पढ़ सकते हैं। ऑफर में Kindle पेपरवाइट 3,000 के फ्लैट डिस्काउंट के साथ केवल 13,999 में मिल रहा है।

**जिएं स्मार्ट लिविंग के साथ**

अपने दैनिक जीवन को Alexa के Echo स्मार्ट स्पीकर और स्मार्ट डिस्प्ले के साथ स्मार्ट बनाएं। Alexa को वॉइस कमांड देकर अपना पसंदीदा संगीत चलाएं, कम्पैटिबल स्मार्ट डिवाइस कंट्रोल करें, मौसम के अपडेट पाएं, रिमाइंडर, अलार्म सेट करें, टू-डू लिस्ट बनाएं, और भी कई काम करें। Alexa को कमांड देकर बच्चों के लिए मज़ेदार गतिविधियाँ भी खोजी जा सकती हैं।

## मॉनसून में आयुर्वेद डाइट अपनायें और कुदरती रूप से दमकती और सेहतमंद त्वचा पाएंः डॉ मधुमिता कृष्णन, आयुर्वेद विशेषज्ञ

**कानपुर।** मॉनसून में त्वचा बेजान हो जाती है और इसमें कोई ग्लो नहीं दिखता। लोग अक्सर बाहरी उपाय अपनाते हैं, जो थोड़ी देर राहत देते हैं, लेकिन बार-बार इस्तेमाल से दाने, काले धब्बे या खुजली हो सकती है। आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. मधुमिता कृष्णन सलाह देती हैं कि त्वचा और पूरे शरीर के स्वास्थ्य के लिए प्राकृतिक तरीके अपनाएं। वे कहती हैं कि स्वस्थ खाना खाएं और बादाम, हर्बल चाय और हल्दी जैसे प्राकृतिक चीजों को अपनी डाइट में शामिल करें। आयुर्वेद के मुताबिक, सही खानपान शरीर के तीन दोषों-वात, पित्त और कफ-को संतुलित करता है, जिससे त्वचा स्वस्थ और चमकदार बनती है, क्योंकि अच्छी त्वचा के लिए अच्छा पाचन जरूरी है।

**बादाम को डाइट में शामिल करें**

बादाम वात दोष को संतुलित करने की क्षमता रखते हैं। यह मौसम के असंतुलन को ठीक करते हैं और शरीर को मजबूती प्रदान करते हैं, जिससे सभी ऊतकों को ऊर्जा और



ताजगी मिलती है। आयुर्वेद की पारंपरिक तैयारियों में बादाम का महत्वपूर्ण स्थान है, जो पूरे भारत में लोग अपनाते हैं। त्वचा के स्वास्थ्य के लिए, डॉ. मधुमिता रोजाना नाश्ते में बादाम शामिल करने की सलाह देती हैं ताकि स्वस्थ, चमकदार त्वचा मिले। आयुर्वेद, सिद्ध और यूनानी ग्रंथों में भी बादाम खाने से त्वचा को होने वाले स्वास्थ्य लाभों के बारे में बताया गया है, जो त्वचा की चमक बढ़ाने में मदद करते हैं।

**हर्बल चाय को डाइट में शामिल करें**

अदरक, तुलसी और कैमोमाइल जैसी हर्बल चाय शरीर को साफ करती हैं और पाचन को बेहतर बनाती हैं, जिससे त्वचा साफ और स्वस्थ रहती है। ये चाय वात, पित्त और कफ दोषों को संतुलित करती हैं और सूजन कम करके मुंहासों जैसी समस्याओं को रोकती हैं। डॉ. मधुमिता सुझाव देती हैं कि ताजा अदरक को पानी में उबालकर, उसमें थोड़ा शहद मिलाकर एक साधारण चाय बनाएं। यह चाय पाचन को ठीक करती है और त्वचा को भीतर से चमक देती है।

**मौसमी फल और सब्जियां शामिल करें**

आयुर्वेद के अनुसार, अनार, सेब और नाशपाती जैसे मौसमी फल शरीर के दोषों को संतुलित करते हैं, पाचन को बेहतर बनाते हैं, शरीर को पोषण देते हैं और संपूर्ण स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं। हल्के मीठे और खट्टे फल वात दोष को संतुलित करते हैं, टिश्यू मेटाबॉलिज्म को बेहतर करते हैं, जिससे त्वचा का स्वास्थ्य और दमक बढ़ती है। इन फलों को रोजाना नाश्ते के रूप में खाएं या सलाद और स्मूदी में शामिल करें।

**हरी पत्तेदार सब्जियां जरूरी हैं**

आयुर्वेद में पालक, मेथी और धनिया जैसी हरी पत्तेदार सब्जियां खून को शुद्ध करती हैं, क्योंकि इनका स्वाद कड़वा और कसैला होता है।

## पार्क+ ने वाराणसी में अपना एआई सक्षम स्मार्ट वाहन मैनेजमेंट सिस्टम लॉन्च किया




**वाराणसी।** भारत के सबसे बड़े स्मार्ट वाहन मैनेजमेंट सिस्टम प्रदाता, पार्क+ ने आज उत्तर प्रदेश के वाराणसी में अपना एआई सक्षम स्मार्ट वाहन सिस्टम लॉन्च किया। पार्क के एआई सक्षम स्मार्ट एक्सेस कंट्रोल सिस्टम के साथ, इंसानी हस्तक्षेप कम से कम होगा, जिससे प्रतीक्षा समय में भारी कमी आएगी और रेज़िडेंशियल सोसायटी, मॉल और कॉर्पोरेट पार्कों में प्रवेश करने वाले कार मालिकों को वास्तव में डिजिटल अनुभव प्राप्त होगा। पार्क्ढ सक्षम सिस्टम भारत भर में 40 से अधिक शहरों, 10,000 रेज़िडेंशियल सोसायटी, 600 कॉर्पोरेट पार्कों और 100 मॉल में मौजूद हैं।

**पार्क+ एआई सक्षम स्मार्ट वाहन मैनेजमेंट सिस्टम के फायदें**

आरएफआईडी और ऑटोमैटिक नंबर प्लेट पहचान सिस्टम, प्रवेश निकास को सहज और सुगम बनाते हैं कार मालिक रिअल टाइम प्रवेश निकास अधिसूचनाओं को ट्रैक करने के लिए पार्क ऐप का इस्तेमाल कर सकते हैं पार्क ऐप में दिया गया एंटी-थेफ्ट फीचर कार मालिकों को अपनी कार लॉक करने में सक्षम बनाता है आरडब्ल्यूए, कॉर्पोरेट पार्क मैनेजमेंट और मॉल मैनेजर्स के लिए प्रॉपर्टी के भीतर वाहनों की आवाजाही को ट्रैक करने के लिए लाइव डैशबोर्ड इस लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, पार्क के संस्थापक और सीईओ, अमित लखोटिया ने कहा, पार्क+ कार मालिकों के नज़रिये से रेज़िडेंशियल सोसाइटियों, कॉर्पोरेट पार्कों और मॉल्स को स्मार्ट और सुरक्षित बनाने के लिए सचेत प्रयास कर रहा है। इस रणनीति के तहत, हमने वाराणसी में अपनी एआई सक्षम स्मार्ट वाहन मैनेजमेंट सिस्टम शुरू किया है, ताकि कार मालिकों के लिए कारों के इस्तेमाल के अनुभव को बढ़ाया जा सके और प्रॉपर्टी मैनेजर्स के लिए वाहनों के मैनेजमेंट को सहज बनाया जा सके।

# नामांकन नहीं करने वाले प्राइवेट विद्यालयों को दें नोटिस, मान्यता होगी कैंसिल : डीएम

- बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का डीएम ने किया समीक्षा

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक/माध्यमिक शिक्षा के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। साथ ही जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति, जिला शिक्षा परियोजना समिति जिला शिक्षा समिति, जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक भी की गई।

बैठक दौरान जिलाधिकारी द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025 में नवभारत साक्षरता मिशन, स्कूल हर दिन आए कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालयों में नव प्रवेशित बच्चों की संख्या के बारे में पूछताछ की तथा ऑपरेशन कायाकल्प के संतृप्तिकरण के अंतर्गत दिव्यांग शौचालय, बालक बालिका मूत्रालय, बाउंड्रीवाल फेंसिंग कार्य, टाइल्स फ्लोरिंग तथा अन्य पैरामीटर के बारे में आवश्यक पूछताछ की। उन्होंने शहरी क्षेत्र तथा ग्रामीण क्षेत्रों में अलग-अलग हुए निर्माण कार्य की भी जानकारी ली तथा राइट टू एजुकेशन (आर टी ई) योजना के तहत निजी विद्यालयों में नामांकन हेतु प्राप्त आवेदनों के सापेक्ष स्वीकृत बच्चों के नामांकन के आवेदन तथा अस्वीकृत आवेदनों की संख्या के बारे में भी पूछताछ की। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि यदि किसी निजी विद्यालय द्वारा बच्चों का नामांकन नहीं किया जा रहा है तो उसे नोटिस दिया जाय तत्पश्चात मान्यता निरस्त की कार्यवाही की जाय।

उन्होंने कहा कि ये सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है और स्पष्ट रूप से सरकार का निर्देश भी है नामांकन करने हेतु इसके बावजूद कोई विद्यालय अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं करता है तो बीएसए नोटिस देकर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने आर.टी.ई. योजना के अंतर्गत नामांकन हुए छात्र-छात्राओं की सूची प्रस्तुत किए जाने का निर्देश दिए। उन्होंने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों के नव संरचनात्मक विकास पर जोर देते हुए कहा कि एक डेडीकेटेड जूनियर इंजीनियर या असिस्टेंट इंजीनियर के माध्यम से सभी कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का सर्वे करा लिया जाए तथा जो भी खामियां हैं उन्हें सूचीबद्ध कर संरचनात्मक विकास के कार्य भी कराए।

जिलाधिकारी ने बैठक दौरान प्राथमिक विद्यालयों में कम छात्रों वाले बच्चों को निकटवर्ती विद्यालय में मर्ज किए जाने के संबंध में निर्देशित किया गया कि बच्चों द्वारा लिखित रूप से सहमति अवश्य ली जाय ताकि बच्चों /अभिभावकों को किसी प्रकार की समस्या न हो। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, परियोजना निदेशक, डीसी मनरेगा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, समस्त खंड शिक्षा अधिकारीगण तथा अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# वृक्षारोपण महा अभियान के तैयारियों की समीक्षा, वृक्षारोपण कार्य में किसी तरह का दिखावा न हो : मंडलायुक्त

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** वृक्षारोपण महा अभियान की सफलता के संदर्भ में संबंधित अधिकारियों के साथ आयुक्त गोरखपुर मण्डल गोरखपुर अनिल कुमार ढींगरा ने तहसील हाटा सभागार में अभियान की समीक्षा बैठक कर आवश्यक निर्देश भी दिए।

ग्राम विकास विभाग, नगर पालिका, नगर पंचायत, पशुपालन, रेशम विभाग, वन विभाग, कृषि विभाग आदि के उपस्थित अधिकारियों से पौधों के आवंटन, पौध रोपण की चिन्हित जमीन एवं वितरण की तात्कालिक स्थिति के बारे में जानकारी ली। समीक्षा दौरान ढाढ़ा क्षेत्र के रेंजर अमित श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद में 3972500 पौध रोपण का लक्ष्य प्रमुख सचिव पर्यावरण, वन, एवं जलवायु परिवर्तन उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा निर्धारित किया गया है जिसमें 1049600 लाख वन विभाग एवं 2922900 लाख पौध रोपण का लक्ष्य अन्य विभागों को दिया गया है। निर्धारित लक्ष्य के अनुसार सभी को पौधों को उपलब्ध करा दिया गया है और 9 जुलाई को पौधों का रोपण किया जाएगा। आयुक्त श्री ढींगरा ने कहा कि पौधों का रोपण ऐसे जमीन पर करें जहां उनकी सुरक्षा हो। वृक्षारोपण कार्य में शिथिलता न करें। वृक्षारोपण वास्तविक होना चाहिए दिखावा नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण के स्थान पर माननीय जनप्रतिनिधि गण को अवश्य आमंत्रित करें। नगर पालिका एवं ग्राम पंचायतों के जन प्रतिनिधि एवं सदस्य गण को अवश्य आमंत्रित करें जिससे आयोजन की गरिमा भी महिमा मंडित हो। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि क्षेत्र में जाकर व्यवस्था का मौके पर निरीक्षण करें।

इस अवसर पर जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने जनपद की तैयारी के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा आश्वस्त किया कि वृक्षारोपण अभियान अंतर्गत प्राप्त लक्ष्य की पूर्ति हर हाल में कर ली जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्र, उपजिलाधिकारी योगेश्वर सिंह, तहसीलदार जया सिंह, प्रभारी वनाधिकारी कुशीनगर वरुण सिंह, क्षेत्राधिकारी कसया कुंदन सिंह, एडिशनल सी एम ओ अवधेश कुशवाहा, नायब तहसीलदार सुनील कुमार सिंह, अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह, बीडीओ हाटा हरीश चंद्र सिंह, सुकरौली उषा पाल, मोतीचक सहित समस्त विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान कृषि विभाग हाटा द्वारा उपलब्ध कराए गए दलहन तिलहन एवं मोटे अनाज का किट आयुक्त द्वारा किसानों को प्रदान किया गया।

# स्वामी प्रसाद मौर्य की पार्टी अजपा ने स्कूल मर्ज का विरोध किया

- राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन डीएम के हवाले अपर एसडीएम पूर्णिमा सिंह को सौंपा

अवधनामा ब्यूरो




**कुशीनगर।** पूर्व कैबिनेट मंत्री व अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य के निर्देश पर पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सरकारी प्राइमरी स्कूलों को मर्ज करने पर उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के खिलाफ जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया। अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन राज्यपाल को संबोधित करते हुए डीएम के हवाले अपर एसडीएम पूर्णिमा सिंह को सौंपकर कार्यवाही की मांग की।

पार्टी जिलाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद कुशवाहा की अगुवाई में बड़ी संख्या में अजपा कार्यकर्ता जिला मुख्यालय पर एकत्र हुए। प्रदेश के करीब 28 हजार सरकारी प्राइमरी स्कूलों को मर्ज अथवा बंद करने के विरोध में जमकर नारेबाजी की। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए शिक्षा विरोधी उसकी नीतियों पर लगाम लगाने को राज्यपाल को पत्र लिखा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरकारी स्कूलों में गरीबों, भूमिहीनों, दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों व अल्पसंख्यकों के बच्चे पढ़ाई करते हैं। भाजपा सरकार अमीरों व पूंजीपतियों के एकछत्र राज करने के लिए गरीब बच्चों को शिक्षा से रोकना चाहती है। इसी निजीकरण के बाद अब सरकारी संस्थाओं को मर्ज या बंद करने की साजिश कर रही है। पार्टी ने राज्यपाल से मांग की है कि सरकार की तानाशाही भरे फैसले पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष कन्हैया लाल शर्मा, युवा जिलाध्यक्ष जनार्दन कुशवाहा, रामबेलाश शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष सुरेश प्रसाद, बेचू खान, सज्जन गुप्ता, अमानुल्लाह खान, अफजल अंसारी, विनोद कुशवाहा, दिनेश चौधरी, अशोक चौहान, संजय कुशवाहा, उदय कुहवाहा, बीके कुशवाहा, दीनानाथ कुशवाहा, करन कुशवाहा, वीरेंद्र कुशवाहा, महेंद्र कुशवाहा, लालबहादुर कुशवाहा, निखिल शर्मा, निर्मल साहा रानू सिंह कुशवाहा, सगीर अंसारी, हरेंद्र कुशवाहा, नंदलाल मौर्य आदि मौजूद रहे।

## दहेज हत्या के आरोपी को 10 वर्ष का सश्रम कारावास

**कुशीनगर।** करीब छह वर्ष पूर्व कसया थाना क्षेत्र में हुई हत्या के आरोपी को अपर जिला एवं सत्र न्यायालय कोर्ट नंबर दो एडीजीसी कृष्ण कुमार पांडेय ने साक्ष्य सिद्ध होने पर हत्यारोपी को 10 वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाया है। इसके साथ 20 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित भी किया है।

कुशीनगर पुलिस द्वारा निरन्तर प्रभावी पैरवी कर दोषी अभियुक्त को सजा दिलवायी जा रही है जिसके क्रम में थाना कसया पर पंजीकृत मु0अ0सं0-297/2019 धारा 498 ए, 304 बी, 201 भादवि व 3/4 डीपी एक्ट में दोषी अभियुक्त के विरुद्ध स्थानीय पुलिस व मॉनिटरिंग सेल के द्वारा प्रभावी पैरवी किया गया। न्यायालय द्वारा मंगलवार को अभियुक्त अर्जुन प्रजापति पुत्र इन्द्रजीत प्रजापति निवासी सोहसापट्टी गौसी थाना कसया के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाकर अपराध सिद्ध करते हुए अभियुक्त को 10 वर्ष का कारावास व 25,000 रुपये अर्थदण्ड की सजा दिलायी गयी।

# डॉ कन्हैयालाल गुप्त किशन और रश्मिबाला बर्नवाल को द बिहार टीचर हिस्ट्री मेकर्स ने नवाचारी शिक्षण में सर्वोत्कृष्ट सम्मान से सम्मानित किया

- जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सोनपुर (डायट) में शिक्षक सम्मान समारोह में किया गया

अवधनामा संवाददाता



**भाटपार रानी, देवरिया।** शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मेरा मोबाइल मेरी शिक्षा फेसबुक मंच के द्वारा एक विशेष पहल की जा रही है। यह मंच उन शिक्षकों को सम्मानित करता है जो पारंपरिक शिक्षण पद्धतियों से हटकर नवीन तरीकों से बच्चों को शिक्षा प्रदान करते हैं।

इस क्रम में इस वर्ष सारण प्रमंडल स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन दिनांक 7 जुलाई 2025 को डायट सारण के भव्य सभागार में संपन्न हुआ। इस समारोह में सारण प्रमंडल के सभी 3 जिलों से लगभग 150 शिक्षकों को ऑनलाइन उत्कृष्ट नवाचार शिक्षण के लिए सम्मानित किया गया। जिसमें सिवान से डॉ कन्हैयालाल गुप्त किशन प्रधानाध्यापक राजकीय कृत मध्य विद्यालय सोहगरा, गुठनी, सीवान, बिहार और रश्मिबाला बर्नवाल शिक्षिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सुपौली, सीवान द्वारा अपने विद्यालयों और कक्षाओं में बच्चों के समग्र विकास हेतु भी अभिनव प्रयास किया गया। ये शिक्षक न केवल खेल-खेल में शिक्षा, डिजिटल साधनों का उपयोग, बल्कि विद्यार्थियों में जिज्ञासा और रचनात्मकता को बढ़ावा देने वाले तरीकों को अपनाकर शिक्षा को रुचिकर और प्रभावी बना रहे हैं। ये सभी शिक्षक न केवल अपनी कक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इनका उद्देश्य छात्रों में सीखने की क्षमता के विकास के साथ-साथ एक बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर करना भी रहा है।

यह सम्मान समारोह उन तमाम शिक्षकों के लिए उत्साहवर्द्धन व प्रेरणास्त्रोत का एक सुगम मार्ग भी है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार मंटू (सदस्य बिहार विधानसभा), विशिष्ट अतिथि प्रो.डॉ.के.सी.सिन्हा पूर्व कुलपति, डॉ.ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी (पूर्व डीन, आर्यभट्ट विश्वविद्यालय), डायट सोनपुर,सीवान व सीटीइ सारण के प्राचार्य सहित दर्जनों व्याख्यातागण, डायट मधुबनी से डॉ. पुरुषोत्तम रंजन, उपेन्द्र सिंह भाजपा प्रवक्ता सहित दर्जनों माननीय की गरिमामयी उपस्थिति में संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मंच संचालन टीबीटी के डॉ कन्हैयालाल गुप्त किशन और रश्मिबाला बर्नवाल तथा उनकी टीम धनंजय सिंह , प्रेम कुमार वर्मा आदि ने किया। वहीं संपूर्ण कार्यक्रम की मॉनीटरिंग टीबीटी के उपाध्यक्ष मो.जियाउल होदा एवं कोषाध्यक्ष सह स्टेट कल्चरल हेड अरविन्द कुमार, धर्मेंद्र कुमार एवं प्रवक्ता शिव कुमार के द्वारा किया गया।

बताते चलें कि संपूर्ण कार्यक्रम में शिक्षिका शोभा कुमारी, प्रियंका कुमारी, राजन कुमार,शिव दुलारी सिंह, बीरबल पंडित, संजय सर,रोमासिंह, बिंदिया कुमारी, प्रेम पुतुल,प्रतिभा श्रीवास्तव, कविता सिंह, शालिनी,पूनम सिंह, नवल कुमार, अनीता पाठक, कनकलता श्रीवास्तव सहित सैकड़ों शिक्षकों का अविस्मरणीय योगदान वंदनीय रहा।

# अपमिश्रित अवैध शराब बनाने एवं तस्करी करने वाले गैंग का पर्दाफाश



**कुशीनगर।** विशुनपुरा पुलिस द्वारा अंतर्राज्यीय अपमिश्रित अवैध शराब बनाने एवं तस्करी करने वाले गैंग का पर्दाफाश करते हुए दो सदस्यों को दबोचने में सफलता हासिल की है। तस्करों के पास से 380 लीटर अवैध स्प्रिट, 50 लीटर अपमिश्रित अवैध शराब, यूरिया तथा नौशादर वाहन सहित कुल अनुमानित कीमत लगभग 11 लाख रुपए बरामद किया है।

अवैध शराब निर्माण/बिक्री/परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को विशुनपुरा पुलिस टीम द्वारा जंगल लुअठहा घघवा पुल के पास से एक पिकअप वाहन से 380 लीटर अवैध स्प्रिट, 50 लीटर अपमिश्रित अवैध शराब, 8 केजी यूरिया तथा 2 केजी नौशादर बरामद कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए तस्करों में संजय रौनियार पुत्र दीपनारायण रौनियार निवासी व नत्थु यादव पुत्र चंचल यादव निवासीगण गोविंदपट्टी थाना विशुनपुरा जनपद कुशीनगर शामिल है। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि हम लोगों का एक संगठित गिरोह है। हमारे एक साथी महेंद्र यादव बाहर से स्प्रिट को दूसरी कंपनी के रैपर में छिपाकर भेजता है। हम लोगों द्वारा इस स्प्रिट में यूरिया और नौशादर मिलाकर अवैध अपमिश्रित शराब तैयार की जाती है, जिसे उत्तर प्रदेश और बिहार के सीमावर्ती गांवों में ऊंचे दामों पर बेचकर अवैध धन अर्जित करते है।

# 56 कर्मियों के सहारे चल रही जिले में पशु चिकित्सा की गाड़ी, जोर नहीं पकड़ पा रहा टीकाकरण अभियान

- पचास से भी कम है क्रियाशील पैरावेट
- दो पशु-चिकित्सालयों में डाक्टर नहीं
- पशु धन प्रसार अधिकारी के दर्जनों पद खाली

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** स्टाफ के अभाव में जिले में पशु चिकित्सा और गोवंशों के संरक्षण का काम प्रभावित है।175कार्मिकों की जगह 56लोग ही काम कर रहे हैं। दो विकास खंडों में पशु चिकित्सा अधिकारी भी नहीं है। क्रियाशील पैरावेट की संख्या काफी कम होने के कारण पशुओं के टीकाकरण का काम प्रभावित है।

शासन की ओर से पशुओं में होने वाली गलाघोंटू और खुरपका बीमारी पर नियंत्रण को 31मई से 15जुलाई तक टीकाकरण अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। स्टाफ की कमी से ब्लाकों में टीकाकरण कैम्प नहीं आयोजित हो पाए हैं।जो किसान अपने बीमार पशु को लेकर अस्पताल और कृषि सेवा केन्द्रों तक पहुंच रहे हैं, उन्ही का टीकाकरण हो पा रहा है। टीकाकरण के लिए पैरावेट को प्रति पशु तीन से पांच रुपए दिए जाते हैं। क्रिया शील पैरावेट कम संख्या में होने के कारण गांवों में टीकाकरण नहीं हो पा रहा है। विभागीय आंकड़ों पर भरोसा किया जाए तो वैक्सीनेशन लक्ष्य के सापेक्ष लगभग पैंसठ फीसदी हो चुका है।

## सी वी ओ को पत्र लिखकर डॉ शिव ओम गंगवार ने मांगा स्टाफ

**अमेठी।** पशु चिकित्सा विभाग में स्टाफ की कमी से गलाघोंटू और खुरपका टीकाकरण अभियान प्रभावित हैं। बरसात के मौसम में पशुओं के बीमार होने के खतरे बढ़े हुए हैं। 31मई को शुरू हुए अभियान की अब तक की प्रगति निराशाजनक है। वैक्सीनेशन स्टाफ के अभाव में पशुओं का टीकाकरण न हो पाने की समस्या को लेकर अमेठी के पशु चिकित्सा अधिकारी और उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ शिव ओम गंगवार ने सी वी ओ डा गोपाल कृष्ण शुक्ल को पत्र लिखकर स्टाफ उपलब्ध कराने की मांग की है।पत्र में उन्होंने कहा है कि पशुधन प्रसार अधिकारी को गौरीगंज अस्पताल से सम्बद्ध किया गया है। तीनों पशु सेवा केन्द्र रिक्त पड़े हुए हैं।पैरावेट को कोई मानदेय नहीं मिलता,वे काम नहीं कर रहे हैं।गोशालाओं? में संरक्षित गोवंशों की ठीक से देखभाल नहीं हो पा रही है।

## भगवान शिव व पार्वती के लिए समर्पित होता श्रावण मास : आचार्य अजय

**सलेमपुर, देवरिया।** सनातन धर्म व संस्कृति का सबसे पवित्र व पावन मास श्रावण मास होता है, यह पूरा मास भगवान शिव व मां पार्वती जी को समर्पित होता है।उक्त बातें बताते हुए आचार्य अजय शुक्ल ने कहा कि इस बार इस मास की शुरुआत 11 जुलाई व समापन 9 अगस्त को रक्षाबंधन के पर्व के दिन होगा।

इस बार इस मास में कुल चार सोमवार 14 जुलाई,21 जुलाई,28 जुलाई व 4 अगस्त को पड़ रहा है। इस बार चार सोमवार व्रत रखें जाएंगे। इस महीने का हर दिन शुभ फल देने वाला होता है लेकिन सोमवार का विशेष महत्व होता है। इस मास में पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक सभी मनोरथों को पूरा करने वाला होता है।श्रावण सोमवार का व्रत रखने से कुंडली में चन्द्रमा की स्थिति मजबूत होती है।और कुंडली में समस्त अरिष्ट नष्ट हो जाते हैं।धन ध्यान आयुष्य की वृद्धि प्राप्त होता है। भगवान शिव भक्तों पर सबसे ज्यादा कृपा करने वाले देव हैं अगर भक्त सच्चे मन से उनकी आराधना करते हैं तो शीघ्र ही वह कल्याण कर देते हैं।

# अभियान में हर कार्यकर्ता की भागीदारी आवश्यक : अजय कुमार



**देवरिया।** मंगलवार, क्षेत्र के औरा चौरी स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के निमित्त एक आवश्यक बैठक हुई। बैठक में तय किया गया कि दिनांक 9 जुलाई को प्रदेश व्यापी वृहद वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत जिले के समस्त बूथों पर पेड़ लगाए जाएंगे।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे ने कहा कि राष्ट्रीय संगठन की मंशानुसार वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसमें हर कार्यकर्ता की भागीदारी आवश्यक है। जिला महामंत्री श्रीनिवासमणि ने कहा कि वृक्षारोपण से पर्यावरण संरक्षण को बल मिलेगा साथ ही पौराणिक मान्यताओं के अनुसार वृक्षारोपण पुण्य का काम है।

जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा ने कहा कि देवरिया जिले में आयोजित हो रहे वृक्षारोपण कार्यक्रम में सामाजिक सहभागिता सुनिश्चित हो रही है जो एक सार्थक संदेश है। इस अभियान में आम जन को भी भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बूथ स्तर पर सहभागी बनकर वृक्षारोपण करना चाहिए। एक पेड़ मां के नाम अभियान के जिला सह संयोजक आनंद प्रकाश शाही ने बताया कि कल प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह बैतालपुर मंडल के सिरजम में वृक्षारोपण करेंगे, इसके साथ ही जिले भर में मंडल स्तर तक अब तक 25000 पौधे लगाए जा चुके हैं कल हर मंडल में 200 पेड़ लगाने का लक्ष्य है जिसको पूर्ण किया जाएगा।

# बाबा साहब डॉ अम्बेडकर ने भारत को दुनिया का सबसे अच्छा संविधान दिया : सुरेश कमल

- बहन मायावती के मुख्य मंत्रित्व काल में बौद्ध तीर्थ स्थलों का सबसे अधिक विकास हुआ
- महमदपुर अम्बेडकर प्रतिमा स्थल पर मनाई गई वर्षगांठ

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** महमदपुर में संविधान निर्माता बोधिसत्व बाबा साहब डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापना की प्रथम वर्षगांठ मनाई गई। बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष सुरेश कमल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम के पहले बसपा कार्यकर्ताओं ने ककवा और महमदपुर की बूथ कमेटियों का पुनर्गठन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत बौद्ध धम्म की परम्परा के अनुरूप त्रिसरण पंचशील के साथ हुई। जिला अध्यक्ष सुरेश कमल ने कहा कि बाबा साहब डॉ अम्बेडकर ने भारत को दुनिया का सबसे अच्छा संविधान और मानवता के कल्याण के लिए बौद्ध धम्म दिया है।बहन मायावती जी ने अपने चार बार के मुख्यमंत्रित्व काल में बौद्ध तीर्थ स्थलों के विकास के साथ महापुरुषों को सम्मान देने के लिए एक नये इतिहास को गढ़ने का काम किया है। बौद्ध मय भारत के निर्माण के लिए बाबा साहब डॉ अम्बेडकर ने राजसत्ता पर अधिकार के संदेश दिए थे।

बौद्धाचार्य राम बहादुर बौद्ध ने बौद्ध धम्म की शिक्षाओं पर संवाद किया। कार्यक्रम के दौरान महाबोधि विहार मुक्ति आंदोलन पर भी चर्चा हुई और बोधगया स्थित महाबोधि विहार के पुराने प्रबंधन एक्ट को रद्द करते हुए महाबोधि विहार को बौद्धों को सौंपने की मांग की गई। इसके पूर्व बहुजन समाज पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद ने ककवा में बैठक कर बूथ कमेटियों का पुनर्गठन किया।

जिला उपाध्यक्ष बबलू पांडेय,जोन इंचार्ज कमलेश कुमार,किशन सिंह गौतम ,शिवबालक, ब्रह्मा कुमार, अरूण कुमार प्रजापति, राम-लखन गुप्ता, राजकुमार, जीवनलाल , रामयश,राम सजीवन, तुलसी राम, विमल किशोर,राज कुमार यादव, अखिलेश यादव, महेंद्र सरोज, बलराम सिंह, डॉ राम गोपाल वैश्य, शिवराम यादव , गंगा राम आदि मौजूद रहे।

# आत्मघाती कदम है स्कूलों को मर्ज करने का सरकार का फैसला

- परिषदीय विद्यालयों की पेयरिंग के विरोध में एससी/एसटी टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने दिया आठ सूत्रीय ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



> उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से स्कूलों को मर्ज करने और पेयरिंग का फैसला सरकार काआत्मघाती कदम है।यह आर टी ई के प्रावधानों का गला घोंटने वाला फैसला है। एक तरफ सरकार बाल संरक्षण आयोग चला रही है, दूसरी तरफ बाल अधिकारों का हनन करने और गरीबों के बच्चों को अनिवार्य और निशुल्क शिक्षा से वंचित करने के लिए स्कूलों को बंद कर रही है।इस फैसले से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे समावेशी शिक्षा, समग्र शिक्षा अभियान, निपुण लक्ष्य के कार्य और उद्देश्य अधूरे रह जायेंगे।
>
> **दयाशंकर, मंडल अध्यक्ष**
> **एससी/एसटी टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन, अयोध्या मंडल, उत्तर प्रदेश**

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से कम छात्र संख्या वाले परिषदीय विद्यालयों को मर्ज करने और पेयरिंग के फैसले के विरोध में एस सी/,एस टी टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने सोमवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया। ज्ञापन में स्कूलों को मर्जर करने के फैसले को तत्काल वापस लेने की मांग की।

शिक्षक एकता जिंदाबाद, स्कूल मर्जर बंद करो, अभी तो ये अंगड़ाई है, आगे और लड़ाई है, लोकतंत्र में तानाशाही नहीं चलेगी, नहीं चलेगी ---, आदि नारे लगाते हुए सैकड़ों की संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं कलेक्ट्रेट में जमा हुए और डीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के समय शिक्षकों का नेतृत्व एस सी/एस टी टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष पवन? कुमार और मंत्री राम सुमिरन चक्रवर्ती ने किया। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के महामंत्री रमाकांत मौर्य, वरिष्ठ उपाध्यक्ष और बामसेफ के जिला संयोजक संजीव भारती, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष अजय कुमार मौर्य, ब्लाक अध्यक्ष सत्यदेव यादव भी अपनी टीम के साथ विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए।

आठ सूत्रीय ज्ञापन में संगठन की ओर से पेयरिंग के विरोध के कारणों का उल्लेख किया गया है।

जिला अध्यक्ष पवन कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से स्कूलों को मर्ज करने का फैसला बाल अधिकारों का हनन है। इससे गरीबों के बच्चे शिक्षा से वंचित हो जाएंगे। भविष्य में शिक्षकों की नियुक्तियां नहीं होंगे। अनुदेशकों, शिक्षामित्रों और रसोइयों की आजीविका पर गहरा संकट उत्पन्न हो जाएगा।

बामसेफ के जिला संयोजक संजीव भारती ने कहा कि स्कूलों को मर्ज करने का फैसला आर टी ई-2009के प्रावधानों का खुला उल्लंघन है। माननीय न्यायालय को इसे स्वयं संज्ञान में लेकर फैसले पर रोक लगानी चाहिए। पूर्व मा शि संघ के जिला महामंत्री रमाकांत मौर्य ने कहा कि सरकार निजीकरण को बढ़ावा देने के साथ बेसिक शिक्षा विभाग को खत्म करने की साज़िश कर रही है। शिक्षक इस फैसले को कभी स्वीकार नहीं करेंगे। एस सी/,एस टी टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन के महामंत्री आर एस चक्रवर्ती ने कहा कि सरकार के फैसले के विरोध में संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक फैसला वापस नहीं लिया जाता। मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र बौद्ध वरिष्ठ शिक्षक राम चन्द्र, श्याम लाल, संतराम,राम कुमार, तुलसी राम शास्त्री, हरिकेश भारती, गुरुचरण गौतम, राजू बौद्ध, शोभाशरण, फूलचंद्र,रामनरेश,रामसरन, शिवलाल, राकेश कुमार, राजकुमार , ललित कुमार, राजेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

**कोर्ट सरकार के साथ :** परिषदीय विद्यालयों को मर्ज करने के विरोध में हाईकोर्ट में दायर याचिकाओं को सुनवाई के बाद कोर्ट ने खारिज कर दिया है। इससे शिक्षक संगठनों को झटका लगा है। अदालत फिलहाल सरकार के पक्ष में खड़ी नजर आ रही है।

# प्रदेश के हजारों विद्यालय को बंद करने का फैसला अस्वीकार : आनंद कुमार

**अवधनामा संवाददाता**

■ परिषदीय विद्यालय के विलय विरोध में आज गरजा प्राथमिक शिक्षक संघ



**बहराइच।** प्रदेश के बंद किए जा रहे विद्यालय के विरोध में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने चरण बद्ध आंदोलन करने की घोषणा की है। आज उसी क्रम में आंदोलन के तीसरे चरण में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के नेतृत्व में सैकड़ो शिक्षकों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय बहराइच पर एक दिवसीय धरना दिया तथा नारेबाजी की।

ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि सिटी मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद को सौंपा। धरने की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष आनंद कुमार पाठक ने तथा संचालन जिला मंत्री विजय कुमार उपाध्याय ने किया। संघ के जिलाध्यक्ष आनंद कुमार पाठक ने धरना को संबोधित करते हुए कहा कि पेयरिंग के नाम पर प्रदेश के हजारों विद्यालय को बंद किया जा रहा। प्रदेश के 150 से कम छात्र संख्या वाले प्राथमिक व 100 से कम छात्र संख्या वाले उच्च प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक को सरप्लस घोषित करके प्रधानाध्यापक के पद को समाप्त कर दिया गया है।इसके पहले प्राथमिक और उच्च प्राथमिक को मर्ज करके शिक्षकों और प्रधानाध्यापक के हजारों पद समाप्त किए जा चुके है। संघ के जिलामंत्री ने कहा कि विद्यालय के विलय से बच्चों के लिए विद्यालय की दूरी अधिक होगी वही प्रदेश के हजारों रसोइयाँ के नौकरी समाप्त होगी। खंड शिक्षा अधिकारी विद्यालय के प्रधानाध्यापक पर जबरन दबाव डाल कर विद्यालय के विलय के लिए सहमति पत्र लिखकर देने का दबाव बना रहे। जनपद के सभी ब्लॉक में विद्यालय 30 जून को मर्ज होने वाले सभी विद्यालय के ग्राम प्रधान, विद्यालय प्रबन्ध समिति, अभिभावकों व संगठन के पदाधिकारियों ने बैठक कर विद्यालय मर्ज किए जाने के विरोध में प्रस्ताव पारित किया था तथा विद्यालय बंद किए जाने का विरोध करने का निर्णय लिया है। उसी क्रम में प्रदेश नेतृत्व ने आंदोलन किए जाने का निर्णय लिया है। आज विद्यालय बचाने के लिए ही संघर्ष नहीं है आज अपने विभाग को और अपनी नौकरी को बचाने के लिए भी संघर्ष है। संघ के कोषाध्यक्ष देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि संगठन के निर्णय के अनुसार 3 व 4 जुलाई को अपने अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को ग्राम प्रधान अभिभावकों व रसोइयों के साथ मिलकर ज्ञापन दिया गया है। जुलाई को एक्स पर जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमे प्रदेश के शिक्षक अभिभावक और बच्चों ने 7 लाख ट्वीट करके अपनी माँग सरकार और शासन तक पहुँचा चुका है और आज 8 जुलाई को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर एक दिवसीय धरना देकर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया जाएगा। उसके बाद भी अगर विद्यालय मर्जर नहीं रुका तो प्रदेश नेतृत्व के निर्णय के अनुसार अगली घोषणा की जाएगी। धरने को पयागपुर के अध्यक्ष व जनपद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजेश तिवारी, जरवल के अध्यक्ष व जनपदीय उपाध्यक्ष आसिफ़ अली, मंत्री विनय कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार सरोज, कैसरगंज अध्यक्ष कृपा शंकर दुबे कोषाध्यक्ष उमा प्रसाद वर्मा, फखरपुर अध्यक्ष सुखदराज सिंह संरक्षक साकेत भूषण तिवारी मंत्री तनवीर आलम, कोषाध्यक्ष चांचरिक पांडे, तजवापुर के अध्यक्ष भुवनेश्वर पाठक, मंत्री अनिल सिंह, कोषाध्यक्ष जयसुखलाल मिश्रा, उपाध्यक्ष सुनील मिश्रा, नफीस अहमद, विशेश्वरगंज अध्यक्ष उमाकांत तिवारी, मंत्री अमित कुमार मिश्र, संरक्षक जगरूप सिंह, चित्तौरा कोषाध्यक्ष शशांक सिन्हा संरक्षक विश्वनाथ पाठक, महसी अध्यक्ष धर्मेंद्र अवस्थी कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ओझा, शिवपुर अध्यक्ष जुबेर अहमद, मंत्री कृष्ण कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष धर्मवीर भारती, जनपदीय संयुक्त मंत्री व अध्यक्ष बलहा मोहम्मद अदीब, मंत्री सौरभ बंसल, कोषाध्यक्ष फैज मोहम्मद, मिहीपूरवा अध्यक्ष राजेश वर्मा, मंत्री रवींद्र प्रताप सिंह कोषाध्यक्ष कैलाश कुमार, नवाबगंज अध्यक्ष शैलेंद्र वर्मा, मंत्री सुग्रीव वर्मा कोषाध्यक्ष रजनीश उपाध्याय हुजूरपुर संयोजक दिलीप मिश्रा सहसंयोजक अभय राज मिश्रा आदि उपस्थित रहकर अपने विचार व्यक्त किए। धरने में सैकड़ो शिक्षक, रसोइयाँ व अभिभावक उपस्थित रहे।

## पुलिस मुठभेड़ में वांछित अभियुक्त आया पुलिस गिरफ्त में


**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा नाबालिग बच्ची के साथ गलत काम करने वाले वाँछित अभियुक्त सुहेल उर्फछोटू को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त सुहेल उर्फछोटू पैर में गोली लगने से घायल हो गया। अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 जिन्दा व 02 खोखा कारतूस बरामद किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना रामगढ़ पर पंजीकृत मु.अ.सं. 411/2025 धारा 65(2) बीएनएस व 5ड/6 पोक्सो एक्ट के अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु 02 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। इसी क्रम में 07-07-2025 को थाना रामगढ़ पुलिस टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गयी कि थाना रामगढ़ पर पंजीकृत मु.अ.सं. 411 /2025 से सम्बन्धित अभियुक्त अबू हुरैरा स्कूल के पास हसमतनगर में छुपा हुआ है।

## पीडब्ल्यूडी विभाग ने रातों-रात दोबारा बनवाया डामर रोड

**खबर का असर**

■ 20 जून को बनवाया गया था रोड 8.89 लाख था बजट

**अवधनामा संवाददाता**



**शाहजहांपुर।** जनपद के नगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सतवां खुर्द में पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बस्ती के अंदर मदन पाल के मकान से राम मूर्ति के मकान तक 20 दिन पूर्व बनवाई गई लगभग 75 मी डामर रोड पर कलावती का मुगरी से कूटने का वीडियो वायरल होने एवं अवधनामा में विस्तार से खबर प्रकाशित होने के बाद पीडब्ल्यूडी विभाग ने सोमवार की रातों-रात डामर रोड को दोबारा बनवा दिया है ग्रामीणों की माने तो ठेकेदार और संबंधित जेई ने करीब 20 दिन पूर्व इस डामर रोड को बनवाया था जिसकी लंबाई लगभग 100 मीटर थी लेकिन मामला विवादित होने के कारण 75 मी रोड बनवाया गया था जिस पर रोलर ना चलने के कारण अपने मकान के सामने एक कलावती द्वारा मुगरी से डामर रोड कूटने का वीडियो वायरल हुआ था इसके बाद सोमवार को ठेकेदार रोलर लेकर पहुंचा लेकिन जैसे ही डामर रोड पर रोलर चलाया गया तो डामर रोड करीब 4 इंच नीचे बैठ गया और फिर आनन-फानन में बजरी कोलतार मंगाकर रातों-रात डामर रोड दोबारा बनाना पड़ा फिलहाल अब डामोर रोड दोबारा बनवा दिया गया है इस डामर रोड को बनाने का ठेका विभाग द्वारा शिव पांडे को दिया गया था विभाग द्वारा 2.89 लाख पेमेंट भी कर दिया गया था वही ग्रामीणों से जानकारी मिली है कि भ्रष्टाचार की पोल खोलने वाला वीडियो जिस महिला का बनाया गया था उसे महिला पर जे राकेश कुमार दबाव बनाने में जुटे हुए हैं।

## एसपी ने वन स्टॉप सेंटर का किया औचक निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**



**शाहजहांपुर।** महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने मंगलवार को वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने केंद्र में मौजूद सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था और विभिन्न महिला सहायता सेवाओं की कार्यप्रणाली का गहन अवलोकन किया। पुलिस अधीक्षक ने महिला हेल्पलाइन, कानूनी सहायता, परामर्श सेवाएं एवं आपातकालीन सहायता की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी परिस्थिति में पीड़ित महिला को त्वरित और प्रभावी सहायता उपलब्ध कराई जाए। निरीक्षण के दौरान एसपी ने वन स्टॉप सेंटर में मौजूद संसाधनों और स्टाफ से बातचीत कर जमीनी स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने केंद्र की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी द्विवेदी ने कहा कि वन स्टॉप सेंटर, पीड़ित महिलाओं को एक ही छत के नीचे कानूनी, चिकित्सकीय, परामर्श और पुलिस सहायता उपलब्ध कराने की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। केंद्र में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाते हुए एसपी ने उन्हें महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पूरी निष्ठा और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं की गरिमा और अधिकारों की रक्षा पुलिस की प्रमुख जिम्मेदारी है। निरीक्षण के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी यातायात, क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं वन स्टॉप सेंटर के कर्मचारी मौजूद रहे।

## जिला पंचायत में 6.21 करोड़ का खनिज शुल्क घोटाला उजागर

■ अध्यक्ष सुनील पटेल दोषी

■ जनता के हक पर डाका डालने वाला त्रिकोणीय भ्रष्टाचार–सत्ता, सिस्टम और साजिश की गठजोड़ उजागर

**अवधनामा संवाददाता**



**बाँदा।** जिला पंचायत बाँदा में 6.21 करोड़ रुपये के खनिज शुल्क घोटाले की परतें अब पूरी तरह खुल चुकी हैं। शासन को भेजी गई जांच रिपोर्ट में जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल को वित्तीय गड़बड़ी का मुख्य दोषी ठहराया गया है। मंडलायुक्त अजीत कुमार के आदेश पर डीएम गजल भारद्वाज द्वारा कराई गई जांच के बाद यह बड़ा खुलासा हुआ है। 2022-23 में हुए इस घोटाले में 2.7 करोड़ के टेंडर के बावजूद 6.21 करोड़ रुपये की हेराफेरी की गई। रिपोर्ट में स्पष्ट उल्लेख है कि यह पूरा खेल अध्यक्ष की छत्रछाया में सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया गया। अब सवाल उठने लगे हैं–क्या भ्रष्टाचार की यह कुर्सी अब डगमगा जाएगी?

**मंडलायुक्त की पुष्टि के बाद सुलगी राजनीति–** जैसे ही मंडलायुक्त ने घोटाले की पुष्टि की, जिला पंचायत में राजनीतिक हलचल तेज हो गई। अध्यक्ष सुनील पटेल का नाम सामने आते ही गलियारों में अफरा-तफरी मच गई। पंचायत सदस्यों सुजाता राजपूत, नीरज प्रजापति और अरुण पटेल द्वारा की गई शिकायत के बाद यह मामला जांच में आया था।

**दोषियों की लंबी फेहरिस्त–** जांच रिपोर्ट में केवल अध्यक्ष ही नहीं, तीन अन्य अधिकारियों को भी दोषी ठहराया गया है–

सत्येंद्र सिंह (अपर मुख्य अधिकारी) पंचानन वर्मा (वित्तीय परामर्शदाता)कमल प्रताप (कार्य अधिकारी) इनमें से दो अधिकारियों का तबादला कर दिया गया है और एक को निलंबित किया गया है। अब निगाहें सुनील पटेल पर हैं, जिनके खिलाफ शासन स्तर से कड़ी कार्रवाई की तैयारी चल रही है।

**गबन का तरीका भी चौंकाने वाला–** साल 2021-22 में खनिज शुल्क वसूली के लिए 8.21 करोड़ रुपये का टेंडर था, जिसमें ट्रकों से 400 रुपये प्रति यूनिट वसूले गए, जबकि शुल्क निर्धारित था 200 रुपये। इसके बाद 2022-23 में टेंडर को घटाकर मात्र 2.7 करोड़ रुपये किया गया, लेकिन अतिरिक्त वसूली से 6.21 करोड़ की गड़बड़ी सामने आई।

**साख पर भारी पड़ा घोटाला–** पंचायत एक्ट के तहत डीएम स्तर की रिपोर्ट शासन को भेज दी गई है। सूत्रों की मानें, तो सुनील पटेल के वित्तीय अधिकार सीज कर दिए जाएंगे और उन्हें पदमुक्त भी किया जा सकता है। यह घोटाला सिर्फ एक आंकड़ा नहीं, बल्कि जनता के पैसों की खुली लूट है। अब यह मामला न सिर्फ भ्रष्टाचार का चेहरा है, बल्कि जनता के भरोसे से किया गया विश्वासघात भी बन चुका है।

### ओबीसी हूं, इसीलिए शोषण हो रहा है : जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल

जिला पंचायत में 6.21 करोड़ रुपये के खनिज शुल्क घोटाले की जांच में दोषी ठहराए गए जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल ने अब खुलकर सदर विधायक पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा, मैं भाजपा का हूं और सदर विधायक भी भाजपा से हैं, इसलिए मैं अब तक चुप रहा। लेकिन अब मेरे साथ अन्याय हो रहा है। मैं ओबीसी समाज से आता हूं और इसी वजह से मेरा शोषण किया जा रहा है।

## लाभार्थियों की ई-केवाईसी अवष्य कराएंः खाद्य आयुक्त



**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** खाद्य आयुक्त भूपेंद्र यश चौधरी ने कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में समस्त कोटेदारों एवं समस्त पूर्ति निरीक्षकों के साथ बैठक का आयोजन किया, जिसमें उन्होंने उपस्थित समस्त पूर्ति निरीक्षकों को निर्देशित किया कि सभी लाभार्थियों की ई-केवाईसी अवश्य कराऐं, जिससे उन्हें निर्बाद्ध रूप से राशन की प्राप्ति हो, साथ ही उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी अपात्र व्यक्ति का राशन कार्ड न कदापि बने, उन्होंने वहां उपस्थित कोटेदारों से भी वार्ता की, कुछ कोटेदारों ने यह शिकायत की, कि उनके पास राशन समय से नहीं पहुंचता है, आयुक्त ने समस्त पूर्ति निरीक्षकों को निर्देशित किया कि उन गांवों को चिन्हित करें जहां राशन समस्या नहीं पहुंचता है। इस समस्या को तत्काल समाधान करने का प्रयास करें, उन्होंने कहा कि आप द्वारा जो भी राशन वितरित किया जा रहा है, वह पात्र व्यक्ति तक पहुंचे, साथ ही उन्होंने कहा कि कोई भी कोटेदार किसी भी अधिकारी के दबाव में कार्य न करें, शासन का उद्देश्य है की वंचित एवं शोषित व्यक्ति को राशन मिले, इसलिए इस कार्य में किसी प्रकार का अनुचित दबाव को सहन नहीं किया जाएगा, इस मौके पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक संगीता गौतम, अपर आयुक्त राजेश कुमार यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

## स्कूलों पर ताला/अब खुल रही मधु-शाला: राजेश



**सुलतानपुर, अवधनामा संवाददाता।** कांग्रेस में नि. राष्ट्रीय मीडिया कॉर्डिनेटर राजेश तिवारी ने योगी सरकार के स्कूलों के बंद करने के फ़ैसले पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बीजेपी सरकार ज़ाहिलों वाला काम कर रही है। प्रदेश के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। हज़ारों शराब की नयी दुकानें खुल रही है लेकिन स्कूल बंद किये जा रहे है। बाबा आज भी मुख्यमंत्री नहीं मठाधीश की तरह ही प्रदेश चला रहे है। सिर्फ़ हिंदू मुस्लिम के अलावा इस सरकार के पास कोई एजेंडा नहीं है।ये सरकार यूपी में 5000 स्कूलों पर लगा रही है। जबकि 27, 308 शराब की दुकानों को लायसेंस दे रहे है। बच्चों से शिक्षा छीनो, मधुशाला की ओर धकेलो। हमारे नीति निर्माता मानसिक रूप से दिवालिया हैं।

## कावड़ यात्रा को लेकर विहिप कीअपील,शालीनता बरते यात्री, प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने की मांग





**सुलतानपुर, अवधनामा संवाददाता।** विश्व हिंदू परिषद की काशी प्रांत धर्म यात्रा समिति ने मंगलवार को सुल्तानपुर में आयोजित प्रेस वार्ता में कावड़ यात्रा को लेकर कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपनी बात रखी। समिति के काशी क्षेत्र धर्म यात्रा प्रमुख आनंद प्रकाश शुक्ला ने यात्रा के शांतिपूर्ण आयोजन के लिए प्रशासन से पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया।आनंद प्रकाश शुक्ला ने कहा कि यह यात्रा आमजन की आस्था से जुड़ी है और इसके सफल आयोजन के लिए समाज का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने स्थानीय लोगों से कावड़ यात्रियों के ठहराव, भोजन और जलपान जैसी मूलभूत व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने की अपील की।विहिप के केंद्रीय मंत्री राजेंद्र सिंह पंकज ने कहा कि देशभर में पारंपरिक धार्मिक यात्राओं को दोबारा प्रारंभ करने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि धर्म यात्रा समिति विभिन्न प्रांतों में सक्रिय है और इसका विस्तार किया जा रहा है। प्रेस वार्ता में समिति ने कावड़ यात्रियों से अपील की कि वे यात्रा को केवल एक धार्मिक अनुष्ठान की तरह लें। यात्रा के दौरान शालीनता, अनुशासन और पवित्रता बनाए रखें तथा मार्ग पर स्वच्छता और वस्तुओं की शुद्धता का विशेष ध्यान दें।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली

**टूंडला, अवधनामा संवाददाता।** कृषक इंटर कॉलेज पचोखरा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवियों ने प्रधानाचार्य रंगेश कुमार उपाध्याय के निर्देशन में यातायात सुरक्षा रैली निकाल कर राहगीरो को जागरूक किया। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी अमित उपाध्याय ने स्वयंसेवियों को यातायात की शपथ दिलाई। स्वयंसेवक बैनर लगाकर नारो के साथ आगे बढ़े। रैली की यात्रा गांव श्रीनगर तक गई।

## सूचना

मैं हामिद पुत्र स्व.अब्दुर्रहीम नि.गांव पसौंडा,ज़िला गाजियाबाद के पुत्र आसिफ़ ने अपनी मर्ज़ी से खानकाह देवबंद निवासी मरहूम फहीम की बेटी लुबना से दि. 6,4 ,25 को निकाह किया था तभी से परिवार में विवाद चल रहे हैं विवश हो कर मैंने आज अपने पुत्र आसिफ़ पुत्र वधु लुबना को उनके गलत एवं अशोभनीय आचरण के कारण अपनी कुल चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दोनों से संबंध विच्छेद कर लिये हैं उनके किसी भी कृत्य हेतु में या मेरा परिवार ज़िम्मेदार नहीं होगा।

## मारपीट का मामला पकड़ता चला जा रहा है तूल

**सुल्तानपुर।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ओदरा गांव मे दो पक्ष के बीच 6 जुलाई 2025 को जमकर मारपीट हुई। जिसमे दोनों पक्ष के लोगो को चोट लगी, जिसमें एक पक्ष के अख्तर ने बताया की मारपीट के बाद सिंगल नाल बन्दुक से फायर किया गया, जिसमें हमारे भाई चोट लगी, जिसकी हालत गंभीर है। डॉक्टर और पुलिस ने फायरिंग की बात को इनकार किया है। उसके बाद दूसरे पक्ष के पूर्व रिटायर्ड दरोगा अबरार अहमद को भी गंभीर चोट लगी जिनका उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदैया मे चला लेकिन हालत सुधार न होते देख डॉक्टरों ने जिला मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर रेफर कर दिया। लेकिन रिटायर्ड दरोगा अबरार अहमद की हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टर ने लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। थाना अध्यक्ष अखंड देव मिश्रा ने बताया की दोनों पक्षों से तहरीर मिली है,मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई की जा रही है।

## प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में पहुंचे मुख्य अतिथि : चन्दन नारायन सिंह

**अवधनामा संवाददाता**



**सुल्तानपुर।** खेल निदेशालय द्वारा आयोजित चार दिवसीय प्रतियोगिता का आज दूसरे दिन शुभारंभ जिले के पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुआ। जिसमें बालक बालिका एथलेटिक्स व बैटमिंटन प्रतियोगिता आयोजित हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भारतीय जानता युवामोर्चा जिलाध्यक्ष चन्दन नारायन सिंह हरी झंडी दिखा कर खेल का उद्घाटन किय ।

श्री सिंह ने कहा पिछले कई वर्षो से स्टेडियम निर्माणाधीन होने के कारण खिलाड़ियों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा। लेकिन कहते हुए ये खुशी हो रही है कि स्टेडियम अपना खूबसूरत रूप ले चुका है। कई वर्षो के बाद सुल्तानपुर स्टेडियम के खिलाड़ियों को युवा जिला क्रीड़ा अधिकारी राजेश सोनकर जी के रूप में मिले है जो चार्ज लेने के बाद से लगातार खिलाड़ियों के प्रति काफी जागरूक हैं।

खिलाड़ियों के भविष्य के प्रति चिंतित हैं,आपके नेतृत्व में बहुत ही बढ़िया प्रतियोगिता आयोजित हुई। निश्चित ही ये सभी खेल कोच,संघ व खिलाड़ियों में उत्साह पैदा करेगी।खेल निदेशालय द्वारा भारत सरकार की कई योजनाएँ चल रही हैं, खिलाड़ियों को उस योजना का लाभ मिले खेल जगत में बच्चे जिले का नाम रोशन करें।इसी शुभकामना के साथ धन्यवाद ज्ञापित किया ।इस अवसर पर जिला महामन्त्री सचिन पाण्डे जी,जिला मंत्री अंकुर तिवारी जी,जिला वॉलीवाल संघ कोषाध्यक्ष मुनेन्द्र मिश्रा जी,बैटमिंटन कोच श्याम धर ओझा जी, एथलेटिक्स कोच श्रीमती आशा जी,ओलम्पिक संघ जिलासचिव पंकज दुबे जी,दीपक श्रीवास्तव जी,हैंडबाल संघ के सचिव प्रवीण मिश्रा, कोषाध्यक्ष जिला हैंडबाल संघ, कुश्ती कोच यशवंत सिंह, सहित स्टेडियम कोच एवं खेल संघों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मेरा अब लिटिल इन्टरनेशनल स्कूल से कोई सम्बन्ध नही है : रियाज़उद्दीन

**अवधनामा संवाददाता**



**फिरोजाबाद।** लिटिल इन्टरनेशनल स्कूल के पूर्व प्रबन्धक रियाज़उद्दीन ने एसपीएम न्यूज़ को बताया कि मेरा अब लिटिल इन्टरनेशनल स्कूल देवनगर रोड, इस्लाम गंज फिरोजाबाद से किसी प्रकार का कोई सम्बन्ध नहीं है। मैंने दिनांक 20 जनवरी 2024 को त्याग पत्र दे दिया था। एसपीएम न्यूज़ के प्रधान सम्पादक एवं स्वामी हाजी रियाज़उद्दीन ने कहा है कि मैं लिटिल इन्टरनेशनल स्कूल एवं चिराग एज्यूकेशनल वेलफेयर सोसायटी के प्रारम्भ से प्रबन्धक पद पर रहते हुए पूर्ण ईमानदारी एवं निष्ठापूर्वक अपने दायित्व का निर्वाहन करता आ रहा था इसके फ्लस्वरूप आप सभी के प्रेम एवं स्नेह के चलते लिटिल इन्टरनेशनल स्कूल उच्च पायदान तक पहुंच सका। जिसके क्रम में मैं लिटिल इन्टरनेशनल स्कूल की मान्यता कराने से लेकर माइनॉरिटी रजिस्ट्रेशन तक को सम्पूर्ण कराया तथा अग्रिम कक्षाओं हेतु हाईस्कूल की मान्यता सम्बन्धित पत्रावली सम्पूर्ण कर जिला विद्यालय निरीक्षक आदि सम्बन्धित कार्यालयों से संस्तुति कराकर क्षेत्रीय सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद मेरठ तक पहुंचायी तथा अवरोध उत्पन्न होने पर प्रमुख सचिव माध्यमिक शिक्षा विभाग, लखनऊ कार्यालय तक से अग्रिम कार्यवाही हेतु अनुमोदित करायी। इतना ही नहीं इन सबके साथ-साथ स्कूल व सोसायटी, चिराग एज्यूकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी के नवीनीकरण आदि अन्य सम्बन्धित अभिलेखों का क्रियान्वयन सुचारू रूप से सम्पादित करता आ रहा था। परन्तु विगत कुछ दिनों से प्रबन्धकीय कार्यो को निष्ठापूर्वक सम्पादित करने में असहजता आने के चलते दिनांक 20 जनवरी 2024 को व्यक्तिगत कारणों से लिटिल इन्टरनेशनल स्कूल व चिराग एज्यूकेशनल वेलफेयर सोसायटी एवं सम्बन्धित बैंक खातों के हस्ताक्षरों के अधिकार निरस्त करते हुए त्याग पत्र दे दिया था जिसके चलते अब मेरा लिटिल इन्टरनेशनल स्कूल आदि से किसी भी प्रकार का कोई सम्बन्ध नहीं है। अब तक आप लोगों ने मेरे दायित्व के प्रति जो स्नेह एवं सहयोग दिया है उसके लिए मैं सदैव आप सभी का आभारी रहूंगा।

## ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर्स एसोसिएशन द्वारा संरक्षा सेमिनार आयोजित

**टूंडला।** ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर्स एसोसिएशन प्रयागराज मण्डल द्वारा टूण्डला जंक्शन पर संरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया साथ ही टूण्डला दादरी शाखा के स्टेशन मास्टरों की बैठक आयोजित की गई,जिसमें प्रयागराज मण्डल के अलग अलग स्टेशनों से 60 से ज्यादा स्टेशन मास्टरों ने प्रतिभाग कर संरक्षित और सुरक्षित रेल संचालन का दृढ़ संकल्प लेकर रेल व देश के विकास में स्टेशन मास्टरों की भूमिका व योगदान पर चर्चा की,कार्यक्रम में टूण्डला दादरी शाखा का पुनर्गठन कर स्टेशन अधीक्षक टूण्डला सुजीत सिंह को शाखा अध्यक्ष के साथ अन्य शाखा पदाधिकारियों का मण्डल अध्यक्ष इंद्रसेन मण्डल सचिव ज्ञानेन्द्र कुमार पाण्डेय व मण्डल कोषाध्यक्ष विनय कुमार विश्वकर्मा ने माल्यार्पण कर पटका पहनाकर स्वागत व सम्मान किया।

**उत्तर रेलवे**

**ई ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से सम्बंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ०रे०–मण्डल– वाणिज्य/उ०रे० |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ADVT-LKO-TPNR-OH-563-25-1 (Advertising -Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.06.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 18.07.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 18.07.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ADVT-LKO-LKO-OH-564-25-1 (Advertising -Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.06.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 18.07.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 18.07.2025 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ADVT-LKO-PRG-OH-544-24-1 (Advertising -Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 28.06.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.07.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.07.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ADVT-LKO-LKO-OH-562-25-1 (Advertising -Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 27.06.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.07.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.07.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ADVT-LKO-LLJ-OH-560-25-1 (Advertising -Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.06.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 15.07.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 15.07.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ADVT-LKO-RBL-OH-559-25-1 (Advertising -Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 24.06.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 11.07.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 11.07.2025 समय 12:30 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ADVT-LKO-LKO-OH-514-24-2 (Advertising -Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 24.06.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.07.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.07.2025 समय 12:30 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ADVT-LKO-LKO-OH-513-24-2 (Advertising -Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 24.06.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.07.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.07.2025 समय 12:40 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | PnU-LKO-AY-WRL-83-24-1 (Pay and Use Lounges/ Waiting/ Retiring/Cloak Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.06.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 10.07.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 10.07.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E- Auction Module of |

No: Va-Vi/OOH/Publicity/24/KKG Dt. 07.07.2025 2044/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## थाना जलालपुर प्रभारी निरीक्षक ने हत्या का वांछित अभियुक्त आलाकत्ल के साथ किया गिरफ्तार

**हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में वारंटी व वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना जलालपुर प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार पटेल,हेड कांस्टेबल शैलेंद्र कुमार व कांस्टेबल मनोज कुमार पुलिस द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 90/2025 धारा 103 (1) बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त राहुल राजपूत पुत्र प्रकाश को पड़वार नाला के पास वहद ग्राम बरहरा थाना जलालपुर के पास से आलाकत्ल एक अदद बांस का डण्डा के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।ज्ञातव्य है कि 6 जुलाई 2025 को शाम करीब 17 बजे जरिए दूरभाष से थाना जलालपुर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम लोधीपुरा थाना जलालपुर में देशी शराब की दुकान के पास बालकिशन राजपूत पुत्र श्याम सुन्दर (40 वर्ष) निवासी ग्राम लोधीपुरा थाना जलालपुर व राहुल राजपूत पुत्र प्रकाश राजपूत (उम्र लगभ 28 वर्ष ग्राम लोधीपुरा थाना जलालपुर के बीच शराब पीने व लेनदेन को लेकर विवाद हुआ था, जिसमे राहुल राजपूत ने बालकिशन राजपूत के पेट में बाएं तरफ डंडे से व सीने पर मुक्के से मारा और नाक से खून बहने लगा।

# राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम के पास दुकानों को हटाए जाने पर पटरी दुकानदारों में आक्रोश

**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** जिले में राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम के पास प्रशासन द्वारा दुकानों को हटाए जाने के फैसले ने स्थानीय पटरी दुकानदारों में भारी रोष पैदा कर दिया है। इस कार्रवाई के विरोध में सैकड़ों दुकानदारों ने समाजवादी पार्टी के सांसद अजेंद्र सिंह राजपूत और जिला अध्यक्ष इदरीस खान के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया और अपनी मांगें रखीं।

जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संभावित दौरे को देखते हुए हमीरपुर प्रशासन ने राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम के आसपास सौंदर्यीकरण और वृक्षारोपण का कार्य शुरू किया है। इसके तहत स्टेडियम के पास फुटपाथ और सड़क किनारे लगने वाली दुकानों को हटाने का आदेश दिया गया। प्रशासन का कहना है कि यह कदम क्षेत्र को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने के लिए उठाया गया है।

हालांकि, इस कार्रवाई से प्रभावित दुकानदारों का कहना है कि उनकी आजीविका पूरी तरह से इन दुकानों पर निर्भर है। अचानक दुकानें हटाए जाने से उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। गुस्साए दुकानदारों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और अपनी दुकानें वापस लगाने की मांग की।



**सपा सांसद और कार्यकर्ताओं का समर्थन-** दुकानदारों के समर्थन में समाजवादी पार्टी के सांसद अजेंद्र सिंह राजपूत और जिला अध्यक्ष मौके पर पहुंचे। सपा सांसद ने दुकानदारों के साथ जिलाधिकारी कार्यालय का दौरा किया और प्रशासन से इस कार्रवाई को तत्काल रोकने की मांग की। उनके साथ सपा के सैकड़ों कार्यकर्ता भी मौजूद रहे, जिन्होंने दुकानदारों के हक में नारेबाजी की।

सपा सांसद अजेंद्र सिंह राजपूत ने मीडिया से बात करते हुए कहा, ÷ये दुकानदार वर्षों से यहां अपनी आजीविका चला रहे हैं। बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के उनकी दुकानें हटाना अन्याय है। जिलाधिकारी ने हमें आश्वासन दिया है कि शीघ्र ही दुकानदारों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी। हम सरकार से मांग करते हैं कि इन दुकानदारों को दूसरी जगह आवंटित की जाए या उनकी दुकानें यथावत रहने दी जाएं।

**प्रदर्शनकारी दुकानदारों ने निम्नलिखित मांगें रखीं-** दुकानों को हटाने का आदेश वापस लिया जाए ङ्क दुकानदारों का कहना है कि उनकी आजीविका का एकमात्र सहारा यही दुकानें हैं।

**वैकल्पिक व्यवस्था-** यदि दुकानें हटानी ही हैं, तो प्रशासन पहले उन्हें दूसरी जगह दुकानें आवंटित करे।

मुआवजा दुकान हटाने से हुए नुकसान की भरपाई के लिए आर्थिक सहायता दी जाए।

**प्रशासन का रुख-** जिलाधिकारी कार्यालय के सूत्रों के अनुसार, प्रशासन ने दुकानदारों की मांगों को सुन लिया है और मामले पर विचार करने का आश्वासन दिया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, ÷मुख्यमंत्री के दौरे के मद्देनजर यह कार्रवाई जरूरी थी। हम दुकानदारों की समस्याओं को समझते हैं और उनके लिए उचित समाधान निकालने की कोशिश करेंगे। सपा सांसद के बयान के अनुसार, जिलाधिकारी ने वैकल्पिक व्यवस्था के लिए शीघ्र कदम उठाने का वादा किया है।

**वृक्षारोपण और सौंदर्यीकरण-** प्रशासन ने स्पोर्ट्स स्टेडियम के आसपास बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण शुरू किया है। इसके साथ ही सड़कों और फुटपाथों को साफ करने का काम भी चल रहा है। अधिकारियों का कहना है कि यह प्रयास शहर को हरा-भरा और सुंदर बनाने के लिए है। हालांकि, दुकानदारों का आरोप है कि उनकी आजीविका को नजरअंदाज किया जा रहा है।

## डीएम ने जनसुनवाई कर जन सामान्य शिकायतों को सुना व किया निस्तारण

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए।जनसुनवाई में लगभग 81 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम , खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/ जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम ,बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

# इटावा के खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन



**अवधनामा ब्यूरो**

**स्टेट चैंपियनशिप**

**इटावा।** स्पेशल ओलंपिक भारत उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 4 जुलाई 2025 से 7 जुलाई 2025 तक डेंटल हॉस्पिटल के प्रांगण में मोदी नगर गाज़ियाबाद में हुआ। जिसमें विभिन्न खेलों में लगभग 368 स्पेशल खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें जनपद के 8 स्पेशल खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। हैंडबाल व फुटबाल में इटावा के खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल जीत कर जनपद के नाम रोशन किया। हैंडबाल में साहिल शिवांग तिवारी यश प्रताप वाची खेल में रामजी का चयन नेशनल चैंपियनशिप के किया गया। फुटबॉल में पार्टनर खिलाड़ी के लिए हर्षित वर्मा आर्यन यादव साहिल कोच अमित यादव का चयन किया गया। हैंडबाल में पार्टनर खिलाड़ी व कोच सत्यनारायण प्रसाद अजयपाल सिंह यादव वाची में कोच वेदप्रकाश का चयन किया गया। सभी चयनित स्पेशल खिलाड़ियों, पार्टनर खिलाड़ियों, चयनित कोच को अर्चना सिन्हा जिला समन्वयक समेकित शिक्षा इटावा ने कहा कि जल्द ही चयनित बच्चों आदि को सम्मानित करने का कार्य किया जायेगा। गौरव पाठक जिला व्यायाम शिक्षक राजेश जादौन ब्लाक व्यायाम शिक्षक जसवन्तनगर स्पेशल एजुकेटर प्रहलाद कुमार अनिल कुमार यशवंत आदि ने इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

# एसएमजीआई के शिक्षकों का शोध अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** सर मदनलाल ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स एसएमजीआई के कंप्यूटर एवं मैनेजमेंट विभाग के सहायक प्राध्यापक सूरज प्रकाश सिंह एवं श्रीमती निधिता सिंह का शोध पत्र ''ओजोन नेट एआई एवं ब्लॉकचेन बेस्ड रियल टाइम ओजोन डिपलेशन ट्रैकिंग नेटवर्क'' प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय जर्नल इंटरनेशनल जर्नल ऑफ इंजीनियरिंग डेवलेपमेंट एण्ड रिसर्च (आईजेईडीआर) के जुलाई 2025 अंक (वाल्यूम 13, इश्यू 3) में प्रकाशित हुआ है। यह शोध कार्य एआई एवं ब्लॉकचेन तकनीक पर आधारित एक नवीन मॉडल प्रस्तुत करता है। जो ओजोन परत के क्षरण की वास्तविक समय में निगरानी के लिए एक सशक्त समाधान है और पर्यावरणीय सतत विकास की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देता है। संस्थान के निदेशक डॉ.यू.एस. शर्मा ने अपनी शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि, यह उपलब्धि हमारे संस्थान की शैक्षणिक प्रतिबद्धता और अनुसंधान पर केंद्रित दृष्टिकोण का ही परिणाम है। संस्थान में नवाचार शोध एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का यह उत्कृष्ट उदाहरण है। इस उपलब्धि पर एसएमजीआई के चेयरमैन डॉ.विवेक यादव ने दोनों शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# विद्यालयों की पेयरिंग/मर्जिंग व प्रधानाध्यापकों को सर प्लस किए जाने के विरोध में शिक्षकों ने दिया धरना

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** बेसिक शिक्षकों ने विद्यालयों की पेयरिंग/मर्जिंग सहित 10 सूत्रीय मांगों के समर्थन में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले प्रांतीय मंत्री व जिलाध्यक्ष विनोद यादव के नेतृत्व में कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पर विशाल धरना प्रदर्शन के उपरांत मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार सदर को सौंपा। शिक्षकों की 10 सूत्रीय मांगों में प्रमुख रूप से 01 अप्रैल 2005 के बाद नियुक्त शिक्षकों को भी पुरानी पेंशन (OPS) से आच्छादित किया जाए, परिषदीय विद्यालयों में चल रही पेयरिंग/मर्जर की प्रक्रिया रोकने, प्राथमिक एवम् उच्च प्राथमिक विद्यालयों में प्रधानाध्यापक की पदोन्नति एवम् तैनाती, राज्य कर्मचारियों की भाँति कैशलेस चिकित्सा, छठे वेतन आयोग की संस्तुतियों के अनुसार शिक्षकों को रुपए 10 लाख की सामूहिक बीमा का लाभ प्रदान करने, प्रोन्नति वेतनमान, राज्य कर्मचारियों की भाँति उपार्जित अवकाश, द्वितीय शनिवार अवकाश, प्रतिकर अवकाश, अध्ययन अवकाश अनुमन्य करने, विद्यालयों में ग्रीष्मकाल में शिक्षण की अवधि प्रातः 07:30 से दोपहर 12:30 बजे तक निर्धारित करने, शिक्षकों को बी. एल.ओ.ड्यूटी से मुक्त करने, आकांक्षी जिलों में कार्यरत शिक्षकों का अंतर्जनपदीय स्थानांतरण एवम् मृतक बेसिक शिक्षकों के ऐसे आश्रित जो बी. एड. एवम् टी.ई.टी.उत्तीर्ण हैं को शिक्षक के पद पर नियुक्ति देकर सेवारत विशिष्ट बी.टी.सी. प्रशिक्षण कराया जाये। विनोद यादव ने धरने को संबोधित करते हुए विद्यालयों का मर्जर/पेयरिंग किया जाना नौनिहालों के भविष्य के साथ धोखा है, हम संगठन के माध्यम से सरकार से मांग करते हैं कि इस आदेश को छात्रहित में तत्काल वापस ले। शिक्षकों से कहा कि विद्यालयों के मर्जर/ पेयरिंग से संबंधित विद्यालय प्रबंध समिति, ग्राम प्रधान एवम् अभिभावकों से सहमति एवम् असहमति से संबंधित कार्य आप लोग न करें, अधिकारी स्वयं जाकर मर्जर की सहमति और असहमति प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि शिक्षकों से कहा कि आप पूर्ण मनोयोग से अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते हुए छात्र नामांकन बढ़ाने का प्रयास करें और गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करें आपके हकों के लिए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ संघर्ष करेगा। इस अवसर पर ब्लॉक संयुक्त मंत्री भर्थना कवि सत्यदेव सिंह आजाद की पुस्तक ÷शब्द रचना÷ का विमोचन जिलाध्यक्ष विनोद यादव ने किया। धरने को ब्रजेश यादव, उपेन्द्र कुमार वर्मा, राज़दा खातून, विपिन मिश्रा, संजू शंखवार, राकेश यादव, रामविलास यादव, प्रद्युम्न यादव, जितेन्द्र यादव, रविंद्र सिंह, संजीव कुमार, दीपक कनौजिया, यशवीर सिंह ने भी संबोधित किया। धरने में प्रमुख रूप से जिलामंत्री अजय तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अफताब हुसैन, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सोलंकी, रवि त्रिपाठी, मंजू भदौरिया, जौली शाक्य, महिला सह संयोजक शाषिप्रभा, राधा यादव, संगठन मंत्री के.पी.शाक्य, अमित त्रिपाठी, ब्लॉक मंत्रीमानवेंद्र गोयल, योगेंद्र यादव, दीपक कनौजिया, सत्य देव सिंह आज़ाद, तहसील प्रमुख अमर यादव, नीरज यादव, ईश्वर नारायण, शिववीर सिंह कुशवाहा, सुनील कश्यप, संघर्ष समिति अध्यक्ष जितेन्द्र कश्यप, विजयपाल, नितिन वर्मा, ऋषभ यादव, आभा पुरवार, आरती सिंह, प्रीती गुप्ता, अनुज यादव, कौशलेंद्र यादव, औसान यादव आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे। धरने का संचालन जिला प्रचार मंत्री राम सजीवन ने किया।



## संक्षिप्त समाचार

### जिक्र शहीद ए आज़मः जिस घर में फातिमा हो हसन हो हुसैन हो जैसा अली का घर है कोई घर नहीं मिल



**इटावा,अवधनामा ब्यूरो।** शहर के वाह अड्डा स्थित हाजी मुईन उद्दीन गुड्डू मंसूरी के आवास पर सोमवार को जिक्र शहीद ए आजम का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि हज़रत सैय्यद खालिद अनवर अशरफी जीलानी किछौछ्वी रहे। सदारत मौलाना अब्दुल वाजिद अशरफी ने की। मेहमाने जीशन मौलाना जाहिद रज़ा रहे। हज़रत खालिद अनवर अशरफी जीलानी किछौछ्वी ने कहा कि मौला के फजाईल हो बयां मेरी ज़बा से, कुजे में मेरे यार समन्दर नहीं मिलता। जिस घर में फातिमा हो हसन हो हुसैन हो जैसा अली का घर है कोई घर नहीं मिलता। संचालन करते हुए रौनक इटावी ने कहा कि हज़रत अली से जिसे प्यार बहुत है सच मानिए वो खुलद का हक दार बहुत है। जब बात छिड़ी हज़रत ए अब्बास की रौनक, दुश्मन भी कह उठा ये वफ़ादार बहुत है। इस मौके पर हाफिज कैफ रज़ा, हाशिम नाईमी, नदीम अहमद एड बरकाती, सूफी कमर, हादी हसन आदि ने भी कलाम पेश किए।

### अपील- मध्यस्थता योजना का लाभ उठाए जनता



**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** अधिकार मित्र अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन करें, राष्ट्रीय लोक अदालत की उपयोगिता और मध्यस्थता योजना से लाभ के विषय में जनता को अवगत करायें। यह बातें हैं पराविधिक स्वयंसेवकों की मासिक बैठक के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र सचिव एवं अपर जनपद न्यायाधीश शैलेंद्र यादव ने अधिकार मित्रों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने मासिक समीक्षा बैठक के दौरान अधिकार मित्रों/परा विधिक स्वयं सेवकों के क्रियाकलापों की जानकारी ली तथा नव दिशा निर्देश से अवगत कराया। साथ ही साथी कमेटी के लक्ष्यों की प्रगति की समीक्षा की। श्री यादव ने आह्वान किया कि आगामी 13 सितम्बर 2025 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकाधिक वाद जो सुलह समझौते से निस्तारित हो सकें ऐसे भी वादकारियों को चिन्हित कर उन्हें राष्ट्रीय लोक अदालत से होने वाले लाभ को बताया जाये एवं दोनों योजनाओं के अधिकाधिक प्रचार प्रसार पर बल दिया जाये।इस अवसर पर पीएलवी/अधिकार मित्र, कमाल अहमद, रंजू भारती, निगार फ़रज़ाना, प्रदीप, सरिता लाहा, अजय मिश्रा, मनोज पाठक समेत अन्य अधिकार मित्र मौजूद रहे। जानकारी अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र शैलेंद्र यादव ने दी।

# सपा सांसद आजेंद्र सिंह लोधी का माया बाल्मीकि के आवास पर जोरदार स्वागत

**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** कस्बा कुरारा में माया बाल्मीकि, पूर्व चेयरमैन व सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, के आवास पर हमीरपुर-महोबा-तिंदवारी लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद आजेंद्र सिंह लोधी का बाल्मीकि समाज ने जोरदार स्वागत किया।

इस अवसर पर हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बाल्मीकि समाज के लोग अपने सांसद से मिलने और स्वागत करने के लिए एकत्र हुए। स्वागत समारोह में बाल्मीकि समाज ने सांसद को अपनी समस्याओं से अवगत कराया और प्रार्थना पत्र सौंपे। सांसद आजेंद्र सिंह लोधी ने सभी शिकायतों के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा, बाल्मीकि समाज ने जो सम्मान दिया, उसके लिए मैं आभारी हूँ। मैं इस समाज की हर परेशानी में साथ खड़ा हूँ और प्रार्थना पत्रों पर संबंधित अधिकारियों से त्वरित कार्रवाई करवाऊंगा। माया बाल्मीकि ने सांसद को समाज की समस्याओं से अवगत कराते हुए उनके समाधान की मांग की। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिला अध्यक्ष इदरीश खान ने की। इस मौके पर घनश्याम शाहू, ओमप्रकाश सोनकर, शिवशरण यादव, शिवशंकर यादव, रहीश अहमद, हबीब खान, रामगोपाल बाल्मीकि, भोली, बाबूलाल बाल्मीकि, पुष्पेंद्र बाल्मीकि, ईश्वरी प्रसाद मधुपिया, राकेश मनकी, अवधेश बाल्मीकि, संतोष बाल्मीकि, वर्षा नामदेव (नगर अध्यक्ष) सहित बड़ी संख्या में बाल्मीकि समाज की महिलाएं व अन्य समाज के लोग उपस्थित रहे। यह आयोजन बाल्मीकि समाज और सांसद के बीच सकारात्मक संवाद का एक महत्वपूर्ण अवसर रहा।





# पौधरोपण अभियान को जन आन्दोलन अभियान बनाये-मण्डलायुक्त/नोडल अधिकारी

**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** नोडल अधिकारी/मण्डलायुक्त, मण्डल मीरजापुर/वृक्षारोपण बाल कृष्ण त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट सभागार में वृक्षारोपण अभियान की तैयारियों की जिला वृक्षा रोपण समिति की बैठक की, बैठक में मण्डलायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि वृक्षारोपण महाभियान के अन्तर्गत प्रदेश में 37 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके क्रम में जनपद सोनभद्र में 1 करोड़ 54 लाख 18 हजार 618 पौध रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, लक्ष्य के अनुरूप सभी 26 राजकीय विभाग पौधों के उठान का कार्य आज रात तक अनिवार्य रूप से कर लें, इस अभियान में मा0 जनप्रतिनिधिगण एवं जनपदवासियों की भी सहभागिता सुनिश्चित करायी जाये, उन्होंने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी के मंशा के अनुरूप वृक्षारोपण महाभियान को जन आन्दोलन का रूप देते हुए लोगों को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने हेतु प्रेरित किया जाये, जिससे कि जनपद में वृक्षारोपण अभियान को महाभियान रूप दिया जा सके, इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्य नाथ जी के निर्देशन में एक पेड़ मॉ के नाम अभियान के अन्तर्गत अधिक से अधिक संख्या में जनपदवासियों अपनी भागीदारी निभाते हुए पौधरोपण करें, जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है, इस दौरान जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि है वृक्षारोपण अभियान में मा0 जनप्रतिनिधिगण की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए ग्राम वन, बाल वन, शक्ति वन, युवा वन, मित्र वन, आक्सी वन, एकलव्य वन, गोपाल वन तैयार करने हेतु निर्धारित स्थलों पर पौध रोपण कराया जाये, इस दौरान आम, नीम, अर्जून, बेल, ऑवला, अशोक, बबुल, कैथा, ईमली, पिपर, बरगद, करौंदा, नीबू, कटहल, चिरौंजी, अनार, अमरूद, सहिजन आदि पौधों का रोपण किया जाये, एक पेड़ मॉ के नाम पौध रोपण की फोटो upforest.gov.in पर जाएं या फिर क्यू0 आर0 स्कैन करें, और महाभियान-2025 के साक्षी बनें, वृक्षारोपण अभियान में वृक्षा रोपण करने के साथ ही उसकी सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सभी विभाग मिल-जुलकर प्रयास करें और इस अभियान को सफल बनाने के लिए सोच रखें कि यह अभियान ही नहीं अपितु अपने भविष्य के लिए एक पूंजी भी तैयार कर रहें हैं।

## पूर्व विधानसभा विधायक ने मुख्यमंत्री के समक्ष दुद्धी विधानसभा क्षेत्र के विकास संबंधित मामलों को रखा

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/दुद्धी।** दुद्धी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी श्रवण सिंह गोंड़ ने मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की तथा उन्हें क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया। और आवश्यक विकास कार्यों से संबंधित एक पत्रक दिया। विशेष रूप से दुद्धी नगर पंचायत की प्रमुख सड़कों की मरम्मत तथा ग्रामीण क्षेत्र की प्रमुख सड़को की मरम्मत की आवश्यकता को रेखांकित किया गया। श्रवण गोंड़ ने कहा कि दुद्धी नगर पंचायत की कुछ सड़कों का निर्माण आवश्यक है। इस पर मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि नगर पंचायत क्षेत्र की सड़कों की मरम्मत एवं निर्माण को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाएगा। साथ जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास परियोजनाओं और कानून-व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की, पूर्व प्रत्याशी ने विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं व जन अपेक्षाओं से भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया। साथ ही शिक्षा,स्वास्थ्य, सड़क बिजली व पानी जैसे विषयों पर चल रहे कार्यो पर भी श्रवण गोंड़ ने सीएम से चर्चा की। कनहर बांध परियोजना के लिये पैकेज देने पर आभार प्रकट किया तथा आगामी त्रिस्तरीय चुनाव में जनजातीय समाज के लिये आरक्षण की मांग की दुद्धी विधानसभा के विकास हेतु विभिन्न प्रस्ताव दिए। साथ ही 15 नवम्बर को विरसा मुण्डा की जयंत्री (जनजाती गौरव दिवस) दुद्धी आगमन हेतु निमंत्रण दिया। उन्होंने ने बताया कि मुख्यमंत्री ने दुद्धी विधानसभा के विकास के लिए पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया है।

# मेगा पेप टॉक ने एनटीपीसी विन्ध्याचल में सुरक्षा संस्कृति को किया सुदृढ़

**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से, एनटीपीसी विन्ध्याचल ने 7 जुलाई 2025 को एमजीआर कर्मचारियों के लिए एक भव्य मेगा पेप टॉक का आयोजन किया। यह पहल, कार्यस्थल को शून्य दुर्घटना क्षेत्र बनाने और सभी स्तरों पर सक्रिय सुरक्षा दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करने के लिए चलाए जा रहे सुरक्षा संवेदनशीलता अभियान का हिस्सा थी।

इस प्रेरणादायक सत्र का नेतृत्व परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) संजीब कुमार साहा ने किया। उन्होंने कर्मचारियों को यह संदेश दिया कि सुरक्षा केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि प्रत्येक कार्य में शामिल एक दैनिक प्रतिबद्धता होनी चाहिए। उनके साथ ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), राजशेखर पाला, महाप्रबंधक (प्रचालन) और डॉ. प्रतिमा महेन्द्रा, वरिष्ठ विशेषज्ञ एवं सीएमओ इंचार्ज (विन्ध्या चिकित्सालय) उपस्थित रही। सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने मिलकर कर्मचारियों से सतर्क, अनुशासित और एकजुट रहकर सुरक्षित कार्य वातावरण को बढ़ावा देने का आह्वान किया।



सत्र की शुरुआत में परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) संजीब कुमार साहा एवं राजशेखर पाला (प्रचालन) द्वारा हिंदी में सुरक्षा शपथ दिलाई गई, जिससे प्रत्येक कर्मचारी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी और उच्च सुरक्षा मानकों के पालन की प्रतिबद्धता दोहराई गई।

मुकेश कश्यप, अपर महाप्रबंधक (एमजीआर) ने एमजीआर संचालन की अहम भूमिका को रेखांकित करते हुए कोयला परिवहन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तय प्रक्रियाओं के कठोर अनुपालन की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं आशीष कुमार अग्रवाल, अपर महाप्रबंधक (सुरक्षा) ने कोयला हैंडलिंग सिस्टम से जुड़ी वास्तविक घटनाओं के उदाहरण प्रस्तुत किए और उनसे सीख लेकर खतरों को कम करने की प्रभावी रणनीतियों पर चर्चा की।इस कार्यक्रम की एक अनोखी विशेषता रही–मेडिकल टीम द्वारा मौसमी और व्यावसायिक स्वास्थ्य समस्याओं पर आयोजित एक जानकारीपूर्ण सत्र, जिसमें कर्मचारियों को अपनी शारीरिक सेहत की सुरक्षा के व्यावहारिक उपाय बताए गए। सुरक्षा संदेश को रोचक और प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करने के लिए चिकित्सालय स्टाफ द्वारा नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया, जिसने कर्मचारियों पर सुरक्षा के महत्व की गहरी छाप छोड़ी।

कार्यक्रम के अंत में 40 सुरक्षा-जागरूक कर्मचारियों को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया, जिससे यह संदेश और भी स्पष्ट हुआ कि ÷सुरक्षा की शुरुआत हर व्यक्ति से होती है और यह एक सामूहिक जिम्मेदारी है।÷

यह मेगा मास पेप टॉक एनटीपीसी विन्ध्याचल में सुरक्षा संस्कृति को और गहराई देने तथा कर्मचारियों की सुरक्षित, जिम्मेदार और गर्वपूर्ण कार्यप्रणाली की प्रतिबद्धता को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम सिद्ध हुआ।

# मुकदमे का नि:शुल्क समाधान

**अवधनामा ब्यूरो**

**पूरे देश में 01 जुलाई से 30 सितम्बर तक राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान**

**सोनभद्र।** संपूर्ण राष्ट्र में दिनांक 1 जुलाई से 30 सितंबर 2025 तक राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान चलाया जा रहा है। उद्देश्य है मध्यस्थता के माध्यम से न्यायालय में लंबित ऐसे प्रकरणों जिनके समाधान की संभावना प्रबल हो उसमें मध्यस्थता कर उन वादों निस्तारण करना है। उक्त अभियान के संबंध में मंगलवार 8 जुलाई 2025 को जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र राम सुलिन सिंह के निर्देशन में प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय एवं पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण सोनभद्र के साथ एक आवश्यक बैठक कर अधिक से अधिक मामलों को मीडियेशन सेंटर में मीडियेशन हेतु संदर्भित करने का आग्रह किया गया। वैवाहिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावे, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, वाणिज्यिक विवाद, सेवा विवाद, सामान्य आपराधिक मामले, उपभोक्ता विवाद, ऋण वसूली, संपत्ति के बंटवारे, वेदखली, भूमि अधिग्रहण के मामले एवं अन्य उपयुक्त दीवानी मामलों को चिन्हित कर उनका निस्तारण किया जाना है। आम जनमानस उक्त अभियान का लाभ उठाकर संबंधित न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अपने मामले को चिन्हित कर मध्यस्थता के माध्यम से निस्तारण करवा सकते हैं। यह जानकारी देते हुए अपर जनपद न्यायाधीश सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र शैलेंद्र यादव ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष/ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र राम सुलिन सिंह के आदेशानुसार यह कार्यक्रम आयोजित हुआ।

अवधनामा

लखनऊ, बुधवार, 09 जुलाई, 2025



## नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने कांवड़ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की

# कावड़ यात्रा के दौरान विद्युत विभाग के अधिकारी सतर्कता से करें कार्य



अवधनामा ब्यूरो

- श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोपरि, सभी तैयारियां समयबद्ध, समन्वित और त्रुटिरहित होनी चाहिए
- सभी व्यवस्थाएं महाकुंभ की तर्ज पर सुनिश्चित की जाए
- स्टेवायर एवं ट्रांसफार्मर में उतर रहे करंट का करें समुचित प्रबंध
- कांवड़ मार्गों, शिविरों व पाण्डालों, शिवालयों एवं मंदिरों के आसपास साफ सफाई पर विशेष ध्यान दे

**लखनऊ।** श्रावण मास में 11 जुलाई से शुरू होने वाली पवित्र कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग के सभी अधिकारी पूरी सजगता एवं सतर्क रहकर संबंधित जिला प्रशासन एवं अन्य विभागों से समन्वय बनाकर कार्य करें। कहीं से भी किसी प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए।

उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा मंगलवार को जल निगम के फील्ड हास्टल 'संगम' लखनऊ में कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर अपने दोनों विभागों के कार्यों की वर्चुअल समीक्षा की। उन्होंने कहा कि श्रावण मास भगवान शिव की उपासना का पवित्र महीना है, जिसमें लाखों श्रद्धालु विभिन्न स्थानों की यात्रा कर पवित्र जल अर्पित करते हैं और भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद लेते हैं। प्रदेश सरकार का प्रयास है कि यह यात्रा पूर्ण श्रद्धा, पवित्रता, स्वच्छता एवं सुरक्षा के साथ सम्पन्न हो, इसके पूरे प्रयास किये जाए। ऊर्जा मंत्री ने विद्युत विभाग के सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये हैं कि कांवड़ यात्रा मार्गों, पाण्डालों व शिविरों, शिवालयों एवं मंदिरों के आसपास 24 घंटे विद्युत आपूर्ति की जाए। रात्रि में निर्बाध विद्युत आपूर्ति रहे, जिससे रात्रि में यात्रा करते हुए श्रद्धालुओं को परेशानी न हो। विद्युत दुर्घटना को रोकने के लिए, इन स्थानों पर विद्युत पोल, स्टेवायर एवं ट्रांसफार्मर में करेंट उतरने की समय से जांच कर ली जाए। विद्युत पोल एवं स्टेवायर को इंसुलेट भी करे तथा ट्रांसफार्मर को चारो ओर से बैरीकेट करें। उन्होंने कहा कि गत वर्षों में हुई विद्युत दुर्घटनाओं से सीख लेते हुए लोगों को सजग एवं जागरूक करें कि वे ज्यादा ऊंचाई वाले डीजे व कांवड़ लेकर न चले, जहां कहीं पर भी विद्युत लाइन लटक रही हो, उसको सही करें। सड़क को पार कर रही लाइन के नीचे सुरक्षा तार लगाये। लोगों में जागरूकता लाने के लिए विद्युत सुरक्षा संबंधी पम्पलेट बाटें। कांवड़ मार्ग में विद्युत लाइन को छू रही झाड़ियां पौधों की साखाओं की छटनी भी करा लें। विद्युत दुर्घटनायें किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के लिए बनाये गये पाण्डालों व शिविरों में विद्युत कनेक्शन देने में किसी भी प्रकार की लापरवाही व ढिलाई न हो। उन्होंने सभी एक्सियन, एसडीओ, जेई को अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमण करने तथा अधीनस्थों के कार्यों की मानीटरिंग करने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्यालय स्तर पर, सभी डिस्काम स्तर से, जोन एवं जिले के अधिकारियों के स्तर से मानीटरिंग करने के निर्देश दिये। विद्युत आपूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी, अब यह बहाना नहीं चलेगा कि ऊपर से बिजली नही आ रही है। नगर विकास मंत्री ने सभी निकाय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि कांवड़ यात्रा मार्गों पर लगी स्ट्रीट लाइट को ठीक करने और सम्पूर्ण मार्ग को गड्ढामुक्त भी किया जाए। श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए बनाये गये पाण्डालो एवं शिविरों में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति, मोबाइल ट्वायलेट की व्यवस्था, डस्टबिन और नियमित साफ सफाई व कूड़ा प्रबंधन की समुचित व्यवस्था की जाए। कांवड़ मार्गों, शिवालयों व मंदिरों के आसपास साफ सफाई की व्यवस्था रहे। पूजा स्थलों से निकलने वाले पूजा सामग्री एवं कूड़े कचरे का समुचित प्रबंध कराये।

### आरडीएसओ का किया दौरा



**लखनऊ, अवधनामा ब्यूरो।** नवीन गुलाटी, सदस्य (इन्फ्रास्ट्रक्चर), रेलवे बोर्ड एवं विजयलक्ष्मी कौशिक, अतिरिक्त सदस्य (सिगनल), रेलवे बोर्ड ने 8 जुलाई को आरडीएसओ का दौरा किया। उन्होंने उदय बोरवणकर, महानिदेशक /आरडीएसओ तथा आरडीएसओ के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मिलकर भारतीय रेल की प्रमुख अवसंरचना परियोजनाओं और उनके क्रियान्वयन में आ रही चुनौतियों पर एक विस्तृत समीक्षा बैठक की। इस दौरे ने समयबद्ध परियोजना क्रियान्वयन, तकनीकी उत्कृष्टता एवं तीव्र विकास के प्रति भारतीय रेलवे की प्रतिबद्धता को दोहराया, जिसमें आरडीएसओ नवाचार और मानकीकरण के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

### आईटीआई में प्रवेश की अंतिम तिथि 11 जुलाई

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार के राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में प्रवेश की अंतिम तिथि को जनहित में बढ़ाकर अब 11 जुलाई 2025 तक कर दिया है। पूर्व में यह तिथि 08 जुलाई 2025 निर्धारित थी। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के विशेष सचिव एवं अधिशासी निदेशक, राज्य व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद (एस.सी.वी.टी.) अभिषेक सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रशिक्षण सत्र-2025 हेतु प्रथम चरण चयन परिणाम के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों को प्रवेश लेने के लिए पूर्व में 08 जुलाई तक का समय निर्धारित था। अब यह अवधि पुनरीक्षित करते हुए 11 जुलाई 2025 की रात्रि 12 बजे तक बढ़ा दी गई है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण चयन परिणाम के अंतर्गत चयनित ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने अभी तक प्रवेश नहीं लिया है, वे अपने समस्त मूल प्रमाण पत्र, अंकपत्र, उनकी एक-एक स्वप्रमाणित प्रति तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ चयनित संस्थान के प्रधानाचार्य से संपर्क कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। संबंधित संस्थानों में उपलब्ध चयन सूची से अभ्यर्थी अपना नाम सुनिश्चित करने के उपरांत प्रवेश प्राप्त करें।

### सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने जन संवाद एवं स्थलीय का किया निरीक्षण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री सुनील कुमार शर्मा द्वारा आज प्रातः वार्ड-80, राजेन्द्र नगर, गाज़ियाबाद स्थित राम वाटिका पार्क एवं परशुराम पार्क का भ्रमण कर क्षेत्रीय नागरिकों से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित किया गया।इस अवसर पर मंत्री शर्मा ने स्थानीय निवासियों से क्षेत्रीय समस्याओं, सुझावों एवं जनभावनाओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को सुनना एवं उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना प्रत्येक जनप्रतिनिधि का प्राथमिक दायित्व है। श्री शर्मा ने यह भी उल्लेख किया कि शासन आमजन की सुविधा, सुरक्षा एवं समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है, और इस दिशा में जन संवाद जैसे कार्यक्रम प्रशासन को अधिक उत्तरदायी एवं संवेदनशील बनाने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आम नागरिकों की उपस्थिति रही, जिन्होंने उत्साहपूर्वक अपने सुझाव एवं अनुभव साझा किए।

### केशव प्रसाद मौर्य आज मेरठ में

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य 09 जुलाई को पूर्वान्ह 11 बजे सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ मे वृक्षारोपण (एक पेड़ मां के नाम) कार्यक्रम मे सम्मिलित होंगे, उसके बात प्रेस प्रतिनिधियों से वार्ता करेंगे। मौर्य इस कार्यक्रम के बाद सर्किट हाउस मेरठ मे कार्यकर्ताओ व जनप्रतिनिधियो के साथ संवाद करेंगे।

# परिवहन निगम के चालकों/परिचालकों को मिला 10 हजार रूपये का बोनस

अवधनामा ब्यूरो

- चालकों/परिचालकों के लिए यह प्रेरणा का स्रोत बनेगा : दयाशंकर सिंह

**लखनऊ।** महाकुंभ- 2025 में ड्यूटी करने वाले परिवहन निगम के चालकों/ परिचालकों को मुख्यमंत्री जी द्वारा घोषित 10000 बोनस की राशि प्रदान कर दी गई। कुल 24071 चालकों/परिचालकों को 10000 की धनराशि उनके खाते में भेजी गई है। कुल 24 करोड़ 71 लाख की राशि प्रदेश सरकार ने परिवहन निगम के चालकों परिचालकों को प्रदान किया। इसमें 11786 चालक एवं 12285 परिचालकों सहित कुल 24071 कर्मी सम्मिलित हैं। यह जानकारी देते हुए परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ जी का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिवहन निगम के चालकों/ परिचालकों के उत्साहवर्धन के लिए प्रेरणा का कार्य करेगा। इससे प्रेरणा लेकर आने वाले समय में हमारे चालक/ परिचालक और बेहतर सुविधाएं जनता को मुहैया कराएंगे।

परिवहन मंत्री ने बताया कि महाकुंभ - 2025 में सभी 19 क्षेत्रों से चालकों/परिचालकों की ड्यूटी लगाई गई थी। आगरा क्षेत्र से कुल 1385, गाजियाबाद से 1469, मेरठ से 1413, सहारनपुर से 994, अलीगढ़ से 1284, मुरादाबाद से 1358,बरेली से 1149, हरदोई से 1803, इटावा से 1235, कानपुर से 1387, झांसी से 574, लखनऊ से 2162, अयोध्या से 725,प्रयागराज से 1522,आजमगढ़ से 1163, गोरखपुर से 1424, वाराणसी से 1116, चित्रकूट से 927,एवं देवीपाटन मंडल से 981 चालकों परिचालकों की ड्यूटी लगाई गई थी।

### ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों ने ए.आई. के सीखे गुर

**लखनऊ।** सार्वजनिक क्षेत्र में एआई को अपनाने को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, ग्राम्य विकास विभाग ने कार्यालय आयुक्त, ग्राम्य विकास, जवाहर भवन, 10वां तल के सभाकक्ष में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' शीर्षक से एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। यह कार्यक्रम 07 से 08 जुलाई, 2025 दो दिन ट्रेनिंग सम्पन्न हुयी। प्रशिक्षण का औपचारिक उद्घाटन आयुक्त, ग्राम्य विकास जी0 एस0 प्रियदर्शी जी द्वारा किया। इस पहल में ग्राम्य विकास विभाग के जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक (जिला ग्राम्य विकास अभिकरण), खण्ड विकास अधिकारी एवं मुख्यालय पर तैनात अधिकारी एवं कर्मचारी भाग ले रहे हैं। बता दें कि 07 जुलाई को आवंटित जनपदों के जिला विकास अधिकारियो व परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण को ट्रेनिंग दी गयी।

# मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना आज दारुल शफा, लखनऊ में आयोजित पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 चंद्रशेखर जी की पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विभिन्न राजनैतिक, सामाजिक एवं प्रशासनिक क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थित होकर चंद्रशेखर जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुंडा के विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भइया ने की।श्री सुरेश कुमार खन्ना ने श्रद्धांजलि सभा में चंद्रशेखर जी के राजनीतिक जीवन, सिद्धांतों एवं राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि वे एक सिद्धांतवादी, निडर और जनहित के प्रति प्रतिबद्ध नेता थे। अपने स्पष्ट विचारों, संघर्षशील व्यक्तित्व और जमीनी जुड़ाव के कारण वे युवाओं के चहेते नेता के रूप में देशभर में लोकप्रिय रहे।चंद्रशेखर जी ने हमेशा लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और गरीबों की आवाज़ को मजबूती से उठाया। उनका जीवन सादगी, साहस और राष्ट्रभक्ति की मिसाल रहा है। उन्होंने युवाओं को जागरूक करने और सक्रिय राजनीति से जोड़ने का जो कार्य किया, वह आज भी प्रासंगिक और प्रेरणादायक है।

### 07 मंदिरों के पर्यटन विकास पर 02.67 करोड़ खर्च होंगे

**लखनऊ।** जनपद गोरखपुर में स्थित विभिन्न धार्मिक स्थलों को विकसित करके धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पर्यटन विभाग ने 02.67 करोड़ रूपये की 07 परियोजनाएं स्वीकृत की है। विभिन्न पर्वो पर यहां बड़े मेले लगते है, जिसमें दूर-दराज के लोग धार्मिक अनुष्ठान एवं दर्शन के लिए आते है। इन मंदिरों में मां करवल देई मंदिर, भूलेश्वर मंदिर, पोछिया ब्रह्मस्थान, झारखंडी महादेव मंदिर, खजनी महादेव मंदिर शामिल है। इन मंदिरों के आस-पास बुनियादी सुविधाएं सृजित होने से पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी, जिससे संस्कृति, संस्कार तथा आस्था के साथ ही स्थानीय लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग धार्मिक, आध्यात्मिक और विरासत स्थलों को सशक्त बनाने के लिए लगातार काम कर रहा है। मुख्यमंत्री की अपेक्षाओं के अनुरूप गोरखपुर जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में स्थित प्रमुख धार्मिक स्थलों के सौंदर्यीकरण और पर्यटन विकास के लिए करोड़ों रुपए की परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं।

# काकोरी में पुलिस चौकी के पास लाखों की चोरी

- घर से नगदी और जेवर उड़ा ले गए चोर

अवधनामा ब्यूरो

**काकोरी लखनऊ।** काकोरी थाना क्षेत्र के घुरघुरी तालाब इलाके में एक सनसनीखेज चोरी की वारदात सामने आई है। चोरों ने पुलिस चौकी से चंद कदमों की दूरी पर स्थित एक घर से लाखों रुपये के नगदी और जेवर पर हाथ साफ कर दिया। इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल है और पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

यह घटना सोमवार को तब हुई जब पीड़िता शीला देवी, जो घुरघुरी तालाब, काकोरी में रहती हैं, अपने पैतृक गांव पामा खेड़ा, उन्नाव में अपने चाचा के यहां कथा सुनने गई थीं। उन्होंने अपने घर में ताला लगा दिया था। मंगलवार की सुबह पांच बजे पड़ोसियों ने उन्हें फोन पर घर का मुख्य द्वार खुला होने और चोरी होने की सूचना दी। शीला देवी जब आनन-फानन में घर पहुंचीं, तो उन्होंने



देखा कि मुख्य द्वार खुला था और घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने अलमारी तोड़कर उसमें रखे कीमती सामान चुरा लिए थे। हैरान करने वाली बात यह थी कि कुछ सामान घर के पास ही बने एक खाली प्लॉट में फेंक दिया गया था, जिससे लगता है कि चोरों ने जल्दबाजी में या किसी बाधा के कारण कुछ सामान वहीं छोड़ दिया होगा। चोरों ने घर से 150,000 रुपए नगद, दो सोने की चेन, एक जोड़ी झुमकी, एक सोने का हार, चार जोड़ी चांदी की पायल, दो चांदी के सिक्के और बारह चांदी की बिछिया चुरा लीं. शीला देवी इस घटना से गहरे सदमे में हैं। उन्होंने बताया कि उनके पति दुबई में काम करते हैं।

#### पुलिस की जांच और उठते सवाल

इस वारदात की सूचना मिलते ही काकोरी पुलिस हरकत में आ गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक को शिकायत दर्ज करा दी गई है और पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि वे मामले की गंभीरता से जांच कर रहे हैं और जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। हालांकि, पुलिस चौकी से इतनी करीब इतनी बड़ी चोरी की घटना से स्थानीय निवासियों में रोष है और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। यह घटना एक बार फिर दिखाती है कि चोर कितने बेखौफ हो चुके हैं, और ऐसे में नागरिकों को भी अपनी सुरक्षा को लेकर अधिक सचेत रहने की ज़रूरत है।

### पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री आज मैनपुरी में

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह कल 09 जुलाई, 2025 को सुबह 09:00 बजे सैनिक स्कूल, मैनपुरी में आयोजित वृक्षारोपण महाभियान-2025 के अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर भाग लेंगे। इसके उपरांत पूर्वान्ह 10:30 बजे उझैया फकीरपुर, मैनपुरी में भी आयोजित वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल होंगे।

गौरतलब है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने पर्यावरण संरक्षण तथा वनावरण में वृद्धि करने के लिए 09 जुलाई को वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम संचालित करने के निर्देश दिए है। गत वर्ष की भांति ही इस वर्ष भी पूरे प्रदेश में पौधरोपण कार्यक्रम एक महाभियान के रूप में चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत कल एक दिन में 37 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया है। विभिन्न विभागों को अलग-अलग वृक्षारोपण के लिए लक्ष्य निर्धारित किए गए है। यह अभियान 'एक पेड़ मां के नाम' के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है।

# कर्बला के शहीदों के लिए पढ़ा फातेहा



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** पैगम्बर रसूले खुदा (स.अ.) के नवासे हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) और उनके साथियों की याद में चल रहे मोहर्रम का आज बारहवां दिन है अभी इस गम के 56 दिन बाकी हैं। इस दौरान शहर में काफी संख्या में कार्यक्रम आयोजित होंगे इमाम और उनके 71 साथियों की शहादत को तीन दिन हो गये। इस मौके पर आज उनका तीजा मनाया गया। जहां इस मौके पर अजादारों ने अपने घरों में सोग (गम) के प्याले और शर्बत सहित विभिन्न प्रकार के व्यंजनों पर बुजुर्गों ने नज्र दी, इसके बाद परिवार के लोगों ने एक-एक फूल उठाकर कर्बला के शहीदों के लिए फातेहा पढ़ा वहीं महिलाओं ने एक दूसरे के घर जाकर तीजे का यह नौहा पढ़ा होते है कर्बला में इमामें जमां के फूल, कुछ कमसिनों के फूल है कुछ नौ-जवां के फूल। दूल्हा की मां दुल्हन से यह करने लगी बयां, वारी उठाओं कासिमें तशना दहन के फूल÷। कहतीं थी रोके जौजा-ए-अब्बास नामदार, क्योंकर उठाऊं आह अली के निशां के फूल। हाथों से दिल को थाम के रोने लगीं रबाब, होने लगे जो असगरे गुंचा दहां के फूल। औलाद वाले दिल को संभाले तो मैं कहूं, लैला बढ़ी उठाने को कड़ियल जवां के फूल। इसके बाद सुबह शुरू हुई नज्रों का सिलसिला दोपहर तक चला। इसी के साथ शाम को रौजाए काजमैन और कर्बला दियानुतद्दौला (जहां यौमे आशूरा को ताजिये दफनाए गये थे) पर महिलाओं ने जाकर प्याले रखे और अपने बच्चों को लिटाकर मन्नतें मांगी।

इमामबाड़ा गुफरांमाब चौक में इमाम हुसैन (अ.स.) के भाई हजरत अब्बास (अ.स.) की याद में यौम-ए-अब्बास मनाया गया। यहां मजलिस को मौलाना कल्बे जव्वाद ने खिताब किया।

#### जैनबिया में पेश किया काफिले बनी असद का मंजर

कर्बला के शहीदों के तीजे के मौके पर रौजा-ए-जैनबिया टिकैतराय तालाब में इदारे सानिये जहरा ने यौमे जैनब÷ शीर्षक से आयोजित मजलिसों को मौलाना मीसम जैदी और मौलाना फरीदुल हसन ने खिताब किया। इसके बाद काफिले बनी असद÷ का मंजर पेश किया गया। इस दौरान ऐना-ऐना अली असगर, ऐना-ऐना कासिम, ऐना-ऐना अली अकबर, ऐना-ऐना औन व मोहम्मद, ऐना-ऐना अब्बास और ऐना-ऐना हुसैन के नारों की सदाओं से रौजा गूंज रहा था। जिससे पूरा माहौल गमगीन हो गया। इसके बाद अंजुमनों ने नौहाख्वानी की। इमामबाड़ा लाडो खानम नक्खास में नेशनल हुसैनी कांफ्रेंस की ओर से आयोजित मजलिस को मौलाना मीसम जैदी ने खिताब किया। इमामबाड़ा उम्मुल बनीन मंसूर नगर में मौलाना रजा अब्बास ने मजलिस को खिताब किया।

#### आग पर मातम

इमामबाड़ा सरकारे हुसैनी कश्मीरी मोहल्ला में आग पर मातम का हुआ। इससे पूर्व मौलाना शाहब हुसैन ने मजलिस को खिताब किया। इसके बाद अजादार या हुसैन...या हुसैन... कहते दहकती आग के अंगारों पर से गुजर कर कर्बला के शहीदों का गम मनाया।

#### 18 ताबूतों की जियारत



मस्जिद मासूमियां मैदान एलएचखां में मौलाना तकी रजा ने मजलिस को खिताब किया। इसके बाद 18 ताबूत, अलम, हजरत अली असगर (अ.स.) का झूला और जुलजनाह की जियारत करायी गयी। शबीहों को मैदान एलएचखां, कश्मीरी मोहल्ला, रूस्तमनगर से दरगाह हजरत अब्बास (अ.स.) तक ले जाया गया, जहां जियारत करने वालों की काफी भीड़ थी। अजादारों के लिए चाय, शर्बत की सबीलों और लंगर का इंतजाम था। कार्यक्रम का आयोजन इदारे जानिसारे मासूमीन ने किया था।

#### लंगरखाना में करायी गहवारे की जियारत

रईस मंजिल स्थित लंगरखाना हुसैनाबाद में मौलाना अकील अब्बास मरुफी ने मजलिस को खिताब किया। मजलिस के बाद गहवारा-ए-अली असगर (अ.स.), अलम, ताबूत और जुलजानह की जियारत करायी गयी। कार्यक्रम का आयोजन अंजुमन अलमदारे हैदरी ने किया था।

#### यौमे ख्वातीने कर्बला आज

इमामबाड़ा गुफरांमाब चौक में बुधवार को यौम-ए-ख्वातीन-ए-कर्बला卐 मनाया जायेगा। यहां मजलिस को मौलाना कल्बे जव्वाद रात 9 बजे खिताब करेंगे।

#### छोटे इमामबाड़े में 5 मजलिसें आज से

कर्बला के शहीदों की याद में बुधवार से छोटे इमामबाड़े में पांच दिवसीय मजलिसों का आयोजन होगा। मजलिसों को मौलाना मोहम्मद मियां आब्दी, मौलाना शाहिद जमाल,मौलाना जावेद अब्बास मुस्तफ़ावी,गुलाम रजा जाफरी, मोहम्मद मिया आब्दी कुम्मी 9 बजे खिताब करेंगे। इमामबाड़ा सरकारे हुसैनी कश्मीरी मोहल्ला में जाफर हुसैन की ओर से रात 8 बजे मर्सिये की मजलिस को फैज़ बाकर खिताब करेंगे।

# भाषा विवि में राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं मंडल स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी आयोजित



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में आज राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं मंडल स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में सीडीआरआई के वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रो. पी.एम.एस. चौहान और सिमैप के वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रो. करुणा शंकर उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने विशिष्ट अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र प्रदान कर किया।

अपने स्वागत अभिभाषण में अतिथियों का स्वागत करते हुए कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा, ÷विज्ञान और तकनीक किसी भी राष्ट्र की प्रगति की रीढ़ होते हैं। विश्वविद्यालय का उद्देश्य केवल पाठ्य पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि शोध, नवाचार और सामाजिक सरोकारों से जुड़े वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना भी है। इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में अनुसंधान के प्रति उत्सुकता उत्पन्न करते हैं और उन्हें अपने विचारों को साकार करने का मंच प्रदान करते हैं। विश्वविद्यालय गर्व महसूस करता है कि आज हमारे परिसर में इतने प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों और विद्वानों की उपस्थिति है, जो हमारे छात्रों के लिए प्रेरणा स्रोत बनेंगे।÷साथ ही, इस अवसर पर बोलते हुए प्रो. पी.एम.एस. चौहान ने प्रतिभागियों को वैज्ञानिक अनुसंधान को जीवन का अभिन्न अंग बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विज्ञान केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सोचने, प्रश्न उठाने और नए समाधान खोजने की एक प्रक्रिया है जिसे हमें अपने दैनिक जीवन में अपनाना चाहिए। प्रो. चौहान ने युवाओं से आह्वान किया कि वे जिज्ञासा को जीवित रखें, वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करें और अपने आसपास की समस्याओं को सुलझाने में विज्ञान को उपकरण के रूप में इस्तेमाल करें। उन्होंने यह भी कहा कि आज की पीढ़ी के पास अपार संभावनाएं हैं, बशर्ते वे अनुशासित, समर्पित और निरंतर शोधशील बने रहें। वैज्ञानिक सोच ही वह आधार है जिस पर सशक्त, समृद्ध और सतत विकासशील समाज की नींव रखी जा सकती है।

# समाजवादी पार्टी ने पूर्व पीएम चंद्रशेखर को दी श्रद्धांजलि



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने मंगलवार को पार्टी के जिला कार्यालय, 6 लाजपत राय भवन, कैसरबाग, लखनऊ में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की 18वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव चौधरी जगदीप सिंह यादव, निर्मल सिंह, जिलाध्यक्ष जयसिंह जयन्त और जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान सहित कई पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। राष्ट्रीय सचिव चौधरी जगदीप सिंह यादव ने चंद्रशेखर को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनका जन्म 1927 में उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के एक किसान परिवार में हुआ था। उन्होंने चंद्रशेखर को युवाओं के लिए धर्म और सामाजिक प्रेरणा का स्रोत बताया। उन्होंने कहा कि चंद्रशेखर ने अपना जीवन बहुत संघर्ष और ईमानदारी से बिताया और उन्हें युवा तुर्क के नाम से भी जाना जाता है।इस श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित प्रमुख व्यक्तियों में पूर्व महानगर अध्यक्ष सुशील दीक्षित, जिला उपाध्यक्ष/जिला निर्वाचन प्रभारी टी.बी. सिंह, प्रदेश सचिव अमरपाल सिंह, वीर बहादुर सिंह, जगनायक सिंह चौहान, वरिष्ठ पत्रकार सुरेश जी, राजवीर चौधरी, कृष्ण प्रताप शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष बचान सिंह यादव, अनिल पासी, रितु अग्रवाल, नवनीत सिंह, सुनील भदौरिया, वरिष्ठ नेता भरत यादव, पूर्व नगर महासचिव सौरभ सिंह यादव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष यूथ ब्रिगेड नागेन्द्र सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता छात्र सभा शौकत अली, जिला सचिव धीरज यादव, संदीप यादव, ज्ञानेन्द्र बहादुर सिंह, लुकमान अली, निहाल अहमद, विजयश्री गौतम, रामलखन टेनी, गोविन्द यादव, त्रिभुवन सिंह और मदन यादव सहित दर्जनों अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।